

वाराणसी, शनिवार, 25 फरवरी, 2023

फाल्गुन, शुक्ल पक्ष 6, वर्ष 12, अंक 20, पृष्ठ 16, मूल्य : 5 .00

परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

अन्दर : काले चश्मे, आंसुओं का सैलाब....रनआउट को लेकर छलका हरमनप्रीत कौर का दर्द



अंदर - बौद्धधर्मः मानवता का विशाल आंदोलन

डाक/ नगर संस्करण


E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

## मीडिया रिपोर्टिंग पर रोक नहीं लगेगीः सुप्रीम कोर्ट

**अडानी-हिंडनबर्ग विवाद**

**कोर्ट बोला-हम इस मामले में मीडिया को कोई निषेधाज्ञा जारी नहीं करने जा रहे हैं, हम जल्द ही आदेश सुनाएंगे**

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने अडानी समूह पर 'हिंडनबर्ग' की रिपोर्ट से संबंधित समाचार प्रकाशित/प्रसारित करने पर मीडिया पर रोक लगाने संबंधी याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति पी. एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला की पीठ ने अधिवक्ता एम. एल. शर्मा की गुहार ठुकराते हुए कहा, हम इस मामले में मीडिया को कोई निषेधाज्ञा जारी नहीं करने जा रहे हैं। हम जल्द ही आदेश सुनाएंगे। याचिकाकर्ता अधिवक्ता शर्मा ने विशेष उल्लेख के दौरान पीठ के समक्ष कहा कि अमेरिकी शोध संस्था हिंडनबर्ग की अडानी समूह से संबंधित संबंधित खबरों के प्रकाशन पर तब तक रोक लगाई जाए, जब तक कि अदालत इस मामले की जांच के लिए एक समिति गठित करने का आदेश नहीं दे देती। उन्होंने अपनी दलील में कहा कि मीडिया ने भारतीय शेयर बाजार को प्रभावित करने वाली और निवेशकों में घबराहट पैदा करने वाली खबरें प्रकाशित/प्रसारित करना जारी रखा है। मीडिया इस मामले में सनसनी फैलाने वाली खबरें प्रकाशित/प्रसारित कर रहा है। पीठ ने उनकी इस दलील पर कहा कि उचित तर्क दें। चार याचिकाकर्ताओं में शामिल श्री शर्मा ने हिंडनबर्ग रिपोर्ट के पीछे साजिश का आरोप लगाते हुए इस मामले में जनहित याचिका दायर की थी।




शीर्ष अदालत ने सुनवाई के बाद 17 फरवरी को कहा था कि वह हिंडनबर्ग रिपोर्ट की जांच हेतु गठित की जाने वाली समिति के सदस्यों के लिए केंद्र द्वारा सुझाए गए विशेषज्ञों के नाम सीलबंद कवर में स्वीकार नहीं करेगी। शीर्ष अदालत के इस रुख के बाद अडानी समूह की कंपनी के शेयर की कीमतें गिर गईं और कथित तौर पर कई निवेशकों को भारी नुकसान हुआ।

प्रयागराज में गोलियों की तड़तड़ाहत से दहशत



## राजू पाल हत्याकांड के गवाह को घर में घुसकर मारी गोली



### एक गनर की गई जान, दूसरे की हालत गंभीर, गाड़ी पर बम से भी किया हमला

**सरेआम अराजकता**

**धूमनगंज इलाके में हुई घटना ने बढ़ायी गैंगवार की आशंका**

**प्रयागराज ।** चर्चित बसपा विधायक राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह उमेश पाल की हत्या कर दी गई है। शहर में शुक्रवार को हमलावरों ने उन्हें घर में घुसकर गोली मार दी। बदमाशों ने उनके उपर कई राउंड फायर किए और गाड़ी पर बम से भी हमला किया। गोलीबारी में उमेश पाल की सुरक्षा में लगे तैनात दो गनर भी गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों को स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उमेश पाल और उनके गनर संदीप मिश्रा की मौत हो गई। वही दूसरे गनर राघवेंद्र सिंह का इलाज चल रहा है। उसकी हालत भी गंभीर बताई जा रही है। फिलहाल हमलावरों के बारे में पता नहीं चल पाया है।



राजू पाल हत्याकांड में गवाह बनते ही अतीक अहमद गिरोह उन्हें दुश्मन की नजर से देखने लगा था। कई बार हमले का प्रयास हुआ, लेकिन वे बच निकले थे। 28 फरवरी 2008 को उमेश का अपहरण कर लिया गया था। उन्हें मारपीट कर धमकी दी गयी थी कि गवाही देने पर जान से हाथ धोना पड़ेगा। इसके बाद इस मामले में अतीक, अशरफ समेत गिरोह के कई सदस्यों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गयी। इस मामले के बाद जब उमेश 11 जुलाई 2016 को कचहरी गवाही देने गये तो वहीं पर उनपर जानलेवा हमला किया गया। उमेश ने अतीक, अशरफ समेत गिरोह के तमाम लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। दोनों मामले कोर्ट में चल रहे थे। गुरुवार को उमेश पाल ने अतीक गिरोह के खिलाफ तीसरी एफआईआर दर्ज कराई थी। इसके अलावा 2022 में जान से मारने की धमकी और एक अन्य मामले में एफ आई आर लिखाई गई थी।

**अतीक अहमद से 17 साल पुरानी थी दुश्मनी**

बसपा के पूर्व विधायक राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह उमेश पाल और पूर्व बाहुबली सांसद अतीक अहमद के बीच दुश्मनी करीब 17 साल पुरानी है। राजू पाल हत्याकांड में जब उमेश गवाह बने तो अतीक ने उनका अपहरण करा लिया था। उमेश अतीक गिरोह के खिलाफ अब तक पांच एफआईआर करा चुके हैं। 25 जनवरी 2005 को शहर पश्चिम के विधायक राजू पाल को सुलेम सराय इलाके में गोलियों से भून दिया गया था। उस समय राजू पाल के दोस्त और रिश्तेदार उमेश पाल पूरे मामले के गवाह बन गए थे।

**उमेश को हत्या में फंसाने कोशिश भी की गयी थी**

पूर्व सांसदअतीक अहमद गिरोह ने उमेश पाल पर बीते दिनों न सिर्फ हमला कराया बल्कि धमकियां भी दीं। इसके अलावा 2016 में धूमनगंज में जीतेंद्र पटेल की हत्या के मुकदमे में नामजद भी करवा दिया। हालांकि जांच में उमेश को बरी कर दिया गया ।

**राजूपाल की पत्नी ने जतायी थी हत्या की आशंका**

राजू पाल की हत्या के बाद कौशाम्बी की चायल सीट से सपा की विधायक व राजू पाल की पत्नी पूजा पाल ने कई बार आशंका जता चुकी थीं कि गवाही को प्रभावित करने के लिए उमेश पाल की हत्या हो सकती है।




## मेरठ में विस्फोट से कोल्ड स्टोरेज की दीवार ध्वस्त, सात की मौत

### 27 मजदूर मलबे में दबे, राहत कार्य में जुटे आला अफसर

**मेरठ।** मेरठ जनपद के दौराला में शुक्रवार को बड़ा हादसा हुआ तो जम्मू में कोहराम मच गया। बताया गया कि हादसे में सात लोगों की मौत हो गई है। वहीं मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

दौराला में ओवरब्रिज के पास बसपा के पूर्व विधायक चंद्रवीर का कोल्ड स्टोर है। यहां शुक्रवार दोपहर के समय कोल्ड स्टोर में 27 मजदूर काम कर रहे थे। इसी दौरान गैस का दबाव बना और धमाके के साथ बिल्डिंग जमींदोज हो गई। सूत्रों के मुताबिक, 7 मजदूरों की मौत हो गई, जबकि 50-60 मजदूर घायल हुए हैं। हालांकि अभी मरने वालों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। बताया गया कि कुछ मजदूर मलबे में दबे तो कुछ रिसाव से बेहोश हुए हैं, जिनको मेरठ अस्पताल में भर्ती कराया जा रहा है। बसपा के पूर्व विधायक चंद्रवीर सिंह का दौराला में शिव शक्ति के नाम से कोल्ड स्टोरेज है। पुलिस के मुताबिक, शुक्रवार दोपहर 3:30 बजे कोल्ड स्टोर में बॉयलर फट गया। जिससे अमोनिया गैस का रिसाव पूरे कोल्ड स्टोर में हो गया। गैस रिसाव होने से कुछ मजदूर घायल हो गए। इसी बीच कोल्ड स्टोरेज की छत भी उड़ गई, जिसमें दर्जनों मजदूर मलबे में दब गए। वहीं घटना की जानकारी लगते ही आसपास के लोगों की मौके पर भीड़ लग गई। पुलिस और फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। वहीं बेहोश हुए मजदूरों को अस्पताल में भर्ती कराया जा रहा हैं। इलाके में अफरा-तफरी का माहौल है। बताया गया कि सभी मजदूर जम्मू-कश्मीर के थे और ये कल ही काम पर आए थे। फिलहाल पुलिस प्रशासन की टीमें राहत बचाव कार्य में लगी हैं। टीमों का कहना है कि मजदूरों को चिह्नित करने का काम बाद में किया जाएगा। घटना की जानकारी लगने पर डीएम, एसएसपी, एडीएम सिटी मजिस्ट्रेट, एसडीएम, सीएमओ और एसपी सिटी मौके पर पहुंचे। वहीं कमिश्नर भी मौके पर पहुंच गए हैं। इनके अलावा केंद्रीय राज्यमंत्री संजीव बालियान, पूर्व विधायक संगीत सोम भी मौके पर पहुंचे।



**एक के बाद एक जाती रहीं एंबुलेंस**

हादसे के बाद मौके पर दर्जनों एंबुलेंस और आला अधिकारी पहुंच गए हैं। एक के बाद एक लगभग 11 एंबुलेंस मलबे में दबे मजदूरों को लेकर मेरठ पहुंच गई। बचाव कार्य जारी है। वहीं अधिकारियों के निर्देश पर 2-3 जेसीबी मौके पर बुलाई गई है, जो मलबे को हटाकर दबे हुए मजदूरों को बाहर निकालने में लगी है। वहीं इस मामले में सीएम योगी ने अधिकारियों को राहत कार्य तेज करने के निर्देष दिए हैं।

## अब नेहा राठौर के पति से मांगा गया इस्तीफा

**बढ़ी मुश्किलें**

**दृष्टि आईएएस कोचिंग में थे सेवारत**

**नई दिल्ली।** चर्चित गाना यूपी में का बा गाने वाली सिंगर नेहा सिंह की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। हाल ही में उत्तर प्रदेश पुलिस ने लोक गायिका नेहा सिंह को नोटिस थमाया था। उनपर अपने नये गाने के जरिए तनाव और अशांति फैलाने का आरोप लगा था। अब उनके पति हिमांशु सिंह को नौकरी से इस्तीफा देने के लिए कहा गया है। हिमांशु सिंह आईएएस परीक्षा की तैयारी के लिए मशहूर दृष्टि आईएएस कोचिंग इंस्टिच्यूट में जॉब करते हैं। हिमांशु ने खुद इस बात की पुष्टि की है। दिल्ली के मुखर्जी नगर स्थित अपने आवास पर मौजूद हिमांशु सिंह ने कहा कि पहले से ही कुछ बातें हो रही हैं लेकिन अब नेहा के साथ हुई घटना के बाद मुझे दृष्टि आईएएस से इस्तीफा देने के लिए कहा गया है। यह संयोग नहीं - हिमांशु सिंह अपने हाथ में कलम दिखाते हुए हिमांशु सिंह ने कहा, 'मैं अपना इस्तीफा लिख रहा हूं।' उन्होंने कहा कि यह कोई संयोग नहीं है कि पुलिस ने उनकी पत्नी को नोटिस भेजा और फिर कुछ ही दिनों बाद उन्हें इस्तीफा देने के लिए कह दिया गया। हिमांशु सिंह इस कंपनी की सोशल मीडिया टीम से जुड़े थे। हालांकि, अभी दृष्टि आईएएस की तरफ से इसपर कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी है। नेहा ने गाने में पूछे थे तीखे सवाल नेहा सिंह राठौड़ ने हाल ही में यूपी में का बा पार्टी 2 गाया था। इस गाने को उन्होंने 16 फरवरी को सोशल मीडिया पर शेयर किया था। गाने के इस वीडियो में उन्होंने यूपी की योगी आदित्यनाथ सरकार से व्यंग्यात्मक अंदाज में तीखा सवाल पूछा था। कानपुर देहात में महिला और उसकी बेटी की हाल में हुई मौत को लेकर यह सवाल पूछा गया है।






### टेकऑफ के दौरान प्लेन का पिछला हिस्सा रनवे से टकराया, इमरजेंसी लैंडिंग

**नई दिल्ली।** तिरुअनंतपुरम एयरपोर्ट पर शुक्रवार को एक विमान की लैंडिंग के लिए फुल इमरजेंसी लगा दी गई। कालीकट से सऊदी अरब जा रही एयरइंडिया की फ्लाइट में हाईड्रोलिक फेल्योर की आशंका थी। इसके बाद एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट आइएक्स 385 को तिरुअनंतपुरम की ओर डायवर्ट कर दिया गया। इसमें 168 यात्री सवार थे। सूत्रों ने बताया कि कालीकट से टेकऑफ के वक्त विमान का पिछला हिस्सा रनवे से टकरा गया था। लैंडिंग से पहले ऐहतियातन अरब सागर में विमान का एक्स्ट्रा फ्यूल गिरा दिया गया था।

## जेलों में स्मार्ट वॉच व स्मार्ट बैंड पहनकर जाने पर रोक

**लखनऊ।** चित्रकूट जेल की घटना को देखते हुए जेल प्रशासन और सख्त हो गया है। इसको देखते हुए डीजी जेल आनंद कुमार ने यूपी की सभी जेलों में स्मार्ट वॉच और स्मार्ट बैंक पहनकर जेल के अंदर जाने पर रोक लगा दी है। शुक्रवार को जारी डीजी जेल के आदेश के अनुसार जेल का कोई भी कर्मचारी इसको पहनकर जेल के अंदर नहीं जा पाएगा। मोबाइल की तरह इनका इस्तेमाल होने की आशंका के मद्देनजर जेल प्रशासन ने यह कदम उठाया है। बतादें कि पिछले दिनों चित्रकूट जेल के अंदर एक कमरे में निखत बानो को पति अब्बास अंसारी के साथ पकड़ा गया था। इसके बाद जेल प्रशासन हरकत में आया और इस घटना में संलिप्त कई अधिकारियों और कर्मचारियों को सस्पेंड कर दिया गया।



## नगालैंड में विपक्ष पर गरजे मोदी

### कहा, कुछ लोग कहते हैं-मोदी तेरी कब्र खुदेगी, देश कह रहा-मोदी तेरा कमल खिलेगा

**शिलांग।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को नगालैंड और मेघालय में तीन चुनावी सभाओं में शामिल हुए। प्रधानमंत्री ने मेघालय के शिलॉन्ग में कहा कि कुछ लोग जिनको देश ने नकार दिया है, जो निराशा के गर्त में डूब चुके हैं, वो आजकल माला जपते हैं और कह रहे हैं कि मोदी तेरी कब्र खुदेगी, लेकिन देश कह रहा है, देश का कोना कोना कह रहा है, मोदी तेरा कमल खिलेगा। पीएम ने कहा- आज जिस प्रकार से शानदार और जानदार रोड शो आपने किया है, आपका यह प्यार, आपका यह आशीर्वाद, मैं आपके इस कर्ज को जरूर चुकाऊंगा। आपके इस प्यार और आशीर्वाद का कर्ज मैं मेघालय का विकास कर चुकाऊंगा, आपके कल्याण के काम को गति देकर चुकाऊंगा। आपके इस प्यार को मैं बेकार नहीं जाने दूंगा। प्रधानमंत्री ने कहा- जब मैं मेघालय के बारे में सोचता हूं तो मैं प्रतिभाशाली लोगों, जीवंत परंपराओं के बारे में सोचता हूं, अद्भुत प्राकृतिक सौंदर्य के बारे में भी सोचता हूं। मेघालय का संगीत जीवंत है। फुटबॉल के लिए जुनून है। मेघालय के हर कोने में रचनात्मकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मेघालय की पारंपरिक गारो टोपी पहनाई गई। उन्होंने कहा- मेघालय ने तय किया है कि दिल्ली और शिलॉन्ग दोनों जगह भाजपा की सरकार होनी चाहिए।

## डिप्टी सीएम की टिप्पणी पर सदन में सपा का हंगामा

### उखड़े सपाई, समाजवादी विधायक आये वेल में, बसपा ने जातीय जनगणना का किया समर्थन

**लखनऊ।** विधानसभा में पूर्व मंत्री शिवपाल यादव के स्वास्थ्य सेवा संबंधी सवाल का जवाब देते हुए ब्रजेश पाठक ने कह दिया कि ये नकली सपाई हैं। ढोंगी हैं। इनकी सरकार में स्वास्थ्य घोटाला हुआ था। इस पर सपा विधायक उखड़ गए और जमकर हंगामा किया। रालोद विधायकों ने भी उनका साथ दिया और वेल में आकर नारेबाजी करते हुए पुरजोर तरीक से अपना विरोध दर्ज कराया। शुक्रवार को सदन में नियम 56 के तहत बोलते हुए शिवपाल यादव ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं का बुरा हाल है। न चिकित्सक हैं, न स्टॉफ हैं और न ही दवाइयां। जिला अस्पतालों के गेट पर दलाल बैठे रहते हैं। एक्सरे तक कराने में वसूली हो रही है। लोग बीमारियों से मर रहे हैं। कोरोना काल में खरीदे गए वेंटीलेटर ठप पड़े हैं। दरबार लगाने वाले छापामंत्री की अधिकारी सुनते ही नहीं हैं। यदि स्वास्थ्य मंत्री समय से बजट का उपयोग कर लेते तो छापे मारने की नौबत ही न आती। सही मायने में स्वास्थ्य विभाग खुद ही वेंटीलेटर पर है। फिर तंज कसा कि हम तो समाजवादी होते हुए भी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सभाओं में उनका भाषण सुनने जाते थे। कम से कम भाजपाई उनके ही सिद्धांतों पर चलना सीख लेते। ये व्यवस्थाएं आखिर कब सुधरेंगी। इसके जवाब में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि सपा सरकार में स्वास्थ्य विभाग में भारी घोटाला हुआ था। हाल यह था कि आधा पैसे लेकर चिकित्सकों की ड्यूटी माफ कर दी जाती थी।



**'गमछा-तिलक पर कमेंट नहीं किया, आपको टोपी के बारे में जानना चाहिए': शिवपाल**

ब्रजेश पाठक के बयान पर शिवपाल यादव ने कहा- भाजपा वाले गमछा, टोपी-तिलक लगाते हैं, हमने कभी कमेंट नही किया। आपको हमारी टोपी के बारे में जानना चाहिए। समाजवाद की पहचान है। उन्होंने कहा- जिला अस्पताल के गेट पर दलाल बैठे हैं, छापा मंत्रीजी ने छापे बहुत मारे, बजट आधा भी खर्च कर लिया होता तो बहुत बदल जाता। शिवपाल ने आगे कहा कि सरकार के विज्ञापनों में लगता है कि स्वास्थ्य महकमा बिल्कुल चमक गया। लेकिन, असलियत है कि स्वास्थ्य विभाग वेंटिलेटर पर है। एक्स-रे के नाम पर समय दिया जाता है। वसूली होती है। हमारे ब्लॉक में सीएचसी बनी है। 6 साल हो चुके बने। अभी तक वहां स्टॉफ नर्स, डॉक्टर, वार्डब्यॉय की नियुक्ति नहीं हुई है। कई बार हमने चिट्ठी लिखी...माननीय मंत्री छापा बहुत मारते है, दरबार भी लगा लेते हैं। अफसरों को भी बुला लेते हैं, लेकिन इसका कोई असर दिखाई नहीं पड़ता है।

**...पिछड़े पाएं सौ में साठ**

शिवपाल यादव बोले रहे थे कि हम तो समाजवादी हैं लोहिया का अनुसरण करते हैं। इतने में सामने से संसदीय कार्य सुरेश खन्ना खड़े होकर बोल उठे, लोहिया जातियों को तोड़ने का काम नहीं करते थे। जातियां जोड़ते थे। उन्होंने कहा था जाति तोड़ो। इस पर शिवपाल ने जवाब दिया, लोहिया ने यह भी कहा था कि पिछड़ें पाएं सौ में साठ। हम ये लड़ाई जोरशोर से लड़ते रहेंगे। यह ध्यान रखा जाए। समाजवादी पार्टी के बाद बहुजन समाज पार्टी ने भी जातीय जनगणना कराने का समर्थन किया है। बसपा विधायक दल के नेता उमाशंकर सिंह ने शुक्रवार को विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर संशोधन प्रस्ताव पर बात रखते हुए कहा कि बसपा जातीय जनगणना कराने का समर्थन करती है। लेकिन जातीय जनगणना पूरे देश में एक साथ होनी चाहिए।

## यूपी में कैंसिल होंगे भारी संख्या में राशन कार्ड?

**हड़कंप**

**विधानसभा स्पीकर ने सरकार को दिया जांच का निर्देश**


**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने शुक्रवार को राज्य सरकार को जांच के बाद अपात्रों को जारी राशन कार्ड रद्द करने का निर्देश दिया। प्रश्नकाल के दौरान अयोध्या के गोसाईगंज निर्वाचन क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के विधायक अभय सिंह ने यह मामला उठाया था। विधायक अभय सिंह के यह कहने के बाद कि वह मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी द्वारा दिए गए जवाब से संतुष्ट नहीं हैं, इसके बाद स्पीकर ने निर्देश जारी किया।

सपा विधायक ने पूछा कि क्या सरकार को खाद्य और नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारियों द्वारा राज्य में नए राशन कार्ड जारी करने में देरी के बारे में पता था? विधायक अभय सिंह ने सरकार से यह भी जानना चाहा कि 2018 से 22 दिसंबर 2022 तक अयोध्या जिले में कितने नए राशन कार्ड जारी किए गए हैं और कितने आवेदन लंबित हैं। सदस्यों के प्रश्नों का मुख्यमंत्री की ओर से लिखित जवाब आया। बताया गया कि एक अप्रैल 2018 से दिसंबर 2022 के बीच प्राप्त आवेदनों के विरूद्ध राज्य में कुल 1,33,03,625 राशन कार्ड जारी किये जा चुके हैं।

# रंजिश में पूर्व छात्र नेता को मारी गोली

**ट्रामा सेंटर में भर्ती**

**घायल का चल रहा इलाज पुलिस छानबीन में जुटी**



**रामनगर।** रामनगर थाना क्षेत्र के कोदोपुर गंगा किनारे आपसी पुरानी रंजिश में कटेसर निवासी पूर्व छात्र नेता जितेंद्र यादव को शुक्रवार की शाम गोली मार दी गई। गोली जितेंद्र की पीठ में लगी है। उसे बीएचयू स्थित ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया। तहरीर के आधार पर पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई।

कटेसर चंदौली निवासी जितेंद्र यादव (26) प्रतिदिन की तरह गाय भैस को चारा देने के बाद शाम को साढ़े पांच बजे गंगा किनारे रेत पर अपने कुछ दोस्तों के साथ गप शप कर रहा था। इसबीच लगभग दस की संख्या में कुछ युवक मौके पर पहुंचे और जितेंद्र से बहस करने लगे। इसी दौरान किसी ने उस पर गोली चला दी, जो जितेंद्र की पीठ पर जा कर लगी। गोली मारने के बाद युवक भाग निकले। जितेंद्र के साथ के दोस्त घर वालों को सूचना देने के बाद उसे ट्रामा सेंटर ले कर भागे। जहां उसे गंभीर स्थिति में भर्ती किया गया। अपुष्ट सूचना के मुताबिक गोली जितेंद्र के पीठ के आर पार कर गई है। इधर देर शाम तक सीमा विवाद के चलते घटना स्थल का निर्धारण नहीं हो पा रहा था। रामनगर थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर मिली है। मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है। उधर घायल के चाचा विरेंद्र यादव के अनुसार रामनगर थाने में आरोपी सहित नौ अज्ञात लोगों के खिलाफ मौखिक सूचना देने के साथ तहरीर भी दी गई है। जितेंद्र की छोटी बहन रुचि का कहना था कि जितेंद्र एमए करने के बाद नौकरी की तलाश कर रहा था। वह घर पर पशुओं को चारा पानी देने का काम करता है। बताया जा रहा है कि कुछ दिनों रामनगर के सिहाबीर में बुलेट मोटर साइकिल जलाने की पुरानी घटना से उपजी रंजिश का बदला लेने के लिए इस घटना को अंजाम दिया गया। जितेंद्र लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कालेज मुगलसराय में छात्रसंघ अध्यक्ष का चुनाव लड़ चुका है।

## कल तक हटा लें कब्जा वर्ना बेदखली की कार्रवाई तय

**वाराणसी।** तहसीलदार सदर ने बताया है कि स्थानीय तहसील क्षेत्र के ग्रामसभा रमना, परगना जाल्हूपुर में स्थित नवीन परती भूमि गाटा संख्या-178 रकबा 0.117 हे. पर गांव के ही आराधना यादव पत्नी डॉ. अवधेश यादव, दिनेश पुत्र राज किशोर, राकेश पुत्र राम प्रसाद, रमेश पुत्र जगराम, रामाश्रय पुत्र रामखेलावन यादव ने अवैध अतिक्रमण कर रखा है। इन सभी के विरुद्ध धारा-67 उप्र राजस्व संहिता- 2006 के तहत नियमानुसार सुनवाई की कार्यवाही पूर्ण कर विधि संगत बेदखली का आदेश पारित किया गया है। इस आदेश के बारे में अतिक्रमणकारियों को जानकारी है। उन्हें बीते 21 फरवरी को अवैध कब्जा हटाने के लिए नोटिस जारी किया जा चुका है। तहसीलदार सदर ने इस सभी से दोबारा कहा है कि 26 फरवरी के से पहले वह मौके पर अपना कब्जा हटवा लें। अन्यथा कोर्ट के आदेश के अनुपालन में प्रशासन की ओर से उन सभी के विरुद्ध बेदखली की कार्रवाई की जायेगी।

# पूर्व बीडीसी की पोखरे में डूबने से मौत

**दुखद**

**सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा**



**चिरईगांव।** जाल्हूपुर कच्चा बाबा धाम के पास स्थित पोखरे में नहाते समय मढ़नी निवासी पूर्व बीडीसी पप्पू यादव (50) की शुक्रवार को डूबने से मौत हो गयी। मृतक पप्पू यादव के पुत्र मनोज यादव की लिखित सूचना पर जाल्हूपुर चौकी प्रभारी दिनेश मौर्या ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक पप्पू यादव ट्रैक्टर रखकर मिट्टी ढोने का कार्य करते थे। बीते गुरुवार की रात घर पर नहीं आये। शुक्रवार की भोर में ही पोखरे में नहाने पहुंचे थे और गहरे पानी में चले जाने से डूब गये। उन्हें पानी से जब तक बाहर निकाला गया तब तक उनकी सांसें टूट चुकी थी। मृतक के पुत्र मनोज कुमार की लिखित सूचना पर स्थानीय जाल्हूपुर चौकी प्रभारी दिनेश मौर्य ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक को तीन पुत्र मनोज (22), मुकेश (18) और राकेश (15) हैं। मनोज प्राइवेट कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड का काम करते हैं। मुकेश व राकेश अभी पढ़ाई कर रहे हैं। पत्नी की कुछ वर्ष पूर्व मौत हो चुकी है। अभी किसी लड़के की शादी नहीं हुयी है।

### पॉक्सो एक्ट में जमानत मंजूर

वाराणसी। विशेष न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट) अनुतोश शर्मा की अदालत ने नाबालिग लड़की बहला फुसला कर भागने के मामले में आरोपी चंदन चौहान की जमानत अर्जी मंजूर कर ली। कोर्ट में आरोपी की ओर से अधिवक्ता व्रजेश मिश्र व सुरेंद्र नाथ पांडे ने पैरवी की वादी ने दो माह पहले चौबेपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराया था।

## संक्षेप

### फर्जी आईडी बनाकर फोटो वायरल करने वालों पर मुकदमा

बड़ागांव। थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी लड़की का फोटो फर्जी आईडी बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने के मामले में उसके पिता ने स्थानीय थानाक्षेत्र के टीकरी कला गांव निवासी रितेश सरोज, रामनगर गांव निवासी रवि गुप्ता एवं शाहपुर गांव निवासी आशीष पटेल के विरुद्ध गुरुवार की देर शाम थाने में आईटी एक्ट सहित आईपीसी की धारा में मुकदमा पंजीकृत कराया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### डुबकिया के 400 केवी उपकेंद्र में चोरी

चौबेपुर। स्थानीय थाना क्षेत्र में स्थित डुबकिया 400 केवी उपकेंद्र खंड सारनाथ में मंगलवार की रात्रि विभागीय स्टोर से चोरी करते समय तीन अभियुक्तों को रंगे हाथ पकड़ लिया गया। अवर अभियंता राघवेंद्र पाल ने चौबेपुर थाना पहुंचकर तीन नामजद अभियुक्तों पर मुकदमा दर्ज कराया, पुलिस मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई।

### बकरे उठा ले गये चोर

सेवापुरी। क्षेत्र के खिल्लूपुर गांव से गुरुवार देर रात हौसला बुलंद चोरों ने घर का ताला तोड़कर अंदर खूंटे से बंधे बकरा और बकरी उठा ले गये। जिसकी शिकायत पर पुलिस छानबीन में जुट गई। प्रतिदिन की भांति सौरव कुमार बकरे समेत बकरी को घर के अंदर बांधकर सोने चले गये, सुबह भोर में कुछ आहट होने पर कमरे के अंदर पहुंचे तो बकरा समेत बकरी गायब थी। जिसकी सूचना उन्होंने लिखित रूप से जंसा पुलिस को दी। पीड़ित के अनुसार बकरों की कीमत लगभग तीस हजार रुपए बताई जा रही है।

### दीवार गिराने वाले सात पर मुकदमा दर्ज

चौबेपुर। हंडियाडीह गांव में बुधवार की रात एक पक्ष ने दूसरे पक्ष की दीवार गिरा दी। पीड़ित दिनेश यादव का आरोप है कि गांव के राम किशुन यादव, कांता यादव, पिंटू यादव, सौरभ यादव व अन्य ने मिलकर 12 फीट ऊंची दीवार गिरा दी। जिसके बाद घर में घुसकर बुरी तरह मारा पीटा और गाली गलौज भी दिया। पीड़ित का कहना है कि दीवार गिराए जाने से उसका काफी नुकसान हुआ है। प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार सिंह ने पीड़ित की तहरीर पर सात लोगों पर मुकदमा दर्ज कर लिया। जिसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई।

### दहेज मामले में आरोपी गिरफ्तार

चौबेपुर। क्षेत्र के कैथी गांव निवासी वारंटी अभियुक्त राजू राजभर पिता होरी राजभर को जो दहेज प्रताड़ना का आरोपी है, न्यायालय में उपस्थित न होने पर कोर्ट के आदेश पर शुक्रवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जिसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह ने बताया कि दहेज अधिनियम के आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार किया गया था।

### बाइक सवार को टक्कर मारने वाले कार चालक पर मुकदमा

वाराणसी। सिगरा थाना क्षेत्र के रहने वाले वीरेंद्र नाथ तिवारी बीते सात फरवरी को बीएचयू विश्वनाथ मंदिर दर्शन करने के लिए सामनेघाट बालाजी नगर में रहने वाले मित्र के साथ जा रहे थे। इस दौरान बालाजी नगर मोड़ से निकलते ही कुछ दूर पहुंचने पर बेतरतीब ढंग से तेज रफ्तार से आ रहे कार चालक ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी, जिसके कारण वह खुद दूर जा गिरे और उन्हें गंभीर चोटें आई। उनको बीएचयू ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज हुआ । उनकी तहरीर पर पुलिस ने केशव कुंज अपार्टमेंट बजरडीहा के रहने वाले कार चालक डॉ. त्रियोगी नाथ गुप्ता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया।

### भाई को पीटकर किया घायल, मुकदमा दर्ज

वाराणसी। लंका थाना क्षेत्र के सीर गोवर्धन इलाके में स्थित वैष्णो नगर कॉलोनी में रहने वाले रवि शंकर गुप्ता को उसके भाई विजय शंकर ने अपने ससुर ज्ञानचंद व अज्ञात के साथ मिलकर मारपीट कर बुरी तरह से घायल कर दिया। मामले में पीड़ित ने शुक्रवार को भाई और उसके ससुर व अज्ञात के खिलाफ मारपीट बलवा व तोड़फोड़ करने के मामले में मुकदमा दर्ज कराया। पीड़ित का आरोप है कि बुधवार की रात दुकान बंद करके घर जा रहा था। इस दौरान बीच रास्ते में रोककर सभी उसपर लाठी-डंडे से टूट पड़े। हमला होने के बाद जान बचाने के लिए घर में भागा तो सभी उसके घर में घुसकर बच्चों व बीवी के सामने उसकी पिटाई कर मरणासन्न कर दिया।

### गेट गिरने से बच्ची की दबकर मौत

वाराणसी। लंका थाना क्षेत्र के नरिया स्थित मुस्लिम बस्ती में शुक्रवार को चार वर्षीय बच्ची सनम की लोहे का गेट गिरने से दबकर मौत हो गई। परिजन बच्ची को लेकर ट्रामा सेंटर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक देर शाम घर के बगल में भाई कैफ के साथ खेल रही थी। इसी दौरान उसके चाचा करीम ने ठेला रखने के लिए गेट खोला और खिंचाव होते ही गेट पलट गया। मृतक के पिता जावेद, मां सीमा के आंसू नहीं रुक रहे हैं। मृतक की दादी सबीना ने बताया कि किस्मत अच्छी थी कि गेट गिरने के बाद साथ में खेल रहा भाई कैफ बच गया। नहीं तो वह भी दबकर मर जाता।

### नीलगाय की टक्कर से बाइक सवार महिला घायल



जंसा। थाना क्षेत्र के झबरा (बड़ौरा) के पास शुक्रवार की देर शाम नील गाय व बाइक में भिड़ंत होने से बाइक सवार 45 वर्षीय महिला की हालत गंभीर हो गई। जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि जलीमून पति शौकत अली निवासी मूखार्पुर भदोही अपने के साथ शुक्रवार देर शाम जंसा थाना क्षेत्र के हरसोस गांव में अपने बहन के यहां से भदोही अपने घर जा रही थी कि वाराणसी-भदोही मार्ग झबरा (बड़ौदा बाजार) के पास अचानक सड़क पार कर रहे नील गया से जा भिड़ी। जिससे महिला को गंभीर चोट आ गई। लोगों के सहयोग से उसे उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों के द्वारा महिला की हालत गंभीर बताई गई।

# अमरत्व उसे, जिसका कृतित्व मजबूत होता है

**वाराणसी।** जिसका व्यक्तित्व व कृतित्व मजबूत होता है उसे ही अमरत्व प्राप्त होता है इसको मापने का समाज बहुत बड़ा तराजू होता है। यह विचार सेंट्रल बार एसोसिएशन सभागार में समाजवादी चिंतक, कवि, अधिवक्ता बाबू सागर सिंह के 15 वीं पुण्यतिथि पर विशिष्ट अतिथि संस्कृत अधिवक्ता श्यामजी उपाध्याय ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला जज डॉ अजय कृष्ण विश्वेश ने कहा कि बाबू सागर सिंह अधिवक्ता समाज के आदर्श थे उनके रास्ते पर चलना सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि उनका विचार न किसी को अपमानित करो न अपमानित हो आदर्श था नए वकीलों को भी न्यायिक अधिकारी पूरा सम्मान दें।

कार्यक्रम में यूपी बार कौंसिल सदस्यगण हरिशंकर सिंह व विनोद कुमार पाण्डेय, बनारस बार अध्यक्ष रामप्रवेश सिंह व महामंत्री प्रदीप रॉय, संयोजक श्री निवास मिश्र,अशोक सिंह प्रिंस, अवधेश सिंह आदि ने विचार रखा,अध्यक्षता सेंट्रल बार अध्यक्ष प्रभु नरायण पांडेय और संचालन महामंत्री शशिकांत दूबे ने किया।

### अधिवक्ताओं के लिए हेल्थ कैंप

वाराणसी। बनारस बार एसोसिएशन के सभागार में शुक्रवार को अधिवक्ताओं के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। खजुरी स्थित महाश्वेता हॉस्पिटल के कुशल चिकित्सकों की टीम द्वारा स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों अधिवक्ताओं के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस दौरान अधिवक्ताओं को उचित चिकित्सकीय परामर्श देने के साथ ही ब्लड प्रेशर, शुगर इत्यादि की निशुल्क जांच कर उनका उपचार किया गया। इसके पूर्व जनपद न्यायाधीश डा. अजय कृष्ण विश्वेश ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराकर स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर बनारस बार एसोसिएशन के महामंत्री प्रदीप राय ने कहा की बनारस बार अधिवक्ताओं के हित के लिए इस प्रकार के कार्यक्रमों का लगातार संचालन करता रहेगा। आगे भी ऐसे कई कार्यक्रमों को करने की योजना है, जिससे अधिवक्ता समुदाय अधिक से अधिक लाभ प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम में बनारस बार अध्यक्ष रामप्रवेश सिंह, प्रदेश बार कौंसिल के नवनिर्वाचित सदस्य विनोद कुमार पाण्डेय, सहायक सचिव प्रशासन, मुकेश विश्वकर्मा, अंशुमान दूबे, कृष्ण मोहन पांडेय गुड्डू समेत कई अधिवक्तागण मौजूद रहे।

# अपराध पर नियंत्रण के लिए गश्त बढ़ाएं

**बोले सीपी**

**शातिर व अभ्यस्त अपराधियों को चिंह्नित कर गैंगस्टर की हो कार्रवाई**



**सारनाथ।** जिले के पुलिस कमिश्नर (सीपी) मूथा अशोक जैन ने गुरुवार की देर रात सारनाथ थाने का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रभारी निरीक्षक सारनाथ को निर्देशित किया कि आपराधिक घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए रात्रिकालीन गश्त को बढ़ाया जाय। शातिर व अभ्यस्त अपराधियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ गैंगेस्टर की कार्यवाही की जाय। पुलिस कमिश्नर ने फैंटम, पीआरवी के कर्मचारी व जोनल चेकिंग अधिकारी के सतर्कता का निरीक्षण किया। पीआरवी कर्मचारियों से रूट चार्ट की जानकारी ली। उन्होंने संतरी ड्यूटी व महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण किया। आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए गश्त बढ़ाने को निर्देशित किया। शातिर अपराधियों को चिन्हित कर गैंगेस्टर की कार्यवाही करने को कहा। साथ ही उन्होंने थाना परिसर व शौचालय की साफ सफाई का भी निर्देश दिया। महिलाओं के साथ सलीके से व्यवहार करने को कहा। पेंडिंग मुकदमों को समय से निपटारा करने को निर्देशित किया। इस मौके पर पर प्रभारी निरीक्षक सारनाथ धर्मपाल सिंह सहित अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

## स्कूल पर गिरा विशालकाय पेड़ भवन क्षतिग्रस्त

**सेवापुरी।** आराजी लाइन विकासखंड के सीहोरवा (उत्तरी) गांव स्थित सरकारी प्राथमिक विद्यालय के भवन पर शुक्रवार दोपहर अचानक विद्यालय से सटा पीपल का विशालकाय पेड़ गिर गया, जिससे विद्यालय भवन का छत क्षतिग्रस्त हो गया। दो वर्ष पूर्व उक्त पीपल के पेड़ पर आकाशीय बिजली गिरी थी, जिससे समूचा पेड़ जर्जर हो गया, जिससे किसी बड़ी अप्रिय घटना का डर बना हुआ है। वहीं विद्यालय के प्रधानाध्यापक राकेश कुमार सिंह ने संबंधित विभाग से मांग किया कि जल्द से जल्द पेड़ को काटकर नहीं हटाया जाता है तो किसी भी समय बड़ी घटना घटित हो सकती है। मामले में खंड शिक्षा अधिकारी आराजी लाइन शशिकांत श्रीवास्तव ने बताया कि पूर्व में भी पेड़ के कुछ हिस्से विद्यालय भवन पर गिरे थे जिसको ध्यान में रखकर उक्त भवन में अध्यापन कार्य रोक दिया गया था, घटना की सूचना विभाग को दे दी गई है, जल्द ही भवन की मरम्मत का कार्य करा लिया जायेगा।

जनसंदेश टाइम्स
**वर्गीकृत**
**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरे पैन कार्ड नंबर DHTPD4375Q में कैशल्या देवी पुत्री लालमन गिरी जो कि गलत है सुशीला देवी पुत्री उदय नारायण गिरी सही है। सुशीला देवी, ग्राम पखनपुर पो0-बुढानपुर, जिला गाजीपुर उ0प्र0।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है दिनांक 23/02/2023 को समय करीब 1:30 बजे के आसपास [illegible] 30/01/1990 [illegible] 30/01/1990 [illegible] 2332 [illegible] 3576 [illegible]
संजय सिंह -8840733100

**आवश्यकता है**
वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर से संबद्ध जन भारती महाविद्यालय डिलिया तलवल गाजीपुर स्ववित्त पोषित योजनातर्गत स्नातकोत्तर स्तर पर भूगोल प्रवक्ता योग्यता वेतनमान यूजीसी एवं विश्वविद्यालय शासन परिनियमावली अनुसार अभ्यर्थी 21दिनों के अंदर शैक्षणिक प्रमाण पत्र फोटो के साथ आवेदन करे। **प्रबंधक**
मो0-9415350199

**आवश्यकता है**
श्री हरिदास महाविद्यालय लहंगपुर, जौनपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर कला संकाय में अतिरिक्त विषय-भूगोल, मनोविज्ञान व अर्थशास्त्र में एक-एक प्रवक्ताओं की एवं स्नातकोत्तर स्तर पर अतिरिक्त विषय-गृहविज्ञान व शिक्षाशास्त्र में तीन-तीन प्रवक्ताओं की तथा प्राचीन इतिहास व राजनीतिशास्त्र विषयों में दो-दो प्रवक्ताओं की। शैक्षणिक योग्यता विश्वविद्यालय परिनियमावली व यूजीसी के मानकानुसार सादे कागज पर नवीनतम फोटोयुक्त समस्त प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियों की दो प्रति 21 दिनों के अन्दर आवेदन पत्र पंजीकृत डाक/उपस्थित होकर प्रेषित करें।
मो0-8299623916

**आवश्यकता है**
**सुदामा देवी महिला महाविद्यालय**
चन्दौली
में स्ववित्तपोषित योजना अन्तर्गत स्नातक स्तर पर कला संकाय में अतिरिक्त विषय प्राचीन इतिहास, राजनीति विज्ञान एवं विज्ञान संकाय में गृहविज्ञान तथा स्नातकोत्तर स्तर पर कला संकाय में शिक्षाशास्त्र, भूगोल, मनोविज्ञान, गृहविज्ञान, समाजशास्त्र एवं मास्टर ऑफ सोसल वर्क (M.S.W.) पाठ्यक्रम के विषयों में विभागाध्यक्ष एवं प्रवक्ताओं की। योग्यता एवं वेतनमान N.C.T.E. / U.G.C. विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुसार अभ्यर्थी अपना आवेदन 21 दिन के अन्दर चार पासपोर्ट फोटो प्रमाण पत्र के साथ कालेज के पते पर भेजें।
मो0-9450555577

# वाटरशेड विषयक प्रशिक्षण

**वाराणसी।** जनपद के चिह्नित 250 से अधिक गांवों में वाटरशेड विकास घटक-प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-2.0 चलाया जाएगा। इस बारे में शुक्रवार को कमिश्नरी सभागार में एकदिनी प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। सीडीओ हिमांशु नागपाल के मुख्य आतिथ्य में इस मौके पर वाटरशेड कमेटी सदस्य, स्वरोजगार समूहों की महिलाएं, विभिन्न एफपीओ के सदस्य और किसानों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी देते हुए विभिन्न फसलों की अच्छी उपज समेत क्षमता संवर्द्धन और रोजगार बढ़ाने आदि के लिए कार्ययोजना के बारे में बताया गया। इस अवसर पर भूमि संरक्षण अधिकारी उसर सुधार अमित कुमार मिश्र, संयुक्त निदेशक कृषि आशुतोष मिश्र, उप निदेशक कृषि अखिलेश कुमार सिंह, जिला कृषि अधिकारी संगम सिंह मौर्य, डीसी एनआरएलएम दिलीप कुमार सोनकर, एनआरएलएम के डीएमएम श्रवण कुमार, जिला समन्वयक नमामि गंगे अर्पित सिंह, बीएचयू के प्रो. वीके चंदोला, वरिष्ठ उद्यान निरीक्षक जेके सिंह आदि ने संबंधित विषयों पर जानकारी दी।



# पति समेत चार को दस साल की सजा

**वाराणसी।** अपर जिला जज सप्तम नीरज कुमार श्रीवास्तव की अदालत ने दहेज के लिए विवाहिता को जलाकर मार डालने के मामले में पति समेत चार आरोपितों को दोषी पाते हुए दस साल की सजा सुनाई है। आरोपी में खालिसपुर सारनाथ निवासी पति हरिशंकर गुप्ता, जेठ रविशंकर गुप्ता, जेठानी आरती देवी व नंद कमल देवी को सजा सुनाई गई है। अदालत में अभियोजन की ओर से एडीजीसी श्रवण कुमार यादव ने पक्ष रखा।अभियोजन पक्ष के अनुसार कुछमन, अलीनगर, चंदौली निवासी लालमन प्रसाद ने सारनाथ थाने में 3 सितंबर 2013 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप था कि 27 मई 2010 को उसने अपनी पुत्री पिंकी का विवाह सलारपुर, सारनाथ निवासी हरिशंकर गुप्ता के साथ किया था। शादी के कुछ दिनों बाद दहेज में एक लाख रुपये नगद, सिकडी, अंगूठी व मोटरसाइकिल की मांग को लेकर पति हरिशंकर गुप्ता, जेठ रविशंकर गुप्ता, जेठानी आरती देवी व नन्द कमल देवी आये दिन मारते पीटते व प्रताड़ित करते थे। इस बीच 30 अगस्त 2013 को जेठ ने रात्र 2 बजे फोन कर पुत्री के बीमार होने की सूचना दी तो वह अगले दिन पुत्री के घर गया। जहां पता चला कि वह अस्पताल में भर्ती है। अस्पताल जाने पर पुत्री ने बताया कि दहेज के लिए सभी अभियुक्तों ने मिलकर उसे जला दिया है और किसी को भी कुछ बताने पर जान से मारने की धमकी दिये हैं। पूछताछ करने पर वह लोग उसे भी गाली दिये। इलाज के दौरान उसकी पुत्री की कुछ दिन बाद मृत्यु हो गई। अदालत में विचारण के दौरान कुल आठ गवाहों को प्रशिक्षित कराया गया।



### लखनऊ से वाराणसी के लिए शीघ्र उड़ान

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह के अनुरोध पर केन्द्रीय नागर विमानन एवं इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने लखनऊ से वाराणसी सीधे उड़ान की सुविधा सुलभ कराने के लिए सभी अनुसूचित घरेलू एयरलाइनों से इस दिशा में अनुकूल कार्यवाही किये जाने की अपेक्षा की है। एयरलाइनों द्वारा सीधी उड़ान सेवा शुरू कर देने से प्रतिदिन लाखों पर्यटकों, श्रद्धालुओं तथा यात्रियों को सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। उत्तर प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने 31 जनवरी को केन्द्रीय नागर विमानन एवं इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को लिखे गये अनुस्मारक पत्र में अनुरोध किया था कि प्रदेश की राजधानी लखनऊ से वाराणसी के लिए बड़ी संख्या में यात्रियों एवं श्रद्धालुओं का आना जाना लगा रहता है। वायुमार्ग से कोई नियमित सुविधा न होने के कारण पर्यटकों तथा अन्य यात्रियों को कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। केन्द्रीय विमानन एवं इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने 22 फरवरी के पत्र के माध्यम से पर्यटन मंत्री को अवगत कराया है कि वाराणसी हवाई अड्डे से साप्ताहिक आगमन एवं प्रस्थान के लिए 322 उड़ाने अहमदाबाद, भुवनेश्वर, बंग्लौर, मुम्बई, कोलकाता, दिल्ली, हैदराबाद तथा चेन्नई के लिए इंडिगो, एयरइंडिया, गोफर्स्ट, स्पाइसजेट तथा विस्तारा आदि एयरलाइन्स द्वारा संचालित की जाती है।

### शासन की उपलब्धियों पर चित्र प्रदर्शनी शुरु

वाराणसी। प्रदेश सरकार की एक साल की उपलब्धियों पर आधारित तीन दिनी चित्र प्रदर्शनी शुक्रवार को चौकाघाट क्षेत्र स्थित सांस्कृतक संकुल में आरंभ हुई। आमलोगों के लिए यह प्रदर्शनी दिन में 11 बजे से रात्रि आठ बजे तक खुली रहेगी। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' विषय पर आधारित इस प्रदर्शनी में काशी विश्वनाथ कॉरिडोर संग मथुरा, अयोध्या, गोरखपुर के चित्र प्रस्तुत किये गये हैं। साथ ही शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियों को चित्रों के जरिये पेश किया गया है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत सिंहवार, वि.ख. चिरईगांव, जिला-वाराणसी**

पत्रांक / 2022-23 दिनांक 00.00.2023

**अल्पकालिक निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2022-23 में [illegible] दिनांक 25.02.2023 से दिनांक 28.02.2023 तक [illegible] दिनांक 02.03.2023 [illegible]

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1. | ईंट प्रथम श्रेणी, द्वितीय श्रेणी | प्रति हजार | |
| 2. | सीमेन्ट | प्रति बोरी | |
| 3. | लाल बालू | प्रति घन.मी. | |
| 4. | मौरंग बालू | प्रति घन.मी. | |
| 5. | ईंट गिट्टी 40 मी.मी. व पत्थर गिट्टी 22.4 मी.मी. से 5.3 मी.मी. तक | प्रति घन.मी. | |
| 6. | सरिया, तार | प्रति कुन्तल | |
| 7. | ह्यूम पाईप (300 एम.एम., 350 एम.एम., 450 एम.एम. व 600, 900 एम.एम. न.पी.3 | प्रति मीटर | |
| 8. | प्लास्टिक बैंक | प्रति नग | |
| 9. | हैण्डपम्प सम्बन्धित सामग्री | प्रति नग | |
| 10. | RRC सेन्टर | प्रति नग | |
| 11. | (साइन एवं साट के अनुसार) विद्युत | प्रति नग | |
| 12. | पी.वी.सी. पाईप एवं मैनहोल सम्बन्धित सामग्री | प्रति नग | |
| 13. | इन्टरलॉकिंग ईंट 80 एम.एम. | प्रति नग | |
| 14. | साईन बोर्ड | प्रति नग | |
| 15. | [illegible] | प्रति नग | |
| 16. | पेंट से सम्बन्धित सामग्री | प्रति लीटर | |
| 17. | स्वच्छता से सम्बन्धित सामग्री [illegible] | प्रति नग | |
| 18. | [illegible] सम्बन्धित उपकरण | प्रति सेट | |
| 19. | शौचालय निर्माण सामग्री | प्रति सेट | |
| 20. | [illegible] | प्रति......... | |

**प्रतिबन्ध व शर्तें**-1. [illegible] 2. [illegible] 3. [illegible] 4. [illegible] 5. [illegible]

मरजादी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत सिंहवार
वि.ख. चिरईगांव, वाराणसी

अविनाश सिंह
ग्राम पंचायत सचिव
ग्राम पंचायत सिंहवार
वि.ख. चिरईगांव, वाराणसी

इंडियन बैंक Indian Bank
इलाहाबाद ALLAHABAD

अंचल कार्यालयः एस 19/33, इकराम खान बिल्डिंग, नदेसर,वाराणसी। फोन 0542-2505443, ई-मेलः zovaranasi@indianbank.co.in

**अचल सम्पत्ति कब्जे की सूचना**

[illegible] सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट-2002 के अन्तर्गत इंडियन बैंक के [illegible] धारा 13(12) [illegible] 60 दिनों के भीतर बकाया ऋण राशि चुकाने [illegible] नियम 8 एवं 9 के साथ [illegible]

| क्र.सं. | खाते का नाम | नाम ऋणी/जमानतदार/सम्पत्ति के स्वामी | बंधक सम्पत्ति का विवरण | डिमाण्ड नोटिस/कब्जे की तिथि | शाखा/बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मां विंध्यवासिनी केराना स्टोर | [illegible] | सभी भाग सम्पत्ति (क) अराजी सं0 22/1, जिसमें क्षेत्रफल - 102 वर्ग मी सिकन्दरपुर कुशुर्ग, परगना व जिला - गाजीपुर जो कि श्री मुन्ना लाल जायसवाल के नाम मे है। [illegible] | 05.12.2022 22.02.2023 | पी जी कालेज गाजीपुर शाखा रु 2853118/- दि0 05.12.2022 + ब्याज + अन्य व्यय |
| 2. | [illegible] | [illegible] | [illegible] | 28.11.2022 21.02.2023 | [illegible] रु 585249/- दि0 28.11.2022 + ब्याज + अन्य व्यय |

दिनांक - 25.02.2023 स्थान - वाराणसी
[illegible]
प्राधिकृत अधिकारी इंडियन बैंक



# वाराणसी



# होगी लापरवाही तो खराब होते रहेंगे वितरण ट्रांसफॉर्मर

**विद्युत विभाग**

आगामी गर्मियों में ट्रांसफॉर्मरों की सेहत दुरुस्त रखना विभाग के लिए चुनौती

कई कारणों से डैमेज होते हैं ट्रांसफॉर्मर, सही देखभाल से ही होगी निर्बाध आपूर्ति

नियमानुसार मॉनीटरिंग से ही बचाये जा सकते हैं ट्रांसफॉर्मर राजस्व की होगी बचत

**जितेंद्र श्रीवास्तव/राकेश सिन्हा**

## दो निदेशकों को जारी हो चुका है कारण बताओ नोटिस

रखरखाव और देखभाल में लापरवाही बरतने के कारण डैमेज हुए सैकड़ों ट्रांसफॉर्मरों के चलते लाखों रुपये के हुए नुकसान के बाबत यूपीपीसीएल के चेयरमैन एम. देवराज ने बीते दिनों पूर्वांचल व दक्षिणांचल डिस्कॉम के निदेशक (तकनीक) को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया था। इसे 'जनसंदेश टाइम्स' ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था।

## कई प्रकार के होते हैं वितरण ट्रांसफॉर्मर

शहर हो या फिर देहात का इलाका। सभी जगह उपभोक्ताओं के घर तक बिजली पहुंचाने के लिए वितरण ट्रांसफॉर्मर लगाये जाते हैं, जो अलग-अलग क्षमता के होते हैं। इसमें 10 केवीए, 16 केवीए, 25 केवीए, 63 केवीए, 100 केवीए, 160 केवीए, 250 केवीए, 400 केवीए, 630 केवीए और 1000 केवीए कॉम्पैक्ट ट्रांसफॉर्मर शामिल है। आमतौर पर 10 से लेकर 630 केवीए के ही ट्रांसफॉर्मर फील्ड में लगाये जाते हैं।

## वितरण ट्रांसफॉर्मर के प्रमुख पार्ट्स

डिस्ट्रिब्यूशन ट्रांसफॉर्मर में जिस प्रमुख पार्ट्स का उपयोग होता है। उसमें प्रमुख है कंजरवेटर, ऑयल गेज, बॉडी टैंक, रेडिएटर, ड्रेन वाल्व, टेप चेंजर, लिफ्टिंग हूक, स्पेसिफिकेशन प्लेट, टैंक बॉटम चैनल, कोर, एचटी क्वायल्स, एलटी क्वायल्स, आयल, इंसुलेटर, मेटल पार्ट्स आदि। डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफॉर्मर के प्रोटेक्शन में कई पार्ट्स काम करते हैं। जिसमें प्रमुख है फ्यूज सेट, टीपीएमओ स्विच, केबल सपोर्ट, ट्रांसफॉर्मर बॉडी अर्थिंग, ड्रॉप आउट फ्यूज, एक्सप्लोजन वेंट पाइप, आर्सिंग हॉर्न, एमसीसीबी, डबल्यूटी एंड ओटीआई, सिल्का जेल ब्रीदर, क्लीनलीनेस, बुछोल्ज रिले आदि शामिल है।



**वाराणसी।** विद्युत विभाग की तरफ से शहर और देहात क्षेत्र में उपभोक्ताओं के घर तक बिजली पहुंचाने के लिए विभिन्न क्षमता के वितरण ट्रांसफॉर्मर लगाये जाते हैं। इन ट्रांसफॉर्मरों के प्रति बरती गयी लापरवाही ही न सिर्फ आपूर्ति में व्यवधान उत्पन्न करता है, बल्कि हजारों-हजार रुपये के राजस्व का नुकसान भी होता है। यूपीपीसीएल के चेयरमैन एम. देवराज के लाख डांट-फटकार और दिशा-निर्देशों के बावजूद वितरण ट्रांसफॉर्मरों के रखरखाव के प्रति बेहद लापरवाही बरती जाती है। आगामी गर्मियों में वितरण ट्रांसफॉर्मरों की सेहत दुरुस्त रखना विभाग के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है। वजह, अभी से गर्मी ने जो तेवर दिखाना शुरू किया है। उससे लगता है कि इस साल भीषण गर्मी पड़ने वाली है।

विभागीय सूत्रों की मानें तो वितरण ट्रांसफॉर्मर को खराब होने से बचाना है तो अभियंताओं को इसकी नियमिति मॉनीटरिंग करना होगा। ट्रांसफॉर्मरों को खराब होने से बचाने के लिए रिपेयर क्वालिटी परीक्षण, ट्रांसफॉर्मर खराब होने का विश्लेषण और खराब होने से बचाने की खातिर सार्थक उपाय करने होगे। विशेषज्ञों की मानें तो ट्रांसफॉर्मर खराब होने के पीछे कई कारण होते हैं। मसलन ट्रांसफॉर्मर में तेल कम होना, एचटी क्व ॉयल का तेल में डूबा न होना, तेल कम होने से क्व ॉयल का गर्म हो जोना, सही जॉइंट न होने से एचटी वॉयर ब्रेक हो जाना, रपेयरिंग फाल्ट से एलटी कनेक्शन ब्रेक हो जाना आदि। कम तेल के ही कारण या ओवरलोड या इंसुलेशन की गुणवत्ता में कमी या लॉसेज में वृद्धि के कारण ट्रांसफॉर्मर अत्यधिक गर्म होकर भी खराब हो जाता है।

इतना ही नहीं, इन कारणों से टैप चेंजर स्विच डैमेज हो जाता है। ओवर वोल्टेज, पुराने तेल अथवा कम तेल अथवा बुशिंग पर फ्यूज के कारण एचटी बुशिंग पंचर हो जाना, लाइन फॉल्ट अथवा रिपेयरिंग फॉल्ट के कारण एक या अधिक एचटी क्व ायल बर्स्ट हो जाना, रिपेयर फॉल्ट के कारण एलटी का वन फेज डैमेज हो जाना, लाइन फाल्ट के कारण एक या एक से अधिक फेज बर्स्ट हो जाना, ट्रांसिएंट लाइन फॉल्ट अथवा लूज टाई रॉड के कारण ब्लॉक्स डिस्लोकेट हो जाना, तेल काफी कम होने या नमी होने से कोर डैमेज हो जाना भी ट्रांसफॉर्मर खराब होने के प्रमुख कारण होते हैं।

विशेषज्ञों की मानें तो ट्रांसफॉर्मर को खराब होने से बचाने के लिए कई उपाय करने होंगे। मसलन, प्रॉपर साइज के फ्यूज वॉयर या रेटिंग वाले वॉयर का ही उपयोग करना, निर्धारित मानक के अनुसार ट्रांसफार्मर में ऑयल का लेबल रहना, ऑयल की नियमित चेकिंग, 75 से 80 प्रतिशत से अधिक लोड न देना, लोड बैलेंसिंग होना, न्यूट्रल में करंट रेटेड करंट का 10 प्रतिशत से अधिक न होना, सुरक्षित तरीके से ट्रांसपोर्टेशन करना, सही जगह ट्रांसफॉर्मर लगाना, प्रॉपर अर्थिंग करना, प्रॉपर साइज के लग्स के थ्रू प्रॉपर हाई वोल्टेज व लो वोल्टेज के कनेक्शन करना, कनेक्शन के लिए प्रॉपर साइज के एलटी/ एचटी केबल का उपयोग करना चाहिए। बुशिंग पर फ्यूज नहीं लगना चाहिए। जानकार कहते हैं कि यदि इन प्रमुख बिंदुओं पर गंभीरतापूर्वक कार्य किया जाए तो ट्रांसफॉर्मर की सेहत खराब नहीं होगी और यूपीपीसीएल का लाखों-करोड़ों रुपये बचाया जा सकता है।

## इन बिंदुओं का परीक्षण आवश्यक

विभागीय ट्रांसफॉर्मर रिपेयर वर्कशॉप में जब ट्रांसफॉर्मर की मरम्मत हो जाती है तो कई बिंदुओं पर परीक्षण प्रक्रिया के तहत टेस्ट करना आवश्यक है। उसमे प्रमुख है हाई वोल्टेज टेस्टिंग (एचवीटी), डबल वोल्टेज डबल फ्रीक्वें सी (डीवीडीएफ) टेस्ट, लॉस टेस्ट, जिसमें ओपन सर्किट टेस्ट के तहत नो लोड लॉस/कोर लॉस/आयरन लॉस टेस्ट और शॉर्ट सर्किट टेस्ट के तहत फुल लोड लॉस टेस्ट करना चाहिए। अंत में रिपेयर्ड ट्रांसफॉर्मर का ऑयल ब्रेक डाउन वोल्टेज (ऑयल बीडीवी) टेस्ट अवश्य करना चाहिए।

## ट्रांसफॉर्मर मरम्मत के प्रमुख बिंदु

जब वितरण ट्रांसफॉर्मर खराब हो जाता है और मरम्मत होने के लिए विभागीय ट्रांसफॉर्मर रिपेयर वर्कशॉप में आता है। उस समय रिपेयर करने में जिस प्रोसेस के तहत निरीक्षण/कार्य होता है। उसमें प्रमुख है-डीटीसी, टॉप कवर को खोलना, तेल ट्रांसफॉर्मर व अन्य इक्विपमेंट्स का निरीक्षण करना, निरीक्षण के समय जॉब नंबर व जॉब कार्ड को अवश्य देखना, खराब ट्रांसफॉर्मरों को डिस्मेंटल करना, ट्रांसफॉर्मरों के पार्ट्स को आवश्यकता अनुसार रिपेयर करना अथवा रिप्लेसमेंट करना, ट्रांसफॉर्मर को पुनः असेंबल करना, नमी समाप्त करने के लिए ओवन में रिपेयर्ड ट्रांसफॉर्मरों को रखना, टैंकिंग व टेस्टिंग आदि कार्य शामिल है।

# 'स्वस्थ नारी सुखी नारी' का गूंजा संदेश

**सेमिनार**

फाग्सी के बैनर तले तीन दिवसीय सेमिनार के पहले दिन सात कार्यशाला आयोजित

**वाराणसी।** फेडरेशन ऑफ ऑब्स्टेट्रिक एंड गायनेकोलॉजिकल सोसाइटीज ऑफ इंडिया (फॉग्सी) के बैनर तले शुक्रवार को तीन दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशवन का शुभारम्भ किया गया। पहले दिन इस राष्ट्रीय अधिवेशन का उद्घाटन फाग्सी उत्तरी जोन के वाइस प्रेसिडेंट डॉ.यशधरा प्रदीप व डॉ. नरेंद्र मल्होत्रा की ओर से संयुक्त रुप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। पहले दिन कुल सात कार्यशालाएं आयोजित की गयी, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से आये स्त्री रोग विशेषज्ञों ने विभिन्न विषयों पर अपने व्याख्यान दिये। स्वस्थ्य नारी सुखी नारी थीम पर आयोजित अधिवेशन पूरे भारत की प्रमुख गाइनोकोलॉजिस्ट व उनके प्रतिनिधि शामिल हो रहीं हैं। पहले दिन शुक्रवार को इन्डोस्कोपी व बांझरोग पर आयोजित कार्यशाला में स्त्री रोग विशेषज्ञों ने बताया कि अब यह रोग लाइलाज नहीं हैं समय रहते अगर चिकित्सक से सलाह ली जाए तो निसन्तान दंपति की सूनी गोद भरी जा सकती है। अब इस क्षेत्र में तमाम तकनीक इजाद हुई है। इसके अलावा अल्ट्रासाउन्ड और फीटल मेडिसिन, व्यवहारिक प्रसव व लेबर रुम, वजाइनल सर्जरी व यूरोगायनेकोलोजी, रिसर्च मेथेडोलोजी से संबंधित पिकसेप, स्त्रियों के कैंसर से बचाव सहित मेडिकोलीगल प्रासंगिक पर कुल सात कार्यशाला आयोजित की गयी, जिसमें सभी विशेषज्ञों ने अपना व्याख्यान दिया। इसदौरान पैनल डिस्कशन भी आयोजित किया गया। अधिवेशन के पहले दिन डॉ.नीलम ओहरी, डॉ.अनुराधा खन्ना, डॉ.सुधा सिंह, डॉ.रितू खन्ना. डॉ. लवीना चौबे, डॉ.दिव्या अग्रवाल, डॉ.शालिनी टंडन सहित अन्य स्त्री रोग विशेषज्ञ रहीं।




ST. JOHN'S SCHOOL,
B.L.W., VARANASI,
REQUIRED
Trained Teachers for
PRT (Only Female)- All Subjects, Music & Dance, TGT- Physical Education (Only Female), PGT-English & Computer Science
with minimum 5 years experience. Apply with P.P size photograph with complete Bio-data & Academic performance by 06.03.2023
MANAGER
ST. JOHN'S SCHOOL, B.L.W., VARANASI, U.P., 221004


# संयुक्त राष्ट्र के स्थायी सदस्यों ने किया भ्रमण

**अवसर**

बाबतपुर हवाईअड्डे पर हुआ परंपरागत स्वागत

सारनाथ, विश्वनाथ मंदिर और देखी गंगा आरती

**जनसंदेश न्यूज**



एकदिनी भ्रमण पर शुक्रवार को आये संयुक्त राष्ट्र के स्थाई सदस्यों के प्रतिनिधि मंडल ने काशी विश्वनाथ मंदिर का भी अवलोकन किया

**वाराणसी।** संयुक्त राष्ट्र के स्थायी सदस्यों का एक प्रतिनिधि मंडल शुक्रवार को एकदिनी भ्रमण पर वाराणसी पहुंचा। उनमें कजाकिस्तान, जांबिया, माली, बारबेडोस, मंगोलिया, सियारा लियोन, साउथ सूडान, सेंट लुइस, टोंगा, माइक्रोनेशिया, मारितानिया के प्रतिनिधि शामिल थे। उन्होंने शहर के कई स्थलों का भ्रमण किया।

बाबतपुर एयरपोर्ट पर दोपहर को इस प्रतिनिधि मंडल के पहुंचने पर जिला प्रशासन के अफसरों ने उनका परंपरागत ढंग से स्वागत किया। शाम को सदस्यों ने सारनाथ का भ्रमण किया। सारनाथ प्रतिनिधि के अनुसार सदस्यों ने स्थानीय पुरावशेषों को देखा और संबंधित ऐतिहासिक पृष्ठभूमि की जानकारी ली। म्यूजियम में उन्होंने राष्ट्रीय चिह्न चार सिंह शीर्ष, भगवान बुद्ध से जुड़ी मूर्तियां और पुरातात्विक अवशेषों सहित स्वर्ण वेदिका में रखे लगभग ढाई हजार वर्ष पुराने आभूषणों का अवलोकन किया।

सारनाथ संग्रहालय में हिन्दू देवी देवताओं की मूर्तियां देखने के बाद वह पुरातात्विक खंडहर स्थित धर्मराजिका स्तूप, अशोक की लाट, मुलगंधकुटी मंदिर आदि का भ्रमण किया। उनके साथ विदेश मंत्रालय के नितेश चौधरी ने इनकी यात्रा का उद्देश्य बताया। इसी क्रम में प्रतिनिधि मंडल ने काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन के बाद गंगा आरती देखी। इस मौके पर सूबे के आयुष एवं खाद्य सुरक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु', कमिश्नर कौशल राज शर्मा, डीएम एस. राजलिंगम ने शिष्टाचार मुलाकात कर वाराणसी में हुए विकास कार्यों के बारे में जानकारी दी।

# इंटीग्रेटेड कोविड कमांड सेंटर तैयार

**एफईटीपी आईकॉन-2023**

क्षेत्रीय महामारी विज्ञान प्रशिक्षण कार्यक्रम राष्ट्रीय सम्मेलन 2023 का समापन

आखिरी दिन डीजी हेल्थ व यूएससीडीसी, एनसीडीसी, डबल्यूएचओ इंडिया टीम ने किया क्षेत्रीय भ्रमण



सेमिनार के मौके पर जुटे विशिष्टजन

**वाराणसी।** क्षेत्रीय महामारी विज्ञान प्रशिक्षण कार्यक्रम (एफईटीपी) राष्ट्रीय सम्मेलन 2023 के तहत शुक्रवार को स्वास्थ्य महानिदेशक व एनसीडीसी निदेशक डॉ अतुल गोयल सहित यूएस सीडीसी, एनसीडीसी, डब्ल्यूएचओ इंडिया, आईसीएमआर-एनआईई और यूपी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की टीम ने आखिरी दिन जनपद के विभिन्न स्थानों का भ्रमण किया। टीम ने सबसे पहले काशी इंटीग्रेटेड कोविड कमांड सेंटर (केआईसीसीसी) का भ्रमण किया। इस दौरान केआईसीसीसी के आईटी हेड अनुराग सिंह, जिला सलाहकार (स्वास्थ्य) डॉ सौरभ प्रताप सिंह, एनसीडीसी इंडिया की डॉ जरी अंजुम, वाराणसी स्मार्ट सिटी लिमिटेड (वीएसईएल) के आईटी मैनेजर राहुल तिवारी और पब्लिक हेल्थ ऑफिसर डॉ शिशिर ने टीम को कोविड महामारी में केआईसीसीसी के समस्त कार्यों, व्यवस्थाओं, सुविधाओं, सर्विलान्स, मैनेजमेंट और मॉनिटरिंग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। टीम ने कंटेनमेंट, क्वारंटीन जोन, सैंपलिंग, टेस्टिंग, ट्रीटमेंट और ट्रैकिंग के बारे में जानकारी ली। आईटी हेड अनुराग ने बताया कि जब यह सेंटर शुरू किया गया था तो नहीं पता था कि आगे चलकर कोविड महामारी में बेहद कारगर साबित होगा। केआईसीसीसी के जरिये पूरे जनपद में कोविड महामारी के सभी पहलुओं पर 24 घंटे नजर रखी गई। इसके लिए जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग सहित कॉलिंग टीम, आरआरटी टीम, कांटैक्ट ट्रेसिंग टीम, नगर निगम टीम, पुलिस, फूड सप्लाई टीम ने जी जान से काम किया। इसके साथ ही कोविड हेल्प डेस्क, स्टेटिक बूथ, मेडिकल मोबाइल यूनिट ने जनमानस की पूरी मदद की। यूनिसेफ, आईएमए आदि संस्थाओं सहित मीडिया ने महती भूमिका निभाई। इसकी सफलता को देखते हुये प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन से केआईसीसीसी मॉडल को प्रदेश के अन्य जिलों के साथ विभिन्न प्रान्तों में भी लागू किया गया। इस कार्य के लिए वाराणसी स्मार्ट सिटी लिमिटेड को इंडिया स्मार्ट सिटी अवार्ड की चार कैटगरी से सम्मानित भी किया गया। उन्होने बताया कि केआईसीसीसी कोविड के अलावा अन्य महामारी से लड़ने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

वेलनेस सेंटर का भी भ्रमण

डीजी हेल्थ डॉ अतुल गोयल व टीम ने आयुष्मान भारत - हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर बड़ागांव का भ्रमण किया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संदीप चौधरी और अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एसएस कनौजिया ने सेंटर पर प्रदान की जा रही समस्त स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। टीम ने ओपीडी में प्रदान की जा रही प्रसव पूर्व जांच, उच्च जोखिम गर्भावस्था महिलाओं की पहचान व चिन्हीकरण, आयरन सुक्रोज, परिवार कल्याण कार्यक्रम में बास्केट ऑफ च्वाइस , टेली कंसल्टेंसी, योगा वेलनेस सेंटर अन्य सेवाओं व परामर्श के साथ जांच लैब, दवा काउंटर आदि सुविधाओं की सम्पूर्ण जानकारी ली।
























# एनडीआरएफ का गर्मजोश स्वागत



एनडीआरएफ के जवानों को संबोधित करते डॉ. दयालु



समारोह में बैठे एनडीआरएफ के जवान

**जनसंदेश न्यूज**

**ग्रैंड वेलकम**

तुर्किए-सीरिया में भूकंप से प्रभावित लोगों को बचाया था

राज्यमंत्री, कमिश्नर और कमांडेंट ने सराहा, बताया, एनडीआरएफ के लिए हर एक व्यक्ति का जीवन बहुमूल्य

**वाराणसी।** तुर्किए-सीरिया में बीते छह फरवरी को आए भीषण भूकंप आपदा में ऑपरेशन दोस्त के तहत सफल राहत-बचाव कार्य को पूरा करने के बाद एनडीआरएफ के सभी बचावकर्मी सकुशल अपने वाहिनीं मुख्यालय, चौकाघाट पहुचे। एनडीआरएफ के सदस्यों के पहुंचने पर शुक्रवार को एनडीआरएफ मुख्यालय में राज्यमंत्री दयाशंकर मिश्र एवं कमिश्नर कौशल राज शर्मा, कमांडेंट मनोज कुमार शर्मा द्वारा भव्य स्वागत करते हुये उनकी हौसला अफजाई की गयी। इस अवसर पर एनडीआरएफ के अधिकारियों, साथी बचावकर्मियों व स्कूली बच्चों, सामाजिक संस्था स्वागतम काशी फाउंडेशन, भारत विकास परिषद एवं गंगा सेवा निधि के सदस्यों द्वारा तिलक लगाकर सभी बचावकर्मियों का स्वागत किया गया। कमांडेंट मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि वाराणसी 11 एनडीआरएफ से 51 बचावकर्मियों को उप कमांडेंट अभिषेक कुमार राय के नेतृत्व में और उप कमांडेंट राम भवन सिंह यादव के देखरेख मे आठ को सभी आधुनिक राहत बचाव उपकरणों और प्रशिक्षित श्वान (डॉग) बॉब एवं रॉक्सी के साथ ऑपरेशन दोस्त के तहत भारतीय वायु सेना के विशेष विमान ग्लोब मास्टर से तुर्किए के लिए रवाना किया गया था। कमांडेंट ने बताया कि एनडीआरएफ के लिए हर एक व्यक्ति का जीवन बहुमूल्य है और भविष्य में भी भारत सहित दुनिया के किसी भी हिस्से में राहत-बचाव के ऑपरेशन के लिये हमारी टीमें तैयार है।








## संक्षेप

### आदिवासी युवाओं ने की पर्यटनस्थलों की सैर



**वाराणसी।** बीएचयू में चल रहे 14वें आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को प्रतिभागियों को जनपद के पर्यटन स्थलों की सैर करायी गयी। उन्होंने काशी हिन्दू विवि स्थित काशी विश्वनाथ, ललित कला केंद्र के संग्रहालय, गंगा घाट, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर आदि देखा। शाम को उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इस मौके पर नेहरू युवा केंद्र संगठन के उप निदेशक अनिल कुमार सिंह, जिला युवा अधिकारी निखिल गुप्ता, डीपीओ ऐश्वर्या मिश्रा, प्रतीक साहू, एपीए विकास कुमार, बीएचयू एनएसएस के बाला लखेंद्र एपीएस सुभाष चंद्र प्रसाद आदि का सहोग रहा।

### किसान गोष्ठी में बांटे बीज



**वाराणसी।** अनुसूचित जाति के किसानों की आजीविका में सुधार एवं उनके उत्थान के लिए संचालित अनुसूचित जाति उप योजना के तहत मीरजापुर के राजगढ़ ब्लॉक स्थित बड़ागांव न्याय पंचायत में शुक्रवार को किसान गोष्ठी हुई। भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान यानि आईआईवीआर वाराणसी की ओर से यह कार्यक्रम था। इस मौके पर किसानों को मुफ्त बीज बांटे गये। इस अवसर पर संस्थान निदेशक डॉ. तुषार कांति बेहेरा, डॉ. सूर्यनाथ सिंह चौरसिया, प्रधान वैज्ञानिक डॉ. सुदर्शन मौर्य, डॉ. जयदीप हालदार, डॉ. अनुराग चौरसिया और डॉ. स्वाति शर्मा आदि ने विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी दी।

### पेट से निकाला ट्यूमर



**वाराणसी।** बीएचयू स्थित महामना पंडित मदन मोहन मालवीय कैंसर केंद्र एवं होमी भाभा कैंसर हॉस्पिटल के चिकित्सकों ने एक बेहद जटिल सर्जरी कर 55 वर्षीय रोगी के पेट से 30.5 किलो वजन का ट्यूमर निकाला है। ट्यूमर का आकार इतना बड़ा था कि मरीज का चलना-फिरना मुश्किल हो गया था। अस्पताल के डॉक्टरों ने छह घंटे के अथक परिश्रम से उसकी सर्जरी कर रोगी को नया जीवन दिया। सर्जरी करने वालों में प्रो. मयंक त्रिपाठी संग उनकी टीम में डॉ. विदूर एवं डॉ. रवींद्र वर्मा थे। चिकित्सकों की इस सफलता पर अस्पताल के निदेशक डॉ. सत्यजीत प्रधान ने सर्जरी करने वाली टीम को बधाई दी।

### टीएफबी फेलोज की ट्रेनिंग शुरू

**वाराणसी।** बीएचयू के लक्ष्मण दास अतिथि गृह समिति कक्ष में शुक्रवार को 'टीच फॉर बीएच' (टीएफबी) के फेलोज का दो दिनी प्रशिक्षण कार्यक्रम आरंभ हुआ। कुल सचिव प्रो. अरुण कुमार सिंह ने उद्घाटन करते हुए कहा कि टीएफबी प्रोग्राम बीएचयू का एक फ्लैगशिप कार्यक्रम है। यह शोध एवं वास्तविक शिक्षण के लिए एक सेतु कार्यक्रम है। इसमें चयनित लोग सघन रूप से शिक्षण संस्थान स्तर पर स्वयं को शामिल कर सशक्त बनाएं। इस मौके पर प्रो. भारतेंदु सिंह, प्रो. राकेश सिंह, प्रो. सत्यपाल शर्मा, डॉ. पीसी अभिलाष, प्रो. सुनील कुमार सिंह आदि की प्रमुख उपस्थिति रही।

### एनएसएस का विशेष शिविर प्रारंभ

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की ओर से शुक्रवार को सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन कबीर प्रकट स्थल लहरतारा में प्रारंभ हुआ। सात दिवसीय शिविर के पहले दिन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल कुमार, डॉ. सतीश कुमार कुशवाहा और डॉ. विजेंद्र प्रताप सिंह ने पहले हाफ में स्वयंसेवकों द्वारा कबीर प्रकट्य स्थल लहरतारा की साफ सफाई का कार्य किया। द्वितीय हाफ में एक गोष्ठी अनुशासन एवं संस्कार विषय पर आयोजित की गई, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कबीर मठ के संत महेश दास थे, संचालन डॉ. विजेंद्र प्रताप सिंह ने किया। इस दौरान डॉ. अनिल कुमार ने भी अपने विचार व्यक्त किए और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. सतीश कुमार कुशवाहा ने किया।

### गृहकर के बड़े बकायेदारों के बैंक खाते सीज

**वाराणसी।** अपर नगर आयुक्त एवं वरिष्ठ प्रभारी अधिकारी (गृहकर) राजीव कुमार राय के निर्देश पर शुक्रवार को बड़े गृहकर बकायेदारों के बैंक खातों को सीज करने की कार्रवाई की गई। वित्तीय वर्ष 2022-23 समाप्त होने को है, बावजूद इसके अभी भी बहुत से बड़े गृहकर बकायेदारों द्वारा विगत कई वर्षों से अपने भवनों का गृहकर जमा नहीं किया गया है, निगम द्वारा ऐसे सभी भवनों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध तालाबंदी, कुर्की और बैंक खातों को सीज करने की कार्यवाही प्रारंभ हो गयी है। जोनल अधिकारी (वरूणापार) प्रमिता सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार को एक पर कार्यवाही करते हुए जिला सहकारी बैंक का खाता सीज कर दिया गया है। अपर नगर आयुक्त एवं वरिष्ठ प्रभारी अधिकारी (गृहकर) राजीव कुमार राय द्वारा नगर के सभी बड़े गृहकर बकायेदारों के अपील की गयी है कि वे अपने भवन का गृहकर शीघ्र जमा कर दें, अन्यथा उनके विरूद्ध निगम अधिनियम में वर्णित सुसंगत धाराओं के अंतर्गत कार्यवाही की जायेगी।

### दो दिनी चित्र प्रदर्शनी का समापन

**वाराणसी।** शिक्षा ही विकास का रास्ता है। युवा वर्ग निष्ठा और लगन से पढ़ाई कर अपने परिवार, गांव, प्रदेश व देश का नाम रोशन करें। केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से मिर्जामुराद के छोटा खजुरी स्थित एक विद्यालय में आयोजित दो दिनी चित्र प्रदर्शनी, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं लोकगीत कार्यक्रम के सपापन समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. बंसराज ने यह कहा। इस अवसर पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजेता पुरस्कृत हुए। लोकगायकों ने भोजपुरी गीत सुनाए। ग्रामीणों को जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गयी। प्रदर्शनी में सरकार के आठ साल के कार्यकाल की उपलब्धियों को प्रस्तुत किया गया। क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी डॉ. लालजी के संचालन में इस अवसर पर प्रो. कमलेश कुमार, डॉ. लक्ष्मण प्रसाद, शमशेर सिंह, डॉ. इजलास यादव, रेखा पटेल, गोविंद श्रीवास्तव, संतोष चौरसिया, सारिका सिंह, शुभम आदि की प्रमुख उपस्थिति रही।

### ग्राम चौपाल : मोकलपुर में सर्वाधिक 72 शिकायतें

**वाराणसी।** विकास खंडों में ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए साप्ताहिक 'ग्राम चौपाल' का आयोजन शुक्रवार को 16 ग्राम पंचायतों में किया गया। जिसके तहत आराजीलाइन के शाहंशाहपुर में कुल 11, नियेसीपुर में 12, चिरईगांव ब्लॉक के सीवों में 6, मोकलपुर में 72 शिकायतें दर्ज की गईं। इसी प्रकार बड़ागांव के बरहीकला में 12, इसीपुर में 10, चोलापुर के गौराउपवार में 28, मोलनापुर में 12, काशी विद्यापीठ के घमहापुर में 37, हरिहरपुर में 44 आवेदन प्राप्त हुए। जबकि पिंडरा के हिरामनपुर में 35, हरहुआ विकास खंड के गोकुलपुर में 2, चौका में 2, सेवापुरी के गैरहा में 10 और गजियापुर में 9 शिकायत प्राप्त हुईं। इन सभी में से कुछ ग्राम पंचायतों में शिकायतों का शत-प्रतिशत निबटारा तत्काल किया गया।

# जीवन का अहम पक्ष है पंचांग

**बोले प्रो. जीसी त्रिपाठी**

**संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में पंचांग विमोचन**

जनसंदेश न्यूज



**वाराणसी।** पंचांग हमारे जीवन का अतिमहत्वपूर्ण पक्ष है। यह केवल का गणना ही नहीं अपितु एक अभूतपूर्व दर्शन है। हमारे पूर्वजों ने सूर्य और चंद्र के आधार पर गणना कर भारतीय पंचांग का निर्माण कर इस संस्था द्वारा प्रकाशित किया है।

उक्त विचार उच्च शिक्षा परिषद के अध्यक्ष व बीएचयू के पूर्व कुलपति प्रो. जीसी त्रिपाठी ने बतौर मुख्य अतिथि संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के योगसाधना केंद्र में आयोजित 'पंचांग विमोचन' समारोह में व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय भारतीय संस्कृति को बढ़ाने के लिये है एवं शास्त्रार्थ की भूमि है। यह देश अहंकार से मुक्त और समरसता की भूमि है। बतौर विशिष्ट अतिथि पूर्व मेयर रामगोपाल मोहले ने कहा कि यह संस्था पंचांग के माध्यम से सनातन संस्कृति को वैश्विक स्तर पर ले जाने का कार्य निरंतर करती जा रही है। नवरात्रि के प्रथम दिन सूर्य को जल चढ़ाकर सनातन धर्म संस्कृति के अभ्युदय की कामना किया जायेगा।

अप्रवासी भारतीय ई रमन त्रिपाठी ने बतौर विशिष्ट अतिथि कहा कि इस परिसर में भारतीय संस्कृति-संस्कृत एवं संस्कार की त्रिवेणी का प्रवाह है। यहां का ऐतिहासिक पंचांग विश्वसनीय और अति प्राचीन है। बतौर सारस्वत अतिथि बीएचयू के व्याकरण शास्त्र के विशिष्ट विद्वान प्रो. रामनारायण द्विवेदी ने कहा कि भारत को जानना है तो यहां की संस्कृति को जाने। अध्यक्षता कर रहे कुलपति प्रो. हरेराम त्रिपाठी ने कहा कि ज्योतिष विभाग के सहयोग से यहां से 147 वर्षों से प्रकाशित श्रीमद बापू देव शास्त्री सिद्धि पंचांग संवत 2080 के लोकार्पण से जन-जन की विश्वसनीयता को बल मिलेगा, इसी पंचांग से राज्य सरकार व्रत-पर्वों का निर्धारण करती है। यह पंचांग देश के वैदिक दृष्टि की राह प्रशस्त करता है। इस पंचांग की विशेषतायें वृहद् और अद्भुत है। संयोजक डॉ. पद्माकर मिश्र, निदेशक प्रकाशन शोध संस्थान कार्यक्रम के संयोजक रहे। कार्यक्रम के प्रारम्भ में वेदांत के विशिष्ट विद्वान एवं कुलसचिव प्रो. रामकिशोर त्रिपाठी ने वाचिक स्वागत किया। संचालन प्रो. रमेश प्रसाद व धन्यवाद ज्ञापन प्रो. दिनेश कुमार गर्ग ने किया। इस दौरान प्रो. महेंद्र पांडेय, प्रो. विजय कुमार पांडेय, प्रो. हरिशंकर पांडेय, प्रो. रामकिशोर त्रिपाठी, प्रो. हरिशंकर पांडेय, प्रो. महेंद्र पांडेय, प्रो. हीरक कांत चक्रवर्ती, प्रो. राजनाथ, प्रो. दिनेश कुमार गर्ग,प्रो. विजय कुमार पांडेय आदि मौजूद रहे।

# विश्वनाथ मंदिर स्टाफ को दें अच्छे व्यवहार की ट्रेनिंग

जनसंदेश न्यूज

**दिया ज्ञापन**

**मंदिर में महिला दर्शनार्थियों से पुलिसकर्मियों द्वारा दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए सौंपा मांग-पत्र**

**वाराणसी।** काशी विश्वनाथ मंदिर में सुरक्षाकर्मियों द्वारा महिलाओं संग दुर्व्यवहार किये जाने का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को भाजपा विधि प्रकोष्ठ काशी क्षेत्र के संयोजक शशांक शेखर त्रिपाठी एडवोकेट जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एडीएम प्रशासन रणविजय सिंह को देते हुए उन्होंने मांग की कि मंदिर पर तैनात दुव्यवहार करने वाले सुरक्षाकर्मियों को तत्काल हटाकर उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक और विभागीय कार्रवाई की जाय।

इस मौके पर श्री त्रिपाठी ने कहा कि काशी विश्वनाथ मंदिर में देश-विदेश से प्रतिदिन करीब एक लाख श्रद्धालु आते हैं। इतनी भारी भीड़ को संभालने में व्यवस्था संबंधी कठिनाइयां भी आती हैं। लेकिन मौके पर सुरक्षाकर्मी दर्शनार्थियों के साथ बदसलूकी करते देते जाते हैं। पुरुष पुलिसकर्मी महिलाओं व लड़कियों को जिस प्रकार धकेलते हैं वह गरिमा के प्रतिकूल अत्यंत ही खेदजनक और दुखद है। सो, मंदिर के सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग देखकर दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ एक्शन लिया जाय। पुरुष पुलिसकर्मियों को विशेष निर्देश दिये जाएं कि वह महिलाओं के शरीर को न छुएं। महिलाओं की कतार में पुरुष स्टाफ की ड्यूटी न लगाएं।

मंदिर व्यवस्थापन में लगे कर्मचारियों को शालीन एवं अच्छे व्यवहार का प्रशिक्षण दिया जाय। ज्ञापन देने वालों में भाजपा चुनाव आयोग संपर्क विभाग के क्षेत्रीय संयोजक मुरलीधर सिंह, राजस्व बार महामंत्री जितेंद्र तिवारी एडवोकेट, वरिष्ठ अधिवक्ता सूर्यभान तिवारी, दीपक वर्मा एडवोकेट आदि भी रहे।

# रंगभरी एकादशी से काशी में होली का होगा आगाज

जनसंदेश न्यूज

**परम्परा**

**रंगभरी-आमलकी एकादशी व्रत से मिलता है सभी एकादशियों के व्रत का फल**

**आंवले वृक्ष के नीचे भगवान विष्णु की होगी पूजा**

**तीन मार्च को मनायी जायेगी रंगभरी एकादशी**

**वाराणसी।** भारतीय संस्कृति के हिंदू धर्मशास्त्रों में हर माह की एकादशी तिथि भगवान विष्णु को समर्पित है। सनातन धर्म में एकादशी तिथि की अपनी खास पहचान है। फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि के दिन आमलकी/ रंगभरी एकादशी मनायी जाती है। ऐसी मान्यता है कि आमलकी एकादशी के व्रत से द्वादश मास के समस्त एकादशी के व्रत का पुण्यफल मिलता है।

साथ ही जीवन के समस्त पापों का शमन भी होता है। एकादशी तिथि के दिन स्नान-दान व व्रत से सहस्त्र गोदान के समान शुभफल की प्राप्ति बतायी गई है। इस दिन स्नान-दानव व्रत से भगवान हरि अर्थात विष्णु की पूजा अर्चना का विशेष महत्व है। प्रख्यात ज्योतिषविद् पं. विमल जैन के मुताबिक फाल्गुन शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि 2 मार्च गुरुवार को प्रातः6.40 बजे लगेगी जो तीन मार्च शुक्रवार को प्रातः 9.12 मिनट तक रहेगी।

इस बार सौभाग्य योग का भी संयोग बन रहा है, जो 2 मार्च गुरुवार को सायंकाल 5.51 मिनट से 3 मार्च शुक्रवार को 6.44 मिनट तक रहेगा। 3 मार्च शुक्रवार को उदया तिथि के रूप में एकादशी तिथि रहेगी। आमलकी/ रंगभरी एकादशी का व्रत इसी दिन रखा जायेगा। आज के दिन काशी विश्वनाथ का श्रृंगार महोत्सव मनाया जाता है। इसी दिन से काशी में होली की शुरूआत हो जाती है।

पं. विमल जैन ने बताया कि इस दिन स्नान के बाद स्वच्छ वस्त्र धारण करके एकादशी व्रत का संकल्प लेना चाहिए। ऐसी मान्यता है कि आंवले के वृक्ष (ब्रह्मा,विष्णु, महेश)का वास माना जाता है।

आंवला वृक्ष का पूजन करके उसकी परिक्रमा करनी चाहिए। आंवले के फल का दान करने से सौभाग्य में वृद्धि होती है। भगवान विष्णु की विशेष कृपा प्राप्ति के लिए रात्रि जागरण करके इनके मंत्र ॐ नमो भगवते वासुदेवाय का जप करना चाहिए। इस दिन निराहार रहना चाहिए।

# शिवाय एसीए बना चैंपियन

**मणिमालिनी क्रिकेट**

**स्टेडियम एकादश को एकतरफा मुकाबले में नौ विकेट से हरा 12 वीं बार बना विजेता**

**बृजेंद्र, मानस और ऋषभ की बल्लेबाजी रंग लाई,दिव्य प्रकाश-विराट गेंद से चमके**

जनसंदेश न्यूज



**वाराणसी।** पहले गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन और फिर बल्लेबाजों के चमकदार खेल से शिवाय एसीए ने विवेक सिंह स्टेडियम में खेले गए मणिमालिनी देवी क्रिकेट टूर्नामेंट में 12वीं बार खिताब पर कब्जा कर लिया। स्टेडियम एकादश के 38.4 ओवरों में178 के स्कोर को विजेताओं ने 23.3 ओवरों में ही एक विकेट पर 179 रन बनाकर पार कर लिया।

टॉस हारकर पहले खेलते हुए स्टेडियम एकादश को शिवम (39) और विकास (47) ने पहले विकेट पर 74 रन की शानदार शुरुआत दी। लेकिन विकास के रन आउट होने से बल्लेबाजी की लय प्रभावित हुई और दो बल्लेबाज बिना खाता खोले आउट हो गए।

इसके बाद टीम को कोई फलदाई साझेदारी नहीं मिली। किसी तरह टीम पौने दो सौ के पार गई और लड़ने लायक ही स्कोर मिल सका। दिव्यप्रकाश और विराट ने तीन-तीन विकेट लिए। शिवाय एसीए ने जवाबी कार्रवाई में ऋषभ (25) और बृजेंद्र (नाबाद 87, 11 चौके, चार छक्के) ने पहले विकेट पर69 रन की साझेदारी कर विपक्षी टीम की उम्मीदें कमजोर कर दीं।

इसके बाद मानस चौबे (नाबाद 58) ने बृजेंद्र के साथ 109 रन की साझेदारी से दल की जीत पक्की कर दी। अपनी पारी में शानदार स्ट्रोक्स खेलने वाले बृजेंद्र को मैन आफ द मैच घोषित किया गया। शुभ खन्ना, यादवेंद्र सिंह और विकास को क्रमशः बेस्ट बैट्समैन, बॉलर और मैन आफ द सिरीज का पुरस्कार मिला।

### टैक्स कॉन्फ्रेंस आज

**वाराणसी।** इनकम टैक्स बार एसोसिएशन वाराणसी की ओर से 78वें स्थापना दिवस पर एकदिनी टैक्स कॉन्फ्रेंस का आयोजन शनिवार को कैंटोमेंट क्षेत्र स्थित एक होटल में आयोजित होगा। संगठन के अध्यक्ष आसिम जफर एवं सचिव अजय कुमार सिंह 'बंटी' ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के तहत पूर्वाह्न दस बजे उद्घाटन सत्र के बाद तकनीकी सत्र आयकर पर आधारित होगा। द्वितीय सत्र में जीएसटी पर चर्चा होगी। शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

पूर्वोत्तर रेलवे
निविदा सूचना संख्या
EL-MWS-GKP-2022-23-18
निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत इंजीनियर, यांत्रिक कारखाना, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा आमन्त्रित की जाती है- निविदा सूचना सं. EL-MWS-GKP-2022-23-18, निविदा सं. एवं कार्य का विवरण- EL-MWS-GKP-2022-23-18 ओवरहालिंग / रिवाइंडिंग आफ 120 या 700 एच. पी. डी.एच.ई.एम.यू. (4601) ... मोटर आफ मेमू रेक इन ... वर्कशाप गोरखपुर। अनुमानित लागत (रु.)-4,78,76,730.00, बयाने की राशि (रु.)-3,89,400.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य-0.00, कार्य पूर्ण करने की समय/अवधि स्वीकार पत्र जारी होने के तिथि से - 24 महीना, • आन लाइन ई - निविदा जमा करने की तिथि 18.03.2023 समय 11:00 बजे तक, • पूर्ण विवरण एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अन्तर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।
उप मुख्य विद्युत इंजीनियर (कार.)
मुजवि/विद्युत-212 गोरखपुर
यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु नं.-09794845955 पर SMS करें
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

### सितार वादन की बुनियादी जानकारी दी

**वाराणसी।** बीएचयू में संगीत एवं मंच कला संकाय के वाद्य विभाग की ओर से चल रहे सात दिनी 'सितार वादन तकनीकी रियाज, बंदिशे एवं रागदारी' विषयक राष्ट्रीय कार्यशाला में शुक्रवार को कैलिफोर्निया की विदुषी रेशमा श्रीवास्तव की विशिष्ट उपस्थिति रही। पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. संगीता सिंह के संयोजन में सितार के बुनियादी अभ्यास, शुद्ध स्वरों के पल्टे (अलंकार) आदि के बारे में जानकारी दी गयी। ज्ञान स्वरूप मुखर्जी ने तबला संगत किया। कार्यशाला में वर्चुअल स्तर पर भी प्रतिभागियों की हिस्सेदारी रही। आयोजन में प्रो. राजेश शाह, प्रो. प्रवीण उद्धव, डॉ. प्रेम किशोर मिश्र, डॉ. सुप्रिया शाह, शोध छात्र अभिषेक सोनी, विनय सिंह, श्यामा चरण गुप्ता, सतेंद्र और उजाला तिवारी की प्रमुख उपस्थिति रही।

# प्राथमिक विद्यालय में मना वार्षिकोत्सव



**दानगंज।** जिले के डीएम व सीडीओ की मंशा अनुरुप जिले के सभी प्राथमिक विद्यालयों पर 15 फरवरी से 28 फरवरी तक विद्यालय का वार्षिकोत्सव मनाया जाना था। जिसके अंतर्गत विकास खंड चोलापुर के ग्राम टिसौरा स्थित प्राथमिक विद्यालय का शुक्रवार को वार्षिकोत्सव धूम धाम से मनाया गया।

प्रधानाध्यापक अरविंद सिंह ने बताया कि विद्यालय के वार्षिकोत्सव मनाने के लिए प्राथमिक विद्यालय के शभी बच्चों ने नाच, गाना एवं नाटक मंचन कर अन्य कार्यक्रमों में चढ़ बढ़कर हिस्सा लिया। विद्यालय के वार्षिकोत्सव में ग्राम सभा के पूर्व प्रधान रिनू मिश्रा, ग्राम विकास अधिकारी उपेन्द्र दिक्षीत, नौशाद खान व गांव के लोग एवं प्राथमिक विद्यालय के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# सत्ता में आकर आश्वासन भूली सरकार : राजपाल



**वाराणसी।** समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व एमएलसी डॉ. राजपाल कश्यप ने सरकार से मांग की है कि जातिगत जनगणना करायी जाय। यदि इसकी अनदेखी हुई तो सपाई लंबी लड़ाई लड़ने के लिए तैयार हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि भारत में पेड़-पौधों, जीव-जंतुओं की गणना हो सकती है तो केंद्र व राज्य सरकारें जाति जनगणना क्यों नहीं कराना चाहतीं।

सर्किट हाउस सभागार में शुक्रवार को डॉ. कश्यप ने पत्रकार-वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षण के मुद्दे पर ट्रिपल टेस्ट की बात कही। यदि सरकार मान गई होती तो नगर निगम के चुनाव समय पर हो गये होते। उन्होंने आरोप लगाया कि जातिगत जनगणना न कराने पीछे सरकार की मंशा को जनता समझ रही है लेकिन सरकारें नहीं समझना चाहतीं। सरकार आरक्षण भी खत्म करना चाहती है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक दस वर्ष बाद 31 बिंदुओं की जानकारी लेने के लिए होने वाली सरकारी जनगणना में हैंडपंप, मोबाइल फोन, रेडियो, टीवी, रोजगार, घर-मकान, दुकान, आय वगैरह की जानकारी ली जाती है तो उसी में जातिगत आंकड़ा भी शामिल किया जाना चाहिए।प्रेसवार्ता के बाद डॉ. कश्यप ने जंसा रोड पर कोरौना परमपुर स्थित एक लॉन में प्रदेशव्यापी जातीय जनगणना संगोष्ठी का आगाज किया। उसमें विभिन्न ब्लॉकों के सपाइयों की हिस्सेदारी थी। इस मौके पर उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने पूर्व में विपक्ष में रहकर जातीय जनगणना कराने का भरोसा दिया था लेकिन सत्ता में आने के बाद वह अपना आश्वासन भूल गयी।

### नन्हे बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**पिंडरा।** विकास खंड के आधा दर्जन परिषदीय विद्यालयों में शुक्रवार को धूमधाम से वार्षिकोत्सव मनाया गया। जिसमें छात्र छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए वाहवाही लूटी। इस दौरान छात्रों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय जमापुर में हुए वार्षिकोत्सव में देश भक्ति से लेकर समाज को जोड़ने और शिक्षा के प्रकाश को जन जन तक पहुंचाने के आह्वान के साथ बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के प्रेरणा देते हुए बच्चों ने गीत, संगीत की प्रस्तुति कर वाहवाही लूटी। वार्षिकोत्सव के मुख्य अतिथि बीईओ देवीप्रसाद दुबे ने कहा कि आज परिषदीय विद्यालय के बच्चे शिक्षा में ही नहीं बल्कि हर क्षेत्र में निपुर्ण हो रहे हैं। इस दौरान मेधावी छात्र-छात्राओं को बीईओ द्वारा मेडल पहनाकर स्वागत किया गया। अध्यक्षता ग्राम प्रधान विनोद कुमार पटेल, संचालन डॉ. राजीव गौतम, स्वागत भाषण संजय गुप्ता व धन्यवाद ज्ञापन प्रधानाध्यापक विनोद कश्यप ने दिया। मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. गौरव, दुर्गा पटेल, संगीता देवी, डॉ. मनोज, अरविंद, तेजबहादुर, सरिता देवी आदि उपस्थित रहे।

# निगम ने सामान जब्त कर लगाया जुर्माना

**वाराणसी।** निगम प्रवर्तन टीम ने शुक्रवार को शिवपुर बाईपास तिराहे से भोजूबीर तिराहे तक सघन अतिक्रमण अभियान चलाया। अभियान के तहत दुकानदारों द्वारा किए गए तमाम स्थाई व अस्थाई अतिक्रमण हटवाए गए। अभियान के दौरान अत्याधिक अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों का कुछ अतिक्रमित सामान जब्त कर जुमार्ना किया गया। वहीं चेतगंज वार्ड 28 के पार्षद संजय साहू से प्राप्त शिकायत पर मार्ग में अवैध रूप से गुमटी और शेड डालकर पटरी निर्माण में बाधा करने वाले अतिक्रमण कर्ता को सख्त चेतावनी देते हुए अतिक्रमित हटाने के लिये दो दिन का समय दिया गया। दशाश्वमेध घाट और शीतला घाट पर भिक्षा मांगने वालों को वहां से हटने के लिये घोषणा की गई। जोनल अधिकारी दशाश्वमेध जोन संजय कुमार तिवारी के निर्देशन में इंग्लिश्या लाइन इलाके में गृहकर बकायेदारों के खिलाफ अभियान चलाते हुए कुल 4,50,000 रुपये गृहकर वसूल किया गया।

कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी मझवां, मीरजापुर

पत्रांक 1275 विकास खण्ड-मझवां /निविदा सूचना/ मीरजापुर/ 2022-2023 दिनांक 17.02.2023

अल्पकालीन टेण्डर नोटिस

1-महामहिम राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से खण्ड विकास अधिकारी मझवां, मीरजापुर निम्न कार्यों हेतु विकासखण्ड में अर्ह एवं पंजीकृत डी अथवा उच्च श्रेणी के पात्र ठेकेदारों /फर्मों से न्यूनतम दरों पर अधोलिखित कार्य हेतु (टेन्डिरिंग के माध्यम से) दस लाख एवं दस लाख से ऊपर के मूल्य के कार्यों हेतु क्रमशः एक एवं दो लिफाफा पद्धति से निविदा आमंत्रित करते हैं।

| क्र. सं. | जनपद का नाम | कार्य का नाम | आंकलित धनराशि (लाख रुपये में) | 10% धरोहर धनराशि (लाख रुपये में) | निविदा मूल्य (रु. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | खण्ड विकास अधिकारी कार्या0 का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| पंचम राज्य वित्त एवं पन्द्रहवां केन्द्रीय वित्त योजना | | | | | | | |
| 1 | मीरजापुर | ग्राम पंचायत दामोदरपुर में संदीप सिंह के घर से अरुण के घर तक ह्यूम पाईप नाली निर्माण कार्य। | 6.17 | 0.617 | 225+500 एण्ड 131 जीएसटी@ 18% | 3 माह | मझवां मीरजापुर |
| 2 | मीरजापुर | पिच रोड जमुआ से कल्लू सिंह के मशीन तक इण्टरलाकिंग कार्य। | 5.50 | 0.55 | 225+500 एण्ड 131 जीएसटी@ 18% | 3 माह | मझवां मीरजापुर |
| 3 | मीरजापुर | ग्राम पंचायत जमुआ में गांधी चबूतरा से लेकर ब्रह्मबाबा मंदिर तक इण्टरलाकिंग कार्य। | 9.99 | 0.999 | 225+500 एण्ड 131 जीएसटी@ 18% | 3 माह | मझवां मीरजापुर |
| 4 | मीरजापुर | ग्राम पंचायत महामलपुर में अमृत सरोवर में अवशेष बाउंड्रीवाल निर्माण एवं साइडवाल का रंगाई-पुताई कार्य। | 8.96 | 0.896 | 225+500 एण्ड 131 जीएसटी@ 18% | 3 माह | मझवां मीरजापुर |
| 5 | मीरजापुर | मितई नहर पिच रोड से प्राथमिक विद्यालय तक इण्टरलाकिंग कार्य। | 7.32 | 0.732 | 225+500 एण्ड 131 जीएसटी@ 18% | 3 माह | मझवां मीरजापुर |
| 6 | मीरजापुर | गड़ौली धाम में शौचालय निर्माण | 9.90 | 0.99 | 225+500 एण्ड 131 जीएसटी@ 18% | 3 माह | मझवां मीरजापुर |
| 7 | मीरजापुर | ग्राम बधवा में जल निगम की टंकी के गेट से पुलिया तक नाली निर्माण। | 9.89 | 0.989 | 225+500 एण्ड 131 जीएसटी@ 18% | 3 माह | मझवां मीरजापुर |
| 8 | मीरजापुर | अमृत सरोवर चड़ियां में घाट का निर्माण। | 2.99 | 0.299 | 225+500 एण्ड 131 जीएसटी@ 18% | 3 माह | मझवां मीरजापुर |

3. विकास खण्ड कार्यालय पर निविदा से सम्बन्धित विवरण एवं विस्तृत शर्तें तथा बिडिंग डाक्यूमेंट्स उपलब्ध है।

4. उक्त कार्य की निविदा टेन्डिरिंग के माध्यम से आमंत्रित की जा रही है। बिड डाक्यूमेंट कार्यालय समय में दिनांक- 18.02.2023 से दिनांक 27.02.2023 को अपराह्न 12.00 बजे तक प्राप्त की जा सकती है एवं दिनांक-27.02.2023 को अपराह्न 12.00 बजे तक कार्यालय में रखे बाक्स पर सबमिट की जा सकेगी। निविदादाता द्वारा समस्त निविदा दस्तावेजों की कॉपी सबमिट किया जाना अनिवार्य है। दिनांक 27.02.2023 को अपराह्न 3.00 बजे कमेटी के द्वारा निविदादाताओं के समक्ष निविदा खोली जायेगी।

अनिल कुमार राय
खण्ड विकास अधिकारी
मझवां मीरजापुर

दिलीप कुमार सिंह
प्रमुख
क्षेत्र पंचायत मझवां

पत्रांक 1275/ निविदा/नि0का0/ पंचम/ पन्द्रहवां/2022-2023 दिनांक 17.02.2023

# विकास की नई इबारत लिखेगा ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे

**बोले वीरेन्द्र सिंह मस्त**

## बलिया-आरा रेल लाइन का यथाशीघ्र कराया जायेगा शिलान्यास

जनसंदेश न्यूज



**बैरिया।** सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने कहा है कि ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे का निर्माण बलिया के विकास की नई इबारत लिखेगा। वही, जल परिवहन एवं बलिया-आरा नई रेल लाइन बलिया को विकसित जनपद के रूप में पूरे उत्तर प्रदेश में विख्यात करेगा। मेरा प्रयास है कि ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के शिलान्यास के बाद बलिया-आरा रेल लाइन का शिलान्यास भी यथाशीघ्र करा कर निर्माण कार्य शुरू कराया जाए।

दोकटी स्थित अपने आवास पर शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए सांसद श्री मस्त ने कहा कि जल्द ही प्रयागराज से कोलकाता तक नियमित गंगा नदी में पानी की जहाज का परिचालन शुरू होगा। इससे सड़क मार्ग एवं रेल मार्ग से कम किराए में व्यापारी व किसान अपना माल देश के विभिन्न स्थानों पर ले जा सकते हैं। अथवा वहां से मंगा सकते हैं। सांसद ने स्पष्ट किया कि रेलवे का डीपीआर बन चुका है। सहतवार से आरा स्टेशन को जोड़ा जाएगा, जो हल्दी के बगल से नैनिजोर होते हुए बिहिया में जाकर मिलेगा। नैनिजोर के पास गंगा में रेल पुल का निर्माण किया जाएगा।

कितने स्टेशन किन-किन स्थानों पर बनेंगे? इसका भी निर्णय रेलवे ने ले लिया है। सांसद ने कहा कि रेलवे के क्षेत्र में बहुत सारे विकास कार्य प्रस्तावित है, जो शीघ्र ही धरातल पर दिखेगा। उन्होंने कहा कि बलिया व सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन को अमृत भारत रेलवे स्टेशन के रूप में चयनित किया गया है। इन दोनों स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा के सभी संसाधन उपलब्ध होने के साथ-साथ दोनों स्टेशन हाईटेक होंगे। बकुलहा में रेलवे यार्ड बनाने के संदर्भ में रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव व प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी से मेरी वार्ता हो चुकी है। जल्द ही इस दिशा में सार्थक कार्रवाई की जाएगी। ऐसा आश्वासन दोनों नेताओं ने मुझे दिया है।

### तैयार हो रही कार्य योजना

**बैरिया।** सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त ने कहा कि डुमाईगढ़ घाट से दोकटी घाट तक पक्की सीमेंट सड़क का निर्माण कराकर गंगा तट से सरयू तट को जोड़ा जाएगा। शिवपुर में निर्माणाधीन सड़क पुल के रास्ते ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे को आरा के फोरलेन सड़क से जोड़ा जाएगा। यह दूरी महज 14 किलोमीटर होगी। इसके संदर्भ में भी कार्य योजना तैयार हो रहा है।

### 27 के कार्यक्रम में शामिल होने का आह्वान

**बैरिया।** सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त ने जनपद के लोगों से भूतल परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के 27 फरवरी को बलिया आगमन पर ऐतिहासिक स्वागत का आह्वान किया है। साथ ही भृगु मंदिर से गंगा तट तक पक्की सड़क व चितू पांडेय चौराहा से भृगु आश्रम तक ओवरब्रिज के निर्माण की स्वीकृति मिलने की बात भी कही।

## ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे को आरा से जोड़ने की प्रक्रिया शुरू

**बलिया।** ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे का निर्माण जनपद के विकास के नए द्वार खोलेगा। ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे को पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे और पटना-वाराणसी एक्सप्रेस-वे से तो जोड़ा ही जा रहा है। वहीं, इसे आरा से भी सीधे जोड़ने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त की मांग पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने एनएचएआई अधिकारियों को मामले में प्रभावी कदम उठाने के लिए निर्देशित किया है। यदि ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे को आरा से लिंक किया गया तो जनपद से पटना की दूरी डेढ़ घंटे और आरा की दूरी मात्र आधे घंटे में तय की जा सकेगी। गाजीपुर से बलिया होते हुए रिविलगंज तक बनने वाले ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के शिलान्यास के लिए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी 27 फरवरी को बलिया आने वाले हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि एक्सप्रेस-वे का निर्माण कार्य जल्द शुरू होगा और 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले केंद्र सरकार इसकी उद्घाटन भी करना चाहेगी। एक्सप्रेस-वे को बिहार से जोड़ने को लेकर निर्माण कार्यों में तेजी आई है। भरौली-बक्सर के बीच गंगा पर बन रहे नया पुल का कार्य जहां जोरों पर है, वहीं पुराने पुल के पास एक्सप्रेस-वे लिंक एक्सप्रेस-वे का निर्माण शुरू हो गया है। यह फोरलेन लिंक मार्ग ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के इंटरचेंज से जुड़ेगा। आने वाले दिनों में बिहार और यूपी के बीच काफी सुविधाजनक सड़क कनेक्टिविटी होने जा रही है। इससे यूपी-बिहार के लोगों को पटना, लखनऊ दिल्ली तक का सफर काफी आसान हो जाएगा।

### सांसद ने केन्द्रीय मंत्री को लिखा पत्र

**बलिया।** सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे से जनपद को आरा से भी कनेक्ट करने के लिए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखा है। कहा है कि ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के माध्यम से एक ओर बलिया-गाजीपुर जिले को बक्सर से तथा दूसरे छोर पर बिहार के छपरा जिले से जोड़ रहा है। इससे यूपी और बिहार की जनता को आवागमन में काफी सुगमता होगी। भोजपुर का इलाका आरा, बलिया, छपरा को जोड़कर पूरा होता है। भौगोलिक दृष्टिकोण से यह जिले बंटे हुए हैं, लेकिन सांस्कृतिक एवं सामाजिक दृष्टिकोण से तीनों जिले जुड़े हुए हैं। शिवपुर घाट पर गंगा नदी पर पुल बन रहा है। यह बलिया को आरा जिले से जोड़ेगा। ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के बीच गंगा नदी पर बन रहे इस निर्माणाधीन ब्रीज के सहारे आरा को जोड़ा जा सकता है। ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे से शिवपुर सात किमी, शिवपुर से शाहपुरा (आरा) 11 किलोमीटर कुल दूरी 18 किलोमीटर होगी। यह बक्सर, आरा, पटना को एनएच-922 से बलिया को जोड़ेगा। यही बलिया-आरा लिंक एक्सप्रेस-वे होगी। सांस्कृतिक एवं भौगोलिक दृष्टिकोण से देखते हुए आरा-बलिया के बीच में भी यातायात के लिए कनेक्टिविटी चाहिए। ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के माध्यम से बिहार के दो जिले बक्सर और छपरा को बलिया से जोड़ दिया गया है। यदि आरा को भी जोड़ दिया जाएगा तो ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे की महत्ता और सार्थकता बढ़ जाएगी। सांसद के पत्र पर केंद्रीय मंत्री ने एनएचएआई के अधिकारियों को प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।

### बलिया से बिहार तक होगा निर्माण

**बलिया।** ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे का निर्माण गाजीपुर के जंगीपुर से बिहार स्थित छपरा के रिविलगंज तक होना है। यह कुल 116 किलोमीटर की फोरलेन सड़क है। ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे पर करीमुद्दीनपुर के उत्तमनगर में इंटरचेज बनेगा। इसके जरिए पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे भी जुड़ेगा। बिहार को भी लिंक फोरलेन से जोड़ा जाएगा। बिहार को जोड़ने के लिए 17 किमी लंबी उत्तमनगर से भरौली होते हुए गंगा पुल के रास्ते बक्सर स्थित फोरलेन तक लिंक फोरलेन होगा, जिसका निर्माण भी अब शुरु हो चुका है।

# फसल कटाई के समय पीएसी तैनात की जाए

**की गई मांग**

### उप्र एवं बिहार के किसानों में होती है मारपीट एवं फायरिंग

**बैरिया।** बिहारी दबंगों की उप्र के किसानों की फसल पर निगाह इस साल भी टिकी हुई है। मसूर व सरसों की फसल गंगा के तटवर्ती इलाके में उत्तर प्रदेश-बिहार सीमा पर पककर तैयार होने वाली है। अगर फसल कटाई के समय वहां पीएसी नहीं तैनात की गई तो बड़ी घटनाएं हो सकती हैं। इसलिए गंगा उस पार के उत्तर प्रदेश के किसानों ने जिलाधिकारी बलिया व पुलिस अधीक्षक बलिया का ध्यान आकृष्ट कराते हुए उत्तर प्रदेश-बिहार सीमा पर फसल कटाई के समय पीएसी की तैनाती की गुहार लगाई है।

उल्लेखनीय है कि लगभग हर साल फसल कटाई को लेकर उत्तर प्रदेश और बिहार के किसानों में मारपीट एवं फायरिंग की घटनाएं होती रही हैं। कई बार उत्तर प्रदेश के किसान आपस में भी फसल कटाई को लेकर भिड़ जाते हैं। वहीं, बिहार के दबंग असलहों के बल पर उत्तर प्रदेश की सीमा में घुसकर यहां के किसानों का फसल जबरन काटकर ले जाते हैं। बिहार के किसानों के पास आधुनिक असलहे मौजूद रहते हैं। इसके सामने उत्तर प्रदेश के किसान बेबस नजर आते हैं। जवही दियर, जगदेवा, भुआल छपरा, नौरंगा से लेकर दोकटी दियारे तक हर साल बिहार के दबंग उत्तर प्रदेश के किसानों के साथ दबंगई करते हैं। उनकी फसलें काटकर लूट ले जाते हैं। लूटने और काटने में असफल होते हैं तो आग लगाकर फसलों को नष्ट कर देते हैं। इसलिए इस क्षेत्र में फसल कटाई के समय भय का माहौल बना रहता है। उत्तर प्रदेश के किसानों का कहना है कि पूर्व की भांति पीएसी तैनात कर दी जाए तो हम किसान आसानी से सकुशल अपना बोया हुआ फसल काटकर अपने घर ले आएंगे।

## फंदे से लटकती मिली नवविवाहिता की लाश

**बलिया।** पकड़ी थाना क्षेत्र के बीरा भांटी गांव में एक नवविवाहिता की लाश कमरे में फंदे से लटकती मिली। गुरुवार की देर रात मायके वालो की सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि बीरा भांटी गांव निवासी सतीश सिंह की शादी दो दिसम्बर 2022 को बिहार के सिवान जिले के गुठनी थाना क्षेत्र के योगिया डीह गांव निवासी रामदास सिंह की पुत्री लवली सिंह (23) के साथ हुई थी। शादी के बाद सबकुछ ठीक चल रहा था। पुलिस के मुताबिक अज्ञात कारणों से गुरुवार की देर शाम लवली सिंह ने अपने कमरे में छत की कुंडी से फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। पुलिस का कहना है कि घटना के समय घर पर कोई नहीं था। सभी परिजन किसी रिश्तेदार के यहां शादी में शामिल होने गये थे। मृतका के मायके वालो का कहना था कि शाम को फोन पर बेटी से बात हुई थी। उसके बाद फोन करने पर जब फोन नहीं उठा तो किसी अनहोनी की आशंका से पुलिस को फोन किया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने कमरा खोलकर देखा तो लवली सिंह फांसी पर लटकी हुई थी।

# घाट पर तड़पता रहा परिवार पर नहीं पहुंचा कोई जवान

जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** कोतवाली थाना क्षेत्र के शिवरामपुर घाट पर अपने दोस्तों के साथ गंगा स्नान करने पहुंचा शौकत अली अभी भी गंगा से बाहर नहीं निकल पाया। जिसकी तलाश स्वयं परिवार के लोग ही कर रहे है। मदद के नाम पर परिवार के लोगों ने नगर कोतवाल से गुहार लगाई लेकिन सिर्फ आश्वासन तक ही सीमित रहा कोतवाल का रोल।

गंगा घाट पर परिवार तड़पता रहा, लेकिन पीड़ित परिवार के मदद में न तो कोई अधिकारी पहुंचा न तो कोई जवान। जानकारी के अनुसार बीतें 23 फरवरी को दिन में 3 बजे कोतवाली थाना क्षेत्र के गोठौली निवासी जाहिर अली के पुत्र 17 वर्षीय शौकत अली अपने तीन दोस्तों के साथ गंगा स्नान करने गया था। स्नान करते-करते सभी दोस्त गंगा के बीच धारा में चले गये।



जैसे ही वह डूबने लगे नाविकों की नजर जैसे ही पड़ी वे बच्चों को बचाने के लिए दौड़ पड़े, जिसमें से तीन बच्चों को सुरक्षित निकाला गया, लेकिन शौकल अली का पता नहीं चल सका। शौकत अली का मामा रईस अहमद ने शहर कोतवाल को फोन पर घटना की जानकारी दी। कोतवाल की तरफ से यह आश्वासन मिला की वह एनडीआरएफ टीम के जवानों को सूचना दे दी गयी है वह आते ही होंगे, लेकिन 36 घण्टे के बाद भी न तो एनडीआरएफ की टीम पहुंच न तो काई जवान।

### बलिया में बननी चाहिए गोताखोर चौकी

बलिया जिले में गंगा, घाघरा और टोंस नदी है। यहां कार्तिक पूर्णिमा, सतुआन, मकर संक्रान्ति, गंगा दशहरा के अलावा मुण्डन संस्कार के अवसर पर गंगा के किनारे भीड़ लगती है। गंगा स्नान भी लोग करते है, लेकिन सबसे बड़ी विडम्बना यह है कि इस जिले में गोताखोर की कोई टीम नहीं है और न ही इसकी कोई चैकी भी नहीं है। हमेशा लोग गंगा में डूब कर अपनी जान गवाते है, लेकिन उन्हें बचाने के लिए शासन व प्रशासन की तरफ से कोई व्यवस्था नहीं है।

# माल्देपुर से कदम चौराहा तक बनेगी फोरलेन

**मंजूरी**

## राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय ने दी 48.95 करोड़ की स्वीकृति

जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** नगर को जाम से राहत दिलाने एवं आवागमन सुगम बनाने को लेकर माल्देपुर से कदम चौराहा तक करीब चार किलोमीटर लंबे फोरलेन निर्माण की स्वीकृति है। अब निर्माण को लेकर कवायद में लोक निर्माण विभाग जुट गया है। टेंडर की प्रकिया शुरु कर दी गई है। यह कार्य चरणवार होगा।

करीब चार माह पहले राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय ने सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त की पहल पर माल्देपुर से कदम चौराहा तक फोरलेन सड़क बनाने एवं दोनों तरफ आरसीसी ढक्कन युक्त नाला बनाने के लिए 48.95 करोड़ की स्वीकृति दी। यह मार्ग पहले एनएचएआई के जिम्मे रही। इसके अलावा ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे निर्माण का कार्य भी एनएचएआई के जिम्मे ही है।

इसको लेकर किसानों से जमीनों की रजिस्ट्री एवं टेंडर की प्रक्रिया जारी है। ऐसे में एनएचएआई ने माल्देपुर से कदम चौराहा तक फोरलेन निर्माण की जिम्मेदारी दो माह पहले ही लोक निर्माण विभाग को दे दी। लोक निर्माण की ओर से ही टेंडर की प्रक्रिया शुरु कर दी गई है। कार्य को चरणवार तरीके से कराया जाएगा।

पहले चरण में यूटिलिटी शिफ्टिंग कार्य कराया जाएगा। जिले में करीब 90 किमी लंबी एनएच-31 है। इस सड़क के चौड़ीकरण को लेकर समय-समय पर कयास लगाए जाते रहे, लेकिन स्थिति जस की तस ही रह गई। लेकिन अब नगर से गुजर रहे एनएच-31 के माल्देपुर से कदम चौराहा तक फोरलेन बनना तय हो गया है।

### जाम से मिलेगी राहत

**बलिया।** एनएन-31 पर माल्देपुर से लेकर कदम चौराहा तक हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है। टू-लेन सड़क होने के कारण आए दिन जाम लगता है, जिसके चलते लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। अब फोरलेन सड़क बन जाने के बाद समस्या काफी हद तक दूर हो जाएगी।

> माल्देपुर से लेकर कदम चौराहा तक फोरलेन निर्माण को लेकर टेंडर की प्रक्रिया चल रही है। प्रक्रिया पूरी होने के बाद जल्द ही चरणवार तरीके से कार्य शुरु कराया जाएगा।
>
> देवेंद्र वर्मा, अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग, निर्माण खंड, बलिया।

## नेताओं ने लिया कार्यक्रम स्थल का जायजा

**बलिया।** चितबड़ागांव में आयोजित ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे शिलान्यास समारोह स्थल का शुक्रवार को भाजपा नेताओं ने जायजा लिया। 26 फरवरी की रात को आयोजन स्थल सज-धजकर तैयार हो जायेगा। कार्यक्रम स्थल पर बड़े-बड़े एलईडी वाल, वीआईपी कुर्सी, जनरल कुर्सी, सोफा, मैट आदि लगाये जा रहे है। अलग-अलग बन रहे सांस्कृतिक एवं राजनैतिक मंच को बेहतर लुक दिया जा रहा है। गाजीपुर से चितबड़ागांव तक होर्डिंग, पोस्टर के माध्यम से प्रचार-प्रसार कराया जा रहा है। पूर्व मंत्री उपेन्द्र तिवारी ने बताया कि चितबड़ागांव में ऐतिहासिक कार्यक्रम होने जा रहा है। फेफना विधान सभा क्षेत्र से गुजरने वाले ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के लिए पूर्व मंत्री उपेन्द्र तिवारी ने सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त को बधाई दी। साथ ही केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भी बधाई दिया है।

# स्पोर्ट्स कॉलेज: जल्द शुरू होगा दूसरे फेज का काम

**बलिया।** जनपद के पूर में बनने वाले स्पोर्ट्स कॉलेज में दूसरे फेज का काम जल्द शुरू हो सकता है। राज्य सरकार की ओर से बुधवार को पेश किए गए बजट में सहारनपुर, फतेहपुर और बलिया में बन रहे स्पोर्ट्स कॉलेज के निर्माण के लिए 20. 50 करोड़ का प्रावधान की बात कही गई है। उधर, दूसरे फेज के लिए डीपीआर राजकीय निर्माण निगम की ओर से तैयार कर ली गई है। इसे शासन से जल्द स्वीकृति मिलने के आसार जताए जा रहे हैं।

जनपद के पूर में 106 एकड़ भूमि पर स्पोर्ट्स कालेज का निर्माण किया जा रहा है। यहां चहारदीवारी आदि का कार्य पूरा किया जा चुका है। कुछ माह पहले अब तक हुए कार्यों को हैंडओवर लेने और अगले फेज के लिए धनराशि जारी करने से पहले शासन के निर्देश पर डीएम ने स्पोर्ट्स कॉलेज का निरीक्षण किया था। इसके बाद रिपोर्ट शासन को भेजी गई थी। इससे पहले राजकीय निर्माण निगम की ओर से दूसरे फेज के कार्य के लिए लगभग 45 करोड़ की डीपीआर शासन को भेजी गई थी। तकनीकी कारणों से इसे वापस कर दिया गया था। जिला क्रीड़ाधिकारी धीरेंद्र कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि इसके बाद राजकीय निर्माण निगम की ओर से 20 करोड़ की डीपीआर तैयार की गई है। दूसरे फेज में यहां पर प्रशासनिक भवन, खिलाड़ियों के रहने के लिए हॉस्टल, एकेडमिक भवन और जो खेल पहले शुरू होने हैं, उनके लिए ग्राउंड तैयार किया जाना है। डीपीआर को जल्द स्वीकृति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। स्पोर्ट्स कालेज खुलने के बाद जनपद के खिलाड़ियों के लिए नया प्लेटफार्म तैयार होगा। अभी तक इसके लिए उन्हें दूसरे जनपदों और राज्यों पर निर्भर रहना पड़ता था।

# सचल खाद्य प्रयोगशाला वैन से 166 नमूनों की नि:शुल्क जांच



**बलिया।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग तरफ से 21 से 24 फरवरी तक नगर पालिका क्षेत्र सहित विभन्न तहसीलों में सचल खाद्य प्रयोगशाला वैन से निःशुल्क खाद्य पदार्थों की जांच की गयी। वैन के साथ चल रहे खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने लोगों शुद्ध खाद्य पदार्थ के प्रति जागरूक किया। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी डीके. राय ने बताया कि सचल खाद्य प्रयोगशाला वैन तहसील रसड़ा, सदर, बांसडीह एवं नगर पालिका क्षेत्र के विभिन्न चट्टी-चैराहा जैसे शिवरामपुर, घोड़हरा, सलेमपुर, इंदरपुर, डेरवा बारी, गंगड़ी, धनगढ़ी, पियरिया, चिलकहर आदि स्थानों पर कुल 49 प्रतिष्ठानों से 166 नमूने मौके पर ही जांच किए गए। इसमें 134 नमूने मानक के अनुरूप तथा 32 नमूने मानक के विपरीत पाए गए। नमूनों के जांच के साथ ही 485 खाद्य कार्यकताओं एवं आम नागरिकों को जागरूक किया गया। सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय वेद प्रकाश मिश्र ने आम नागरिकों से कहा कि जिले में सचल खाद्य प्रयोगशाला वैन से होने वाली जांच निःशुल्क है। जब भी वैन जिले में आए इसका पूरा लाभ लिया जाना चाहिए।

## बच्चे ने चालू किया ट्रैक्टर, युवक घायल

**लालगंज।** दोकटी थाना क्षेत्र के शिवपुर गंगा तट पर शुक्रवार को मुंडन संस्कार में गये ट्रैक्टर को एक बच्चे ने चालू कर दिया। ट्रैक्टर झटके से दौड़ पड़ा। इससे एक युवक घायल हो गया। चालक ने चलते हुए ट्रैक्टर पर चढ़कर उसे बंद किया। बताया जाता है कि शिवपुर गंगा तट पर शुक्रवार को मुंडन संस्कार के लिए लोगों की भारी भीड़ लगी थी। मुंडन संस्कार में गये एक ट्रैक्टर की चाभी उसी में थी। इसी बीच एक बच्चा ट्रक्टर चढ़ गया और चाभी से ट्रैक्टर को चालू कर दिया, जिससे ट्रैक्टर झटके से चलने लगा। ट्रैक्टर की चपेट में आने से विक्रम यादव (22) निवासी मुरारपट्टी घायल हो गया। इससे गंगा तट पर अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में घायल युवक को सीएचसी सोनवानी पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के दौरान हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। इधर, चालक ने चलते हुए ट्रैक्टर पर चढ़कर उसे बंद किया और बच्चे को फटकार लगायी।

# अतिक्रमण पर चला प्रशासन का बुलडोजर

**ऐक्शन**

## भृगु मंदिर के सामने से अभियान का आगाज

**बलिया।** माल्देपुर से कदम चौराहा तक सड़क चौड़ीकरण के लिए शुक्रवार की सुबह नगर पालिका एवं जिला प्रशासन द्वारा सड़क की पटरियों से अतिक्रमण हटाया गया। इस दौरान किसी तरह का विवाद न हो, इसको लेकर एसडीएम सदर, अधिशासी अधिकारी, सीओ, पीएसी, कोतवाली पुलिस मौजूद रहे।

अतिक्रमण हटाओ अभियान की शुरूआत भृगु मंदिर के सामने स्थित पक्के मकान की सीढ़ी ध्वस्त करने से की गई। इसके पहले नगर पालिका की तरफ से सभी अतिक्रमणकारियों को यह चेतावनी दी गई थी कि वह अपनी सीमा में रहे। सीमा से बाहर आने पर कार्रवाई की जायेगी। भृगु मंदिर से लेकर सतीश चंद्र कालेज तक अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत बड़ी कार्यवाही की गई। बताते चले कि माल्देपुर से कदम चौराहा तक सड़क चौड़ीकरण की जिम्मेदारी एनएचएआई ने पीडब्ल्यूडी को दी है। इस पर पीडब्ल्यूडी ने टेंडर भी किया है। जानकारी यह मिली कि कुल 56 फीट चौड़ी सड़क होगी। इसमें नाली एवं डिवाइडर भी शामिल है। बहुत जल्द इस पर काम शुरू होगा। इसको लेकर प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाया जा रहा है।



### नगर में होती रही तरह-तरह की चर्चा

**बलिया।** शुक्रवार की सुबह सात बजे बुलडोजर एवं पीएसी के जवान भृगु मंदिर के सामने स्थित सिंघाल होटल पर पहुंच गये। इसको लेकर नगर में यह चर्चा होती रही कि सिंघाल होटल पर बुलडोजर चलने वाला है। यहां धीरे-धीरे भीड़ लगने लगी। पुलिस को भीड़ को तितर-बितर करने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। बाद में लोगों को यह पता चला कि यह सूदखोरों पर कार्यवाही वाला बुलडोजर नहीं, बल्कि अतिक्रमण हटाओ अभियान का बुलडोजर है।



## संक्षेप

### सरकार को बलिया के विकास की चिंता नहीं : रिजवी




**सिकंदरपुर।** क्षेत्रीय विधायक मोहम्मद जियाउद्दीन रिजवी ने दूरभाष से बताया कि वर्तमान सरकार निर्माण के प्रति उदासीन है। इस सरकार को बलिया के विकास की कोई चिंता नहीं है। बहुत प्रयास करने के पश्चात प्रदेश सरकार द्वारा जननायक की स्पोर्ट कालेज के निर्माण हेतु अल्प धन ही मुहैया कराया गया है। कहा कि प्रदेश में बन रहे तीन स्पोर्ट कालेज के निर्माण हेतु 20.5 करोड़ का बजट में प्राविधान किया है। इसे तीन कालेजों में बाटना है, जो ऊंट के मुंह में जीरा के समान है। 2016 में सपा सरकार द्वारा कालेज स्वीकृति कर 7.5 करोड़ रुपए अवमुक्त किया गया था। इससे चाहर दिवारी का निर्माण कार्य हुआ है। विगत छह वर्षो में सरकार द्वारा पहली बार कालेज निर्माण हेतु अल्प धन दिया गया है। यह सरकार नही चाहती है कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे आगे बढ़े। विधायक मो. रिजवी ने बताया कि सतत प्रयास करने पर सिकंदरपुर में मंडी समिति निर्माण हेतु टेंडर होने जा रहा है। इसके लिए बहुत प्रयास करना पड़ा है। यह सरकार सिर्फ उद्योगपतियों के लिए काम करती है। इस सरकार को गांव, गरीब, किसान, नौजवान, मजदूर, छात्र के विकास से कोई मतलब नहीं है।

### कल से दो मार्च तक निरस्त रहेंगी कई ट्रेनें

**बैरिया।** आगामी 26 फरवरी से दो मार्च तक नहीं चलेगी छपरा-लखनऊ मेल एक्सप्रेस एवं उत्सर्ग एक्सप्रेस। इससे लखनऊ जाने वाले यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ेगा। पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी के जनसंपर्क अधिकारी अशोक चौधरी से मिली जानकारी के अनुसार 26 फरवरी से दो मार्च तक 15054 डाउन लखनऊ-छपरा एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। वहीं, छपरा से लखनऊ जाने वाली छपरा-लखनऊ एक्सप्रेस एक मार्च से तीन मार्च तक निरस्त रहेगी। ठीक इसी तरह फर्रुखाबाद-छपरा 15084 डाउन उत्सर्ग एक्सप्रेस 28 फरवरी से दो मार्च तक निरस्त रहेगी, जबकि 15083 छपरा-फर्रुखाबाद एक्सप्रेस अप भी 28 फरवरी से दो मार्च तक निरस्त रहेगी। जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि लखनऊ के बादशाहनगर स्टेशन के निकट नान इंटरलाकिंग कार्य के चलते उक्त ट्रेनों को निरस्त किया गया है। तीन मार्च से पूर्व की तरह इन सभी ट्रेनों का संचालन शुरू हो जाएगा।

### गंगा सफाई पर किया जा रहा अपव्यय: रमाशंकर



**बलिया।** गंगा मुक्ति अभियान के तहत जिले के विभिन्न गांवों में पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित कर छात्रों एवं युवाओं को गंगा को टिहरी जलाशय से मुक्त करने संबंधी स्लोगन से परिचित कराया गया। इसी क्रम में नगर स्थित माफी पीपरा जमुआ में लोगों को संबोधित करते हुए गंगा मुक्ति एवं प्रदूषण विरोधी अभियान के राष्ट्रीय प्रभारी रमाशंकर तिवारी ने कहा कि उत्तराखंड के टिहरी जलाशय से पतित पावनी गंगा को मुक्त किये बिना दुनिया की कोई भी तकनीक गंगा प्रदूषण पर नियंत्रण नहीं कर पायेगी। गंगा सफाई योजनाओं का जिक्र करते हुए श्री तिवारी ने कहा कि गंगा को दर्द कहीं और है और दवा कुछ और की जा रही है। इसमें धन का अपव्यय किया जा रहा है। कहा कि पूरे प्रदेश में पर्यावरणविद्ों तथा गंगा प्रेमियों को पत्र भेजकर अभियान को तेज किया जायेगा। इस अवसर पर राजू यादव, शिवम चौबे, अमित यादव, विनय कुमार पांडेय, रणवीर, राहुल, विशाल भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

### गोपाल, गोलू एवं अनुपमा का होगा कार्यक्रम

**बलिया।** फेफना विधान सभा क्षेत्र के चितबड़ागांव में आयोजित ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे शिलान्यास समारोह के सांस्कृतिक मंच पर लोकगीत गायक गोपाल राय, गोलू राजा एवं अनुपमा के कार्यक्रम की चर्चा है। ये तीनों कलाकार सांस्कृतिक मंच पर कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। इसको लेकर आयोजन समिति द्वारा प्रचार-प्रसार कराया जा रहा है।

### बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने का आह्वान

**बलिया।** बसपा बलिया सदर विधान सभा की आवश्यक बैठक शुक्रवार को अंबेडकर संस्थान में हुई। मुख्य अतिथि ओमकार शास्त्री ने संगठन की मजबूती के साथ ही बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने पर जोर दिया। कहा कि आने वाला दिन बसपा है। इस दौरान हसरूद्दीन अंसारी को विधान सभा बलिया का सचिव नियुक्त किया गया। इस अवसर पर भोला राम, सोहिल नाथ वर्मा, संतोष राम, महफूज आलम, लालमोहर राम, जितेन्द्र कुमार भारती, अजय राम, श्याम सुंदर पटेल, विनोद दूबे, हरिहर गौतम, जयराम, प्रभुनाथ राम, रामदयाल राम, राजकुमार राव, धनजी भारती, जवाहर राम, संजय पासवान, सुमित प्रसाद, मनोज राम, अजीत राम, सौदागर राम, अनिल राम आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता ओमप्रकाश भारती तथा संचालन कृष्ण कुमार भारती ने किया।

### चित्तू पाण्डेय चौराहे पर मकान से लाखों की चोरी

**बलिया।** चित्तू पाण्डेय चैराहा के पास सीमा रानी के मकान से लाखों रुपए की चोरी हुई है। चोरी की सूचना पाते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना किया है। जानकारी के अनुसार प्रार्थिनी सीमा रानी पत्नी कौशल कुमार निवासी चित्तू पाण्डेय चैराहा, कटहल नाला मार्ग ने बताया कि रात्रि करीब 1 बजे से 5 बजे के मध्य हमारे घर में कुछ अज्ञात लोग छत के रास्ते हमारे घर में घुस कर भीषण चोरी की है। जब वह सुबह उठी तो देखा की अटैची को तोड़कर सोने का गहना, 45 हजार नकद चोर उठा ले गये, जिसमें दो पीस सोने की चैन, 6 पीस लेडिज अंगूठी, 2 पीस जेन्स अंगूठी, झुमका एक पीस, छोटा कानबाली 6 पीस, सोने का सहरा 2 पीस, सोने का कील 4 पीस चोर उठा ले गये। जिसकी जानकारी पुलिस को दे दी गयी है।

### मनाया गया नमो किसान दिवस



**बलिया।** नमो किसान दिवस पर विधानसभा बांसडीह ग्राम सभा बड़सरी में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के 4 वर्ष पूर्ण होने पर किसान भाईयों को सम्मानित करते हुए सरकार की योजना की विस्तृत जानकारी देते क्षेत्रीय उपाध्यक्ष किसान मोर्चा गोरखपुर सच्चिदानन्द सिंह, जिला महामंत्री प्रिय छोटे भाई अभिजित तिवारी, मण्डल उपाध्यक्ष गड़वार अजय सिंह, शोशल मिडिया आशिष शर्मा एवं किसान मित्रों के साथ शामिल सन्तोष कुमार पाण्डेय जिलाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा बलिया आदि शामिल रहे।

### 27 को आयेंगे निरहुआ



**बलिया।** ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के शिलान्यास समारोह में आजमगढ़ के सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ भी शामिल होंगे। इसको लेकर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ विशिष्ट अतिथि के रूप में पधार रहे हैं। वैसे पहली बार बलिया की धरती पर सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ का आगमन होने जा रहा है।

### तीन वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**बलिया।** गड़वार पुलिस ने तीन वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त किया है। पुलिस अधीक्षक राज करन नय्यर द्वारा अपराध एवं अपराधियों/ वांछित/ फरार अभियुक्तों/ वारंटियों के विरूद्ध चलाये जा रहे सघन अभियान के तहत शुक्रवार को उनि गिरिजेश सिंह ने मूखबीर की सूचना पर गड़वार थाना पर पंजीत मुअसं. 36/2023 धारा 147, 323, 504, 506, 307, 308, 325 भादवि से सम्बन्धित तीन वांछित अभियुक्तों को जनऊपुर चट्टी रतसड़ गिरफ्तार कर लिया। इसमें पंचानन्द यादव पुत्र चन्द्रदीप यादव निवासी ग्राम जनऊपुर, थाना गड़वार, अखिलेश यादव पुत्र परमात्मा यादव निवासी ग्राम तपनी, थाना सुखपुरा एवं संगम यादव पुत्र चमन यादव निवासी ग्राम बिलारी, थाना सुखपुरा शामिल है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उनि गिरिजेश सिंह, हेकां. सन्दीप यादव, हेकां. राकेश कुमार, कां. देवव्रत यादव, कां. राहुल यादव, कां. सर्वेश यादव शामिल रहे।

# अधिवक्ताओं ने तालाबंदी कर किया प्रदर्शन



कोर्ट परिसर के मुख्य गेट पर तालाबंदी कर प्रदर्शन करते अधिवक्ता

**बलिया।** ग्राम न्यायालय के विरोध में अधिवक्ताओं का धरना प्रदर्शन शुक्रवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। इस दौरान अधिवक्ताओं ने सिविल कोर्ट परिसर के सभी गेट पर तालाबंदी कर निगरानी रखा। अपराह्न लगभग दो बजे के बाद कोर्ट परिसर का दरवाजा खोला गया। इसके बाद वादकारियों ने अपने-अपने मुकदमे से संबंधित तारीख नोट किए।

दी सिविल बार एसोसिएशन तथा क्रिमिनल बार एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में चलाये जा रहे तालाबंदी और धरना प्रदर्शन के क्रम में शुक्रवार को सिविल कोर्ट परिसर के बाहर इकट्ठा हुए अधिवक्ताओं ने केन्द्र एवं प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान न्यायालय के सभी मुख्य द्वार पर तालाबंदी करते हुए सरकार की गलत नीतियों के प्रति आक्रोश व्यक्त किया गया। अधिवक्ताओं ने कहा कि बागी धरती पर ग्राम न्यायालय के विरोध में किया गया आंदोलन मील का पत्थर साबित होगा। धीरे-धीरे ही सही बलिया के अधिवक्ताओं का आंदोलन जोर पकड़ता जा रहा है। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि आस-पास के जनपदों में भी बलिया के आंदोलन को समर्थन मिलना शुरू हो गया है।

**नाराजगी**

**केन्द्र एवं प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर लगाया नारा**

सरकार इसके बाद भी नहीं चेतती है तो हम उग्र आंदोलन करने के लिए विवश होंगे, जिसकी सारी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। अधिवक्ताओं ने न्यायालय परिसर में चल रहे कोर्ट में भी घूम कर न्यायालयों में होने वाले कामकाज को ठप कराया। न्यायालय परिसर में पीठासीन अधिकारी बैठे जरूर रहे, लेकिन कामकाज न के बराबर हुआ। इस मौके पर अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए क्रिमिनल बार के अध्यक्ष देवेंद्र मिश्र ने कहा कि अधिवक्ता इस आंदोलन को तब तक चलाएंगे, जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं हो जाती है। हम किसी भी सूरत में सिविल कोर्ट परिसर में होने वाले नए कार्य में सहयोग नहीं करेंगे।

इस मौके पर सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष देवेंद्र कुमार दुबे, अनिल कुमार मिश्रा, कुबेर पाण्डेय, संजय कुमार सिंह, प्रदीप कुमार गुप्ता, राजेश कुमार सिंह, अभिषेक मिश्रा, शिवकुमार तिवारी, सत्यप्रकाश यादव, धीरज ठाकुर, संतोष पाण्डेय, राजेश कुमार सिंह, उमाशंकर तिवारी, सत्य प्रकाश यादव, हरिनारायण कुरील, अनिल सिंह, अखिलेश सिंह, निर्भय सिंह, हरेंद्र सिंह, सिद्धनाथ राय, अवध नारायण यादव, योगेश्वर आदि मौजूद रहे।

### ग्राम न्यायालय के समर्थन में अधिवक्ताओं का प्रदर्शन



**बेल्थरारोड।** स्थानीय तहसील अधिवक्ता एसोसिएशन के अध्यक्ष सरफराज अहमद के नेतृत्व में शुक्रवार को तीसरे दिन भी अधिवक्ताओं ने बेल्थरारोड में ग्राम न्यायालय की स्थापना के समर्थन में गगनभेदी नारे लगाते हुए जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी एआर फारूकी को सौंपा। अध्यक्ष सरफराज अहमद ने कहा कि शासन वादकारियों के हित में सस्ता एवं त्वरित न्याय दिलाने को लेकर प्रत्येक तहसील मुख्यालयों पर ग्राम न्यायालय की स्थापना कर रहा है। इसकी जितनी सराहना की जाय, कम होगी। कहा कि इस प्रकरण का जो लोग विरोध कर रहे हैं, वे वादकारियों के हितैषी नहीं हैं। तहसील मुख्यालय पर कम खर्च में वादकारी न्याय पा सकेंगे। बलिया जिला न्यायालय बेल्थरारोड से 60 किमी दूर स्थित है। बलिया पहुंचने में कमरतोड़ मंहगाई के बीच जहां वाहन किराया के खर्च की बचत होगी, वहीं घर से भोजन करके हर वादकारी अपने मुकदमे की पैरवी साइकिल से पहुंचकर कर सकेगा। इसलिए अविलम्ब ग्राम न्यायालय की स्थापना करा दी जाय। उन्होंने एक सवाल के जबाब में कहा कि ग्राम न्यायालय के संचालन से सम्बन्धित सारी तैयारी बेल्थरारोड तहसील मुख्यालय पर पूर्ण हो चुकी है। सिर्फ पीठासीन अधिकारी के साथ कार्यालयों की स्थापना शेष रह गयी है। इस मौके पर महेन्द्र यादव, अरुण कुमार श्रीवास्तव, दिलरोज अहमद, अनवर सादात, दीलीप जायसवाल, मु. अजहर, राशिद कमाल पाशा, कौशल एवोकेट, अमरजीत सिंह, सविता पटेल, देवेन्द्र कुमार गुप्त, एचएन सिंह, परवेज अहमद, दिनेश राजभर, अमानुलहक अब्बासी, सुनिल कुमार श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## संक्षेप

### सफाई कर्मचारियों का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

**बलिया।** उप्र ग्राम पंचायत राज सफाई कर्मचारी संघ शाखा बलिया ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। तत्पश्चात जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इसमें नियम विरुद्ध हो रहे स्थानांतरण को निरस्त करने, स्थानांतरण में हुए घोटाले की जांच कराने, सफाई कर्मी जो विभिन्न कार्यालयों एवं वार्षिक विभागों के आवास पर संबद्ध है, उनकी संबद्धता समाप्त करने, वेतन, एरियर आदि का भुगतान करने, सुरक्षा एवं सफाई किट उपलब्ध कराने, सहायक विकास अधिकारी (पं.) गड़वार को हटाने की मांग प्रमुख है। उप्र राज्य कर्मचारी महासंघ बलिया के अध्यक्ष अजय कुमार यादव ने कहा कि जिला पंचायत राज अधिकारी जनपद में स्थानांतरण उद्योग चला रहे है और अवैध धन वसूली कर रहे है। मुख्यमंत्री का निर्देश है कि स्थानांतरण सत्र के बाद स्थानांतरण न किया जाय। यदि आवश्यक हो तो उनकी अनुमति ली जाय, किन्तु सारे नियम ताक पर रखकर स्थानांतरण हो रहे है। इससे कर्मचारियों में काफी आक्रोश है। इसके लिए निर्णायक संघर्ष होगा। इस अवसर पर कौशल उपाध्याय, अनिल सिंह, राजेश रावत, मुन्ना बाबू, संतोष श्रीवास्तव, भरत भूषण मिश्र, रामप्रकाश श्रीवास्तव, चौधरी आनंद, श्वेता मिश्रा, रेनू शर्मा, संजू ठाकुर, विमला भारती, प्रताप नारायण उपाध्याय, प्रेमशंकर यादव, विक्रमा यादव, गंगासागर राम, शिवजी प्रसाद, राजेन्द्र यादव, अवधेश वर्मा, चंद्रभान सिंह, भरत यादव, राजाराम यादव, बच्चन जी वर्मा, मुन्ना प्रसाद, किशोर रावत, प्रवीण मिश्र, श्रीराम यादव, परमात्मा, राजमंगल पासवान, दिलीप रावत, रंजय यादव आदि मौजूद रहे।

### आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने की छापेमारी

**बैरिया।** गंगा उस पार भुआल छपरा गोलीकांड के आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ताबड़तोड़ छापेमारी कर रही है। किंतु समाचार लिखे जाने तक दो आरोपियों के अलावा किसी तीसरे की गिरफ्तारी में पुलिस को सफलता नहीं मिल पाई है। दोनों पक्षों से क्रमशः बरमेश्वर मिश्रा व कौशल ठाकुर को गुरुवार को ही पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय के सुपुर्द कर दिया था। दोनों पक्षों के 10 लोगों को इस गोलीकांड में एक दूसरे के तहरीर पर आरोपी बनाया गया है। जिन पर हत्या के प्रयास बलवा व नुकसान का मुकदमा दर्ज है। एसएचओ धर्मवीर सिंह के अनुसार फायरिंग में प्रयुक्त हथियार को बरामद करने का प्रयास जारी है। सभी आरोपी घर छोड़कर फरार हैं। वहीं भुआल छपरा गांव में बैरिया पुलिस की एक टीम कैम्प कर रही है। एसएचओ ने बताया कि इस गांव में फसल कटाई तक पीएसी भी तैनात की जाएगी। इस घटना कांड के पीछे सूखी लकड़ी एक बहाना था। दोनों पक्षों में भूमि विवाद को लेकर काफी दिनों से तनाव चल रहा था। जिसके परिणीति बुधवार को उभय पक्षों में मारपीट व फायरिंग से हुई। यही नहीं नौरंगा, भुवाल छपरा, चक्की नौरंगा, उदई छपरा के डेरा सहित आधा दर्जन गांवों में असलहों की जांच की योजना भी पुलिस की है। गंगा पार के गांव में भारी संख्या में लोगों के पास लाइसेंसी असलहा है। जिनकी वैधता व लाइसेंस की जांच जनहित में क्षेत्रिय लोग आवश्यक बता रहे हैं। ग्रामीणों की मानें तो नौरंगा में जब तक पुलिस चैकी थी। यहां कानून और व्यवस्था की स्थिति बेहतर थी, किंतु 2012 में यहां से पुलिस चैकी हटाए जाने के बाद यहां जिसकी लाठी उसकी भैंस वाली कानून पूरी तरह से चरितार्थ हो गई है। बिहार के सीमा पर बसे इस गांव में राह घाट की दुरूहता पुलिस के लिए परेशानी का सबब है। एसएचओ की मानें तो जल्दी सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। उनके असलहों के लाइसेंस निरस्त कराए जाएंगे और जरूरी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### जन चौपाल का हुआ आयोजन



**मझौवां।** बेलहरी विकास खण्ड के ग्राम पंचायत मझौवां के पंचायत भवन पर 'गांव की समस्या का गांव में समाधान योजना' के अंतर्गत जन चैपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं को अधिकारियों ने गंभीरता से सुना। शुक्रवार को क्षेत्र के मझौवां गांव में खंड विकास अधिकारी दिलीप गुप्ता की अध्यक्षता में जन चैपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्रामीण चैपाल में पहुंचे ग्रामीणों ने अपनी अपनी समस्या अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किया। जिसमें परिवार विकलांग पेंशन, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, पशु बीमा सहित प्रार्थना पत्र मिले। वहीं नरेगा की मजदूरी बढ़ाने का मुद्दा छाया रहा। आवास बनवाने से संबंधित मामले के संबंध में अधिकारियों ने बताया कि आवास योजना का आवेदन ऐप में माध्यम से होता है अभी साइट बंद चल रही है जब खुलेगा तो आगे की कार्यवाही की जायेगी। इस मौके पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि धर्मवीर सिंह, ग्राम विकास अधिकारी विनय सिंह, एडीओ पंचायत बलिराम मौर्य, जेई एमआई उदयभान मौर्य, पंचायत सहायक संध्या सिंह, पशु चिकित्साधिकारी अग्रेश कुमार यादव, रोजगार सेवक अमित सिंह मंटू, ललन सिंह, तारकेश्वर सिंह, दामोदर सिंह, हरेश सिंह, पिंटू तिवारी, बाघा गिरि, अरविंद सिंह, शशिरंजन सिंह, सुनील सिंह, बबलू तिवारी, चिंता देवी, अनीता मिश्र, विश्वनाथ गोंड, रामविलास राम, सतेंद्र गोंड आदि मौजूद रहे।

# केन्द्रीय मंत्री से पुराने वादे पर पूछा जायेगा सवाल

**बलिया।** आम आदमी पार्टी बलिया के मुख्य पदाधिकारियों की बैठक शुक्रवार को हुई। इसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जब 27 फरवरी को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी बलिया में ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे का शिलान्यास करने आएंगे, तब उनसे उनके पुराने वादे पर सवाल पूछा जाएगा।

जिलाध्यक्ष सुशांत राज भारत ने कहा कि केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी इससे पहले आठ सितंबर 2016 को बलिया आए थे। उन्होंने बलिया के टीडी कालेज के मैदान में 400 करोड़ से बनने वाले चंद्रशेखर नगर से कदम चौराहा तक 3. 5 किलोमीटर लंबे फ्लाईओवर का शिलान्यास किया था। अब बलिया की जनता उस फ्लाईओवर को खोज रही है।

कहा कि छह साल से ज्यादा समय बीत गया, लेकिन आज तक उस शिलान्यास के पत्थर के अलावा बलिया के लोगों को कुछ भी नसीब नहीं हुआ।

इसलिए हम सभी कार्यकर्ता 27 फरवरी को चितबड़ागांव में केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी से सवाल पूछने जाएंगे कि आप बलिया के लोगों को मूर्ख क्यों बनाना चाहते हैं? आप बलिया के लोगों से झूठा वादा क्यों करते हैं? बलिया की जनता को सपना दिखाते हैं और पूरा नहीं करते हैं। क्या पुनः ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे भी सपना ही हो जाएगा? क्या ऐसे ही छह साल बाद आप आएंगे तथा एक और नया शिलान्यास करके चले जाएंगे।

इस अवसर पर राजकुमार मौर्य, मुकेश सोनी, विवेक सिंह, तेज नारायण ठाकुर, ददन वर्मा, तेज बहादुर ठाकुर, संदीप सिंह, ऋषिकेश भारत आदि मौजूद रहे।

### स्वच्छता के प्रति ग्रामीणों को किया जागरूक



**बलिया।** टीडी कालेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय शिविर के चौथे दिन स्वयंसेवकों- सेविकाओं ने अपने कैम्प उच्च प्राथमिक विद्यालय जीराबस्ती के प्रांगण की साफ-सफाई किया। तत्पश्चात टोली बनाकर हनुमानगंज गांव में गए और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। पुनः टोली बनाकर नारे लगाते हुए वापस कैम्प में लौट आये। बौद्धिक कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. विवेक सिंह ने शिविरार्थियों को फिटनेश एवं हेल्थ के बारे में बताया। मौके पर डॉ. अनिल कुमार सिंह, डॉ. कौशल पांडेय, डॉ. राजीव शुक्ला, डॉ.शिवनारायण यादव, अमित सिंहा आदि उपस्थित रहे।

# कोर्ट बंद कर फाइलों का मिलान करते रहे कर्मी

**कार्रवाई**

**तहसीलदार न्यायालय के मुख्य द्वार पर चस्पा की गई नोटिस**



**बैरिया।** स्थानीय तहसीलदार न्यायालय से पूर्व में गायब दर्जनों मुकदमों की फाइलों के मामले को नवागत तहसीलदार सुदर्शन कुमार द्वारा गंभीरता से लिया गया है। इसके क्रम में शुक्रवार को अधिवक्ताओं और वादकारियों के लिए तहसीलदार न्यायालय के सभी दरवाजों को बंद करा कर तहसील कर्मियों से फाइलों का मिलान करके सायं पांच बजे तक इस संदर्भ में रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया है।

इस बाबत न्यायालय के मुख्य द्वार पर नोटिस भी चस्पा की गई है। इसमें लिखा गया है कि फाइलों के मिलान के लिए दरवाजे को बंद किया गया है। अधिवक्ताओं तथा वादकारियों का प्रवेश वर्जित है। उल्लेखनीय है कि बैरिया तहसील के तहसीलदार न्यायालय से दर्जनभर फाइलें काफी दिनों से रहस्यमय तरीके से गायब है। वहीं कुछ फाइलों में निर्धारित तिथि से पहले आर्डर कर दिया गया है। इसको लेकर अधिवक्ताओं व वादकारियों ने तहसील में काफी बवाल मचाया था। अधिवक्ताओं ने बताया कि बैरिया तहसील परिसर में कुछ अराजक तत्व सक्रिय हैं, जो कर्मचारियों की मिलीभगत से या उन्हें डरा-धमका कर फाइलें निकालकर घर लेकर चले जाते हैं और बैक डेट में आर्डर आदि भी कराते रहे हैं।

> फाइलों के मिलान से पता चल जाएगा कि कितने मुकदमों की फाइलें गायब है। इसमें संबंधितों की जिम्मेदारी सुनिश्चित कर उन पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। वहीं, जिन पत्रावलियों में बैक डेट में अनाधिकृत रूप से आर्डर किये गए हैं, उन आर्डरों को भी निरस्त कर दिया जाएगा।
>
> सुदर्शन कुमार, तहसीलदार बैरिया

## संक्षेप

### मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना के लाभार्थियों के चयन एवं वार्षिक कार्य योजना का हुआ अनुमोदन

**मऊ।** जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना के जिला स्तरीय समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिला स्तर पर मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना के लाभार्थियों के चयन एवं वार्षिक कार्य योजना पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक के दौरान सहायक निदेशक मत्स्य रिचा चैधरी ने बताया कि मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत वर्ष 2022-23 हेतु 7 फरवरी से 16 फरवरी तक विभागीय पोर्टल के माध्यम से कुल 48 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 10 आवेदन अपात्र होने के कारण स्वीकृत नहीं किए गए। बैठक में विस्तृत चर्चा के उपरांत मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत लाभार्थियों के चयन एवं वार्षिक कार्य योजना का अनुमोदन भी जिलाधिकारी के अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति द्वारा किया गया। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना में ग्राम सभा के पट्टे पर आवंटित तालाबों पर कोई परियोजना अनुमन्य नहीं है। इसी रिक्तता को भरने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2022-23 से मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना का शुभारंभ किया गया है। इस योजना के लाभार्थियों के चयन, अनुमोदन, पर्यवेक्षण एवं निगरानी हेतु डीएम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। मुख्यमंत्री मत्स्य योजना के क्रियान्वयन से प्रदेश में मत्स्य उत्पादन एवं उत्पादकता में बढ़ोतरी होगी। मछुआरों एवं मत्स्य पालको के आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। इस योजना के तहत ग्रामसभा व अन्य पट्टे के तालाबों में मत्स्य पालन के साथ ही मत्स्य बीज बैंक की स्थापना का भी प्रावधान है। इन दोनों उप योजनाओं हेतु प्रथम वर्ष निवेश पर इकाई लागत धनराशि 4 लाख प्रति हेक्टेयर पर 40 प्रतिषत का अनुदान भी सरकार द्वारा सभी वर्ग के लाभार्थियों को दिया जाएगा। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर, कृषि उपनिदेशक एसपी श्रीवास्तव, अधिशासी अभियंता सिंचाई वीरेंद्र कुमार सहित कमेटी के अन्य सदस्य मौजूद थे।

### विराट किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी



**मऊ।** कृषि की नवीनतम तकनीकों को किसानों के द्वार तक पहुंचाने के लिए राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी तथा कृषि संगोष्ठी का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र पिलखी पर किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि डॉ विजेंद्र सिंह, कुलपति, आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या, विशिष्ट अतिथि जिला भाजपा अध्यक्ष प्रवीण कुमार गुप्ता तथा मेले की अध्यक्षता निदेशक प्रसार कृषि विश्वविद्यालय अयोध्या ने किया। मेले में विभिन्न कंपनियों के 15 से ज्यादा स्टाल लगाए गए तथा जनपद के कुल 800 से अधिक किसानों ने प्रतिभाग किया। मेले का शुभारंभ फीता काटकर कुलपति ने किया। उन्होंने अपने अभिभाषण में कृषि को ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए केंद्र द्वारा चलाई जा रही विभिन्न परियोजना जैसे डीएसआर तकनीक, प्राकृतिक खेती, सीआरएम, सीएफएलडी योजनाओं की काफी तारीफ की। उन्होंने केंद्र को राष्ट्रीय स्तर का एक शोध संस्थान बताया। जिलाध्यक्ष प्रवीण कुमार गुप्ता ने किसानों को नई तकनीकों से जुड़ने के लिए तथा सरकार द्वारा कृषि पर अधिक ध्यान देने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से गुहार लगाई। निदेशक प्रसार प्रोफेसर एपी राव ने बत्तख पालन के साथ मछली पालन का जीवंत प्रदर्शन देखकर केंद्र के तकनीकी पहलुओं पर प्रकाश डाला। केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ सी वर्मा ने केंद्र पर चल रहे बकरी पालन, कुकुट पालन, मधुमक्खी पालन, बत्तख पालन, मछली पालन, मशरूम उत्पादन, वर्मी कंपोस्ट, नाडेप कंपोस्ट, अजोला तथा विभिन्न प्रकार के फसल संग्रहालय पर प्रकाश डाला और किसानों को इससे रूबरू कराया। जिला उद्यान अधिकारी संदीप गुप्ता ने केंद्र पर स्थापित हो रही हाईटेक नर्सरी में रुपए एक करोड़ 91 लाख अपने विभाग द्वारा मदद की। मेले में स्टाल लगाने वालों में कृषि विभाग, इफको, मत्स्य विभाग, बीज विज्ञान संस्थान, कृषि विज्ञान केंद्र देवरिया, कृषि विज्ञान केंद्र बलिया, केवीके गाजीपुर, केवीके आजमगढ़, केवीके मऊ, एपीओ, मीना शुक्ला द्वारा स्टाल लगाया गया। मेले में उपनिदेशक कृषि, हर्षवर्धन सिंह एरिया मैनेजर इफको, डा. संजय कुमार निदेशक भारतीय बीज विज्ञान संस्थान, कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ अंगद प्रसाद, लाल पंकज सिंह, डा. हिमांशु राय, डा. चंदन सिंह, डा. जितेंद्र कुशवाहा, डा. ज्ञानदीप गुप्ता, आरके सिंह, आलोक कुमार, दीपक प्रकाश, सुनील कुमार का योगदान काफी सराहनीय रहा।

# अतिक्रमणकारियों से ढिलाई बरतने पर डीएम ने अधिशासी अभियंता को फटकारा

**सख्त तेवर**

**सिंचाई एवं परिवहन विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक**



**मऊ।** जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में कैंप कार्यालय पर सिंचाई एवं परिवहन विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग ने बताया कि सिंचाई खंड मऊ द्वारा जनपद में कुल 6 परियोजनाओं में से 5 परियोजनाओं का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण हो चुका है।

चौधरी चरण सिंह दोहरीघाट पंप नहर प्रणाली के मुख्य नहर एवं राजवाहो पर निर्मित पैदल पुल की जगह वीआरबी निर्माण की परियोजना में अब तक 30 प्रतिषत कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि बाढ़ खंड आजमगढ़ द्वारा कटाव निरोधक कार्य में भी 95 प्रतिषत कार्य पूर्ण हो चुका है। सिंचाई विभाग द्वारा निर्मित परियोजनाओं की समीक्षा के दौरान कुछ परियोजनाओं में शासन द्वारा स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष 30 प्रतिषत से भी ज्यादा बिलो टेंडर आने एवं उक्त के अनुसार कार्य पूर्ण किये जाने पर अनियमितता की आशंका होने पर जिलाधिकारी ने सीडीओ को ऐसी सभी परियोजनाओं की पूरी निर्माण प्रक्रिया की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इसके अलावा 284 लोगों को अतिक्रमण के खिलाफ नोटिस भेजी जा चुकी है। कई अतिक्रमण 10 से 15 साल पुराने हैं।

अतिक्रमण के खिलाफ सिंचाई विभाग द्वारा सिर्फ नोटिस की भेजने की कार्रवाई करने एवं अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने में लापरवाही पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता को कड़ी फटकार लगाते हुए जिला प्रशासन के सहयोग से चिन्हित अतिक्रमणकारियों के खिलाफ अगले 15 दिनों में कार्रवाई करने के निर्देश दिए।अन्यथा की स्थिति में कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी। परिवहन विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान एआरटीओ कहकसा खातून ने बताया कि जनवरी माह में कुल 1168 वाहनों का चालान किया गया जो निर्धारित लक्ष्य का 519.11 प्रतिषत है। जिलाधिकारी ने एआरटीओ को प्रवर्तन कार्यों में तेजी लाते हुए वसूली बढ़ाने के निर्देश दिए।

उन्होंने हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाने की अंतिम तिथि बीत जाने के बावजूद एचएसआरपी को लेकर लगाए गए जुमार्ने की जानकारी लेते हुए वाहनों की चेकिंग बढ़ाकर जुमार्ना वसूलने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर, नगर मजिस्ट्रेट नीतीश कुमार सिंह, अधिशासी अभियंता सिंचाई विरेंद्र कुमार, एआरटीओ क्रमशः कहकशा खातून एवं रमेश चंद्र श्रीवास्तव उपस्थित थे।

### कथा और अमृत में नहीं होती बराबरी : संतोष

**दोहरीघाट, मऊ।** श्रावण मास के सरजू नदी से उत्पन्न रजतेश्वर महादेव की प्राण प्रतिष्ठा रुद्र पाथात्मक यज्ञ व श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन की बाबा मेला राम मंदिर परिसर में उपस्थित भक्तों को श्रीमद् भागवत कथा का अमृत ज्ञान व रसपान कराते हुए संतोष जी महाराज ने कहा कि कथा और अमृत में किसी प्रकार की बराबरी नहीं होती अमृत का पान करके स्वर्ग जाने वाले व्यक्ति को पुनः मृत्युलोक में आना पड़ता है लेकिन भागवत रूपी अमृत का पान करने वाला संसार के आवागमन से मुक्त हो जाता है कथा के अधिकारी केवल मनुष्य को ही दिया गया है। सुबह शाम हवन पूजन रुद्राभिषेक करने वालों का तांता उमड़ रहा है हर कोई भागवत कथा सुनने रजतेश्वर महादेव के दर्शन करने उनके प्राण प्रतिष्ठा में अपनी सहभागिता देने को आतुर दिख रहा है।







# दो घरों से लाखों के गहने और नकदी चोरों ने उड़ाए

**चोरी**

**घर में सो रहे थे लोग, तीसरे घर में कामयाब नहीं हो सके**

जनसंदेश न्यूज

**मरदह।** थाना क्षेत्र के घरिहां गांव में बीती रात्रि चोरों ने दो घरों में लाखों की चोरी की घटना को अंजाम दिया। वहीं तीसरे घर में चोरी में असफल हो गए। घटना के बाद ग्रामीणों की भीड़ जुट गई।

घरिहां गांव निवासी सुधांशु शेखर सिंह व उनके पड़ोसी एडवोकेट अमित प्रकाश सिंह के घर से गुरूवार की बीती रात लाखों का आभूषण व नगदी पर चोरो ने हाथ साफ कर दिया। वहीं अरविंद सिह के मकान में भी चोरी का प्रयास किया, लेकिन वहां गृहस्वामी के जाग जाने से चोरी में विफल हो गए। मालूम हो कि, अमित प्रकाश सिह के मकान में खिड़की की ग्रिल काटकर घर में घुसे चोरों ने लोहे की आलमारी एवं बक्से को तोड़कर दस हजार नकदी समेत आभूषण चोरी कर पुनःखिड़की के रास्ते निकल गए। सुधांशु शेखर सिहं के मकान में छत के रास्ते?? मकान में घुसे चोरों ने सीढ़ी से घर में जाकर कमरों में सो रहे परिजनों के दरवाजे बाहर से बंद कर दो कमरों का दरवाजा तोड़कर अंदर रक्खी आलमारी एवं बक्शे तोड़कर उसमें रक्खा ढ़ाई लाख रुपए नकदी एवं चार लाख रुपए के सोने -चाँदी के आभूषण चोरी कर लिया। भोर में आहट पाकर जब परिवार के सदस्य जगे तो कमरों के दरवाजे बाहर से बंद थे। सुबह तक चोर चोरी का सामान समेट कर भाग चुके थे। अरविंद सिह के मकान का दरवाजा तोड़ने का प्रयास चोरों ने किया परिजनों के जाग जाने पर चोर बिना चोरी किए ही वहां चले गए। चोरी की घटना से गांव में भय का माहौल है। मटेहुं पुलिस चौकी प्रभारी कौशलेंद्र प्रताप सिंह व फॉरेंसिक टीम ने पहुँचकर घटनास्थल की जांच की। चोरी की घटना के शिकार तीनो पीड़ितों ने चोरी की तहरीर मरदह थाने में दी है। थानाध्यक्ष दुष्यंत सिंह ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है। पुलिस जांच कर रही है शीघ्र ही प्रकरण का खुलासा किया जायेगा।



घरिहां गांव स्थित सुधांशु शेखर सिहं के मकान में चोरी के बाद बिखरा समान।

# एके 47 की गोली से मृत हेड कांस्टेबल का अंतिम संस्कार

**अंतिम क्रिया**

**परिवार का एकलौता कमासुत था अनुभव यादव**

जनसंदेश न्यूज

**सुहवल।** थाना क्षेत्र के डुहियां निवासी एवं सोनभद्र जिले के हाथीनाला थाने के बैरक में एके 47 की गोली से मृत हेड कांस्टेबल अनुभव यादव 32 का बीते गुरूवार को वाराणसी में पोस्टमार्टम कराया गया। इसके उपरांत जवान के पार्थिव शरीर को परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया। मृत हेड कांस्टेबल अनुभव यादव का पार्थिव शरीर वाराणसी के मणिकर्णिका घाट लाया गया। जहां जवान का अंतिम दाहसंस्कार कर दिया गया। मुखाग्नि छोटे भाई मृत्जुन्य यादव के देते ही सबकी आंखें नम हो गई। मालूम हो कि हेड कांस्टेबल 2011 बैच का सिपाही था,वह अपने तीन भाई बहनों में सबसे बड़ा था। जिसने एक साल पहले अपनी छोटी बहन की शादी भी किया था। परिवार का एकमात्र कमासूत था। जिसने अपने छोटे भाई के पढ़ाई का खर्चा भी वह खुद चलाता था। पिता योगेन्द्र का पहले ही निधन हो चुका है।पुलिस के अनुसार हेड कांस्टेबल अनुभव यादव सोनभद्र जिले के हाथीनाला थाने में तैनात थे। बीते मंगलवार की देर शाम वह पुलिस के साथ फुट पेट्रोलिंग कर रहा थे। इस दौरान अचानक वह अपने बैरक में जाकर खुद को एके 47 स्वचालित असलहे से गोली मार ली। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी। मृत हेड कांस्टेबल के परिजनों के मुताबिक उसने ऐसा कदम क्यों उठाया उन्हें नहीं मालूम, वहीं पुलिस असलहे व उसके पास से मिले दो मोबाइल को कब्जे में लेकर घटना के छानबीन में जुट गई है।



## संक्षेप

### आपसी रंजिश में चाचा ने भतीजे को पीटा

**मरदह।** थाना क्षेत्र के गाईं गांव में आपसी रंजिश को लेकर चाचा ने भतीजे को मारपीट कर घायल कर दिया। गांई गांव निवासी बृजेश सिंह गांव स्थित मां भवानी मंदिर के समीप वृहस्पतिवार की देर शाम को किसी का इंतजार कर रहे थे कि इसी दौरान सगे चाचा ने रोकटोक किया तो बृजेश सिंह ने कुछ बातें बोल दी। जिससे खुन्नस खाएं चाचा ने लाठी डंडे से जमकर भतीजे बृजेश सिंह को घायल कर दिया। सूचना पर पहुंची ने घायल अवस्था में बृजेश सिंह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां इलाज चल रहा है। बृजेश सिंह तहरीर पर पुलिस ने सगे चाचा प्रमोद सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है। इस संबंध में थानाध्यक्ष दुष्यंत सिंह बताया कि मामले की जांच कर विधिक कार्यवाही की जायेगी।

### प्रधान पति को जान से मारने की मिली धमकी

**सुहवल।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ढढ़नी चंडी माता मन्दिर के समीप एक बालू लदे ट्रक ने अपने एक दोस्त के साथ सोनहरियां जा रहे डुहिया प्रधान पति विनीत राय के बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिसके चलते वह अनियंत्रित होकर गिर पड़े। जिसमें बाइक सवार बाल-बाल बच गये।जब पीड़ित बाइक सवार ने जब ट्रक चालक को धीरे गाड़ी चलाने को कहा तो चालक ने प्रधान पति को जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से मय वाहन फरार हो गया। जबकि इस हादसे में बाईक क्षतिग्रस्त हो गई,इस बाबत प्रधान पति ने ट्रक चालक के खिलाफ थाने में लिखित तहरीर दी है। मगर अभी तक पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं किया है,जिसके चलते ग्रामीणों में रोष है।

### कुरान की तालीम घर-घर में होनी चाहिए



**दिलदारनगर।** थाना क्षेत्र के मिर्चा गांव में गुरुवार की रात्रि में ख्वाजा गरीब नवाज कांफ्रेंस व जश्ने दस्तार बंदी का आयोजन हुआ।कार्यक्रम में नामचीन शायरों ने नबी की शान में एक से बढ़कर एक नात सुनाकर रात भर नूर की बारिश कराते रहे।वहीं इस मौके पर हस्सान रजा उड़ीसा, सैफ रजा कानपुरी,आमिर हमजा एवं तुफैल शमसी ने एक से बढ़कर नात पढ़ कर लोगो का दिलों को झकझोर दिया।कांफ्रेंस में तकरीर करते हुए मुख्य वक्ता गुलाम रब्बानी एवं हम्माद रजा ने कहा कि कुरान की तालीम घर घर में होना चाहिए तभी मुसलमान आबाद रहेगा। मुसलमान देश के प्रती हमेशा वफादारी तथा मुल्क के अमन चयन कायम रखने के लिए अपनी कुर्बानी देने के लिए हमेशा आगे रहता है। कर्यक्रम को सफल बनाने वालो में हाजी शौकत खां, सेक्रेटरी तौहीद खान,कामरान खान,तौकीर खान,असलम खान, नवाब खान,गुफरान खान, जुलकरनैन खान सहित गांव के नौजवान आदि थे।ख्वाजा गरीब नवाज कॉन्फ्रेंस की अध्यक्षता मौलाना रियाज हुसैन खान व सरपरस्ती ओबैदुर रहमान साहब तथा संचालन आसिफ रजा सैफी ने किया।

### इंजीनियर के घर भीषण चोरी

**बिरनो।** थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं रूकने का नाम नहीं ले रही है। आए दिन विभिन्न गांवों और दुकानों में अज्ञात चोर हाथ साफ कर रहें है। हालांकि,पुलिस क्षेत्र में पूरी रात चौकन्नी रह रही है। फिर भी चोर घटना को अंजाम दे रहे है। थाना क्षेत्र अंतर्गत गुलालसराय निवासी आयुष सिन्हा पुत्र स्व शंकर नाथ सिन्हा दिल्ली में किसी कंपनी में इंजीनियर की नौकरी करते है। बीते दिसंबर माह में आयुष सिन्हा का विवाह हुआ था। इसके बाद पूरे परिवार के साथ दिल्ली चले गए। इस बीच चोरो ने सोमवार की देर रात सूनसान घर पाकर पूरा घर ही खंलाल दिया।अज्ञात चोर घर के पीछे से छत के सहारे अंदर प्रवेश कर गए। दुल्हन की लाखो की ज्वैलरी समेत कुछ नगदी व मोटर पंप टीवी ले उड़े। बीते सोमवार को जब पीड़ित की मां घर आई तो उन्होंने देखा की घर मे दुल्हन के कमरे का दरवाजा टूटा हुआ है। दुल्हन का रखा आभूषण सब चोरी हो गया है। इसके बाद वह हक्का बक्का हो गई। उन्होंने अपने बेटे आयुष सिन्हा को इसकी जानकारी दी। जिसके बाद आयुष दिल्ली से घर आए और थाने में तहरीर दी। जिसमें उन्होंने लाखों के आभूषण चोरी की सूचना दी। थानाध्यक्ष कृपेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि चोरी की घटना की जानकारी मिली है। बहुत जल्द जांच पड़ताल कर मामले का खुलासा किया जाएगा।घरिहां गांव में एक ही रात में दो घरो से लाखों के आभूषण एवं नकदी चोरी

### सीएम साहब, आखिर कब लगेगा मनमानी पर अंकुश

**गाजीपुर ।** शहर में न तो सीएम के आदेश मायने रखते हैं और न ही डीएम के निर्देश। सख्त आदेश हैं कि सार्वजनिक स्थानों पर कूडे.के ढेर को जलाया नहीं जाए। बावजूद इसके शहर के सुखदेवपुर चौराहा के करीब कचरे का ढेर धू-धू कर जलता रहता है। राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे लगी कूडे.की यह आग किसी भी अधिकारी को नजर नहीं आई। धुआं और लपटों की गर्मी से आसपास से गुजरने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। शहर में बड़ी संख्या में नर्सिंग होम, पैथोलॉजी और मेडिकल स्टोर संचालित हैं। नियम है कि ये अपना मेडिकल वेस्ट सार्वजनिक जगहों पर नहीं फेंक सकते। बावजूद इसके ग्लब्स, कॉटन, बेंडेज, प्लास्टर, खून से सने हुए कॉटन, सिरिज, नीडिल के अलावा दूसरे प्रकार के प्रतिबंधित मेडिकल वेस्ट लगातार फेंके जा रहे हैं। शासन से व्यवस्था को अमल में लाने का जिम्मा जिलाधिकारी को सौंपा गया। जिलाधिकारी ने शहर की जिम्मेदारी अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को सौंप दी। अधिशासी अधिकारी ने इस काम के लिए सफाई इंस्पेक्टर को कहा। सफाई इंस्पेक्टरों ने सफाई नायक से, सफाई नायकों ने सफाई कर्मचारियों से कह दिया। कुछ ऐसा ही स्वास्थ्य विभाग में भी रहा। मेडिकल वेस्ट के लिए सीएमओ ने एसीएमओ से, एसीएमओ ने क्लर्क से, क्लर्क ने दूसरे कर्मचारियों से कहकर पल्ला झाड़ लिया और कार्रवाई की सूचना संबंधित संस्थाओं तक पहुंची ही नहीं।

### नियमों को ताक पर रख हो रहा अवैध खनन

**गाजीपुर।** सरकार द्वारा निर्धारित खनन नियमों को ताख पर रखकर सदर और सेवराई तहसील क्षेत्र के गांवों में खनन किया जा रहा है। खनन करने वालों पर आरोप लगाते हुए जानकारों का कहना है कि नियमों के अनुसार खनन तीन मीटर से ज्यादा नहीं किया जा सकता, जो फावड़े के द्वारा किया जाना चाहिए। जबकि पांच-पांच पोक लाइन लगाकर खनन किया जा रहा है। साथ ही रात में खनन किया जाना वर्जित है। साथ ही नदी के सूखे क्षेत्र में खनन होना चाहिए। लेकिन नदी के जल की धारा को काटकर रेत निकाला जा रहा है। जो कि सरकार के नियम अनुसार अवैध है। वही खनन कार्य में लगे डंपर कवर होनी चाहिए। जबकि ऐसा नहीं है। खनन करने वाले लोग नियमों की परवाह किए बगैर खनन कार्य में लगे हुए हैं।

### करंट लगने से मासूम की गई जान

**सैदपुर।** नगर के वार्ड चार रौजाद्वार में नगर पंचायत कर्मियों की लापरवाही ने नगर पंचायत के ही सफाईकर्मी के मासूम बेटे की जान ले ली। जिसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने इस बाबत जायजा लिया। नगर के सभी वार्डों में काफी पहले चेयरमैन द्वारा वाटर कूलर लगवाया गया था। लेकिन लगवाने के बाद नगर पंचायत ने किसी भी वाटर कूलर की देखरेख व रखरखाव नहीं किया। जिसके चलते सिर्फ इक्का दुक्का वाटर कूलर ही चलता है और कई की हालत जर्जर है। रौजा द्वार में भी एक कूलर लगा है। जिसमें कई बार करंट भी आ चुका है। इस बीच उसी मुहल्ले के निवासी व नगर पंचायत में सफाईकर्मी इम्तियाज का सात साल का पुत्र हमजा अपने दोस्त सुल्तान के साथ जुमे की नमाज पढ़ने गया था। नमाज पढ़कर जब वो बाहर निकला तो कुछ मीठा खाया और पानी पीने के लिए उसी वाटर कूलर से पानी पीने लगे। इस बीच उसमें उतर रहे करंट की जद में हमजा आ गया। जब तक लोग उसे करंट से अलग करते, हमजा ने दम तोड़ दिया था। इसके बावजूद उसे लेकर परिजन तत्काल सीएचसी पहुंचे, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन शव को लेकर घर आ गए। घटना को लेकर नगर पंचायत के प्रति सभी में आक्रोश पनपने लगा। उनका कहना था कि पूर्व में भी कई बार करंट उतरने की ऐसी घटना हो चुकी थी लेकिन नगर पंचायत ने ध्यान नहीं दिया। मौके पर चौकी इंचार्ज लालबहादुर सिंह भी पहुंचे और समझाया बुझाया। पुलिस ने शव का पंचनामा कराया। मृतक दो भाइयों में बड़ा था। मृतक की मां शबनम का रोरोकर बुरा हाल था।

### भारतीय ब्राह्मण समिति ने छह सूत्रीय मांग पत्र सौंपा

**गाजीपुर।** भारतीय ब्राह्मण समिति के जिलाध्यक्ष विजय शंकर तिवारी के नेतृत्व में शुक्रवार को डीएम के माध्यम छह सूत्रीय मांग पत्र राज्यपाल को सौंपा। आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग को दिए जाने वाले आरक्षण में जारी सर्टिफिकेट की समय अवधि 1 वर्ष से बढ़ाकर कम से कम 5 वर्ष तक कर दिया जाए। पवित्र ग्रंथ रामचरितमानस पर अभद्र टिप्पणी करने वालों 27 की प्रतियां जलाने वालों के विरुद्ध कठोरतम दंडात्मक कार्रवाई की जाए। ब्राह्मण समाज एवं किसी भी जाति व धर्म के विरुद्ध जातिगत विद्वेष की भावना से अभद्र टिप्पणी करने वालों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाए। कानपुर देहात अंतर्गत ग्राम बरौली थाना रूरा तहसील मेहता में कृष्ण गोपाल दीक्षित परिवार के साथ अत्यंत हृदय गुजारा घटित दुखद घटना की उच्चस्तरीय जांच कराकर उन्हें मुआवजा दिया जाए। आयोग का गठन किया जाए। जनपद गाजीपुर सतत विकास भवन चौराहा को भगवान परशुराम परशुराम चौराहा और सिंचाई विभाग चौराहा को पूर्व प्रधानमंत्री के नाम पर अटल बिहारी चौराहा नामकरण से घोषित किया जाए। पत्रक देने वालों में विजय शंकर तिवारी, गौतम मिश्रा, सतीश उपाध्याय, वासुदेव पांडे, योगेश उपाध्याय, प्रकाश पांडे, आशुतोष उपाध्याय, ओमप्रकाश चौबे, दयानंद दुबे, शिव प्रकाश पांडे, भैरव नाथ पांडे आदि उपस्थित थे।

# बड़े बकाएदारों के खिलाफ चला हंटर



युवराजपुर में विद्युत चेकिंग करते बिजली विभाग के कर्मी।

**सुहवल।** अधीक्षण अभियंता के निर्देश पर रेवतीपुर उपखंड के तहत आने वाले तीन विभिन्न गांवों में विद्युत विभाग के अधिकारियों के द्वारा बड़े बकाएदारों एवं चोरी में लिप्त लोगों के खिलाफ अभियान चलाया गया। जिसमें पांच के खिलाफ विद्युत चोरी का मुकदमा पंजीकृत कराया गया,साथ ही तीस लोगों से करीब पौने दो लाख बकाए राजस्व की भी वसूली महकमें के द्वारा किया गया।अभियान के चलते लोगों में हडकंप मचा रहा। उपखंड अधिकारी प्रवीण मौर्या ने बताया कि क्षेत्र के युवराजपुर, डेढगावां व डारीडीह में अभियान चलाया गया। जिसमें पांच के खिलाफ विद्युत चोरी का मुकदमा दर्ज कराया गया है। बताया कि इसके अतिरिक्त पांच नये मीटर लगाए गये,व चार में भार वृद्धि किया गया। बकाया बिल जमा न करने एवं विद्युत चोरी में लिप्त लोगों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। इस अवसर जेई आशीष यादव, पवन सिंह, बाबू खान, शहजाद, सद्दाम, सलीम, संजय, महादेव व हीरालाल आदि मौजूद रहे।

## जमीन विवाद में दबंगों ने महिलाओं को पीटा

**मरदह।** थाना क्षेत्र के सिगेंरा गांव में जमीनी विवाद को लेकर दंबगों ने दो महिलाओं को मारपीट कर बुरी तरह से घायल कर दिया। सिगेंरा गांव निवासी प्रथम पक्ष चन्द्रमा राम व द्वितीय पक्ष ओमप्रकाश राम के बीच जमीन संबंधी विवाद लम्बे अर्से से चल रहा है। जिसको लेकर प्रथम पक्ष के सभी पुरुष वर्ग वृहस्पतिवार को जिला मुख्यालय न्यायालय गये थे।घर पर सिर्फ.दो महिलाएं उपस्थित थी।इसी दौरान द्वितीय पक्ष द्वारा सुबह दस बजे चन्द्रमा राम की जमीन पर कब्जा करने की नियत से मिट्टी डालने का कार्य किया जाने लगा तो मौके पर पहुंची शोभा देवी उम्र 30 वर्ष पत्नी गुलाब राम ने रोका तो उसे गाली गलौज देते हुए द्वितीय पक्ष ने गोलबंदी करके मारने पीटने लगे बीच बचाव करने मौके पर पहुंची उसकी जेठानी ममता देवी को भी दंबगों ने मारपीट कर घायल कर दिया।इस संबंध में थानाध्यक्ष दुष्यंत सिंह ने बताया कि शोभा देवी की तहरीर पर गांव के ओमप्रकाश राम,राम अवतार राम,पंकज व अनुज के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन किया जा रहा है।

# रक्तदान कर मनाया गया हजरत इमाम हुसैन का जन्मदिन

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** नगर स्थित सदर इमामबाड़ा मिश्रबाजार में ब्लड डोनर्स रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्तार अहमद अंसारी जिला चिकित्सालय द्वारा संचालित ब्लड बैंक को करीबन 72 यूनिट रक्त दान किया गया।जिसमें रक्तदान की शुरूआत फीता काटकर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महर्षि विश्वामित्र मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. आनन्द मिश्रा तथा शिया धर्मगुरु मौलाना ताहिर आब्दी ने किया। जिसके पश्चात एक के बाद एक 72 लोगों ने स्वच्छ्ता से रक्तदान किया जिसमें महिलाओं ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

रक्तदान की शुरूआत शिया धर्मगुरु मौलाना ताहिर आब्दी ने अपना खून देकर किया। रक्तदान के बाद लोगों ने बताया कि आज का दिन इंसानियत की दुनिया को नया जीवन प्रदान करने वाले व्यक्तिव के मालिक हजरत इमाम हुसैन का जन्मदिन है जो की हजरत मोहम्मद साहब के छोटे नवासे थे तथा जिसको आज से 1400 साल पहले कर्बला में इनके साथियों समेत बेरहमी से शहीद कर दिया गया था। रक्तदान शिविर में भानु प्रताप, सत्य प्रकाश, सैय्यद जुल्फिकार हुसैन, आदिल ईशान, मेराज हैदर, सैय्यद हसन, शहंशाह आब्दी, अली पारवी, सलमान हैदर दिलबर हुसैन, हसन महेंदी, नाजिश हुसैन, सैय्यद अब्बास, मो. सरताज, अली तैयब मो. दानिश, फैज आब्दी, फरमान आब्दी, आफताब हैदर आदि मौजूद रहे।





सदर इमामबाड़ा मिश्रबाजार में रक्तदान करते लोग।

# आग का गोला बना ट्रक, बाल बाल बचे चालक और खलासी

जनसंदेश न्यूज

**मरदह।** मऊ-गाजीपुर राष्ट्रीय राज मार्ग पर मरदह बस स्टैंड स्थित हनुमान मंदिर के पास देर रात्रि दस बजे मऊ जिले से गाजीपुर की तरफ जा रही खाली ट्रक में शार्ट सर्किट से आग लग गयी। जिससे लंबे रोड ट्रक तेज लपटों के साथ आग का गोला बन गया। मालूम हो कि ट्रक चालक सुषमाकांत दिक्षित निवासी ग्राम अमबौर थाना सदरगंज जिला बाराबंकी एवं खलासी हरिशंकर निवासी मिजार्पुर ट्रक से गैस सिलेंडर बाहर फेंक उतरकर अपनी जान बचाएं। बताया कि महाराजगंज जनपद से खाली ट्रक लेकर अहिरौरा गिट्टी लाने जा रहे थे। जैसे ही मरदह बस स्टैंड स्थित फ्लाईओवर से चालक ट्रक लेकर नीचे उतर रहा था तो उसी दौरान ट्रक से धुआं निकलने लगा चालक ने सूझबूझ का परिचय देते हुए ट्रक को तत्काल सड़क किनारे खड़ा किया। तब तक शॉर्ट सर्किट के द्वारा आग लग जिसके बाद ट्रक में मौजूद सिलेंडर को बाहर फेंक चालक खलासी भाग खड़े हुए। उन्होंने कंबल से बुझाने के प्रयास किया फिर ट्रक में आग लग नीचे उतरकर बहुत प्रयास किया। ग्रामीणों की घंटों मशक्कत के बाद जुगाड़ के पानी से आग बुझाई गई। घंटों बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने पानी का छिड़काव करके आग की लपटों को शांत करने में सहायक साबित हुई। इस मामले में पड़ोसी गांव नरवर के नवयुवक बृजभान यादव के द्वारा आग बुझाने में काफी मदद की गई। जिसकी क्षेत्र में प्रशंसा की जा रही है।इस हादसे में ट्रक में रखा 17 हजार नगदी सहित डाईबरी लाइसेंस, मोबाइल, कपड़ा, विस्तर, जरूरी कागजात चलकर राख हो गये।



गाजीपुर राष्ट्रीय राज मार्ग पर मरदह बस स्टैंड पर जलता ट्रक।

## चाकू के साथ एक अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सेवराई।** यूनियन बैंक भदौरा के पास से बृहस्पतिवार की देर रात को पुलिस ने चाकू के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर अभियुक्त को शुक्रवार की दोपहर जेल भेज दिया। उपनिरीक्षक अश्विनी प्रताप सिंह पुलिस बल के साथ तहसील सेवराई के पास रात में गश्त कर रहे थे। उसी दौरान यूनियन बैंक भदौरा के पास एक युवक संदिग्ध अवस्था में घूम रह था। पुलिस ने रोका तो युवक भागने लगा। पुलिस ने युवक को दौड़ाकर पकड़ लिया।

तलाशी लेने पर उसके पास से एक अदद चाकू बरामद किया गया। पूछताछ में वह अपना नाम व पता मनोज ठठेर पुत्र रामबचन ठठेरा निवासी संतरामगंज भदौरा बताया। प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार उपाध्याय ने बताया कि चाकू के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# परीक्षा केंद्र का डीएम ने किया निरीक्षण



परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करती डीएम आर्यका अखौरी।

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने शुक्रवार को माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट बोर्ड परीक्षा को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं नकल विहीन संपन्न कराने के उद्देश्य से विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने इण्टरमीडिएट की अंग्रेजी की परीक्षा में निरीक्षण हेतु बेहफइया राष्ट्रीय इण्टर कालेज नसरतपुर बरही एवं शान्ति निकेतन इण्टर कालेज बरही परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केन्द्र व्यवस्थपकों एंव कक्ष निरीक्षकों को नकल विहीन परीक्षा कराने का निर्देश दिया उन्होंने कहा कि कही से नकल की सूचना होने पर आप स्वयं जिम्मेदार होगे। जिलाधिकारी ने परीक्षा केन्द्रों का जायजा लेने के दौरान कहा कि जिले में प्रत्येक दशा में नकल विहीन परीक्षा करायी जायेगी।

# तहसीलदार ने सात परीक्षार्थियों को इम्तहान देने से रोका



परीक्षा से वंचित प्रवेश पत्र दिखाते परीक्षार्थी।

**जखनियां।** क्षेत्र के शहीद इंटर कॉलेज में दूसरी पाली में अंग्रेजी का पेपर था। पेपर शुरू होते वक्त सेक्टर मजिस्ट्रेट तहसीलदार परीक्षार्थियों का आधार कार्ड मिलान करने लगे। जिस पर सात परीक्षार्थियों का आधार कार्ड मुंबई, आजमगढ़, चंदौली और बिहार का पाया गया।

तहसीलदार रामजी ने सभी को परीक्षा से वंचित कर दिया। परीक्षार्थियों ने कोतवाली भुड़कुड़ा पहुंच कर परीक्षा से बाहर निकालने जाने की बात प्रभारी निरीक्षक से कहीं। जिस पर उन्होंने तत्काल विद्यालय पर भेजकर मामले की जानकारी ली। परीक्षार्थियों के अभिभावकों ने बताया कि पांच छात्र श्री राम शरण नगदी इंटर कॉलेज मरदानपुर गुरैनी से फार्म भरे थे। वहीं 2 छात्र श्री मुन्ना इंटर कॉलेज सतरजहापुर से फार्म भरे थे। जिनका सेंटर एस बी डी पी इंटर कॉलेज पर आया हुआ था। बताया कि सभी पेपरों की परीक्षाएं दी इन्होंने दी है। लेकिन शुक्रवार को सेक्टर मजिस्ट्रेट ने इन्हें परीक्षा से वंचित कर दिया। लोगों का कहना था कि आधार की वजह से परीक्षा देने से वंचित किया गया है। जो अनुचित है हम लोग नौकरी के लिए बाहर गए हुए थे। वहीं पर आधार कार्ड उस समय बनवा लिए। लेकिन उन्हें नहीं पता था कि आधार कार्ड की वजह से उन्हें परीक्षा से वंचित कर दिया जाएगा। इस बारे में सेक्टर मजिस्ट्रेट से बात करने की कोशिश की गई लेकिन उन्होंने मोबाइल रिसीव नहीं किया। तहसीलदार राम जी ने बताया कि सभी परीक्षार्थी बाहरी जिलो के थे। इसके अलावा सभी परीक्षा केंद्र पर देर से पहुंचे थे।

## आग के मुहाने पर रखा है ट्रांसफॉर्मर

**गाजीपुर ।** नगर में लगे कई ट्रांसफार्मर आग के मुहाने पर हैं। नगरपालिका कर्मचारियों ने ट्रांसफार्मर के पास कूड़ादान लगा रखा है वहीं पर नगरपालिका कर्मी पूरे मोहल्ले का कूड़ा लाकर डाल देते हैं। इसके भर जाने के बाद कूड़ा बाहर गिर कर फैल जाता है। ऐसे में कूड़े में यदि आग लगी तो इसके ट्रांसफार्मर तक पहुंचने और बड़े नुकसान की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। नगर में करीब एक दर्जन से अधिक ट्रांसफार्मर के पास कूड़े का ढेर होने से विद्युतकर्मियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ट्रांसफार्मर खराब होने की दशा में विद्युत कर्मियों को फ्यूज बदलने एवं उसकी मरम्मत करने में काफी परेशानी होती है। अक्सर कूड़े की दुर्गंध कर्मियों के काम में बाधा बनती है। ट्रांसफार्मर जल जाता है तो उसे बदलने में वहां वाहन ले जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वाहन में ट्रांसफार्मर लोड करवाने के लिए पहले वहां से कूड़ा हटवाया जाता है तब उसकी मरम्मत हो पाती है।

# सवारियां ढो रहे मालवाहक वाहन

**नहीं किसी का डर**

**कानपुर हादसे के बाद भी नहीं जागा प्रशासन**

जनसंदेश न्यूज

**बारा।** गहमर कोतवाली क्षेत्र में मालवाहक वाहन खुलेआम नियमों को ताक पर रखकर सवारियां ढो रहे हैं। अतिरिक्त कमाई के लालच में यह वाहन यातायात नियमों को ठेंगा दिखा रहे हैं। संभागीय परिवहन विभाग नींद में है। पुलिस की तैनाती चौक - चौराहों पर होने के बावजूद भी ऐसे वाहनों पर लगाम नहीं कसी जा रही।

यूपी-बिहार को जोड़ने वाले नेशनल हाइवे 124 - सी पर आए दिन ऐसे मालवाहक वाहन गुजरते हैं, जिनमें सवारियां भरी होती हैं। इनमें ट्रैक्टर, कंटेनर, टाटा मैजिक आदि वाहन शामिल होते हैं। नेशनल हाइवे 124 - समेत क्षेत्र का एक भी ऐसा रूट नहीं, जिस पर सवारी वाहनों का संचालन बेहतर हो। अभी तक न तो यहां रोडवेज बस अड्डा बन सका और न ही नेशनल हाइवे 124 - सी पर रोडवेज बसों का संचालन होता है। ऐसे में मजबूरी जान की सुरक्षा पर भारी पड़ जा रही।

भदौरा बस स्टैंड तिराहा, गहमर कोतवाली गेट, बारा पुलिस चौकी, यूपी - बिहार सीमा पर पुलिस चेक पोस्ट पर पुलिसकर्मी तैनात होने के बावजूद ऐसे वाहनों पर रोक नहीं लग पा रही है। माल वाहक वाहनों में सवारियों को ले जाना पूर्ण प्रतिबंधित है।कानपुर में कुछ माह पूर्व ही ट्रैक्टर में सवारियां ले जाने के दौरान दुर्घटना हुई थी। इसमें करीब 26 लोगों की जान गई थी और नौ लोग घायल हो गए थे। नियम तोड़ने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। माल वाहक वाहनों के भी चालान किए जाते हैं। अभियान चलाकर आगे भी कार्रवाई की जाएगी।




नेशनल हाइवे 124 - सी के बारा बैरियर के पास से गुजरते ट्रैक्टर-ट्रॉली पर सवार।

## जनसंपादकीय

# कांग्रेस के 85वें अधिवेशन के मायने

**डॉ. ललित कुमार**



भारत के तीन राज्यों में होने वाले चुनावों (त्रिपुरा, मेघालय, और नागालैंड) से इतर जब हम देश के बाकी छह राज्यों के आगामी विधानसभा चुनावों पर अगर नजर दौड़ आते है, तो लगता है कि इन राज्यों में कांग्रेस और बीजेपी के बीच सीधा मुकाबला होने वाला हैं। छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और राजस्थान में कांग्रेस बीजेपी पर भारी पड़ सकती है। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में 24 फरवरी को तीन दिवसीय कांग्रेस के 85वें अधिवेशन का आगाज होने जा रहा है। इस अधिवेशन को लेकर कांग्रेस पार्टी जिस शतरंज की चाल के आसरे बीजेपी को घेरने में लगी है उसे यही कयास लगाए जा रहे है कि कांग्रेस पार्टी छत्तीसगढ़ में फिर से मजबूत पार्टी बनकर उभर सकती है। 'भारत जोड़ो यात्रा' के जरिए कांग्रेस ने अपनी धूमिल होती छवि को काफी हद तक साफ किया है, साथ ही राहुल गांधी के प्रति लोगों का नजरिया भी बदला है। जनता में कांग्रेस की रणनीति को लेकर अक्सर सवाल खड़े होते है कि आखिर कांग्रेस लगातार इतने अज्ञातवास में क्यों होती चली जा रही है और उसका जनाधार बीजेपी में क्यों शिफ्ट होता जा रहा है? इसकी को ध्यान में रखते हुए कांग्रेस पार्टी लगातार मंथन करने में लगी है। लेकिन 'भारत जोड़ो यात्रा' द्वारा मिले अपार जनसमर्थन से पार्टी का मनोबल बढ़ा है। इसलिए कांग्रेस का यह अधिवेशन कई मायनों में खास माना जा रहा है और वह भी ऐसे समय में जब पार्टी ने कन्याकुमारी से जम्मू तक की पैदल यात्रा करके देश को बड़ा संदेश देने का काम किया है। कांग्रेस पार्टी भारत के हर मजहब को एक साथ लेकर चलने वाली पार्टी रही है। राहुल गांधी 'भारत जोड़ो यात्रा' के बाद से एक नई भूमिका में नजर आ रहे हैं। सत्ता पक्ष पर करते तीखे हमलों की वजह से लगता है कि राहुल गांधी ने इस बार उन्हें काफी वर्कआउट किया है। यही कारण है कि राहुल गांधी की लोकप्रियता का ग्राफ धीरे-धीरे जनता के बीच बढ़ता जा रहा है। यानी इससे साफ होता है कि कांग्रेस फिर से अपने पैरों पर खड़े होने के लिए तैयार है और साथ ही एक नई भूमिका में नजर आ सकती है।

रायपुर में होने वाले कांग्रेस अधिवेशन को लेकर हर किसी की नजर इस पर टिकी हुई है कि कांग्रेस पार्टी इस बार छत्तीसगढ़ से देश को क्या संदेश देना चाहती है? इससे पहले भी कांग्रेस पार्टी ने रायपुर में 1960 के दशक में अधिवेशन किया था जो साइंस कॉलेज के खेल मैदान पर हुआ था और उस समय के तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू थे। उस समय छत्तीसगढ़ मध्यप्रदेश का हिस्सा हुआ करता था। देश का दक्षिण-पूर्वी भारत का यह क्षेत्र अधिक पिछड़ा क्षेत्र माना जाता था। लेकिन उस दौर में पंडित जवाहरलाल नेहरू ने भिलाई में सोवियत संघ की मदद से एशिया के सबसे बड़े इस्पात कारखाने की स्थापना (1955) की थी। जिसे आज एशिया का सबसे बड़ा रेल उत्पादन संयंत्र माना जाता है। इस प्लांट की स्थापना करके पंडित जवाहरलाल नेहरू ने दुनिया को यह संदेश दे दिया था कि कांग्रेस पार्टी आम जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए ही निर्णय लेती है। उस वक्त कांग्रेस ने कई बड़ी उपलब्धियों को हासिल किया। जिसमें देश के किसानों, बेरोजगारी युवाओं और मजदूरों के रोजगार के मुद्दों से जुड़े हितों को ध्यान में रखते हुए इस तरह के कारखानों की स्थापना करना कांग्रेस की बड़ी उपलब्धियों में शामिल है। इसका सबसे बड़ा प्रमाण यह था कि कांग्रेस लगातार गरीबों के हक की आवाज बनती चली गई लेकिन वर्तमान में अब परिस्थितियां बदल चुकी है।

'भारत जोड़ो यात्रा' के बाद कांग्रेस पार्टी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपने को और ज्यादा मजबूत करना चाहती है। रायपुर का कांग्रेस अधिवेशन कई मायनों में इसलिए भी खास होने वाला है कि पार्टी आगामी चुनावों की रणनीति को ध्यान में रखकर क्षेत्रीय दलों को एक साथ लेकर पार्टी को मजबूती देना चाहती है। इसलिए कांग्रेस बीजेपी के खिलाफ आगामी लोकसभा चुनाव से पहले मोर्चा संभालने की स्थिति में नजर आती हुई दिख रही है और इसी अधिवेशन के जरिए बीजेपी को अपनी ताकत का एहसास कराना चाहती है। अखिल भारतीय कांग्रेस परिषद (एआईसीसी) का मानना है कि इस अधिवेशन की थीम 'हाथ से हाथ जोड़ो' होगी जो भारत जोड़ो यात्रा की ही तरह होगी। कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता घर-घर हाथ जोड़कर जनता से पार्टी के हाथ को मजबूती दिलाने के लिए जनसमर्थन जुटाने की कोशिश करेंगे। अगर भारत जोड़ो यात्रा की तरह ही हाथ से हाथ जोड़ो अभियान सफल हो जाता है तो माना जा सकता है कि कांग्रेस को फिर से जीवनदान मिलने की उम्मीद है।

कांग्रेस पार्टी हमेशा से आपसी वैमनस्यता को साइडलाइन करके टूटे हुए समाज को फिर से जोड़कर राष्ट्र की उन्नति के लिए दुनिया को आपसी भाईचारे के संदेश देना चाहती है। कांग्रेस पार्टी के महासचिव केसी वेणुगोपाल का मानना है कि यह अधिवेशन कांग्रेस में एक नई जान डालने का काम करेगा साथ ही 2024 के लिए एक मील का पत्थर साबित हो सकता है, जिससे कांग्रेस को मजबूती मिलेगी और विपक्षी दलों के एक साथ आने से पार्टी को मजबूती मिल सकती है। इसलिए इसी अधिवेशन में काफी विचार मंथन होगा। छत्तीसगढ़ में नफरती ताकतों को रोकने के लिए कांग्रेस पार्टी अलर्ट मोड़ पर आने के लिए तैयार हैं। क्योंकि छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और राजस्थान में नौ महीने बाद चुनाव होने है। इसी के मद्देनजर कांग्रेस पार्टी इन राज्यों को ध्यान में रखते हुए एक गेम चेंजर की भूमिका में आ सकती है।

**(लेखक श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, भिलाई में पत्रकारिता के सहायक प्रोफेसर हैं)**

# राजनीति और धर्म का घालमेल

**निर्मल रानी**



मध्य प्रदेश के कुबेरेश्वर धाम में पिछले दिनों आयोजित हुये 'रुद्राक्ष महोत्सव' में भगदड़ मच गयी। परिणाम स्वरूप कई लोग अपनी जान गंवा बैठे,सैकड़ों घायल हुये तो अनेक लापता हो गये। कुबेरेश्वर धाम में 7 दिन तक चलने वाले इसी रुद्राक्ष महोत्सव में भगदड़ के ही समय प्रसिद्ध कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा भी चल रही थी जिसमें लाखों लोग शिरकत कर रहे थे। बताया जा रहा है कि पांच दिन में 30 लाख श्रद्धालुओं को रुद्राक्ष बांटने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। अर्थात प्रतिदिन 6 लाख लोगों को रुद्राक्ष वितरित किया जाना तय था। उसके बावजूद आयोजकों का यह कहना कि उम्मीद से अधिक भीड़ आ गयी,यह समझ से परे है। जिस 'चमत्कारी रुद्राक्ष' के लिये प्रत्येक वर्ष लाखों लोग इकठ्ठा होते हैं,इस के बारे में आश्रम की ओर से यह प्रचार किया जाता है कि इस चमत्कारी रुद्राक्ष को पानी में डालने के बाद उस पानी को पी जाने से लोगों की हर परेशानी दूर हो जाती है। कहा जाता है कि इससे सारे कष्ट का निवारण होता है। कुबेरेश्वर धाम में 'रुद्राक्ष महोत्सव' के अंतर्गत चलने वाली इसी कथा के छठवें दिन भक्तों का गोया सैलाब उमड़ पड़ा था। हजारों वाहन एक साथ कुबेरेश्वर धाम पहुंच गए थे। इन वाहनों के लिए 70 एकड़ में में पांच अलग अलग स्थानों पर पार्किंग बनाई गई थी जोकि पहले ही दिन भर चुकी थी। पूरे सीहोर शहर में कथा में शामिल होने आये भक्त ही भक्त नजर आ रहे थे। पचास किलोमीटर के क्षेत्र में जाम की स्थिति थी। जाम में फंसे होने के कारण हजारों रेल व विमान यात्रियों की यात्रायें छूट गयीं तो कई एम्बुलेंस भी जाम में फँसी रहीं। बच्चों की परीक्षायें छूटीं तो हजारों लोग जीवन यापन हेतु अपने गंतव्य तक नहीं पहुँच सके। भगदड़ के समय अनियंत्रित भीड़ रेलिंग कूद कूद कर अपनी जानें बचाती नजर आयी। जबकि स्वयं पुलिस एसपी रैलिंग कूद कर भागते व स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश करते दिखाई दिये। भूखे प्यासे लोग अपना पेट भरने के लिये कथास्थल के आस पास के चने के खेतों में घुसकर चने के पौधे तोड़ उन्हें खाने को मजबूर थे। कुल मिलाकर कथास्थल के आस पास के बड़े इलाके में चारों ओर घोर दुर्व्यवस्था का दृश्य दिखाई दे रहा था। ठीक इसी समय जब कि लोग भगदड़ से परेशान रोते बिलखते और घायलावस्था में इधर उधर भाग रहे थे उसी समय पंडित प्रदीप मिश्रा का प्रवचन निरंतर जारी थी। चश्मदीद भक्तों व श्रद्धालुओं के ही अनुसार पंडित जी ने इतनी भयानक भगदड़ शोर शराबा और चीख पुकार के बावजूद न ही अपना कथा सिंहासन छोड़ा न ही पीड़ितों के लिये सान्तवना के कुछ शब्द कहे। बल्कि कथा जारी रखते हुये पीड़ित श्रद्धालुओं के घावों पर यह कहते हुये नमक जरूर छिड़का कि-'मौत आनी है तो आयेगी ही'।

इस समय देश के कई प्रमुख तथाकथित संत अपने दुष्कर्मों व जघन्य अपराधों की सजा काट रहे हैं। ऐसे कई सजायाफ़्ता 'धर्मगुरुओं ' को भी सत्ता संरक्षण प्राप्त रहा है और अभी भी है। भले ही वे अपराधी क्यों न हों परन्तु इनके समर्थकों का एक बड़ा वोटबैंक इनके साथ है। इसी वोट बैंक की लालच दिखाकर इसतरह के शातिर 'धर्मगुरु ' इसका लाभ किसी न किसी रूप में उठाते रहते हैं। ऐसे में सवाल यह उठता है कि क्या श्रद्धालुओं और आस्थावानों की भक्ति भावना व उनकी आस्था व विश्वास का लाभ उठाकर उन्हें वोट बैंक के रूप में किसी भी राजनैतिक दल विशेष या किसी राजनेता को 'परोसना ' या सीधे तौर पर किसी दल के पक्ष में वोट देने के लिये बाकायदा अपील जारी करना आखिर कितना मुनासिब है ? क्या प्रवचनकर्ता,मौलवी,इमाम, मौलाना,पादरी या किसी भी धर्म के धर्मगुरुओं का अब यही काम रह गया है वे अपने भोले भले अनुयायियों को आध्यात्मिक ज्ञान देने के बजाये इसी बहाने उनका राजनैतिक लाभ उठायें ?

**(लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

# खतरनाक करवट लेता यूक्रेन युद्ध

*तमाम खतरे उठाकर अमरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन का कीव पहुंचना बहुत ही खतरनाक और जोखिम भरा दुस्साहस था। इससे रूस की भृकुटि तन गयी है। अब युद्ध जल्द रुकने वाला नहीं और इससे भी इंकार नहीं कि कब तीसरे विश्व युद्ध में बदल जाए? अब सबकी निगाहें चीन पर हैं जो देर-सबेर खुलकर रूस के साथ दिखेगा। ऐसे में भारत, पाकिस्तान और दूसरे एशियाई देशों पर दुनिया की निगाहें हैं।*

## खतरनाक भविष्य का संकेत

**ऋतुपर्ण दवे**



अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के मिशन सीक्रेट का खुलासा होने और रूस द्वारा युद्ध कभी न जीत पाने की चुनौती से यूक्रेन संकट जल्द खत्म होता नहीं दिखता। तीसरे विश्व युद्ध की ओर बढ़ती लड़ाई अब और बड़ी होगी। कभी जिस युद्ध को हफ्ते-पन्द्रह दिन में खत्म होने की बातें थी उसे अब साल पूरा रहा है। ऊपर से अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन का रात के अंधेरे में पहले हवाई सफर फिर 10 घण्टे की उबाऊ ट्रेन यात्रा कर यूक्रेन की राजधानी कीव पहुंचना ही दुनिया के लिए हैरानी भरा है। बिना सूचना, चुनिंदा भरोसेमंद पत्रकारों को साथ लेकर गोपनीय तौर पर रात में निकले बाइडेन की जोखिम भरी यात्रा अब दुनिया के लिए बहुत बड़ी जोखिम की शुरूआत लग रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति का उस जगह होना जहां कभी भी रूस मिसाइलों का अटैक हो सकता है। उससे भी बड़ा यह कि यूक्रेनी हवाई आक्रमण का न तो अमेरिकी फौज के पास नियंत्रण है और न ही खुद यूक्रेन के पास, बड़ा इशारा है। इन हालातों में एक ताकतवर देश के राष्ट्रपति का युध्द विभीषिका से गुजर रहे देश की राजधानी यूं चुपचाप पहुंचना बड़े संकेतों से कम नहीं है। बाइडेन का यह बयान भी बेहद मायने रखता है जिसमें वो लोकतंत्र, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की दुहाई खातिर अपनी अटूट प्रतिबद्धता जताने कीव पहुंचना बताते हैं।

बाइडेन के जाते ही सभी की निगाहें रूस पर आ टिकीं कि पुतिन का क्या जवाब होगा? बिना देरी किए पुतिन ने भी मंगलवार को अमेरिका को काफी भला बुरा कहा। यूक्रेन में भी सीरिया-ईराक जैसा खेल कराने की बात कहते हुए पश्चिमी देशों का रूस की संस्कृति पर हमला बताया। वहीं बाइडेन लौटते हुए पोलैण्ड से ही रूस पर जुबानी जंग तेज करते हुए कहने से नहीं चूके कि हर हालत में हम यूक्रेन को साथ देंगे। उन्होंने कहा कि नाटो देश न केवल एकजुट हैं बल्कि पुतिन की हरकतों से फिनलैंड और स्वीडन को नाटों में शामिल होने की प्रेरणा मिली। यूक्रेन को रूस ने न केवल कमजोर समझा बल्कि यह झूठी धारणा भी बना ली कि पश्चिमी देश एकजुट नहीं है। अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन और यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के साझा बयान से युद्ध को एक नए अंजाम पर पहुंचाने की संभावनाओं को बल मिलता है। अमेरिका-यूक्रेन इसे रिश्तों का ऐतिहासिक पड़ाव भी बताते हैं और नतीजा युध्द के मैदान पर दिखाने का दम भी भरते हैं। बाइडेन की जोखिम भरी यात्रा पूरी होने के बाद दुनिया को पता चलना बहुत बड़ी सामरिक रणनीति और युद्ध और भड़काने जैसा ही है। भले ही इस औचक दौरे से रूस चिढ़े, चीन की आँखें तने और प्रतिक्रियाएं भी दिखे लेकिन तीसरे विश्व युध्द सरीखे बड़े युध्द से इंकार की गुंजाइश नहीं दिखती।

रूसी राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन का कहना है कि लगातार नाजी खतरों के चलते वहां के लोगों के खातिर यूक्रेन में खास कार्रवाई कर रहा है। बड़ी चतुराई से भारत का नाम लेकर पुतिन ने दोस्ती का बिना कहे दम भी भरा बल्कि ईरान, चीन, पाकिस्तान जैसे देशों से आर्थिक संबंधो बढ़ाने के लिए नॉर्थ-साउथ कॉरिडोर विकसित कर हिन्द-प्रशान्त क्षेत्र पर जोर दिया। पुतिन ने अमरीका और सहयोगियों पर बुनियादी समझौते से हटने और झूठे बयानों का आरोप लगाते हुए पश्चिम को ही युध्द अपराधी बताते हुए खुद की सेना को युद्ध रोकने के खातिर झोंकना बता कर साफ कर दिया कि जल्द युद्ध की समाप्ति अब असंभव है। पुतिन ने परमाणु संधि को भी निलंबित करने की घोषणा कर दो टूक जवाब दिया कि यदि अमरीका परमाणु हथियारों को परीक्षण करेगा तो वह चुप नहीं बैठेगा। इसके बाद अमेरिका-रूस के बीच 2010 में हुई संधि जो 2021 में 5 साल और बढ़ाई गई थी बेमायने हो गई। मतलब साफ है कि घातक और नए दौर के उन्नत तथा दूर तक मार करने वाले हथियारों के उपयोग से युद्ध नए मोड़ पर होगा। बाइडेन का बतौर राष्ट्रपति यूक्रेन का यह भले ही पहला और चौंकाने वाला दौरा हो लेकिन यह नहीं भूलना चाहिए कि उप-राष्ट्रपति रहते हुए पहले भी 6 बार यूक्रेन हो आए हैं। अब युद्ध जल्द रुकने वाला नहीं और इससे भी इंकार नहीं कि कब तीसरे विश्व युद्ध में बदल जाए? अब सबकी निगाहें चीन पर हैं जो देर-सबेर खुलकर रूस के साथ दिखेगा। ऐसे में भारत, पाकिस्तान और दूसरे एशियाई देशों पर दुनिया की निगाहें हैं।

आँकड़े बड़े नुकसान का इशारा कर रहे हैं। साल 2022 के अंत तक दोनों तरफ से 1.90 लाख से ज्यादा सैनिकों की मौतें और लगभग 1 लाख से ज्यादा का घायल होना तथा करीब 10 हजार स्थानीय नागरिकों के मारे जाने की भी सुर्खियां रहीं। साथ ही 1.5 करोड़ यूक्रेनी लोगों का जिन्दगी की जंग खातिर जद्दोजेहद, लाखों का प्रभावित होना तथा पलायन करना और करीब 75 लाख से अधिक का मजबूरन विस्थापित होना बड़ी हकीकत है। यूक्रेन के कई शहर और करीब 18 प्रतिशत जमीन पर रूसी कब्जे के बीच बाइडेन की कीव में मौजूदगी से कोई शांति की उम्मीद करना पूरी तरह से बेमानी है। ये युद्ध भले ही दो देशों के बीच वर्चस्व के लिए हो रहा है लेकिन भुगतना तो पूरी दुनिया को पड़ रहा है। इसका असर भी दिखने लगा है। भोजन और तेल की कीमतों में पूरी दुनिया में दो देशों की लड़ाई से जबरदस्त उछाल आया। दो महीने पुराने आंकड़ों को देखें तो ये समझ आता है कि पूरी दुनिया करीब 4 से 5 ट्रिलियन डॉलर यानी 340 से 350 लाख करोड़ रुपए की चोट खा चुकी है। अनुमानतः खुद यूक्रेन के 8 लाख करोड़ तो रूस के 8 हजार अरब रुपए फुंक चुके हैं। वहीं अमेरिका और यूरोपियन देश भी इसमें तकरीबन 12520 अरब रुपए स्वाहा कर चुके हैं। सबसे बड़ी मार आम आदमी पर पड़ी जिसके लिए भोजन और ईंधन जुटाना बहुत मंहगा हो गया। बेरोजगारी, बाधित मांग-आपूर्ति श्रंखला और स्वास्थ्य को शामिल कर लें तो आंकड़ा 24 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच सकता है। युद्ध से हुई उन मौत जोड़ दें जिनकी औसत उम्र 30 साल थी और जो 30 तक अपने-अपने देश की अर्थव्यवस्था में मदद करते तो आंकड़ा 144 लाख करोड़ रुपए के पार जा पहुंचता है यानी कुल मिलाकर पूरी दुनिया में युद्ध से नुकसान ही नुकसान दिखा। लेकिन बड़ी हकीकत यही कि फिर भी दुनिया तीसरे विश्वयुद्ध के मुहाने पर है इससे इंकार नहीं किया जा सकता है।

**(लेखक स्वतंत्र पत्रकार और स्तंभकार हैं।)**

## अंतर्विरोधी हरकतों का नतीजा

**रमेश ठाकुर**



आज पूरा एक वर्ष हो गया, रूस-यूक्रेन के युद्ध को चलते हुए। युद्ध किसी समस्या को सुलझाने का विकल्प नहीं हो सकता? ये ऐसी हनन और जिद है जो सिर्फ बबार्दी और तबाही देती है। वैश्विक व्यवस्था, अर्थव्यवस्था, आपसी संबंधों और आर्थिक मोर्चे को रूस-यूक्रेन के जंग ने बबार्दी की गहरी खाई में कितना नीचे धकेल दिया है, जिसकी फिलहाल कोई कल्पना भी नहीं कर सकता। नुकसान की समीक्षा होगी, लेकिन युद्ध रुकने के बाद। पर, जंग के दुष्परिणामों को समूची दुनिया ने अभी झेलना शुरू कर दिया है। युद्ध रूकवाने को कई मुल्कों ने ईमानदारी से प्रयास किए, जिनमें भारत ने पहले दिन से अग्रणी भूमिका निभाई। लेकिन सभी कोशिशें असफल हुईं, इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जितनी भी विदेशी यात्राएं हुईं, वहां भी उन्होंने इस मसले को प्रमुखता से उठाया। दरअसल, युद्ध की समकालीन तासीर कल्पनाओं से अलहदा हैं। कुछ ऐसे कारण हैं जिनमें कई मुल्कां को सामुहिक प्रयास करने होंगे? तभी बात बन सकती है। वरना, स्थिति और बिगड़ेगी।

पिछले वर्ष जब रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू हुआ, तो रूसी सरकार का पहला अधिकारिक बयान आया कि अगले 24 घंटे में वो यूक्रेन को हरा देंगे? लेकिन साल बीत गया, पर दोनों मुल्कों के बीच जारी जंग एक दिन भी नहीं रुकी? रुकेगी भी या नहीं, इसकी भी कोई संभावना फिलहाल दिखती नजर नहीं आती? दरअसल, इस लड़ाई को रूस ने नाक की लड़ाई बना लिया है। उन्हें डर है कि कहीं उनकी हनक, आर्थिक मोर्चे पर मुल्क का प्रभाव, साथ ही समूचे संसार में बढ़ती उनकी ताकत कम ना हो जाए? खुदा ना खास्ता अगर ऐसा हुआ तो विश्व बिरादरी में नाक कट जाएगी कि एक छोटे से मुल्क को नहीं हरा पाए और हार मान ली। इसलिए रूस को बबार्द होना गवारा है, पर हारना नहीं? युद्व अगर यूं ही चलता रहा है तो रूस की यही जिद उन्हें कहीं की नहीं छोड़ेगी, तबाही कर देगी। जारी जंग में दोनों मुल्कां में ना कोई झुकने को राजी है और ना हार मानने को? इसलिए तत्कालिक तस्वीरें कुछ ऐसी ही दिखती हैं कि जंग फिलहाल किसी नतीजे पर पहुंचती नहीं दिखती। अमेरिकी राष्ट्रपति का दौरा भी पिछले सप्ताह यूक्रेन में हुआ, तब उम्मीद जगी कि वो मध्यस्ता करके युद्व को रूकवाएंगे, लेकिन वो यूक्रेन की पीठ थपथपाकर यह कहते हुए चले गए कि अमेरिका तुम्हारे साथ है, लड़ो हम साथ है, जितने भी सैन्य हथियारों की जरूरत होगी, अमेरिका मुहैया कराएंगा। जंग रूकवाने में यूक्रेन को अगर अब भी किसी देश से उम्मीद है तो वह हिंदुस्तान ही है। तभी, यूक्रेनी राष्ट्रपति के संसदीय प्रमुख एंड्री यरमक ने हमारे एनएसए प्रमुख अजीत डोभाल को हाल ही में फोन करके युद्व रूकवाने की मदद मांगी। इससे पहले भी पिछले वर्ष अगस्त में यूक्रेनी राष्ट्रपति ने सीधे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन करके मध्यस्थता के लिए कहा था। तब उन्होंने ये बात रूसी राष्ट्रपति के समझ रखी थी। पर, बात नहीं बनी, युद्ध को एक साल बीत गया है लेकिन प्रयास अब भी जारी हैं। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को उम्मीद थी कि यूक्रेन पर हमले से पश्चिमी संसार बंट जाएगा और नाटो कमजोर पड़ेगा, वैसा हुआ कतई नहीं? पर, तत्काल नतीजे उनके सोच से विपरीत दिख रहे हैं। परिणाम कुछ ऐसे दिखते हैं युद्व के बाद पश्चिमी देशों का गठजोड़ और मजबूत हुआ है।

युद्ध के बाद रूस चौतरफा घिरा है, दुनिया का एक तिहाई हिस्सा उनसे अलग हो चुका है। 27 देशों वाले यूरोपीय संघ ने सख्त प्रतिबंध लगा दिए हैं। जबकि, वो सभी मिलकर यूक्रेन को अनगिनत धन की मदद भेज रहे हैं। इसके अलावा नाटो सदस्य मुल्क लगातार हथियार मुहैया करा रहे हैं। इसलिए ये युद्व अभी लंबा खिंचेगा। यूक्रेन के सहयोग में अमेरिका अब खुलकर सामने आ गया है। उनकी भूमिका थोड़ी सी अब संदिग्ध दिखती हैं, जबकि अगर ईमानदारी से पहल करता तो युद्व रूक भी सकता था। अमेरिका की पहचान से दुनिया वाकिफ है। फिलहाल, साल भी से जारी रूस-यूक्रेन युद्व ने निश्चित रूप से अर्थव्यवस्थाओं के स्वरूप को बदला है। समूची दुनिया में युद्व ने आर्थिक मोर्चे पर बड़ा प्रभाव डाला है। युद्ध से पूर्व तमाम यूरोपीय संघीय देशों का प्राकृतिक गैस का आधा हिस्सा और पेट्रोलियम का एक तिहाई हिस्सा रूस पर ही निर्भर हुआ करता था। लेकिन वर्ष भर में युद्ध ने स्थिति को एकदम बदल दिया है। स्थिति अब कुछ ऐसी बनती जा रही है जिससे पश्चिमी देश अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए नए विकल्प तलाशने में लग गए हैं।

रूस-यूक्रेन युद्व से वैश्विक स्तर पर अनिश्चितता का दौर भी शुरू हो गया है। जंग से ना फिर्स आम यूक्रेनी नागरिक प्रभावित हो रहे हैं, बल्कि अन्य देश भी इसकी चपेट में आ चुके हैं। यूक्रेन में भारत से असंख्य मात्रा में छात्र मेडिकल की पढ़ाई के लिए जाते थे। जंग के बाद उनकी पढ़ाई भी अधर में अटक गई। अब, रूस ने परमाणु युद्ध की धमकी दी है, अगर ऐसा हुआ तो समूचे विश्व में शीत युद्ध जैसी स्थिति पैदा हो जाएगी। आज के समय में परमाणु हमले के संबंध में सेचना भी घोर चिंता का विषय है। सरकारी आंकड़े बताते हैं सामान्य युद्व से ही सिर्फ यूक्रेन में 19,000 से ज्यादा लोग अपनी जान गंवा चुके हैं, करोड़ों की संख्या में बेघर हुए हैं। कमोबेश, ऐसा ही आंकड़ा रूस का भी है। वहां भी भुखमरी जैसे हालात पैदा हुए हैं। शिक्षा पूरी तरह से प्रभावित है। सरकारी कार्यालयों में ताले लटके हैं।

बहरहाल, युद्ध के बाद रूस के अंदरूनी हालात ज्यादा अच्छे नहीं हैं। बेरोजगारी और महंगाई की समस्या दिनों दिन बढ़ रही है। इसका प्रमुख कारण उन पर लगा आर्थिक प्रतिबंध है। ज्यादातर मुल्कों ने रूस के साथ आयात-निर्यात करना बंद कर दिया है। सिर्फ भारत एक ऐसा देश है जो राजी रखे हुए है। रूस ने अंतरराष्ट्रीय दाम से बेहद कम कीमत पर कच्चा तेल बेचने का ऑफर हिंदुस्तान को दिया हुआ है। भारत ने उसे स्वीकारा भी है। यही वजह है कि उनकी अर्थव्यवस्था का एक मात्र सहारा इस वक्त भारत है। रूस सस्ते दाम में कच्चा तेल भारत को दे रहा है। बीते दस महीनों से हिंदुस्तान की तेल कंपनियां सस्ते दामों पर वहां से कच्चा तेल खरीद रही हैं। इससे भारत को जबरदस्त मुनाफा हो रहा है। क्योंकि एक वक्त ऐसा था, जब भारत कच्चे तेल खरीदने में सऊदी अरब, इराक व दूसरे खाड़ी देशों पर निर्भर रहता था। मौजूदा वक्त में रूस हमारा सबसे बड़ा ऑयल ट्रेडिंग पार्टनर है, कच्चे तेल की कुल हिस्सेदारी 26 फीसदी है। लेकिन फिर भी भारत युद्व का पक्षधर नहीं है, चाहता है ये जंग बिना देर करे रूके, लेकिन ऐसा होगा, उसकी तस्वीर फिलहाल नहीं दिखती। अमेरिका इस युद्व की आड़ में रूस को कमजोर करना चाहता है।

**( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

# बौद्धधर्म: मानवता का विशाल आंदोलन

**प्रसंगवश**

**शैलेन्द्र प्रताप सिंह**



बुद्ध का मार्ग विशाल मानवता का मार्ग था, जिस पर चलते हुए उन्होंने जातिप्रथा को चुनौती देकर इस देश में एक महान आंदोलन का सूत्रपात किया और चारों वर्णों तथा स्त्रियों को धर्म का समान अधिकार दे दिया। यह ब्राह्मणधर्म के खिलाफ सबसे बड़ी बगावत थी और बौद्धों का ब्राह्मणों ने जो भी विरोध किया, यह इसी विद्रोह के कारण किया। बौद्धधर्म की एक बड़ी विशेषता यह रही कि उसने जातिप्रथा के खिलाफ हथियार कभी नहीं डाले। यही कारण है कि महायान बिगड़कर जब मंत्रयान एवं वज्रयान बनने लगा, तब भी जातिवाद के खिलाफ उसकी कार्यवाही जारी रही। बौद्धधर्म ने जातिवाद का डटकर विरोध किया इसी से मध्यकाल में जाकर निर्गुण मत का प्रचार करनेवाले संतों को यह कहने का साहस हुआ कि वे जातिप्रथा को नहीं मानते। निगुनियां संत बहुत-सी बातों में बुद्ध की परंपरा में हैं। उनका वैराग्य, उनकी निवृत्तिवादिता, उनका फक्कड़पन, सभी जातियों को बराबर मानने का आग्रह तथा यह विश्वास कि देवता मंदिर में नहीं, मनुष्य के हृदय में हैं, ये सारी-की सारी बातें बौद्धधर्म से निकली हैं। अगर बुद्ध नहीं हुए होते तो इस देश में दादू व कबीर तथा नानक व हरिदास निरंजनी में से कोई नहीं हुआ होता। इस देश में विशाल मानवता का आंदोलन बुद्ध का ही चलाया हुआ है और तब से आज तक बराबर चलता आ रहा है। उनका यह आंदोलन क्रांतिकारी सिद्ध हुआ।

बुद्ध के समय से भारत में चिंतन की दो धाराएं बहती आ रही हैं। एक वर्णाश्रम धर्म की धारा है, जिसके ऋषि मनु, वसिष्ठ एवं याज्ञवल्क्य, दार्शनिक शंकराचार्य तथा कवि तुलसीदास हैं। दूसरी धारा मूल संस्कृति के विरुद्ध विद्रोह करने के लिए फूटी थी। इस धारा के ऋषि विश्वामित्र व बुद्ध, दार्शनिक वसुबंधु व नागार्जुन कवि सरहपा, नन्हपा, कबीर, नानक, दादू व मलूकदास हैं। यह धारा जाति, वंश एवं गोत्र में विश्वास नहीं करती वरन्‌ धीरे-धीरे सभी धर्मों में एकता लाकर मनुष्य मनुष्य को एक बनाना चाहती है। मध्यकालीनता के संस्कार छीजते गए हैं और आधुनिकता का वृत्त फैलता गया है। संसार आज भी जनक, बुद्ध. अशोक व गांधी की वंदना करता है। जवाहरलाल संसार को इसलिए प्यारे नहीं हैं कि वे दरिद्र, अशिक्षित, आलसी व असमर्थ देश के नेता हैं बल्कि इसलिए कि वे बुद्ध, अशोक व गांधी के उत्तराधिकारी बनकर खड़े हुए। भारतवर्ष के लंबे इतिहास में जब भी कोई अद्भुत धार्मिक चिंतन किया गया, जनता ने उसे प्रसन्नता से स्वीकार कर लिया। आय तथा अनार्यों (द्रविड़ों) के मिलन के बाद भी अनेक जातियां इस देश में आई और उन सबने हमारी संस्कृति को कुछ-न-कुछ अंशदान दिया। बुद्ध एवं महावीर के नेतृत्व में प्रव धार्मिक क्रांति की पूरी छाप हमारे धर्म व संस्कृति पर मौजूद है। यहां के ने संस्कृति का ऐसा लचीला रूप पसंद किया, जो प्रत्येक नई संस्कृति से लिपटकर उसे अपनी बना सके।

भारतीय संस्कृति महासमुद्र के समान है, जिसमें अनेक नदियां आ आकर विलीन होती रही हैं। जवाहरलाल नेहरू ने लिखा हैःर ईरानी और यूनानी लोग, पार्थियन सोचियन और हून लागू, मुसलमानों से पहले आनेवाले और ईसा की आरंभिक आनेवाले ईसाई, यहूदी और पारसी लोग ये सब एक-के-बाद-एक भारत में आप और उनके आने से समाज ने हल्के कंपन का भी अनुभव किया, मगर अंत में वे सब भारतीय संस्कृति के महासमुद्र में विलीन हो गए। उनका कहीं कोई अलग अस्तित्व नहीं बचा।र मिस्टर जोड़ ने भारत की इस अपूर्व क्षमता की जो प्रशंसा की है, वह इसलिए कि संसार के सामने आज जो सबसे बड़ा सवाल पेश है, वह यह कि दुनिया की अनेक जातियों, अनेक वादों एवं विचारों तथा अनेक संस्कृतियों के बीच समन्वय स्थापित करके हम विश्व-संस्कृति का निर्माण कैसे कर सकते हैं। मिस्टर जोड ने भारत को इस योग्यता को विश्व-मानवता के लिए सबसे बड़ा वरदान कहा है। इसी प्रकार बीसवीं सदी के अद्भुत चिंतक एवं विश्व मानवता के अपूर्व उपासक स्वर्गीय रोम्यां रोलां ने लिखा है कि अगर इस धरती पर कोई ऐसी जगह है, जहां सभ्यता के आरंभिक दिनों से ही मनुष्यों के सारे सपने आश्रय व शरण पाते रहे हैं, तो वह जगह हिंदुस्तान है।

यूरोप के प्रसिद्ध विचारक नीत्शे ने ईश्वर की मृत्यु की घोषणा करके यह भी कहा कि ईश्वर की मृत्यु बड़ी घटना है। आदमी इस घटना की बराबरी तभी कर सकता है जब वह खुद ईश्वर बन जाए। इस जर्मन दार्शनिक के बाद फ्रेंच उपन्यासकार अलबेयर कामू ने कहा, रनए आदमी का असली दर्द यह सवाल है कि ईश्वर को माने बिना वह संत हो सकता है या नहीं।र भारत की परंपरा के पास इसका जवाब है। बुद्ध संत थे, मगर ईश्वर को स्वीकार नहीं करते थे। जैन-धर्म के अनुसार ईश्वरत्व मनुष्य के विकास की उच्चतम कल्पना का नाम है। महर्षि रमण ने भी बुद्ध की तरह कई बार कहा था कि ईश्वर देखने या जानने की वस्तु नहीं है। जानना तो केवल यह है कि 'मैं कौन हूं'।

पहले जब राम या कृष्ण के चरित्र लिखे जाते थे, तब उन्हें धर्म-संस्थापक व दुष्कृति-विनाशक ईश्वरावतार के रूप में चित्रित किया जाता था। यह विज्ञान का प्रभाव है कि अब वे समाज सुधारक, लोक आराधक अथवा संशयग्रस्त मनुष्य के रूप में दिखाए जाते हैं। खगोलविदों की नई खोजों से मनुष्य की यह कल्पना नष्ट हो गई कि पृथ्वी सृष्टि का केंद्र है और ईश्वर की योजना में उसका कोई खास स्थान है।

बौद्धधर्म का राजनीतिक महत्व सबसे अधिक उसके शांति-संबंधी निष्कर्ष में है। शांति का तात्पर्य अस्थिर राजनीति का संतुलन नहीं है, वह एक मानसिक अवस्था मात्र है, जो वैर की भावनाओं से रहित और उस निर्वैयक्तिक व सार्वजनिक प्रेम से परिपूर्ण है, जिसे बौद्ध परिभाषा में मैत्री कहते हैं। बौद्धधर्म मन में शांति का संचार करके उसका बाहर प्रसारण करना चाहता है। इस प्रकार उसका काम अंदर से शुरू होकर बाहर फैलता है। उसके पास मैत्री का ही सबसे बड़ा बल है, जो तटस्थ है और संपूर्ण विश्व को अपने में समेटे हुए है।

अशोक की धर्म-विजय का सिद्धांत स्वीकार करने के पश्चात भारत के लिए यह स्वाभाविक था कि वह किसी शक्ति-गुट में सम्मिलित न हो, क्योंकि उसका किसी देश या समूह के प्रति विरोध-भाव नहीं है। भारत की तटस्थता की नीति वस्तुतः मैत्री को निर्वैयक्तिक, सार्वभौम एवं निरपेक्ष शक्ति की ही प्रतीक है, जो धीरे-धीरे विश्व में अपना प्रकाश फैला रही है।

भविष्यवाणी करना एक दुस्साहस का काम है, फिर भी यह सोचा जा सकता है कि भविष्य में बौद्धधर्म शताब्दियों तक संस्कृति एवं शांति के साथ हाथ मिलाकर चलेगा। जहां तक निकट भविष्य का संबंध है, उसका अधिक पुनरुज्जीवन एशिया के देशों तथा अन्य अ- बौद्ध देशों में होगा और उसके परिणामस्वरूप आगे चलकर विश्व में एक महान सांस्कृतिक नवजागरण होगा।

आधुनिक विश्व का एक-तिहाई भाग बौद्ध है। यह बौद्धधर्म का कुछ कम बड़ा काम नहीं है। तिब्बत, मंचूरिया तथा मंगोलिया सहित चीन, कोरिया, जापान, हिंदचीन, स्यामः (थाईलैंड), वर्मा तथा श्रीलंका तमाम देश बौद्ध हैं। यद्यपि मलाया व इंडोनेशिया बौद्ध देश नहीं माने जा सकते, फिर भी बौद्धों की संख्या वहां नगण्य नहीं है। मध्यपूर्व में मुस्लिम देशों तथा रूस को छोड़कर प्रायः संपूर्ण एशिया बौद्ध है।

यद्यपि बौद्धधर्म का उदय भारत में हुआ, किंतु आज वह यहां अधिक दृष्टिगोचर नहीं होता। इसका अर्थ यह नहीं कि भारत में बौद्धधर्म के माननेवाले बिल्कुल नहीं हैं। इस देश के पूर्वी भाग तथा असम में बौद्धधर्म आज भी विद्यमान है। राजपूताना के कुछ भागों तथा नैनीताल व दार्जिलिंग के जिलों में भी यह विद्यमान है। उड़ीसा में बौद्धों की संख्या काफी है और सिक्किम तथा भूटान तो पूर्णरूप से बौद्ध हैं ही। नेपाल यद्यपि राजनीतिक दृष्टि से भारत से अलग है, परंतु सांस्कृतिक दृष्टि से वह भारतीय संस्कृति की प्रभाव परिधि में ही है। नेपाल की आधी जनसंख्या बौद्धधर्म को माननेवाली है।

बौद्धधर्म के संदेश ने आधुनिक जगत में विशेष महत्व प्राप्त कर लिया है। संयुक्त राष्ट्र संघ जिस शांति की बात करता है, उससे यह सूचना मिलती है कि संपूर्ण विश्व आज उन विश्वासों की ओर लौट रहा है, जो बौद्धधर्म में मूर्तिमान हैं। आज दुनिया के तमाम लोग बुद्ध का आदर यह समझकर करते हैं कि वे मानवतावाद के प्राचीनतम प्रवर्तकों में से हैं। जो लोग यह मानते हैं कि जीवन के अंतिम सत्य को नहीं जाना जा सकता, वे भी बुद्ध की दुहाई देते हैं और जिनका यह विश्वास है कि अंतिम सत्य जैसी कोई चीज नहीं है, वे भी उन्हीं का नाम लेते हैं। सन्‌ 1938 में मिस हार्नर नाम की एक लेखिका ने अपनी पुस्तक बुक ऑफ डिसिप्लिन में यह प्रमाणित किया था कि बौद्धधर्म के मौलिक रूप का अध्ययन अभी अपने बचपन में है। जितनी बातें संसार के सामने आ चुकी हैं, उन्हें देखते हुए यह अवश्य कहा जा सकता है कि संसार के सभी धार्मिक नेताओं में से एकमात्र बुद्ध ऐसे हैं, जिन्होंने अत्यंत प्राचीन काल में भी बुद्धिवाद पर मनुष्य की आस्था जमाने का प्रयास किया; मन को भरमानेवाली दार्शनिक कल्पनाओं को व्यर्थ ठहराया और ईश्वरविहीन धर्म की स्थापना करके मनुष्य को यह संदेश दिया कि जो बातें बुद्धि में नहीं आतीं, उन्हें मानने से इनकार करके भी हम धार्मिक बने रह सकते हैं। बुद्ध जैसे महान क्रांतिकारी को आज हम इसीलिए नमन कर सकते हैं।

**(बुद्ध के बढ़ते कदम कविता से साभार)**

**व्यंग्य**



## ईडी की दस्तक से ऊँचा हुआ मस्तक

**यशवंत गोरे**

पड़ोस के पांडे जी का डॉगी बहुत दिनों से परेशान कर रहा था। हमारे यहाँ आने वाले हर मेहमान पर भोंकना उसकी एक आदत सी बन गई थी। पांडे जो जब कभी उसे खुला छोड़ते तो झपटने की कोशिश भी करता था। उसके हर कभी भोंकने से मोबाइल पर बात करना मुश्किल होता था। पांडे को समझाने की हमारी सारी कोशिश नाकामयाब रही। बड़ी पंहुच वाले है। तालाब में रह कर मछली से बैर तो नहीं किया जा सकता। एक दिन हमने गुस्से में कुत्ते पर एक व्यंग्य लिख डाला और भेज दिया अखबार में छपने । गुस्से में लिखा व्यंग्य कुछ ज्यादा ही तीखा हो जाता है। एक व्यंग्य लेखक व्यंग्य के बहाने अपनी भड़ास निकालने के सिवा और कर भी क्या सकता है। हमारे व्यंग्य जिस अखबार में छपते थे वही अखबार पांडे जी अपने घर बुलवाते थे। व्यंग्य पढ़ वे समझ तो गए कि यह हमें निशाना बनाकर लिखा गया है , पर बोले कुछ नहीं। पर मन ही मन खार खाए बैठे थे। शायद मौके की तलाश में थे।

शहर की एक संस्था ने हमें बुलाकर हमारा सम्मान किया था , जिसकी खबर स्थानीय अखबार में हमारी तस्वीर के साथ छपी थी, तस्वीर में आयोजक हमें एक लिफाफा सम्मान राशि का देते हुवे दिख रहे है। पांडे जी ने यह खबर पढ़ ली थी। मार्निंग वाक पर निकले तो पांडे जी से सामना हो गया, चेहरे पर कुटिल मुस्कान देते हुवे हमें बधाई दे डाली। रात में दो- तीन व्यंग्य लिखकर सुबह - सुबह सोने बिस्तर पर गए थे , कि दरवाजे की घंटी बजी। हमें आश्चर्य हुआ कि इतने सवेरे कौन होगा? किसी मेहमान के आने की कोई सूचना भी नहीं थी। दरवाजा खोला तो सामने तीन- चार लोग खड़े थे , अधिकारी लग रहे थे। उन्होंने अपना परिचय दिया ' हम ईडी से आये है , आपके घर की तलाशी लेना है ' हमें शिकायत मिली है कि आपके पास आय से ज्यादा सम्पति है। हमने गिड़गिड़ाते हुवे कहा -' आपको कोई गलतफहमी हुई है , हम तो सेवानिवृत बैंक कर्मचारी है। यह मकान भी बैंक से लोन लेकर ही बनाया है , अभी तो उसकी किस्त भी पूरी नहीं हुई है। हमारा कोई रिश्तेदार भी राजनीति में नहीं है। हम मराठी भाषी जरूर है पर हमारा महाराष्ट्र के शिवसेना के किसी भी गुट के किसी नेता से कोई रिश्तेदारी नहीं है। पर वे कहां मानने वाले थे। वे बोले 'हमें तलाशी लेनी है , अलमारियों की चाबियों हमें दे दो। हमने चाबियाँ सौंप दी। हमारी अलमारी में हमारे एक शादी के सूट के अलावा कुछ कपडे और थे। पिछले कुछ वर्षों में सम्मान समारोहों में मिली कुछ शालें जरूर ज्यादा थी । दूसरी अलमारी में पुराने अखबारों की कटिंग और पत्रिकाएं थी जिनमें हमारी रचनाएँ छपी थी। साहित्यिक मित्रों द्वारा भेंट की उनकी कुछ पुस्तकें थी। इसके अलावा उन्हें कुछ नहीं मिला। श्रीमती जी की अलमारी की तलाशी में रिश्तेदारों की ओर से उन्हें शादियों में मिली साड़ियां , कुछ सूट , सोने जैसे दिखने वाले कुछ नकली आभूषण के अलावा वह लिफाफा मिला जो हमें सम्मान में मिला था , जिसे हमने आदर पूर्वक श्रीमतीजी को सौप दिया था।

हमें समझ में आ रहा था कि यह खेल पांडे ने ही खेला है। उन्होंने ही हमारी शिकायत ईडी से की होगी। छापे की खबर पुरे शहर में आग की तरह फैल गई। कुछ लोगों ने चोरी-छिपके वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए। मित्रों , रिश्तेदारों , परिचितों का पूछताछ के लिए आने - जाने वालों का सिलसिला शुरू हो गया। कोई फोन कर-के जानकारी ले रहा था , कोई मेसेज डाल कर पूछ रहा था। ऐसे लोग भी थे जिन्होंने पिताजी के निधन पर भी व्हाट्सएप पर संवेदना भेजकर औपचारिकता पूरी कर ली थी , पर अब घर आकर सहानुभूति दिखा रहे थे। हमें समझ में नहीं आ रहा था कि ईडी द्वारा हमारे यहाँ छापा डालने से हमारी बेइज्जती हुई है या इससे हमारा मस्तक ऊँचा हुआ है। ईडी का छापा पड़ना एक मामूली आदमी के लिए मामूली घटना नहीं है।

**( लेखक व्यंग्यकार हैं, संपर्क 9425492928)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# आरएएफ संग पुलिस का फ्लैग मार्च


निजामाबाद कस्बे में फ्लैग मार्च करती आरएएफ व पुलिस टीम


तहबरपुर थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च करती आरएएफ व पुलिस टीम

जनसंदेश न्यूज

**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** होली पर्व के तहत लोगो में सुरक्षा का अहसास कराने के लिए पुलिस ने कस्बा समेत आसपास आरएएफ फोर्स के साथ फ्लैग मार्च किया।

रेपिड एक्सन फोर्स व स्थानीय पुलिस टीम ने थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह, आरएएफ प्रभारी अमिताभ के नेतृत्व में कोटिला, चेकपोस्ट, पटेल नगर समेत कस्बे के अन्य भाग में फ्लै गमार्च कर लोगो में सुरक्षा का अहसास कराया। थाना प्रभारी ने कहा कि पर्व पर शांति में खलल कत्तई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। खलल डालने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी। कोई नयी परंपरा नहीं लागू होगी। किसी भी आपात स्थिति की सूचना पुलिस को दें जिससे समय रहते कार्यवाही की जा सके।

इसी क्रम में आरएएफ व पुलिस टीम ने प्रमोद सिरसाट व कमांडेंट अमिताभ कुमार के निर्देशन में 91 बटालियन रैपिड एक्शनफोर्स की 70 सदस्यीय टीम ने जनपद के बरदह, जहानागंज, मेंहनगर, बरवां, मेहनाजपुर, देवगांव, गंभीरपुर, तहबरपुर एवं रानी की सराय थाना क्षेत्रों में चक्रमण किया। निजामाबाद प्रतिनिधि के अनुसार स्थानीय नगर में सब इंस्पेक्टर धनंजय शुक्ला के नेतृत्व में आरएएफ के डिप्टी कमांडेंट प्रमोद शिरसाट व निरीक्षक रविंद्र, निरीक्षक दिवाकर सिंह के साथ 91 आरएएफ टीम के साथ सिविल पुलिस के जवानों ने कस्बे में फ्लैग मार्च किया। उन्होंने जगह जगह रुक कर लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से होली के त्यौहार को मनाने की अपील की। अतरौलिया प्रतिनिधि के अनुसार शुक्रवार को अतरौलिया थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर 91 बटालियन के अर्ध सैनिक बल आरएएफ व पुलिस द्वारा होली पर्व को देखते हुए फ्लैग मार्च कर लोगो को सुरक्षा का एहसास कराया गया। नगर के विभिन्न वार्डों, बुधनिया रोड, रोडवेज, मदियापार मोड़, केशरी चैक आदि स्थानों पर फ्लैग मार्च किया। होली पर्व को शांतिपूर्वक मनाने का संदेश दिया। इस मौके पर थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार सिंह, आरएएफ के इंस्पेक्टर शशिकांत यादव, एसआई एमपी मिश्रा, उपनिरीक्षक उमेश कुमार यादव, प्रभात चंद्र पाठक, रफी अहमद आदि मौजूद रहे।

# राज्यपाल से अभाविप के प्रतिनिधिमंडल ने की भेंट

**पेश की डिमांड**

**मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन**

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधि मण्डल ने राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से मिलकर उच्च शिक्षा में विभिन्न सुधार सुनिश्चित करने, अकादमिक सत्र, प्रवेश परीक्षा, शोध पाठ्यचर्या नियमित करने, कुलपतियों की भ्रष्ट कार्यशैली पर कार्रवाई करने एवं विद्यार्थियों को होने वाली परेशानियों के निराकरण आदि मांगें की।

ज्ञापन के माध्यम से अभाविप ने प्रवेश परीक्षा आयोजन में पंजीकरण हेतु लिये जाने वाले शुल्क की पूरी जानकारी को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर दशार्ने, कानपुर में यूजीसी गाईडलाइन की अवहेलना कर पीएचडी कोर्सवर्क को 100 प्रतिशत आनलाईन कराने के संदर्भ में जांच, वोकेशनल पाठ्यक्रम के सुचारू रूप से संचालन व दयनीय स्थिति में सुधार, राजभवन में शिकायत निवारण प्रणाली में सुधार कर संचालन करने की मांग उठाई। अभाविप की राष्ट्रीय मंत्री साक्षी सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश के अंदर उच्च शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे भ्रष्टाचार को किसी भी कीमत पर अभाविप स्वीकार नहीं करेगी। भ्रष्टाचारियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। शिक्षा क्षेत्र में हुए भ्रष्टाचार ने प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को नुकसान पहुंचाया है। उत्तर प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था गुणवत्तापूर्ण तथा अच्छी होनी चाहिए, जिससे राज्य प्रगति पथ पर अग्रसर हो सके। एबीवीपी गोरक्ष प्रांत मंत्री सौरभ गौंड ने गोरक्ष प्रांत के उच्च शिक्षण संस्थान में बढ़ रहे शुल्क के मामले शोधार्थी विद्यार्थियों से संबंधित मामला दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के छात्रावास में लंबे समय से पीएससी का आवास बनाये जाने संबंधित तथा परीक्षा परिणामों में व्यापत अनियमितता जैसे मामले को कुलाधिपति के समक्ष प्रस्तुत किया।

# बृजेश त्रिपाठी अध्यक्ष उपेंद्र यादव मंत्री निर्वाचित


पद व गोपनीयता की शपथ लेते लेखपाल संघ के पदाधिकारी

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ उपशाखा सदर की कार्यकारिणी का चुनाव पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार तहसील सदर सभागार में रामप्यारे यादव, जिला सह संयोजक विक्रांत सिंह अध्यक्ष लेखपाल संघ अरविन्द यादव अध्यक्ष लालगंज, लालधर यादव पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष निजामाबाद द्वारा सम्पनन कराया गया।

चुनाव जिला संयोजक शकील अहमद की देखरेख में सम्पन्न हुआ। चुनाव अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया में बृजेश त्रिपाठी अध्यक्ष, राज कुमार सोनकर वरिष्ठ उपाध्यक्ष, विवेक यादव कनिष्ठ उपाध्यक्ष, उपेंद्र यादव मंत्री, जयप्रदा उपमंत्री, संजीव चैधरी कोषाध्यक्ष, आशीष श्रीवास्तव आडिटर निर्वाचित किये गये।

# प्राथमिक विद्यालय का ताला तोड़कर चोरों ने किया हाथ साफ

**अंजान शहीद (आजमगढ़)।** जीयनपुर थाना क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय खालिसपुर के रसोईघर का ताला तोड़कर चोरों ने खाना बनाने के उपकरण व खाद्य पदार्थ आदि उड़ा दिया। प्राथमिक विद्यालय खालिसपुर पर सफाई कर्मी जब पहुंचा तो रसोई घर का ताला टूटा देखकर प्रधानाध्यापक तेज प्रताप राय को सूचित किया। वहीं प्रधानाध्यापक की सूचना पर जीयनपुर एसआई शंकर यादव ने पहुंचकर विद्यालय पर जांच की।

प्रधानाध्यापक तेज प्रताप राय ने बताया कि रसोई घर में खाना बनाने के उपकरण पांच भगोना, गैस चूल्हा, गैस सिलेंडर व रसोई घर में रखा हुआ गेहूं, चावल व सब्जी के साथ चोर बच्चों की 60 खाने की थाली भी उठा ले गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी वहीं देर शाम तक जीयनपुर थाने पर तहरीर नहीं पड़ी थी।

# ग्रामीण न्यायालय के विरोध में सड़क पर उतरे अधिवक्ता

**प्रदर्शन**

**जिलाधिकारी कार्यालय पर किया प्रदर्शन**

जनसंदेश न्यूज



जिलाधिकारी कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन करते अधिवक्ता

**आजमगढ़।** ग्रामीण न्यायालय की स्थापना के विरोध में सड़क पर उतरे अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन कर जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा।

सैकड़ों की संख्या में अधिवक्ता कार्य बहिष्कार करते हुए दीवानी कचहरी से निकलकर प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और अपनी 9 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। दीवानी न्यायालय अभिलाष संघ के अध्यक्ष प्रभाकर सिंह ने कहा कि उच्च न्यायालय द्वारा पारित सेमडे आदेश आने पर उसका अनुपालन सम्भव नही। किसी भी ग्रामीण न्यायालय में लाईब्रेरी व अधिवक्ता भवन की स्थापना नही। किसी भी ग्रामीण न्यायालय कैदियों के लाकप की व्यवस्था नहीं।

ग्रामीण न्यायालय में वरिष्ठ अधिवक्ताओं का पहुंचना सम्भव नहीं, क्योंकि वादकारियों को ले जाना काफी मंहगा होगा। जेल से जो अभियुक्त ग्रामीण अदालत में लाये जायेंगे वह असुरक्षित रहेंगे। ग्रामीण न्यायालय में अभियुक्तों को ले जाने व लाने में काफी असुविधा होगी। ग्रामीण न्यायालय में न्यायिक अधिकारी अपने को असुरक्षित महसूस करेगें। ग्रामीण न्यायालय में स्थानीय दबंगों, माफियाओं व अपराधियों का वर्चस्व होगा इसलिए गरीबों को सही न्याय नहीं मिलेगा। ग्रामीण न्यायालय बनने से सरपंच की व्यवस्था के अनुरूप कार्य होगा। इसलिए वादकारियों का अहित होगा। इस मौके पर अध्यक्ष प्रभाकर सिंह, जय प्रकाश यादव, राजेन्द्र प्रसाद सिंह आदि उपस्थित रहे।

# इनामिया चोर पुलिस मुठभेड़ में घायल

जनसंदेश न्यूज


पुलिस मुठभेड़ में घायल अभियुक्त

**आजमगढ़।** थाना देवगांव पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 25 हजार पुरस्कार घोषित अन्तरजनपदीय चोर को मुठभेड़ में घायल कर गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से अवैध तमंचा व कारतूस बरामद हुआ।

बीते 10 फरवरी को अभियुक्त अपने साथियों के साथ स्कार्पियो से कस्बा लालगंज में एक दुकान में चोरी करने की योजना बनाते समय एजाज एहमद, शाहिद, आदिल तथा विश्वनाथ गुप्ता पकड़ लिये गये थे। परन्तु हसीब उर्फ शेरू व छेदी, आकिल, वाकिफ मौके से भाग गये थे। पुलिस फरार अभियुक्त की तलाश कर रही थी।

बुधवार को प्रभारी निरीक्षक कबीरा पुलिया देवगांव बरदह बार्डर पर मौजूद थे। इसी बीच मुखबीर ने बताया कि एक बदमाश फूलपुर में पुलिस मुठभेड़ से बचकर भागा था वह मोटर साइकिल से बरदह भीरा होते हुए लालगंज की तरफ आने वाला है। मुखबिर की सूचना पर वाहन चेकिंग करने लगी। कुछ देर बाद एक व्यक्ति मोटर साइकिल से भीरा की तरफ से से आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया तो वह लालगंज की तरफ भागने लगा। चारो तरफ से पुलिस टीम से घिरा हुआ देखकर गिर पड़ा। पुलिस बल द्वारा आत्मसमर्पण हेतु चेतावनी देने पर अभियुक्त ने जान से मारने की नियत से लक्ष्य कर पुलिस टीम पर एक फायर किया। बदमाश ने पुनः जान से मारने की नियत से अपने तमंचे से एक राउण्ड फायर किया। पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ चलायी गयी गोली बदमाश के बांये पैर में लगी। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर इलाज हेतु अस्पताल में भर्ती कराया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान हसीब उर्फ शेरू पुत्र मुस्ताक निवासी नत्थुपुर नटबस्ती थाना जीयनपुर के रूप में हुयी।

## स्वास्थ्य उपकेंद्र तिलखरा का हुआ शुभारंभ

**लालगंज (आजमगढ़)।** आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत स्वास्थ्य उपकेंद्र तिलखरा का शुभारंभ पूर्व प्रधान धनंजय सिंह ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के डॉ.मनराज, मीना, पूनम पांडेय, आशा बहुएं तथा क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। डॉ.मनराज ने बताया कि इस स्वास्थ्य उपकेंद्र पर प्रतिदिन नियमित रूप से चिकित्सक बैठेंगे जिससे प्रतिदिन जनता को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। जनता से आग्रह है कि वह रोगों से बचाव के लिए तथा रोग होने पर, इस स्वास्थ्य उपकेंद्र पर उपलब्ध सुविधाओं का लाभ उठाएं। मौके पर प्रधान दिनेश राम आदि उपस्थित रहे।

# डीजे संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** बोर्ड की चल रही परीक्षाओं के दृष्टिगत पुलिस ने डीजे पर नकेल कसनी शुरू कर दी है। दो स्थानों पर जहां वैवाहिक समारोह में रात में डीजे को बंद कराया वहीं एक वाहन पर बज रहे डीजे को हिरासत में लेकर मुकदमा दर्ज करते हुए सीज कर दिया। इन दिनो बोर्ड की परीक्षाएं चल रही हैं। तेज आवास में डीजे बजने वह भी देर रात तक जिससे परीक्षार्थियों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। इसके तहत पुलिस ने सख्ती शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि रात में दस बजे के बाद डीजे का संचालन नहीं यह होगा पहले से ही लागू है बावजूद नियमों का उल्लंघन कर देर रात तक बजाये जा रहे थे। सूचना मिलने पर कस्बे में दो मैरेज हाल में फ्लोर डीजे को बंद कराया गया। वहीं बाजार में वाहन पर बज रहे डीजे को सामान समेत सीज कर दिया गया। थाना प्रभारी ने कहा कि रात में दस बजे के बाद डीजे बजने पर सख्त कार्रवाई की जायेगी।

# दहेज हत्या के दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जनसंदेश न्यूज


रानी की सराय थाने में गिरफ्तार अभियुक्त

**आजमगढ़।** थाना रानी की सराय पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दहेज के लिए महिला की हत्या कर शव को रेलवे ट्रैक पर फेकने वाले दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। आवेदिका कंचन प्रजापति पत्नी सुखारी प्रजापति निवासी पवनी कला थाना मेहनगर की पुत्री अनीता प्रजापति की शादी हिन्दू रीति रिवाज के साथ 22 अप्रैल 2016 को सोनू प्रजापति पुत्र टनकू प्रजापति निवासी महमूदपुर थाना रानी की सराय के साथ हुई थी।

शादी में परिजनों ने अपने समार्थ के अनुसार दहेज दिया था। जब आवेदिका की लडकी अपने ससुराल गयी तो उसके ससुराल के लोगो द्वारा उसको दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करते हुए जान से मार दिया गया तथा शव को रेलवे ट्रैक पर फेक दिया गया था। उक्त मामले में पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश में थी। पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर अभियुक्त टनकू प्रजापति पुत्र स्व.जुगनु प्रजापति व अभियुक्ता किशुनी देवी पत्नी टनकू निवासी महमूदपुर थाना रानी की सराय को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया।

# प्राथमिक विद्यालय के नए भवन का हुआ लोकार्पण



**अतरौलिया (आजमगढ़)।** प्राथमिक विद्यालय नंदना में विद्यालय के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण शुक्रवार को ब्लाक प्रमुख चंद्रशेखर यादव व खंड शिक्षा अधिकारी नीलम ने दीप प्रज्वलित व फीता काटकर किया।

ब्लाक प्रमुख चंद्रशेखर यादव ने कहा कि प्राथमिक शिक्षा व्यवस्था जितनी मजबूत होगी, देश की बुनियाद भी उतनी ही मजबूत होगी, जिस तरह मकान की बुनियाद से उसकी मजबूती मापी जाती है उसी प्रकार प्राथमिक शिक्षा व्यवस्था से देश के विकास की गति समझी जा सकती है। उन्होंने कहा कि गांव-गरीब किसान के बच्चे प्राथमिक स्कूलों से अपनी शिक्षा को प्रारंभ करके देश के सर्वोच्च स्थान तक पहुंचते हैं। इन बच्चों की प्राथमिक शिक्षा ही मूलभूत आवश्यकता होती है। इस दिशा में सरकार का ध्यान न देना देश के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जिस तरह ग्रामसभा स्तर पर प्राथमिक विद्यालय है, उसी तरह हर 2 से 4 ग्राम सभा के बीच में हाईस्कूल व इंटर तक के विद्यालय की व्यवस्था होनी चाहिए। खंड शिक्षा अधिकारी नीलम ने कहा कि हमारा प्रयास रहता है कि ब्लॉक के सभी विद्यालयों की शिक्षा व्यवस्था सुचारू रूप से चले और हमारे व्यवस्था से अगर अभिभावक संतुष्ट हो जा रहे हैं तो मेरे लिए इससे बड़ा पुरस्कार और कुछ नहीं हो सकता। इस मौके पर अजय कुमार सिंह, इंद्रजीत, राजेश वर्मा, वीरेंद्र यादव, जगदीश यादव आदि उपस्थित थे।

# कमर दर्द से परेशान विदेशियों को लाइफ लाइन ने दी नयी जिन्दगी

**मिल रही मदद**

**सफल ऑपरेशन के बाद घर के लिए हो रहे रवाना**



**आजमगढ़।** विगत कुछ वर्षों में भारतीय चिकित्सा जगत की पहचान दुनियां में मेडिकल टूरिज्म के क्षेत्र में तेजी से उभरी है। खाड़ी, सार्क एवं अफ्रीकी देशों से बड़ी संख्या में लोग भारत के मेट्रो शहरों में इलाज के लिए आ रहे हैं और इसी कड़ी में मेडिकल टूरिज्म के एक नए गंतव्य के रूप में आजमगढ़ ने अपनी पहचान बना ली है। जनपद.स्थित लाइफ लाइन हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर पिछले कुछ वर्षों से तमाम राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित होते हुए गिनीज बुक तक में अपना नाम दर्ज करा चुका है। अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप इलाज देते हुए वैश्विक स्तर पर आजमगढ़ की एक नई पहचान की इबारत लिख रहा है। न्यूरो सर्जरी के क्षेत्र में लगातार काम कर रहे लाइफ लाइन हॉस्पिटल में बांग्लादेश से आए मरीज लियाकत अली एवं उनकी पत्नी हुस्न बेगम के कमर का सफल इलाज हुआ। यह मरीज कई वर्षों से अपने कमर एवं पैर दर्द से परेशान थे। यह लोग अपने इलाज के लिए बांग्लादेश के साथ-साथ भारत के कई मेट्रो सिटी में स्थित अस्पतालों में डॉक्टरों से मिले लेकिन सभी मरीजों की तरह इन्हें भी यह भ्रांति थी कि कमर के ऑपरेशन कराने के बाद मरीज की हालत पहले से भी ज्यादा खराब हो जाती हैं। इसी बीच यह लोग अपने साथी हस्नु जमान से मिले जो 6 महीने पूर्व न्यूरो सर्जरी के क्षेत्र में दिमाग का सबसे जटिल ऑपरेशन को सफलतापूर्वक लाइफ लाइन हॉस्पिटल में करवा के 10 दिनों के भीतर अपने देश लौट गए थे। उनसे पूर्ण रूप से सहमत होकर और वीजा की प्रक्रिया पूर्ण करके लियाकत अली अपने और अपनी पत्नी के इलाज के लिए सीधे लाइफ लाइन हॉस्पिटल आए। जांचों की प्रक्रिया होने के बाद पहले लियाकत अली और 4 दिन बाद उनकी पत्नी का आधुनिकतम मशीनों और तकनीकों द्वारा, ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया। इस सफल ऑपरेशन के बाद यह परिवार अब अपने देश जाने की तैयारी कर रहा है। ऑपरेशन की टीम में न्यूरो सर्जन डॉ.अनूप, डॉ.आकाश, डॉ.अजफर, एनेस्थेटिक डॉ.गायत्री और ओटी स्टाफ सम्मलित थे।

## जल जीवन मिशन के तहत दिया गया प्रशिक्षण

**अंजान शहीद (आजमगढ़)।** सगड़ी तहसील क्षेत्र के अजमतगढ़ खंड सभागार में जल जीवन मिशन के तहत दो दिवसीय मोटर मैकेनिक का प्रशिक्षण का खंड विकास अधिकारी ने शुभारंभ करते हुए किट बांटा। जल जीवन मिशन के द्वितीय चरण में दो दिवसीय मोटर मैकेनिक के प्रशिक्षण का खंड विकास अधिकारी संतोष कुमार यादव ने शुभारंभ किया। सभागार में सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण के बाद शासन द्वारा संचालित हर घर नल हर घर जल पूर्ण रूप से आच्छादित करने के लिए जल जीवन मिशन के तहत मौजूद मैकेनिक को पूर्ण रूप से पारंगत व मेहनत से प्रशिक्षण के लिए प्रेरित किया। उन्होंने प्रशिक्षण ले रहे युवकों को किट वितरित किया। शुक्रवार व शनिवार को लखनऊ से आए प्रशिक्षक राजमल राव सैलानी सैनी द्वारा अजमतगढ़ खंड विकास के प्रत्येक गांव से चयनित दो मैकेनिक को अपनी-अपनी ग्राम पंचायत में हर घर जल हर घर नल के तहत प्रशिक्षण देकर गांव में स्थापित हो रहे टंकी द्वारा मैकेनिक के रूप में पारंगत कर ले उपकरण वितरित किया जाएगा। इस दौरान टीम इंचार्ज संतोष गुप्ता, गोलू सैनी, इम्तियाज, मोहम्मद आरिफ, राजेश, बृजेश सहित दर्जनों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## संक्षेप

### भारद ने उठायी माननीयों की पेंशन बंद करने की मांग



**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** भारत रक्षा दल द्वारा माननीयों की पेंशन बंद करने की मांग को लेकर पोस्टकार्ड के माध्यम से मुहिम शुक्रवार से शुरू की गयी। पहले दिन घर-घर सम्पर्क कर लोगो से पोस्टकार्ड पर सहमति ली गयी जो लोकसभा अध्यक्ष को भेजी जायेगी। भारत रक्षादल के अनूप जायसवाल व मनीराम ने बताया कि माननीय पेंशन ले रहे हैं इसमें धनाढ्य भी हैं। पेंशन उन्हें मिले जो उसके पात्र हैं। भारत रक्षादल द्वारा छेड़ी गयी मुहिम चलती रहेगी। आजमगढ़ से एक लाख पोस्टकार्ड लोकसभा अध्यक्ष को भेजे जायेंगे। सांसद, विधायक लोग करोड़पति, अरबपति, उद्योगपति हैं फिर इन्हें पेंशन क्यों, यह बन्द हो। इस दौरान जितेंद्र चैहान, विशुनूदेव पटवा, अनूप जायसवाल, बृज बिहारी वर्मा, अर्विंद बर्नवाल, राम कृत, संजय कुमार, बेचन शर्मा, आदि मौजूद थे।

### पुलिस चौकी मुबारकपुर हुई हाईटेक



**मुबारकपुर (आजमगढ़)।** पांच दशकों से खस्ताहाली का दंश झेल रहा कस्बा पुलिस चैकी, आरक्षी बैरिक व भोजनालय कक्ष का जीर्णोद्धार जन सहयोग से थानाध्यक्ष की देखरेख में कराया गया जिसका कार्य पूर्ण करने के पश्चात सहायक पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी द्वारा शिलापट का अनावरण कर किया गया। उन्होंने कहा कि ऐसे हाईटेक पुलिस चौकी का निर्माण का श्रेय क्षेत्र की जनता व चौकी प्रभारी को ही जाता है जिन्होंने निर्माण में अपना सहयोग दिया है। साथ ही चौकी प्रभारी राजीव कुमार सिंह ने ऐसे उत्कृष्ट कार्य को पूर्ण कराकर एक नई प्रेरणा की अलख जगाई है जिससे अन्य कर्मयोगी पुलिस कर्मियों को सीख लेनी चाहिए। पांच दशकों से कस्बा चौकी खस्ताहाल पुलिस चैकी को हाईटेक बनाने का सपना सजोए रहे। जिसकी दिशा में लगातार प्रयासरत रहे। पूर्व चैकी प्रभारी कमलनयन दूबे द्वारा इसके जीर्णोद्धार का कार्य प्रारम्भ किया गया था। उनके मिशन को पूरा करने की दिशा में वर्तमान चैकी प्रभारी राजीव कुमार सिंह द्वारा जनसहयोग से पूरा कराकर पूर्व चैकी प्रभारी के सपनों को साकार किया। इस मौके पर थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह, रविंद्र सिंह, दिग्विजय पाल, सुधीर साहनी आदि उपस्थित रहे।

### जनपद के लाल ने बढ़ाया जिले का मान



**आजमगढ़।** जनपद के लाल युवा वैज्ञानिक डॉ.योगेश्वर नाथ मिश्रा और संयुक्त राज्य अमेरिका में विश्व की सबसे नामचीन कैलीफोनिया इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी के उनके सहकर्मियों ने विश्व की सबसे तेज प्लेनर इमेजिंग तकनीक को विकसित किया है। यह तकनीक लेजर और कण के बीच की प्रक्रिया को 12.5 बिलियन फ्रेम प्रति सेकंड की गति से रिकॉर्ड कर सकती है। ये मौजूदा अत्याधुनिक तरीकों से कम से कम 1000 गुना तेज है। अपनी तकनीक का उपयोग करते हुए उन्होंने दहन के दौरान नैनो कणों के निर्माण प्रक्रिया का सफल अध्ययन किया है। ये नैनोपार्टिकल हमारे दिनर्या में भोजन बनाने में जल रहें इंधन से लेकर रॉकेट और एयरप्लेन में जल रहें इंधन में उत्पन्न होते हैं और हमारे पर्यावरण के लिए हानिकारक हैं। रॉकेट में जलने पर यह नैनोपार्टिकल बहुत ही तीव्र प्रकृति से उत्पन्न होता है अतः इन्हे अध्ययन करना न सिर्फ इंजन की क्षमता को समझाने में मदद करता है बल्कि पर्यावरण में इसका क्या प्रभाव है ये भी समझने में मदद मिलती है। उनकी तकनीक भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान और चिकित्सा, ऊर्जा और पर्यावरण में अनुसंधान के लिए अत्यंत व्यापक हो सकती है। डॉ. मिश्रा कैलिफोर्निया में नासा में 2019 से काम कर रहे हैं और वे आई.आई.टी. इंदौर के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग में विजिटिंग फैकल्टी रहे हैं। 2019 से वह आईआईटी इंदौर में उन्नत तकनीकों का विकास कर रहे हैं और दो पीएचडी छात्रों को गाईड कर रहे हैं। हाल ही में, उन्होंने आईआईटी कानपुर में इंजन अनुसंधान के लिए एक उन्नत पद्धति विकसित करने में वैज्ञानिकों की मदद करना शुरू किया।

### एसडीएम ने संस्कृत बोर्ड की परीक्षा का किया निरीक्षण



**अंजान शहीद (आजमगढ़)।** सगड़ी तहसील क्षेत्र संस्कृत बोर्ड की परीक्षा का संचालन हुआ शुरू जिलाधिकारी ने संस्कृत बोर्ड की परीक्षा का किया निरीक्षण नकल विहीन परीक्षा कराने को लेकर दीया दिशा निर्देश। संस्कृत बोर्ड की परीक्षा गुरुवार की सुबह की पाली से प्रारंभ हो गई। सगड़ी तहसील क्षेत्र में 4 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। संस्कृत बोर्ड की परीक्षा को नकल विहीन व शासन की मंशा के अनुरूप परीक्षा को सुचारू रूप से संचालित करने को लेकर सन्यासी संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रजादेपुर पर सुबह की पाली में एसडीएम राजीव रतन सिंह व न्यायिक उपजिलाधिकारी ने पहले पेपर संस्कृत की परीक्षा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सीसी कैमरा व स्ट्रांग रूम के साथ-साथ कक्ष का निरीक्षण किया। संस्कृत बोर्ड की परीक्षा के पहले दिन कुल 165 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित रहे। वहीं उन्होंने प्राचार्य वीरेंद्र मिश्रा को नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए दिशा निर्देश दिए।

### कार के धक्के से बाइक सवार की मौत

**निजामाबाद (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के रानीपुर निवासी सन्त प्रसाद यादव पुत्र जगई यादव अपनी मोटर साइकिल से जा रहे थे। जैसे ही उनकी गाड़ी सोफीपुर बाजार थाना तहबरपुर पहुंची कि सामने से आ रही तेज रफ्तार कार से भिड़न्त हो गयी। सूचना मिलते ही तहबरपुर पुलिस मौके पर पहुंच गयी। पुलिस ने एम्बुलेंस सदर अस्पताल भेजवाया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सन्त प्रसाद खेती किसानी का कार्य करते थे। परिवार में एक बेटा और एक बेटी हैं।

### शिवाय मोटर्स पर उपलब्ध हैं पॉल्यूशन रहित गाड़ियां



**अतरौलिया (आजमगढ़)।** स्थानीय क्षेत्र के शिवाय मोटर्स का शुक्रवार को भव्य शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि डॉ.सरोज पांडेय तथा विशिष्ट अतिथि पूर्व सीएमएस डॉ.केके झा, डॉ.हमीर सिंह, डॉ.गोविंद गुप्ता ने संयुक्त रूप से फीता काटकर शुभारंभ किया। शिवाय मोटर्स के मालिक विनीत पांडेय ने बताया कि शिवाय मोटर संस्थान की शुरुआत किया हूं। इस शोरूम में पूरी तरह से इलेक्ट्रिक गाड़ियां मिलेंगी, मौके पर दो पहिया वाहन व तीन पहिया वाहन मौजूद है। भविष्य में चार पहिया वाहन भी उपलब्ध होगा। मेरा उद्देश्य सरकार के साथ हाथ से हाथ मिला कर चलना है। सरकार पोलूशन रहित गाड़ियां ही चाहती है और यहां उपलब्ध गाड़ियां सभी पोलूशन रहित है इसमें किसी प्रकार का धुआं नहीं रहेगा। अभी शोरूम में स्कूटी, ई-रिक्शा, ई-लोडर मौजूद है। स्कूटी का रेंज 70 हजार से लेकर 2 लाख तक जाएगा, जिसमें लो स्पीड व हाई स्पीड दो प्रकार की गाड़ियां उपलब्ध रहेंगी।

### एसडीएम ने की लेखपालों के साथ बैठक



**अंजान शहीद (आजमगढ़)।** सगड़ी तहसील क्षेत्र के लेखपालों के साथ उपजिलाधिकारी सगड़ी राजीव रतन सिंह ने बैठक कर शासन द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी ली। आबादी सर्वे और जल जीवन मिशन की जमीन का चिन्हांकन करने व विवादों का निस्तारण समय से करने का निर्देश दिया। सगड़ी तहसील सभागार में उप जिलाधिकारी राजीव रतन सिंह व सगड़ी न्यायिक उप जिलाधिकारी प्रेमचंद मौर्य ने तहसील क्षेत्र के सभी राजस्व कर्मियों के साथ बैठक कर शासन द्वारा संचालित योजनाओं जिसमें मुख्य रुप से आबादी सर्वे, रियल टाइम खतौनी और वरासत के लंबित प्रकरण व आबादी सर्वे के साथ जल जीवन मिशन की गांव में जमीन चिन्हित करने व उससे संबंधित विवादों को समय से पूर्ण करने के लिए योजनाओं को समय से पूर्ण करने के लिए सभी राजस्व कर्मियों को निर्देशित किया। सगड़ी नायब तहसीलदार रामजीत यादव ने बैठक में राजस्व कर्मियों को समय से जनसुनवाई व लंबित प्रकरण पर त्वरित रूप से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर राकेश पांडेय, जसवंत सिंह, पन्नालाल, विजय वर्मा, उत्तम सिंह, कैलाश यादव, स्नेहिल राय, राम सागर सोनी आदि मौजूद रहे।

# सेंध लगाकर बेखौफ चोरों ने आभूषण संग नगदी पर किया हाथ साफ

**वारदात**

## दो घरों के चटकाये ताले गांव में दहशत

जनसंदेश न्यूज



चोरी की जांच करती पुलिस

**हलिया।** स्थानीय क्षेत्र के हरसड़ गांव में चोरो ने बीती रात में दो कच्चे मकान में पीछे से सेंध लगाकर व एक मकान के दरवाजा का ताला तोड़कर घर में प्रवेश कर घर के अंदर बाक्स व अटैची बैग में रखा आभूषण सहित करीब 42 हजार रुपये को उठा ले गये और घर से करीब चार सौ मीटर दूर अरहर के खेत में बाक्स तोड़ कर फेंक दिया। सुबह जानकारी होने पर पीड़ित ने थाने में सूचना दिया। जिस पर सूचना मिलते ही पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। पीड़ित का कहना है कि चोरों द्वारा जिस कमरे में हम लोग सो रहे थे। उसको बाहर से कुंडी लगाकर बंद कर दिया है। शोर मचाने पर बगल में सो रहे पुत्र ने बाहर से दरवाजा खोला। क्षेत्र के हरसड़ गांव निवासी रोहित दूबे अपने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ कच्चे मकान में सो रहे थे कि इसी बीच रात्रि में पंहुचे चोरों ने कच्चे मकान के पीछे से घरो में सेंध लगाकर कमरे में प्रवेश किया लेकिन सामान नही मिलने पर बगल में स्थित दूसरे मकान में सेंध लगाकर घुस गए जहां पर बाक्स व बैग व अटैची में रखा आभूषण चांदी का करधनी एक किलोग्राम व लच्क्षा छागल 250 ग्राम चांदी का व सोने का झुमका टप्स, मंगलसूत्र, अंगूठी दो नग, 42 हजार रुपये नगदी रखा हुआ था कि उठा ले जाकर घर से करीब चार सौ मीटर दूर अरहर के खेत में तोड़कर आभुषण सहित नगदी रुपये उठा ले रहे। जिस कमरे में परिवार के लोग सो रहे थे। चोरों ने उस कमरे के दरवाजे की कुंडी को बाहर से बंद कर दिया था। जिसकी तैयारी के लिए आभूषण रखा हुआ था। इतना ही नही चोरो ने आधा किलोमीटर की दूरी पर स्थित रामप्यारे के घर का दरवाजा तोड़कर बाक्स व सोलर पैनल उठा ले गए और पैनल को रोहित के घर के पास सेध की जगह छोड दिया तथा बाक्स व अन्य सामान को दो सौ मीटर तक तोड़ कर फेंक दिया है। दो घरों में चोरी होने की जानकारी पर घटना स्थल पर पंहुचे ग्राम प्रधान विनोद कुमार सिंह ने इसकी सूचना पुलिस को दिया जिस पर मौके पर पंहुचे एसएसआई सुभाषचंद्र यादव ने जांच पड़ताल किया है।

### जंगली जानवर के हमले से तीन घायल

**राजगढ़।** स्थानीय थाना क्षेत्र अन्तर्गत जंगल से सटे गांव के तीन लोगों पर जंगली जानवर ने अचानक हमला बोल दिया जिससे पति-पत्नी सहित तीन लोग जख्मी हो गए। आस पास के लोगों ने तीनों को अस्पताल पहुंचाया जहां डाक्टरों ने प्राथमिक इलाज कर घर भेज दिया। बताया जा रहा है कि भवानीपुर गांव निवासी हरिश्चंद्र आदिवासी सुबह घर से बाहर निकले तो अचानक जंगली जानवर ने हमला कर दिया। उनके शोर मचाने पर घर से बाहर निकली पत्नी जीउती पर भी हमला कर भाग गया। कुछ दूर पर बसे रामपुर 38 गांव निवासी परशुराम उम्र लगभग 70 साल को भी जंगली जानवर ने शिकार बना डाला। धीरे धीरे इस घटना की जानकारी जंगल में आग की तरह फैल गई और उसकी तलाश शुरु कर दी गई है। ग्रामीणों ने वन विभाग को भी सूचित किया है। जिसकी तलाश की जा रही है। घायल ग्रामीणों ने पागल सियार होने की संभावना जताई है। जंगलों में पानी की समस्या से जूझ रहे जानवरों को प्यास बुझाने के लिए बस्ती का सहारा लेना पड़ रहा है जिसे देखकर ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

# निस्तारित करें लंबित मुकदमे : डीआईजी

**समीक्षा**

## गुणदोष के आधार पर यथाशीघ्र

## डीआईजी ने दो जिलों की किया समीक्षा

जनसंदेश न्यूज



समीक्षा करते डीआईजी

**मीरजापुर।** पुलिस उपमहानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र आर0पी0सिंह द्वारा परिक्षेत्र के जनपद सोनभद्र एवं भदोही के अपराध शाखा विवेचना सेल के कार्यों समीक्षा की गई। आवश्यक दिशा निर्देश डीआईजी द्वारा दिया गया। विवेचना निस्ताण में शिथिलता पायी गयी तो दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।

अपराध शाखा विवेचना सेल की समीक्षा शुक्रवार को पुलिस उपमहानिरीक्षक विंध्याचल परिक्षेत्र आर0पी0सिंह द्वारा परिक्षेत्र के जनपद सोनभद्र एवं भदोही के अपराध शाखा विवेचना सेल के कार्यों की समीक्षा की गयी समीक्षोपरांत पाया गया कि अपराध शाखा (विवेचना विंग) द्वारा संपादित विवेचनाओं जैसे जघन्य अपराध, (लूट, बलात्कार), साइबर अपराध (आईटी एक्ट के अंतर्गत पंजीकृत सभी अपराधों की विवेचना), मनी लांड्रिंग फाइनेंसियल फ्रॉड, से संबंधित विवेचना में गुणात्मक सुधार की आवश्यकता है। किसी विवेचक द्वारा विवेचना के निस्तारण के संबंध में कोई कार्य योजना नहीं बनाई गई है और न ही सही ढंग से साक्ष्य संकलन की कार्रवाई की जा रही है। सभी उपस्थित विवेचकगण को निर्देशित किया गया कि लंबित मुकदमों को गुणदोष के आधार पर यथाशीघ्र निस्तारित करना सुनिश्चित करें। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए।

**संक्षेप**

### कुएं में गिरने से महिला की मौत



घटना के बाद मौके पर जांच करती पुलिस

**जमालपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के भभौरा गांव स्थित कुएं में गिरने से एक 45 वर्षीय महिला की मौत हो गई। जिसकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में हाहाकार मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रामपति उम्र 45 वर्ष पत्नी रामविलास बियार निवासी भमौरा दो दिन पहले घर से बाहर निकलीं हुई थी लेकिन महिला घर नहीं पहुंची तो परिजन परेशान होकर खोजबीन करने लगे, जिसका पता नहीं चलने पर पति रामविलास पुत्र रामधनी ने तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज किया गया। लेकिन शुक्रवार की सुबह गांव के बच्चों ने खेलकूद के दौरान कुएं में झांकने पर देखा कि एक महिला कुएं में गिरी पड़ी है, जिसकी सूचना आग की तरह पुरे गांव में फैल गई और परिजनों के साथ काफी भीड़ जुट गई। लोगों ने ग्रामीणों की मदद से महिला को बाहर निकाला गया लेकिन तब तक रामपति की मौत हो चुकी थी। सूचना मिलते ही घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के तीन संतानें हैं जिनका रो रो कर हाल बेहाल है।

### ट्रैक्टर ट्राली पलटा, बाल बाल बचे सवार व चालक

**मड़िहान।** थाना सन्तनगर अंतर्गत कोटवा सिरसी मार्ग के ककरद मोड़ पर ट्रैक्टर ट्राली सरिया समेत पलट गई। नमामि गंगे योजना की सरिया दीपनगर स्टोर से लाद कर सरसंवा वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण हेतु ले जा रहे थे कि ककरद मोड़ पर ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया जिसमें 30 वर्षीय चालक श्रीराम निवासी लेदुकी समेत चार अन्य लोग सरसंवा निवासी पंचदेव 23, लल्लू 22, सियाराम 27, जुगनू 24 सरसंवा के लोग ट्रैक्टर के ट्राली पर बैठे थे। ट्रैक्टर पलटने के बाद पंचदेव को चोट ज्यादा लगने पर दीपनगर के निजी अस्पताल में इलाज कराया। शेष लोग बाल बाल बच गए। ।

### पूर्व अध्यक्ष का हुआ निधन

**अदलहाट।** भारत विकास परिषद शाखा नरायनपुर के पूर्व अध्यक्ष राष्ट्रीय इंटर कालेज शेरपुर के प्रवक्ता राधेश्याम सिह 75 वर्ष का शुक्रवार की भोर मे आकस्मिक निधन हो गया। इनका दाह संस्कार रैपुरिया स्थित चित्रकूट घाट पर विधि विधान के साथ किया गया। बड़े पुत्र संतोष सिह ने मुखाग्नि दी। उन्होने बताया कि बुधवार की सुबह टेगरा मोड़ रामनगर स्थित नव निर्मित मकान मे फिसलकर गिरने से गम्भीर रुप से घायल हो गये थे। वाराणसी स्थित अस्पताल मे शुक्रवार की भोर मे उपचार के दौरान निधन हो गया। इनको दो पुत्र व दो पुत्री है। सभी की शादी हो चुकी है।समाज के प्रति काफी समर्पित रहे। भारत विकास परिषद शाखा नरायनपुर से जुड़ने के बाद क्षेत्र मे दर्जनो सामाजिक कार्य जन सहयोग से कराया था।

### पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

**जमालपुर।** शुक्रवार की शाम होली की त्योहार में सतर्कता बरतने को लेकर थाना परिसर में पीस कमेटी का बैठक थाना प्रभारी मनोज कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ जिसमें शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए लोगों से अपील किया। साथ ही लोगों को भरोसा दिया कि होली का त्योहार सकुशल शांति पूर्वक मनाए अन्यथा किसी उपद्रवी को बक्सा नहीं जाएगा। इस दौरान ग्राम प्रधान सुशील सिंह, पुनीत चौबे, पूर्व प्रधान सुभाष सिंह, समाजसेवी राम जनम मौर्या, सहित तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### बीडीओ ने चौपाल लगाकर सुनी समस्याएं

**जमालपुर।** क्षेत्र के ओड़ी एवं करजी गांव में शुक्रवार को खंड विकास अधिकारी पवन सिंह की देखरेख में ग्राम चौपाल का आयोजन कर ग्रामीणों की समस्यायों को सुनकर निस्तारण किए जाने का आश्वासन दिया गया। चौपाल में आवास, शौचालय, पीएम किसान सम्मान निधि, नाली, खड़जा बनवाए जाने की मांग किया। ओड़ी गांव में चौपाल में रामसूरत भारती एवं नरसिंह ने रूके हुए पेंशन को शुरू कराए जाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। करजी गांव के चौपाल में क्षेत्र पंचायत सदस्य अब्दुल हमीद एवं दीपक ने कंपोजिट विद्यालय के गिरे वाउड्री वाल का निर्माण कराए जाने की मांग किया। इस दौरान अजय प्रताप सिंह, चंद्रभान सिंह, मनोज यादव सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

### 20 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार

**मीरजापुर।** 20 लीटर अवैध कच्ची देशी शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान तथा अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री में संलिप्त आरोपियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त थाना प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये है। उक्त निर्देश के अनुक्रम में शुक्रवार को उ0नि0 सत्येन्द्र कुमार सिंह मय पुलिस टीम द्वारा थाना राजगढ़ क्षेत्र से एक आरोपी बाबा सोनकर पुत्र स्व0शंकर सोनकर निवासी राजगढ़ थाना राजगढ़ मीरजापुर को 20 लीटर अवैध कच्ची देशी शराब के साथा गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना राजगढ़ पर धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई।

### दो वारंटियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा न्यायालय

**हलिया।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के चंद्रगढ़ मुड़ेल गांव से दो वारंटियों को शुक्रवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। चंद्रगढ़ मुड़ेल गांव निवासी राजकुमार उर्फ झल्लर व भुलन सिंह किसी मुकदमें में न्यायालय द्वारा सूचना दिए जाने के बाद भी हाजिर नही हो रहे थे जिसपर दोनों के विरुद्ध न्यायालय से वारंट जारी होने पर एसआई उदयनारायण सिंह कांस्टेबल अखिलेश कुमार ने दोनों वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

### बीएचयू अस्पताल में इलाज के दौरान किशोर की मौत

इमलियाचट्टी। अहरौरा थाना क्षेत्र के निवासी शेखवा गांव निवासी नरेश कुमार के छोटे पुत्र अंशु कुमार (12) वर्ष दिन शुक्रवार को घर से अहरौरा नगर कस्बा में स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल साईकिल से जा रहा था तभी रास्ते में अंशु की हालत बिगड़ने लगी, अंशु ने महुली में स्थित एक मेडिकल स्टोर पर चला गया जिससे मेडिकल वालों ने अंशु को पानी चढ़ाने शुरू कर दिया। वही मेडिकल वालों ने अंशु को पिता को सूचना देकर बुलवाया, नरेश ने मेडिकल स्टोर पर पहुँचकर अंशु को आनन फानन में वाराणसी में स्थित बीएचयू लेकर गए। जहाँ पर अंशु की ईलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक के पिता नरेश ने बताया कि बच्चे को पूर्व में टाइफाइड जैसे बीमारी हो गई थी।

### महिला हेल्प डेस्क पर 41 फरियादियों ने दर्ज करायी शिकायत

**जमालपुर।** स्थानीय थाना के महिला हेल्प डेस्क पर जनवरी 2023 से आज तक 41 फरियादियों ने शिकायत दर्ज कराया है जिसमें ज्यादातर मामला घरेलू उत्पीड़न से रहा। महिला हेल्प डेस्क के क्रम संख्या 35 पर अवतारी देवी पत्नी राजकुमार निवासी भभोरा बहु के बाद बिवाद पर कई महिनों से चल रहे झगड़े को मामला दर्ज होते ही डेस्क पर कार्यरत महिला कांस्टेबल नीलम, काजल, नेहा ने काउंसलिंग द्वारा दोनों का निस्तारण किया। अब विवाहिता ससुराल में शांती पूर्वक है। महिला हेल्प डेस्क पर फरियाद के बाद महिलाओं ने बताया कि लगातार बढ़ रही अपराध पर लगाम लग रही है साथ ही फरियाद के लिए इधर उधर भटकना नहीं पड़ता है। जनसंदेश टाइम्स की पड़ताल में देखा गया कि लगभग डेढ़ महिने की शिकायत में कोई पति के हरकत से परेशान हैं तो किसी का ननद से नहीं पट रहा है जैसे घरेलू हिंसा से जुडा हुआ आ रहा है। थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि 41 फरियादियों में सभी मामलों का निस्तारण त्वरित कर दिया गया है। वहीं मिशन शक्ति के माध्यम से भी महिलाओं को जागरूक करने की पुरजोर कोशिश की गई है।

# ओबीसी के लिए हम समर्पित, नहीं होगी कोई ज्यादती : अध्यक्ष

**बैठक**

## पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष ने बैठक कर आरक्षण पर की विस्तृत चर्चा

## अध्यक्ष ने मण्डलायुक्त व तीनों जनपदों के डीएम संग बैठक कर ओबीसी आरक्षण के बारे में ली जानकारी



बैठक में समीक्षा करते अध्यक्ष

**मीरजापुर।** उत्तर प्रदेश राज्य स्थानीय निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष, न्यायमूर्ति राम औतार सिंह शुक्रवार अपने सदस्यों महेन्द्र कुमार, बृजेश कुमार, संतोष कुमार विश्वकर्मा के साथ मीरजापुर पहुंचे।

आयुक्त सभागार में पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्यों ने मंडल के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में मण्डलायुक्त डॉ0 मुथुकुमार स्वामी बी0, जिलाधिकारी मीरजापुर दिव्या मित्तल, सोनभद्र चन्द्र विजय सिंह, भदोही गौरांग राठी, अपर आयुक्त प्रशासन रमेश चन्द्र, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल सोनभद्र व भदोही सहित तीनों जनपदों के अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत व तीनो जनपदों के जन प्रतिनिधि उपस्थित रहें। आयोग के अध्यक्ष राम औतार सिंह ने मंडल के सभी जिलों के जिला प्रशासन से रिपोर्ट लिया।

इसमें ओ0बी0सी0 आरक्षण को लेकर मंडल के तीनों जनपदों के जिला प्रशासन से ओबीसी जनसंख्या का ब्यौरा लिया। पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष राम औतार सिंह ने कहा कि प्रशासन से रिपोर्ट ली जा रही है। इसके बाद मौके पर जाकर रिपोर्ट की जांच करेंगे। ताकि यह स्पष्ट हो सके कि कहीं कोई रिपोर्ट गलत तो नहीं दी गई है। इसके बाद टाउन एरिया, नगर पालिका व मोहल्लों में घूम कर भौतिकी कर जानकारी देंगे।

साथ ही ओबीसी की जनसंख्या का आकलन करेंगे। यह भी सुनिश्चित करेंगे कि वहां पर आरक्षण की पोजीशन क्या है, इसकी भी जांच करेंगे। अध्यक्ष राम औतार सिंह ने कहा कि ओबीसी आरक्षण के लिए सरकार का बहुत बड़ा कदम है। ओबीसी के लिए हम समर्पित हैं, हमारी कोशिश है कि ओबीसी वर्ग के साथ किसी भी प्रकार की ज्यादती न हो। अध्यक्ष ने तीनों जनपदों के जिलाधिकारियों से आरक्षण के बारे में किस प्रकार बदलाव किया जाता है जानकारी ली गयी। उन्होने कहा कि सभी जिलाधिकारी यह भी सुनिश्चित कराये कि एक वर्कशाप करके लोगों को आरक्षण व रोटेशन के बारे में जानकारी दें ताकि किसी व्यक्ति में भ्रम स्थिति न रहें। उन्होने उपस्थित प्रभुत्वजन/जन प्रतिनिधि से कहा कि बदलाव के बारे में यदि कोई समस्या हो तो लिखित रूप से उपलब्ध करा दें। उत्तर प्रदेश राज्य स्थानीय निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष राम औतार सिंह ने आयुक्त सभागार में प्रेस प्रतिनिधियों से वार्ता के दौरान कहा कि प्रदेश के जिलों में जाकर नगर पालिकाओं का अध्ययन किया जा रहा है।

उन्होने कहा कि शिकायतों का संज्ञान लेते हुये प्रयास किया जा रहा है उनको संतुष्ट किया जाय। उन्होने बताया कि सभी जिलाधिकारियों से आग्रह किया है कि एक वर्कशाप करें जिस-जिस की समस्या है उसका समाधान करें। पब्लिक को बुलायें जो भी समस्याए है उनको सुनें। बदलाव के कारण दिक्कते हुयी जो सामान्य हैं। उन्होने बताया कि अब तक करीब 50 जिलों में जा चुके हैं, रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत की जायेगी। उन्होने कहा कि अगर किसी के पास कोई शिकायत है तो निसंकोच उन्हें शपथपत्र पर दे सकते हैं।

# दबंगों ने उखाड़ा टीन शेड, बिलखते रहे बच्चें और महिलाएं

**मामला**

## थाना में गुहार काम न आयी

## एसपी से फरियाद पर पुलिस ने जमीन बेंचने वाले को बैठाया

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** हलिया थाना क्षेत्र के ददरी संपर्क मार्ग पर खरीदी गई जमीन पर लगे टीन शेड को दबंगों ने देखते ही देखते जमींदोज कर दिया। इस दौरान महिलाएं एवं बच्चें बिलखते रहे। कानून को दर किनार करते हुए सड़क किनारे लगे शेड को उखाड़ दिया गया। वायरल वीडियो 18 फरवरी का हैं। जिसमें पहले एक व्यक्ति आता है। वह टीन शेड को हिलाने का प्रयास करता है। कोई सफलता न मिलने पर वह मोबाईल पर वार्ता कर अन्य लोगों को बुलाता है। करीब आधा दर्जन लोग नव निर्मित टीन शेड के आशियाना को उखाड़ने लगते है। देखते ही देखते उसे उखाड़ देते हैं। इस दौरान विरोध कर रही महिलाओं के साथ भी बदसलुकी की जाती हैं। बिना किसी राजस्व या पुलिस कर्मी के दबंग तांडव करते हुए सब कुछ तहस नहस कर देते है। महिलाएं अपने आशियाना की सुरक्षा के लिए संघर्ष करती हैं। मचे तांडव के बीच बच्चें बिलखते रहते हैं। सरहंगों की गुंडई से पीड़ित महिलाओं का आरोप हैं कि थाना पर शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं किया गया। न्याय के आस में पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाई। पीड़िता राधा के पति श्रीकृष्ण धरकार ने बताया कि पुलिस ने उनके टीन शेड को ध्वस्त कर क्षति पहुंचाने वालों के साथ मिली हुई है। दबंगों के खिलाफ लिखित शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं किया। जबकि जमीन बेंचने वाले भू स्वामी समर बहादुर को ही गुरुवार से ही बैठा रखा है। राधा देवी और रामकली ने देवरी संपर्क मार्ग पर 3 बिस्वा जमीन क्रय किया हैं। जिसकी रजिस्ट्री 16 जनवरी को करीब 1.5 लाख करके कराया गया है। आरोप हैं कि ग्राम प्रधान जमीन को बंजर बताकर बिना कोई प्रशासनिक कार्यवाही के ही टीन शेड ध्वस्त कर दिया। इस दौरान बड़ा हादसा टल गया। वीडियो वायरल होने के बाद चचाओं का बाजार गर्म हैं। थाना प्रभारी का मोबाइल नॉट रिचेबल बता रहा था। जबकि सीओ लालगंज के मोबाइल की घंटी बजने के बाद भी कोई जवाब नहीं मिला।

### ट्रैक्टर चालक ने मासूम को जमकर पीटा

**मड़िहान।** थाना मड़िहान अंतर्गत अमोई निवासी 8 वर्षीय अमरेश पुत्र सुरेश अपनी भैस लेकर घर आ रहा था कि गांव के ही पूर्व प्रधान का बेटा ट्रैक्टर लेकर आ रहा था। हॉर्न बजाने पर भैस रास्ते से नही हटी तो चरवाहा अमरेश को बुरी तरह पीट दिया। मामला पटेहरा चौकी पहुंचा जहां कार्यवाही को कौन कहे सुलह की बात होने लगी। उक्त के बाबत चौकी प्रभारी पटेहरा भारत सुमन ने बताया कि दोनों पक्ष आपस मे सुलह समझौता कर लिए।

### लाखों की लागत से बना सामुदायिक शौचालय बंद

**कलवारी।** स्थानीय विकासखंड राजगढ़ के ग्रामसभा कलवारी माफी में लाखों की लागत से बना सामुदायिक शौचालय बंद पड़ा है। शौचालय के देखरेख (केयरटेकर) महिला ग्राम पंचायत से मानदेय भी ले रही है लेकिन सामुदायिक शौचालय पर ड्यूटी नहीं देती है और न ही समय से शौचालय खुलता है। क्षेत्र में पेयजल की विकट स्थिति होने से ग्रामीण शौच के लिए सामुदायिक शौचालय पर ही आश्रित है परन्तु सामुदायिक शौचालय बदहाली की स्थिति में है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ भारत अभियान के तहत बनाए गये सामुदायिक शौचालय केवल शोपीस बन के रह गए हैं। स्वच्छता अभियान को ठेंगा दिखा रहे हैं सामुदायिक शौचालय सामुदायिक शौचालय निर्माण में अनियमितता बरती गई थी, निजी लाभ के लिए ही सामुदायिक शौचालय बनवाया गया है, जिससे सामुदायिक शौचालय का लाभ एक ही व्यक्ति को ही मिले सामुदायिक शौचालय पर पानी की व्यवस्था के लिए बोरिंग तो करवाया गया लेकिन बोरिंग का उपयोग निजी कार्यों के लिए लिया जा रहा है। शौचालय पर पानी के टंकी की व्यवस्था कराई गई है लेकिन टंकी में पानी भरा नहीं जाता है।

शौचालय निर्माण से लेकर रखरखाव तक बरती गई है लापरवाही का हाल एक ग्राम पंचायत का नहीं है यह तो एक बानगी है।

# घर घर जाकर दी जा रही है टीबी की जानकारीः यादव



गांव में महिलओं को जानकारी देते सतीश शंकर यादव

**मीरजापुर।** शासन स्तर से जारी दिशा निर्देश क्रम में जनपद के समस्त ब्लॉकों के 20% जनसंख्या को लक्ष्य करते हुए क्षय विभाग द्वारा टीबी रोगी खोजी अभियान जारी है।

उक्त अभियान अंतर्गत विभागीय टीम द्वारा घर घर जाकर लोगों को टीबी के संपूर्ण लक्षणों से परिचित कराते हुए सरकारी स्तर से दिए जाने वाले अन्य सुविधाओं की जानकारी देते हुए रोगी खोजने का कार्य किया जा रहा है। द्वितीय चक्र के इस खोजी अभियान में लगी विभागीय टीमों के कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करने निकले क्षय विभाग के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर सतीश शंकर यादव द्वारा शुक्रवार को विकासखंड मझवां अंतर्गत ग्राम सेमरी, कनक सराय, करसड़ा आदि गांव में लगी टीमों के साथ भ्रमण करते हुए कार्य करने की समीक्षा की गई। साथ ही सतीश यादव द्वारा टीम सदस्यों को लक्ष्य प्राप्ति हेतु कुछ महत्वपूर्ण टिप्स बताए गए। भ्रमण के दौरान कछवां टीयू के एसटीएस प्रदीप कुमार मौजूद रहे।

# त्योहार आते ही पुलिस फेल, जहर खुरान पास

**मीरजापुर।** संघमित्रा ट्रेन से सफर के दौरान विंध्याचल में जबरन दूध पिलाकर जहर खुरानों ने सोनभद्र के युवक को लूट लिया। युवक चेन्नई से अपने घर होली पर लौट रहा था। उसके कपड़े और नगदी के साथ ही नया जूता तक लूट लिया गया। पुलिस की सक्रियता की हवा निकल गई। त्योहार आने के साथ ही जहर खुरान भी सक्रिय हो गए है। परदेश से कमाकर लौटने वालों के लिए उनकी सजगता बढ़ गई है। शुक्रवार को सोनभद्र जनपद के परसोना निवासी संजय कुमार पुत्र रामनारायण गैंग का शिकार बन गया। वह संघमित्रा एक्सप्रेस में चेन्नई से सवार हुआ था। विंध्याचल स्टेशन पहुंचने पर उसे ट्रेन में कुछ अज्ञात लोगों ने जबरन दूध पिलाने का प्रयास किया। मना करने पर ट्रेन से फेंकने की धमकी देने लगे। इसके बाद उसे फेंकने की धमकी देकर जबरन दूध पिलाया गया। धीरे धीरे वह अचेत होने लगा। इसी बीच उसका काफी सामान हटा दिया गया। किसी प्रकार एक बैग के साथ उतरा। स्टेशन के बाहर आने पर वह शौचालय के पास गिर पड़ा। कई उल्टी हुआ। यात्री की हालत देख पैनल आपरेटर रेल कर्मी मेराज आलम एवं हॉस्पिटल अटेंडेंट सचिन कुमार ने खाना खिलाकर बाजार से दवा लाकर दिया। जिसके बाद उसे राहत मिला। उन लोगों ने उसके घर पर फोन करके उसके पिता रामनारायण को सूचना दिया। संजय कुमार ने बताया कि उसका बैग, बर्तन, मोबाइल, जूता, एटीएम, आधार एवं पैन कार्ड सहित 7500 लूट लिया गया। जीआरपी पुलिस लगातार आरोपियों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रही हैं। इसके बाद भी बदमाश सक्रिय नजर आ रहे हैं। त्योहार पर कमाई करके लौटने वाले श्रमिकों की निगाहें लग गई है।

**मामला**

## धमकी देकर पिलाया दूध नगदी, बैग व जूता तक लिया लूट

# तीसरे दिन भी नाकाम रही एसडीआरएफ

जनसंदेश न्यूज

**कछवां।** क्षेत्र के बरैनी गंगा घाट पर बुधवार को स्नान करते समय डूबे आकाश पाल का तीसरे दिन भी कोई पता नहीं चल पाया। वहीं ज्ञानपुर, भदोही के लक्ष्मण पट्टी निवासी बुधवार को अपने तीन अन्य साथियों के साथ महराजगंज स्थित एक विद्यालय में बोर्ड की परीक्षा दिलाने आया हुआ था। आकाश की तलाश में एसडीआरएफ की टीम भी आई और स्थानीय गोताखोरों को भी पुलिस ने लगाया। फिर भी आकाश का कुछ भी पता शुक्रवार की देर शाम तक नहीं चल सका।

जिससे परिजनों में भारी आक्रोश व्याप्त है। वहीं परिजनों का आरोप है कि स्थानीय प्रशासन द्वारा कोई भी ठोस कार्यवाही नहीं किया जा रहा है। जोकि परिजनों द्वारा बताया गया कि तीन दिनों से हम सभी परेशान हैं दिन रात गंगा किनारे पर घात लगायें है। एसडीआरएफ की टीम भी नाकाम है। तो एनडीआरएफ की मांग किया जा रहा है। लेकिन प्रशासन द्वारा सिर्फ सांत्वना देकर नजर अंदाज कर दिया जा रहा है। वहीं तीसरे दिन भी आकाश को खोजने में एसडीआरएफ की टीम समेत स्थानीय गोताखोर जुटे रहे। एसडीआरएफ की टीम गंगा से खाली हाथ बैरंग पानी से बाहर लौट गई।

**हाथ खाली**

## डूबे युवक का कुछ पता नहीं चलने पर हताश दिखे परिजन

## गंगा में डूबे युवक का नहीं मिला कोई सुराग

## परिजन कर रहे एनडीआरएफ की मांग

# खरीदी सस्ती जमीन, मिली जेल

**मीरजापुर।** चर्चित मुहावरा हैं कि आन के धन पर कनवा राजा जो चुनार में चर्चित हुआ। पुलिस की मिली भगत से दूसरे की जमीन जबरन कब्जा कर खरीदने के मामले में एक क्रेता को गिरफ्तार किया गया। जबकि 9 आरोपियों की तलाश जारी है। 2700 स्कवायर फीट जमीन की सरकारी मालियत 8.70 लाख होने के बावजूद उसे मात्र 1 लाख में खरीदा गया था। करीब सात साल न्याय के लिए भटकने के बाद फरियादी को न्याय मिला। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के न्यायालय के आदेश पर क्रेता- विक्रेता समेत दस लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। जिसमे महज एक महिला की गिरफ्तारी की गई। बाकी आरोपी कानून की आँख में धूल झोंककर फरार है।उनकी गिरफ्तारी के लिए चुनार पुलिस दबिश दे रही है।

मामला कोतवाली चुनार क्षेत्र के दुमदुमा का है। कस्बे में विष्णु जोशी के नाम लगभग 15 बीघा 13 बिस्वा का प्लाट था। सुनील कुमार तिवारी व सरस्वती देवी ने 13 वर्ष पूर्व 15 बिस्वा जमीन का बैनामा करा लिया। तहसील अभिलेखों में नाम भी अंकित हो गया। कुछ दिनों बाद विष्णुराम जोशी की मौत हो गयी। बची हुई जमीन की वारिस उनकी पत्नी लक्ष्मी जोशी बन गयी। लक्ष्मी जोशी ने सुनील कुमार तिवारी की जमीन की चौहद्दी देकर सुनीता, विनीता व राजपत्ति को पुनः बिक्री कर दिया। सुनीता, विनीता व राजपत्ति जमीन पर कब्जा करने पहुँचे तो कूटरचित रचना की जानकारी हुई। विरोध करने पर मामला शांत हो गया। इसी दौरान उनकी जमीन बेंच दी गई। मुकदमा दर्ज कराने के बाद भी सात वर्ष से चक्कर काटते रहे। पुलिस ने भी गलत एफआर लगा दिया। न्यायालय की शरण में जाने के बाद विक्रेता, क्रेता व गवाह समेत दस लोगों के खिलाफ चुनार कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया। क्रेता सुनीता देवी को धोखाधड़ी के आरोप में गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया। नौ आरोपियों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

# शीशटोला के जंगल में दिखा बाघ, हड़कंप

सनसनी

बोलेरो सवार ने वीडियो बनाकर किया वायरल

छत्तीसगढ़ से भटक कर आने की कही जा रही बात, वन विभाग एलर्ट

जनसंदेश न्यूज


वायरल फोटो में जंगल की सड़क पर चहलकदमी करता बाघ

**बीजपुर।** शीशटोला नवाटोला के जंगल में देर रात बोलेरो से जा रहे एक व्यक्ति सड़क पर टहलते बाघ को देख कर भौंचक रह गया और बाद में वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। इसके बाद गांव में हड़कंप मच गया। फिलहाल मामले को लेकर वन विभाग को कोई सूचना नहीं है। बभनी वन रेंज के महुअरिया से शीशटोला जाने वाले मार्ग पर बड़ादेव स्थल के समीप नवाटोला के समीप सड़क पर बाघ देखा गया। बाघ देखकर आंखें फटी रह गईं। इसके बाद बोलेरो वाहन से इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया। प्रत्यक्ष दर्शियों की मानें तो उन्हें अपनी आंखों पर विश्वास नहीं हो रहा था। इसको लेकर क्षेत्र में तरह तरह की चर्चा है। पिछले कुछ दिनों पहले छत्तीसगढ़ के रघुनाथ नगर वनक्षेत्र में बाघ भटक कर आने की सूचना मिली थी। लेकिन घटना के महीना भर बीत गया। दक्षिणांचल के जंगल में लगातार तेंदुआ की मौत की गुत्थी सुलझी नहीं थी की इस बीच बाघ देखे जाने की सूचना गांव क्षेत्र के लिए चिंता का विषय है। ग्रामीण सहमे हुए हैं। मामले के बाबत वनक्षेत्राधिकारी अवध नारायण मिश्रा ने बताया कि अभी ऐसी घटना की जानकारी नहीं है? । मामले की पड़ताल किया जाएगा। इसको लेकर सीमावर्ती गांव में एलर्ट जारी कर दिया गया है।

चेतावनी में कहा गया कि जंगलों में अकेले न जाएं। बच्चों को अकेले में न छोड़ें। जानवरों को जंगलों में छोड़ने को लेकर चरवाहों को भी एलर्ट किया गया है। छत्तीसगढ़ के वन विभाग से सम्पर्क जानकारी की गई तो बताया गया कि तीन शावकों के साथ आदमखोर बाघ भटक कर चला गया है उससे सावधानी बरतते रहने की जरूरत है। फिलहाल छत्तीसगढ़ बार्डर स्थित जरहा वन रेंज के गांवों में बाघ को देखे जाने से दहशत का माहौल व्याप्त है।

## करंट की चपेट में आने से इकलौते पुत्र की मौत

**घोरावल।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के कस्बे में गुरुवार देर रात करंट की चपेट में आने से एक 17 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। बताया गया कि घोरावल के वार्ड नं 7 निवासी कपड़ा के व्यापारी संतोष कुमार उमर उर्फ पिंटू का पुत्र उदय कुमार उमर सोनांचल इंटर कॉलेज में 11वीं का छात्र था। रात्रि करीब दस बजे उदय ने पिता संतोष के साथ खाना खाया। इसके बाद किचन में कोई सामान लेने के लिए गया था। इसी दौरान लोहे के दरवाजे में उतरे विद्युत करंट की चपेट में आ गया। उसके चीखने की आवाज सुनकर परिजन दौड़े। जिसपर परिजन अचेतावस्था में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले आये, जहां चिकित्सकों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। मृतक दो बहनों के बीच इकलौता भाई था। पूर्व विधायक रमेश चंद दुबे, उद्योग व्यापार मंडल पूर्व अध्यक्ष घनश्याम दास केडिया, सोनांचल इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य केपी मौर्य, नगर पंचायत के निवर्तमान अध्यक्ष राजेश कुमार, पूर्व अध्यक्ष राकेश कुमार, संजय जायसवाल, काजू अग्रहरि, अशोक अग्रहरि, अरुण कुमार पांडेय, अशोक कुमार, कृष्ण कुमार, रवि कुमार, गिरीश चंद उपाध्याय ने छात्र के निधन पर शोक व्यक्त किया है।

# विकास से कोसों दूर लालीमाटी टोला ग्रामीण पी रहे चुआड़ का पानी


चुआड़ से पानी भरते ग्रामीण

**डाला।** आजादी के बाद भी बेलहत्थी ग्राम पंचायत का टोला लालीमाटी में आदिवासियों को मूलभूत समस्याओं से जूझना पड़ रहा है, लालीमाटी टोला बिजली, पानी, रोड जैसे अनेक सुविधाओं से कोसों दूर है। यह टोला वाराणसी शक्तिनगर मुख्य मार्ग से रानीताली पेट्रोल पंप से पश्चिम की तरफ मुख्य मार्ग से दस किमी दूर है, जहां विकास आज तक नहीं पहुंच सका। लालीमाटी टोले में लगभग चार दर्जन आदिवासियों का परिवार रहता है, जहां लगभग दो सौ से अधिक मतदाता प्रधान का चयन करते हैं।

जीतने के बाद इनकी सुधि लेने वाला कोई नहीं है। आदिवासी श्यामलाल चेरो, गुजाहीर चेरो, अमर सिंह चेरो, छोटेलाल चेरो, हंस लाल चेरो, मान सुंदर चेरो, कुंज बिहारी खरवार, सोना मती चेरो, संगीता चेरो समेत तमाम आदिवासियों ने बताया कि चालीस परिवारों के बीच कोई भी पेयजल का साधन मौजूद नहीं है। गांवों में बने छोटे नदी नालों और चुहाड़ का पानी पीने का एक मात्र साधन है। संक्रमित पानी की वजह से आदिवासी ग्रामीण हरदम बीमार भी हो जाते हैं। न जाने कब सरकार और जिले के अधिकारियों की आंखें खुलेंगी जिससे पीने के लिए स्वच्छ पानी नसीब होगा। बेलहत्थी ग्राम प्रधान संगीता देवी ने लाली माटी में पानी की समस्या को लेकर म्योरपुर प्रमुख मान सिंह गोंड़ को सोलर पम्प के लिए प्रत्रक ढाई महीने पहले देकर अपने कार्यों की खानापूर्ति करके इति श्री कर लिया।

## संक्षेप

### महिलाओं को वितरित की गयी साड़ी, खिले चेहरे


साड़ी के साथ महिलाएं

**दुद्धी।** म्योरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डा राजन सिंह, डायरेक्टर अभिषेक जायसवाल प्रेरणा फाउण्डेशन, अध्यक्ष बनारसी शाह ने नसबंदी कराए हुए लाभार्थियों और डिलीवरी हुई महिलाओं का उत्साह बढ़ाने के लिए साड़ी भेंट किया। साड़ी पाते ही महिलाओं के चेहरे खिल गये। बता दें कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रेरणा फाउंडेशन की तरफ से असहाय, निराश्रित लोगों का कैंप लगाकर सहयोग किया जाता है। अध्यक्ष ने कहा कि छोटा परिवार रहने से ही सुखी परिवार होता है।

### बीजेपी किसान मोर्चा ने किया किसानों का सम्मान

**सोनभद्र।** नमो किसान सम्मान दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा द्वारा किसान सम्मान निधि प्राप्त सैकड़ों किसानों का शुक्रवार को अंगवस्त्र व माल्यार्पण कर सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि यादवेंद्र दत्त द्विवेदी जिला अध्यक्ष व विशिष्ट अतिथि तीरथराज पूर्व विधायक रहे। वहीं किसान मोर्चा जिला कार्यसमिति का विस्तार किया गया, जिसमें मीनू चौबे को जिला उपाध्यक्ष व रामप्रवेश यादव को जिला कार्यसमिति सदस्य, अभय कांत दुबे जिला सोशल मीडिया प्रमुख को जिला मंत्री बनाया गया। विशिष्ट अतिथि ने सरकार द्वारा आयोजित स्वावलम्बी भारत अभियान के तहत युवाओं को रोजगार देने पर चर्चा की। कहा कि भारतीय जनता पार्टी किसानों की हितैषी है। अन्य सरकार ने सिर्फ गरीबी हटावो का नारा दिया, किंतु भाजपा ने किसानों को मुख्यधारा में जोड़ने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि छोटे लघु व सीमांत किसानों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने का आह्वान किया। यादवेंद्र द्विवेदी ने कहा कि किसान का योगदान देश के सर्वांगीण विकास में हर तरफ है। कार्यक्रम में राजेश मिश्रा, मंजू गिरी, तेजवंत पाण्डेय, सूर्यदेव पाण्डेय, धीरेंद्र प्रताप सिंह, सीबी राय, मुरारी पाठक, रामचंद्र पाण्डेय, धीरेंद्र, दीपचंद मौर्य, सहदेव पाण्डेय, अवधेश अग्रवाल, अनिल कुमार गुप्ता, अमरनाथ सिंह आदि मौजूद रहे।

### दुद्धी नगर पंचायत सीट पिछड़ा करने की उठी मांग

**दुद्धी।** सामाजिक कार्यकर्ता व आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता चंद्रदेव पाल ने डीएम को पत्र भेजकर दुद्धी नगर पंचायत सीट को पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित करने की मांग उठाई है। डीएम को भेजे पत्र में अवगत कराया है कि नगर पंचायत दुद्धी का गठन सन् 1988 में हुआ है तभी से नगर निकाय का परिसीमन सामान्य या सामान्य महिला सीट अब तक होता चला आ रहा है, जबकि नगर पंचायत दुद्धी के मतदाताओं की संख्या लगभग 12 हजार से ऊपर है, जिसमें पिछड़े मतदाताओं की संख्या लगभग 8 हजार है, बावजूद इसके शासन की मंशा के अनुरूप रोटेशन के अनुसार परिसीमन का अनुपालन राज निर्वाचन आयोग द्वारा अब तक नहीं कराया गया है। उन्होंने डीएम से अनुरोध किया है कि पिछड़ा वर्ग को संविधान के अनुरूप अधिकार दिया जाए।

### शत्रुघ्न प्रसाद गुप्ता बने अध्यक्ष

**रेणुकूट।** मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन इरिगेशन डिपार्टमेंट उत्तर प्रदेश कार्यकारिणी ने शाखा पिपरी के संघ का गठन कर दिया है। प्रान्तीय संघ कार्यालय ने विज्ञप्ति जारी कर नवनियुक्त पदाधिकारियों की घोषणा की। लखनऊ में प्रांतीय अध्यक्ष कृतार्थ सिंह, प्रांतीय महामंत्री गोवर्धन सिंह व अन्य पदाधिकारियों की बैठक में पिपरी शाखा के सदस्यों का चयन किया गया। जिसमें शत्रुघ्न प्रसाद गुप्ता को अध्यक्ष और उद्देश्वर प्रसाद को मंत्री चुना गया है। आनंद श्रीवास्तव को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राजेंद्र यादव एवं कन्हैयालाल जायसवाल को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। ओम प्रकाश राम कोषाध्यक्ष, राकेश सिंह संगठन मंत्री एवं विजय चौहान संयुक्त मंत्री नियुक्त किए गए हैं। नवनियुक्त कमेटी में सोभनाथ यादव संरक्षक बनाए गए हैं।

### ओवरलोडिंग में 21 वाहनों पर हुई कार्रवाई

**सोनभद्र।** जनपद में ओवर लोडिंग व अवैध परिवहन पर रोक लगाने हेतु जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह के निर्देशन में सहदेव मिश्रा अपर जिलाधिकारी के नेतृत्व में बीते 23 फरवरी को अभियान चलाया गया। इस दौरान परिवहन व वाणिज्य कर विभाग के साथ संयुक्त अभियान लोढ़ी बैरियर से होकर आने वाले उपखनिज के अवैध परिवहन के सम्बंध मे सघन जांच किया गया, जिसमें 21 वाहनों के अवैध परिवहन किये जाने के कारण एमचेक ऐप के द्वारा ऑनलाइन चालान की कार्यवाही किया गया, जिसमें सात वाहनों को लोढ़ी बैरियर, चोपन थाने के अभिरक्षा में दिया गया और मौके पर 9 वाहनों के स्वामियों ने नोटिस की धनराशि को ऑनलाइन जमा किया। इस मौके पर ज्येष्ठ खान अधिकारी आशीष कुमार, एआरटीओ धनवीर यादव, खान निरीक्षक ईश्वर चन्द्र, मनोज कुमार, सर्वेयर योगेश शुक्ला सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहे।

### तमंचा व गांजा के साथ एक गिरफ्तार

**करमा।** पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में चन्दौली तथा सोनभद्र जनपद में अपनी धौंस जमाकर लोगों को धमकाने एवं अपराधिक मामलों में वांछित अभियुक्त को पुलिस ने बीते गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने बताया कि मुखबीर द्वारा सूचना मिली कि एक अभियुक्त मदैनिया मोड़ के पास खड़ा है जो कहीं भागने की फिराक में है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दलजीत उर्फ हसनु पुत्र अर्जुन निवासी औराही, चकरघट्टा चन्दौली को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक किलो 200 ग्राम गांजा तथा एक तमंचा 315 बोर, दो जिंदा कारतूस बरामद करते हुए एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर चालान कर दिया। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह, वरिष्ठ उप निरीक्षक विमलेश सिंह, रूपेश सिंह, मनीराम, नीरज तिवारी, अभिषेक भारती शामिल रहे।

### खेल मैदान के लिए युवा आज निकालेंगे पदयात्रा

**डाला।** स्थानीय नगर क्षेत्र में एक खेल का मैदान दिए जाने की मांग को लेकर शनिवार की सुबह नगर के दर्जनों युवा डाला शहीद स्थल से पद यात्रा करके जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन देंगे। नवनिर्माण सेना के अध्यक्ष अंशु पटेल ने बताया कि अब तक निरंतर कई जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों से युवाओं द्वारा डाला नगर में एक खेल मैदान दिए जाने की मांग को लेकर लिखित गुहार लगाई जा चुकी है, किंतु अब तक सिवाय आश्वासन के कुछ नहीं मिला। डाला वासियों के पास कोई खेल का मैदान नहीं है। डाला नगर में जनहित की मांग को देखते हुए पद यात्रा करके जिलाधिकारी कार्यालय पर लिखित आवेदन व ज्ञापन सौंपा जाएगा।

## वन विभाग की योजना फेल, फोर्स के अभाव में नहीं चला बुलडोजर

**बीजपुर।** स्थानीय बाजार के उत्तर पटरी वनभूमि में अवैध अतिक्रमण पर बुल्डोजर चलाने की वन विभाग की योजना फेल हो गयी। बताया गया कि शुक्रवार को सड़क के उत्तर पटरी पर 1599 और दक्षिण पटरी पर 1579 नम्बर में अवैध तरीके से बनाए गए पक्का, कच्चा मकान को गिराने के लिए वनरेंज अधिकारी जरहां राजेश सिंह ने गुरुवार को मुनादी करा व्यवसाइयों को शुक्रवार सुबह नौ बजे तक खाली करने का फरमान सुनाया था। अन्यथा बुलडोजर चला कर कब्जा मुक्त कराने की जानकारी सार्वजनिक रूप से की गई थी। शुक्रवार शाम तक जब बुल्डोजर की कार्रवाई नहीं हुई तो लोगों ने राहत की सांस ली। लोगों ने कहा कि वन विभाग अपनी जमीन का सीमांकन नहीं करवाता, बल्कि सभी से कागजात मांग कर परेशान करने की नियत बना लिया है। व्यवसाइयों में वन विभाग की इस कार्य प्रणाली से आक्रोश है। डीएफओ मनमोहन मिश्रा ने कहा कि मौके पर एसडीओ सहित कई वनरेंज की फोर्स पहुंच गयी है, लेकिन मजिस्ट्रेट और पुलिस फोर्स न पहुंचने के कारण फिलहाल कब्जा मुक्त की कार्रवाई स्थगित कर जल्द कोई नई तिथि डीएम से लेकर की जाएगी।

# भूगर्भ जल स्तर को किया जायेगा रिचार्ज

बोले डीएम

रिचार्ज पिट बनाए जाने के अभियान का डीएम ने केकराही ग्राम पंचायत से किया शुभारंभ

ग्राम पंचायतों में सूख गए बोर का किया जाएगा प्रयोग

जनसंदेश न्यूज


केकराही में वाटर रिचार्ज अभियान का शुभारंभ करते डीएम

**सोनभद्र।** गर्मी के दिनों में जनपद का जलस्तर नीचे चले जाने के कारण हैंडपंप समरसेबल एवं कुएं सूख जाते हैं। जिससे पेयजल की समस्या उत्पन्न हो जाती है। भूगर्भ जल स्तर रिचार्ज न होने के कारण जनपद में ऐसी परिस्थिति पैदा हो रही है, जिसके निस्तारण के लिए जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह ने भूगर्भ जल के रिचार्ज की कार्य योजना बनाई है। जिसमें ग्राम पंचायतों में जो बोर फेल हो गए हैं या खराब हो गए हैं उसको डिप बोरवेल रिचार्ज पीट बनाया जाएगा जिससे बरसात का पानी बोरवेल के माध्यम से भूगर्भ जल में भेजकर भूगर्भ जल को रिचार्ज किया जा सके। बता दें कि जनपद पहाड़ी एरिया है इसलिए बरसात का पानी भूगर्भ जल को रिचार्ज नहीं कर पाता।

पत्थर के नीचे के लेयर को रिचार्ज करने के लिए पानी को उसके नीचे भेजना पड़ेगा। जनपद में छोटे-छोटे सोकपीट एवं तालाब बनाए गए हैं, जिससे प्रथम लेयर का पानी रिचार्ज हो जाता है, लेकिन गर्मी के दिनों में वह पानी भी कम हो जाता है।

पेयजल एवं सिंचाई के लिए भूगर्भ जल के द्वितीय एवं तृतीय का पानी प्रयोग करते हैं, इसलिए वह पानी रिचार्ज किया जाना अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए ग्राम पंचायतों में खराब बोर पर दो मीटर लंबाई दो मीटर चौड़ाई एवं दो मीटर गहराई का गड्ढा खोदकर उसको पक्की जुड़ाई कराया जाना है तथा छत एवं बरसात के सरफेस वाटर का पानी से उसको रिचार्ज किया जाना है। जनपद के सभी ग्राम पंचायतों में प्रथम पेज में 1258 रिचार्ज पीट बनाए जाने का अभियान शुक्रवार से शुरू किया गया।

जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत केकराही में मॉडल बोरवेल का निरीक्षण किया एवं दीप बोर वेल रिचार्ज पीट को अभियान चला कर सभी ग्राम पंचायतों में कराए जाने का निर्देश दिया। डीएम ने बताया कि रिचार्ज पीट में 400 लीटर पानी प्रति मिनट जमीन के अंदर भेजा जा सकता है। एक बरसात में एक 500000 लीटर पानी भेजा जा सकता है। जनपद में पेयजल के संकट के निस्तारण का यह एक बेहतर तरीका है। भूगर्भ को रिचार्ज करने के लिए सभी ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान इस कार्य में आगे आएं एवं अपने ग्राम पंचायतों में बोरवेल रिचार्ज का निर्माण कराएं। लोगों का आह्वान किया कि अपने मकान बनाते समय लोग रिचार्ज पीट भी अवश्य बनाएं। इस मौके पर जिला पंचायत राज अधिकारी विशाल सिंह, अनिल केशरी, ब्रिजेश सिंह, सचिव, प्रधान समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## तीन किलो 300 ग्राम गांजा संग दो गिरफ्तार

**ओबरा।** क्षेत्राधिकारी शंकर प्रसाद तथा प्रभारी निरीक्षक मिथिलेश मिश्रा के निर्देशन में नगर में अवैध नशे के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को कस्बा चौकी इंचार्ज अमित कुमार त्रिपाठी व एसआई परविंदर कुमार को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि नगर के दो अलग-अलग स्थानों पर कुछ लोग भारी मात्रा में गांजा लेकर आने वाले हैं। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे चौकी इंचार्ज तथा एसआई को देखकर दो लोग भागने लगे। शक के आधार पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दोनों युवकों को पकड़ उनके पास रखे झोले में तलाशी के दौरान 3 किलो 300 ग्राम गांजा बरामद किया। पकड़े गए अभियुक्तों ने अपना नाम बड़क उर्फ राधेश्याम निवासी चोपन रोड, ओबरा व विश्वकर्मा स्वीपर निवासी सेक्टर चार, ओबरा बताया। पुलिस ने दोनों का एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर चालान कर दिया।

# मगरमच्छ के बच्चे का उबला मांस बरामद, एक गिरफ्तार

कार्रवाई

चाचा भतीजे ने सोन नदी से मारा था मगरमच्छ, मांस खाने की थी योजना

जनसंदेश न्यूज

**डाला।** स्थानीय चौकी क्षेत्र के पटेहरा टोला में मगरमच्छ के बच्चे को मार कर खाने के फिराक में लगे एक युवक को शुक्रवार को पुलिस ने पकड़कर वन विभाग को सुपुर्द कर दिया। मगरमच्छ के बच्चे को खाने की खबर लगते ही पुलिस व वन विभाग में हड़कंप मच गया।

वहीं पुलिस दूसरे आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है। बताया गया कि शुक्रवार की सुबह मृत मगरमच्छ को उबालने की सूचना एक महिला द्वारा पीआरवी पुलिस को दी गयी। सूचना मिलते ही डाला पुलिस मौके पर पहुंच मौके से कुलदीप पुत्र बैजनाथ निवासी पटेहरा टोला के पास से मृत मगरमच्छ के खाल व उसके मांस को जो उबालकर एक गमले में रखा हुआ था सहित गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान कुलदीप ने बताया कि अपने चाचा सुखलाल पुत्र गेदरा निवासी उपरोक्त के साथ सोन नदी के किनारे मगरमच्छ को मार दिया और मृत मगरमच्छ का मांस निकाल टुकड़े टुकड़े करके उबाल दिया, जिसे देर सायं काल खाने की योजना थी। घटनाक्रम की जानकारी चौकी प्रभारी अरविंद गुप्ता द्वारा वन विभाग को दी गयी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने मृत मगरमच्छ के खाल व मगरमच्छ के उबले मांस को साथ वन कार्यालय ले गई। ओबरा वन प्रभाग उप प्रभागीय वनाधिकारी अभिषेक कुमार राय ने बताया कि मृत मगरमच्छ के खाल व मगरमच्छ के उबले मांस के मामले में नामजद युवक प्रदीप उर्फ कुलदीप व चाचा सुखलाल पुत्र गेदरा के विरुद्ध भारतीय वन अधिनियम वाइल्ड लाइफ एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। जिसमें प्रदीप उर्फ कुलदीप को मौके पर से मृत मगरमच्छ के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। जबकि अन्य फरार आरोपी की तलाश की जा रही है।

## सीयूजी नम्बर पर धमकी देने वाला युवक गिरफ्तार

**सोनभद्र।** सदर कोतवाली पुलिस ने सीयूजी नंबर पर धमकी देने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। पीआरओ पुलिस लाइन ने बताया कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा बीते 22 फरवरी को सीयूजी नम्बर पर अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए धमकी दी गयी, जिसके संबंध में सदर कोतवाली में मुकदमा पंजीकृत किया गया। उक्त के संबंध में पुलिस ने संदेश कुमार मौर्य पुत्र स्व. बीरबल मौर्य निवासी मोहम्मदपुर चुनार, मिर्जापुर को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी।

# सामूहिक विवाह में परिणय सूत्र बंधन में बंधे 900 जोड़े

सामूहिक विवाह

जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों ने दिया अशीर्वाद

नवविवाहित जोड़ों को दिये गये उपहार


सामूहिक विवाह समारोह में शामिल अतिथिगण

**सोनभद्र।** डायट परिसर में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत शुक्रवार को सामूहिक विवाह सम्पन्न हुआ। विवाह समारोह में 900 जोड़ों का विवाह कराते हुए नव दाम्पत्य को आशीर्वाद एवं शुभकामना देते हुए उत्तरोत्तर वृद्धि की कामना की गयी। राज्य सभा सांसद रामसकल, मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार, जिला विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, ब्लॉक प्रमुख सदर अजीत रावत, चोपन ललीता देवी गौड़, भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे, एसडीएम सदर रमेश कुमार, खण्ड विकास अधिकारी सदर उमेश सिंह ने सामूहिक विवाह की पावन बेला पर नव युगल को जीवन की नई पारी के लिए शुभकामना दिया। सीडीओ ने कहा कि विवाह संस्कार जीवन का एक पवित्र गठबंधन है, जिसमें पति पत्नी एक दूसरे के साथ समर्पित जीवन जीते हुए समाज एवं देश में अपना योगदान देते हैं। यह सामूहिक विवाह समाज की समरसता एवं समरूपता का प्रतिफल है। जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत शासन द्वारा एक जोड़े शादी पर 51000 रुपये व्यय करने की व्यवस्था की गयी है, जिसमें कन्या के दाम्पत्य जीवन में खुशहाली एवं गृहस्थी की स्थापना हेतु सहायता राशि 35000 कन्या के बैंक खाते में अन्तरित की जायेगी। विवाह संस्कार के लिए आवश्यक सामग्री- कुकर, गैस चुल्हा, डीनरसेट स्टील, मच्छरदानी, टार्च, बक्सा, मोबाईल सेट, बिछिया पायल, पंखा एवं कपड़े में 10000 का सामान प्रत्येक जोड़ों को दिया गया। कार्यक्रम के आयोजन हेतु भोजन, पण्डाल, फर्नीचर, पेयजल, विद्युत प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर 6000 रुपये खर्च किये गये।

# ट्रक ने कार में मारी टक्कर चालक के खिलाफ केस दर्ज

जनसंदेश न्यूज


मौके पर जांच करती पुलिस

**डाला।** स्थानीय चौकी क्षेत्र के डाला चढ़ाई पर गुरुवार की देर सायंकाल एक इनोवा में पीछे से एक ट्रक ने टक्कर मार दिया। जिससे इनोवा कार छतिग्रस्त हो गई। दुर्घटना में चोपन पुलिस ने इनोवा मालिक की तहरीर पर लापरवाही पूर्वक ट्रक चला कर दुर्घटना करने व गाड़ी चढ़ाने की धमकी देने के मामले में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही में जुट गई। बताया गया कि इनोवा कार सवार रेणुकूट की तरफ अपने घर जा रहे थे कि डाला चढ़ाई पर एक क्रासिंग पर ट्रक पार कर रही थी, जिसको देखते ही चालक ने इनोवा को रोक दिया, लेकिन रेणुकूट की तरफ से पीछे से आ रही ट्रक ने कार में टक्कर मार दिया।

पूछने पर कार सवारों पर ट्रक चढ़ाने की धमकी देने लगा। दुर्घटना होने की जानकारी मिलते ही डाला पुलिस मौके पर पहुंच दोनो वाहनों को चौकी परिसर ले आई। दुर्घटना के बाद इनोवा कार मालिक उमा शंकर पुत्र अयोध्या प्रसाद सचान निवासी पनकी कानपुर ने चोपन थाने पहुंच कर घटनाक्रम की जानकारी देते हुए ट्रक चालक नाजिम अहमद पुत्र स्व. मोहम्मद जाहिद निवासी बहरियाबाद गाजीपुर के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया। चौकी प्रभारी अरविंद गुप्ता ने बताया कि दुर्घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है, इनोवा मालिक की तहरीर पर ट्रक चालक के विरुद्ध लापरवाही पूर्वक ट्रक चला कर दुर्घटना करने व गाड़ी चढ़ाने की धमकी देने के मामले में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

## सीसी रोड निर्माण को लेकर नगरवासियों का प्रदर्शन

**दुद्धी।** पिछले एक दशक से खस्ताहाल सोलिंग युक्त सड़क पर चलते-चलते नगरवासियों के सब्र का बांध शुक्रवार को टूट गया। नगरवासियों ने लामबंद होकर नगर पंचायत प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन कर संकट मोचन मंदिर के सामने वाली मुख्य मार्ग को सीसी अथवा इंटर लॉकिंग सड़क निर्माण की मांग की। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत में हुए कई काम फिजूलखर्ची साबित हो रहे है, लेकिन कस्बे के बीचो बीच स्थित पिछले एक दशक से खस्ताहाल सड़क का निर्माण नहीं कराया जा रहा है, जो दर्शाता है कि नपा प्रशासन तनिक भी संवेदनशील नहीं है। वार्ड सदस्य धीरज जायसवाल ने कहा कि उक्त रोड निर्माण के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष व इओ को पिछले पांच साल में 10 बार पत्र दिया है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष कुमार कुंदन ने कहा कि सात वर्ष पूर्व इस रोड का निर्माण हुआ था, इसके बाद न तो नगर पंचायत अध्यक्ष न तो अधिशासी अधिकारी ने सुधि ली। अशोक जायसवाल ने कहा कि अगर इस सड़क का इंटरलॉकिंग करा दिया जाए तो सारी समस्या दूर हो जायेगी। प्रदर्शन करने वाले में धीरज जायसवाल, वेद प्रकाश, प्रवीण, सन्नी अग्रहरी, महेश केसरी, कृष्ण कुमार, ओजस्वी जायसवाल मौजूद रहे।

# धारदार हथियार के बल पर विधवा से दुष्कर्म, केस दर्ज

**ओबरा।** स्थानीय थाना अंतर्गत एक टोले में रह रही एक विधवा महिला से जबरन धारदार हथियार के बल पर दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। मामले में पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया है। पुलिस को दिए गए तहरीर के अनुसार पीड़िता के पति की मौत 2020 में हो जाने के बाद उसकी जान पहचान हो गई।

इस दौरान आरोपित संजीव शादी करने का झांसा देकर महिला का शारीरिक शोषण करने लगा। महिला द्वारा शादी करने के लिए बार बार जोर देने पर आरोपित उसे धमकाने लगा। पीड़िता ने बताया कि बीते 20 फरवरी की रात वह अपने कमरे पर थी, तभी एक व्यक्ति घर पर आया और उक्त महिला से गाली गलौज करते हुए जबरन घर में घुस गया। इसके पश्चात धारदार हथियार दिखाकर डरा-धमकाकर पीड़िता के बच्चों को कमरे से बाहर कर धारदार हथियार के बल पर उक्त व्यक्ति ने जबरन उसके साथ दुष्कर्म किया।

पीड़िता ने जब विरोध किया तो उक्त व्यक्ति ने गला दबाते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए उसके साथ मारपीट की। जिससे वह जख्मी हो गयी। एसडीएम से शिकायत से बाद प्रशासन ने आरोपित के खिलाफ दुष्कर्म सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दिया। एएसपी कालू सिंह ने बताया कि आरोपी संजीव कुमार उर्फ राजू निवासी बिल्ली मारकुंडी के विरुद्ध आईपीसी की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# अवैध वसूली मामले में एफआईआर दर्ज, पुलिस की संलिप्तता

**कार्रवाई**

**शिकायत के बाद एसपी ने बैठाई जांच, कार्यवाही में जुटी पुलिस**

**चंदौली।** जनपद पुलिस शुक्रवार को एक बार फिर अपने कारनामे को लेकर सुर्खियों में रही। मामला अवैध व भ्रष्टाचार का है, जो उस वक्त खुला जब पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने जांच के आदेश दिए। विभागीय जांच में प्रथम दृष्टया सकलडीहा कोतवाली अंतर्गत दो पुलिस कर्मियों की संलिप्तता पुष्ट हुई तो पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्यवाही में जुट गयी है।

एसपी ने दोनों पुलिस वालों को तत्काल सस्पेंड भी कर दिया है। एसपी अंकुर अग्रवाल को सीधे की गई शिकायत के मुताबिक शिकायतकर्ता ने उन्हें इस बात की जानकारी दी कि यूपी की सीमा में दाखिल होते ही उसके मछली लदे ट्रक को रोक लिया गया। इस दौरान दो वदीर्धारियों के साथ मौजूद चार अन्य ने वाहन चालक को धौंस दिखाकर रोक लिया और उसे छोड़ने के एवज में बड़ी रकम की मांग कर डाली। वाहन चालक के आरोपों के मुताबिक उसे नौबतपुर से नई बाजार पुलिस चैकी लाया गया, जहां उसने पुलिस अधिकारी की वाहन स्वामी से टेलीफोनिक बातचीत कराई। आरोप के मुताबिक इस मामला हल करने के लिए बड़ी रकम ली गई। इसके बाद जैसे ही ट्रक पर लदी मछलियां अपने गंतव्य हरियाणा पहुंचा। ट्रक मालिक द्वारा एसपी चंदौली के सरकारी नंबर पर अवैध वसूली की शिकायत करते हुए घटित घटनाक्रम से अवगत कराया। बताया कि खुद को क्राइम ब्रांच बताने वाले चार लोग दो वदीर्धारियों ने उनके ट्रक को रोककर वसूली की है। मामले को एसपी ने गंभीरता से लिया


अवैध वसूली मामले में आरोपी का मेडिकल कराकर ले जाती पुलिस

और तत्काल विभागीय जांच बैठा दी। रिपोर्ट में प्रथम दृष्टता लगाए गए आरोपों में पुलिस की संलिप्तता प्रदर्शित हुई। इसके बाद एसपी के निर्देश पर सकलडीहा कोतवाली में नई बाजार पुलिस चैकी इंचार्ज व सिपाही समेत चार अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई। इस संबंध में एसपी अंकुर अग्रवाल ने बताया कि अवैध वसूली व भ्रष्टाचार जैसा कृत्य बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दो पुलिस वालों को सस्पेंड कर दिया गया है। शिकायत को महकमे ने गंभीरता से लेते हुए जांच किया और फरार चल रहे आरोपियों की धर-पकड़ के लिए पुलिस टीमें सक्रिय हैं। सीओ सकलडीहा राजेश राय के मुताबिक पुलिस मामले की छानबीन व जांच में जुटी है।

## आयुष्मान गोल्डेन कार्ड बनाने मे जुटा स्वास्थ्य विभाग

**कंदवा।** स्वास्थ्य विभाग की टीम आयुष्मान गोल्डेन कार्ड बनाने के लिए शुक्रवार को गांवो में पहुंची हुई थी। विकास खंड बरहनी के गांवो में कैंप कर पात्र लाभार्थियों का गोल्डेन कार्ड बनाने की औपचारिकता पूर्ण की गई। इस कार्य में स्वास्थ्य विभाग की सीएचओ, एएनम, आशा सहित अन्य लोग लगे हुए हैं। शासन स्तर से जारी निर्देश के क्रम में वंचित पात्र लाभार्थियों का गोल्डेन कार्ड बनाने पर जोर है। इसी क्रम में बरहनी में सुमन यादव, रश्मि पाल, रीना यादव सहित अन्य द्वारा गांव के चिन्हित स्थान पर पहुंचकर पात्र लाभार्थियों के गोल्डेन कार्ड बनाने की औपचारिकता पूर्ण की गई। चारी, केदारपुर में लक्ष्मी गुप्ता, बिंदु सहित अन्य द्वारा गोल्डेन कार्ड बनाने पर जोर था। वहीं सैयदराजा में आरती वर्मा सहित विकास खंड बरहनी के कल्याणपुर, नौबतपुर, तेजोपुर, मनराजपुर, काजीपुर, मानिकपुर, सुंडेहरा, सुना, धनाइतपुर, पौनी, तेल्हरां आदि गांवों में भी स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंची हुई थी। पंचायत मित्रों का भी योगदान सराहनीय रहा है। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी बरहनी डा.शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि बरहनी में पात्र लाभार्थियों का शत प्रतिशत गोल्डेन कार्ड बनवाने पर जोर है। स्वास्थ्य विभाग तन्मयता से जुटा हुआ है। पंचायत मित्रों का भी सहयोग अपेक्षित है।

# नरकटी जंगल में 10 मवेशियों संग तीन तस्कर गिरफ्तार

**नौगढ़।** थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पैदल के रास्ते बध हेतु पंडित बंगाल के पंडूआ स्थित पशु बधशाला ले जाए जा रहे 10 पशुओं को बरामद कर 3 पशु तस्करों को गिरफ्तार करके विधिक कार्यवाही किया है। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष अतुल कुमार प्रजापति ने बताया कि शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर नरकटी जंगल में पुलिस टीम ने दबिश देकर के 10 गोवंश बरामद करने के साथ ही तीन पशु तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस कार्यवाही देख एक पशु तस्कर जंगल के रास्ते भाग गया। गिरफ्तार पशु तस्कर थाना क्षेत्र के रिठिया गांव निवासी रामफल चौहान पुत्र कल्पू चौहान रामअशीष यादव पुत्र शिव यादव व राजकुमार खरवार पुत्र सहदेव खरवार के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही की गई है। वहीं बुल्लू उर्फ संजय कहार पुत्र हुबलाल खरवार निवासी ग्राम रिठिया जो कि पुलिस कार्यवाही को देख जंगल के रास्ते भाग गया। पुलिस टीम मे उपनिरीक्षक शिवानंद राय, फजलूद्दीन खां, सुरेश सिंह, निखिलेश कुमार, आनंद, कुंवर, सूरज कुमार, कोमल सिंह शामिल रहे।


नौगढ़ थाने में पकड़े गए तस्करों संग पुलिस टीम।

## अनियंत्रित स्कूटी से गिरकर युवक घायल

**कंदवा।** बरहनी-नौबतपुर मार्ग पर शुक्रवार की अपराह्न चारी गांव के सन्निकट अनियंत्रित स्कूटी सवार दो युवक गिरकर घायल हो गए। राहगीरों द्वारा युवकों को इलाज के लिए नौबतपुर स्थित एक निजी अस्पताल ले जाया गया। जानकारी के मुताबिक मोहनियां निवासी राजेश 24 वर्ष, अपने मित्र सोनू 23 वर्ष के साथ अपने रिश्तेदारी से बरहनी नौबतपुर मार्ग से स्कूटी से अपने घर को जा रहे थे। तभी चारी गांव से कुछ दूर पहले ही अचानक से मार्ग पर आ गए जानवर को बचाने के चक्कर में स्कूटी अनियंत्रित हो गई। इस हादसे में युवक को चोटें आईं। घटना के बाद मौके पर राहगीरों की भीड जमा हो गई। इलाज के लिए निजी साधन से नौबतपुर स्थित एक अस्पताल ले जाया गया।बताया जा रहा था कि युवकों के हाथ व पैर मे ज्यादा चोट आई थी।

## संक्षेप

### ट्रस्ट ने रिक्शा चालकों को सौंपा 25 हजार रुपये का चेक


रिक्शा चालक कमेटी को चलल्लनहार ट्रस्ट का चेक प्रदान करते सीओ

**डीडीयू नगर।** मुगलसराय के रविनगर स्थित जितेन्द्र जुनेजा के आवास पर शुक्रवार को सबजग चलल्लनहार ट्रस्ट सामाजिक संस्था के नेतृत्व में आगामी पर्व होली को देखते हुए रिक्शा कमेटी को 25 हजार रुपये का चेक वितरण किया गया। इस दौरान मुगलसराय सीओ अनिरुद्ध सिंह द्वारा अपने हाथों से रिक्शा चालक कमेटी के अध्यक्ष कयामुद्दीन को चेक दिया गया। संस्था के अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार जुनेजा ने बताया कि यह चेक उन गरीब रिक्शा चालकों के लिये दिया गया है। जो पैसे के अभाव में त्यौहार नहीं मना पाते हैं उनके बच्चे ऐसे त्योहारों से वंचित रह जाते हैं ऐसे में संस्था की तरफ से और मुगलसराय सीओ अनिरुद्ध सिंह पहल पर 25 हजार रुपये का चेक दिया गया है। जिससे उनके बच्चे और महिलाएं होली का यह त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाये। इसके साथ ही मुगलसराय सीओ अनिरुद्ध सिंह ने संस्था द्वारा किये गए कार्यो सराहना की और सबजग चलनहार ट्रस्ट को बधाई दी। संस्था के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार जुनेजा, आशीष जयसवाल, महामंत्री डब्लू राय, सागर गुप्ता, शिवनाथ गुप्ता उर्फ पप्पू, शुभम जुनेजा, राजेन्द्र यादव ने होली की शुभकामना दी।

### संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता ने लगाई फांसी

**इलिया।** थाना क्षेत्र के घोड़सारी गांव में शुक्रवार की दोपहर में संदिग्ध परिस्थितियों ने विवाहिता फांसी के फंदे पर झूल गयी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने देर रात को शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गांव निवासी शरद कुमार गांव के अन्य युवकों के साथ काम करने के लिए दोपहर में ही वाराणसी के लिए निकल गया था। वही घर के अन्य लोग भी अन्य जगह चले गए थे।इसी दौरान शरद की पत्नी लक्ष्मीना देवी 24 वर्ष घर में एकांत मौका पाकर फांसी के फंदे पर झूल गयी। शाम के समय घर वाले जब घर पहुंचे तो देखा लक्ष्मीना फांसी के फंदे पर झूल रही थी। वहीं ग्रामीणों ने फोन से पुलिस को सूचना दे दिया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने फोरेंसिक टीम के आने के बाद ही शव को फंदे से उतार कर कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जबकि शादी के पांच साल बाद भी अभी तक कोई बाल बच्चा नहीं है। थानाध्यक्ष ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही कारणों का सही पता चल पायेगा।

### चंदौली जनपद के किसानों से मिलेंगे राकेश टिकैत

चंदौली। भारतीय किसान यूनियन नेता राकेश टिकैत बिहार जाते वक्त चन्दौली कार्यालय पर कार्यकताओं से मिलेंगे। विदित हो कि भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता और किसान नेता राकेश टिकैत सड़क मार्ग से चार दिन के बिहार दौरे पर रहेंगे। इस दौरान 25 फरवरी को धरौली के पास चांद (जिगना), 26 को भभुआ, 27 को चैसा और 28 को बक्सर में किसान मजदूर महापंचायत को संबोधित करेंगे। भारतीय किसान यूनियन के मंडल प्रवक्ता मणिदेव चतुवेर्दी ने बताया कि टेंगरा मोड़ के पास कार्यकर्ता उनको काफिले के साथ स्वागत करेंगे। चन्दौली कार्यालय पर कार्यकताओं से मिलेंगे। इसके बाद सैयदराजा से होते हुए कर्मनाशा बिहार बॉर्डर पर पहुंचेंगे। जहां सैकड़ो ट्रैक्टरों के काफिले के साथ जिगना किसान मजदूर महापंचायत में जाएंगे। चन्दौली में जगह-जगह स्वागत होगा। इसको लेकर कार्यकर्ताओ में उत्साह है।

### पत्रकार को मातृ शोक

**शहाबगंज।** क्षेत्र के एक हिन्दी दैनिक के पत्रकार तनवीर अहमद की माता अंजूम 50 वर्ष की शुक्रवार को देहांत हो गया।वह काफी दिनों से बीमार चल रही थी।देहांत की सूचना मिलते ही पत्रकारों में शोक फैल गया। वहीं ग्रामीण पत्रकार एसोशिएशन चकिया सदस्यों ने बैठक कर मृत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रख शोक संवेदना व्यक्त किया। इस अवसर पर मुसाफिर विश्वकर्मा,रतीश कुमार,मंगला सिंह, विनोद सिंह, मिथिलेश कुमार, सद्दाम खान,इबरार अली, देवेन्द्र नारायण, रत्नेश यादव,तस्लीम उपस्थित रहे।

# चहनियां ब्लॉक प्रमुख ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

**औचक निरीक्षण**

**परिसर में व्याप्त समस्याओं को लेकर प्रभारी चिकित्साधिकारी से ली जानकारी**

**टाण्डा कला।** चहनियां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर शुक्रवार को ब्लाक प्रमुख अरुण कुमार जायसवाल ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में व्याप्त समस्याओं को लेकर प्रभारी चिकित्साधिकारी डा.रितेश कुमार से जानकारी ली।

वहीं कुछ कमियों को चिकित्साधिकारी ने अवगत कराया। इस दौरान प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में आवारा पशुओं को प्रवेश रोकने के लिए मुख्य गेट पर काउ कैचर लगवाने, मुख्य गेट से ओटी तक इन्टरलाकिंग कराए जाने की बात कही। साथ ही चिकित्सालय परिसर की बाउंड्री वाल, पीछे की तरफ मरम्मत, गेट के


चहनियां ब्लॉक प्रमुख को प्रत्रक देते प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. रितेश कुमार।

अन्दर प्रवेश करते ही दाहिने ओर बाउंड्री वाल ऊंचा कराने की आवश्यकता जताई। बताया कि जेएसवाई की शौचालय, पानी की निकासी, मरीजों की सुविधा के लिए जरनल वार्ड व्यवस्था, कोविड वार्ड हैंडओवर नहीं है। ओपीडी के बाहर मरीजों की सुविधा के लिए टीन शेड लगवाने की बात कही। कहा कि मीटिंग हाल के साथ अधिकारियों व कर्मचारियों के आवासीय भवन जर्जर हो चुके है मरम्मत कराने के लिए प्रभारी चिकित्साधिकारी ने प्रत्रक दिया। ब्लाक प्रमुख अरुण कुमार जायसवाल ने कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की जर्जर भवन, आवास आदि समस्या को लेकर स्वास्थ्य मंत्री से मिलेंगे। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का आवास, भवन बाउंड्री वॉल शौचालय, स्टोर रूम आदि के निर्माण सुंदरीकरण, कायाकल्प के लिए बात की जाएगी।

## अतायस्तगंज व मुसाखाड़ में चौपाल का हुआ आयोजन

**शहाबगंज।** प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को अतायस्तगंज के मुरकौल गांव व मूसाखाड़ में जन चौपाल का आयोजन किया गया। इसका परिणाम खानापूर्ति के रुम में दिखाई दे रहा है। शुक्रवार को आयोजित जन चैपाल में शासन द्वारा जनहित में चलाई जा रही योजनाओं का स्टाल लगाकर ग्रामीणों को जानकारी उपलब्ध कराई गईं। लेकिन जन चैपाल में पड़ने वाले प्रार्थना पत्रों पर कोई सुनवाई नहीं होने से आमजन की रुचि घटती जा रही है। चौपाल में न ही तहसील स्तर का नहीं ब्लाक का कोई सक्षम अधिकारी नहीं पहुंचा। वहीं एडीओ लोगों ने ही चौपाल की जिम्मेदारी संभालते नजर आये। इस दौरान एडीओ पंचायत अरविन्द सिंह, ग्रामप्रधान लक्ष्मी यादव, मिथिलेश देवी, एडीओ अनिल पटेल, जैनेन्द्र कुमार राव, अनिल सिंह, अजय कुमार, चन्द्रबली सिंह, राजेन्द्र भारती, लालमनि देवी सहित आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जिला अस्पताल में घुसा माइनर का पानी


जिला अस्पताल परिसर में घुसा माइनर का पानी।

**चंदौली।** चंदौली-फुटियां माइनर ओवरफ्लो होकर पानी मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय परिसर में घुस गया है। इससे जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। इसके चलते स्वास्थ्य कर्मियों को दफ्तर में आने जाने में परेशानी उठानी पड़ रही है। जिला अस्पताल के भी कुछ हिस्से में पानी जमा होने से लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। विदित हो कि जिला अस्पताल के पास से चंदौली-फुटियां माइनर निकली हुई है। गंगा नहर से जुड़ी यह माइनर रायलताल में जाकर मिली हुई है। इससे हजारों एकड़ खेतों की सिंचाई होती है, लेकिन वर्तमान में माइनर की साफ-सफाई न होने झाड़ झंखाड़ से पटा हुआ है। यही नहीं हाईवे सड़क निर्माण के चलते माइनर अवरुद्ध भी हो गया है। इस कारण माइनर का पानी आगे नहीं जा पा रहा है। इसके चलते गंगा नहर खुलने के साथ ही माइनर ओवरफ्लो हो जाता है। ऐसी स्थिति में माइनर का पानी जिला अस्पताल परिसर में घुस गया है। बरसात के दिनों में स्थिति और भी विकट हो जाती है। बीते दो दिनों पूर्व किसानों के खेतों में गेहूं की सिंचाई के लिए गंगा नहर खोला गया। इससे माइनर ओवरफ्लो हो गया। इस कारण माइनर का पानी सीएमओ कार्यालय व अस्पताल परिसर में घुस गया। हालत यह हो गया कि परिसर में घुटनों तक पानी लग गया। आलम रहा कि स्वास्थ्य कर्मचारियों को दफ्तर में जाने के लिए परेशानी उठानी पड़ रही है।

# गोरारी के ग्रामीणों ने धरना स्थल पर लगाया टेंट-तम्बू

**मांग**

**समस्या का समाधान नहीं होने पर शरणार्थी बने गोरारी के ग्रामीण**

**चंदौली।** प्रशासनिक अधिकारियों के आदेश व वादे के बावजूद गोरारी गांव में जल निकासी की समस्या का समाधान न होने पर शुक्रवार को गोरारी गांव के करीब 50 घर के परिवार पलायन कर बिछियां धरना स्थल पर शरणार्थी के रूप में पहुंचे। ग्रामीण टेंट आदि लगाकर बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों के साथ शरणार्थी बने हुए हैं। ग्रामीणों ने मूलभूत सुविधाओं से सम्बंधित मांग पत्र भी प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। साथ ही समस्या का समाधान किए जाने की मांग की। सदर विकास खंड के गोरारी गांव के पीड़ित मुन्शी चैहान, मीरा देवी ने बताया कि बीते दिनों कुछ अराजकतत्वों ने कई घरों को बुल्डोजर से जमीदोंज करने के साथ ही आने-जाने के मार्ग को मिट्टी डालकर बंद कर दिया गया था। इसको लेकर पीड़ित परिवार और ग्रामीणों ने बबुरी थाने में तहरीर दिया था। मौके से अराजकतत्वों को गिरफ्तार कर बुल्डोजर को सीज कर दिया गया था। लेकिन रास्ते की समस्या हल नहीं हो पायी। इससे पीड़ित परिवार डीएम से मिलकर गुहार लगायी। मामला का फिर भी हल नहीं निकला। इससे नाराज ग्रामीण डीएम कार्यालय गेट के पास चार दिनों तक अनिश्चिकालीन धरना भी दिया था। इसपर एडीएम ने समस्या के समाधान का आश्वासन दिया था। लेकिन 10 दिन बीत जाने के बाद भी समस्या का निवारण नहीं हुआ। इससे गांव के लोग पलायन कर बिछियां धरना स्थल पर शरणार्थी बनकर पहुंचे हुए हैं। भाकियू टिकैत के मंडल प्रवक्ता मणि देव चतुवेर्दी ने कहा कि युनियन पीड़ित,शोषितों वंचितों और जरूरतमंदों के साथ मजबूती से खड़ी है। इस मौके पर भाकियू टिकैत के जिलाध्यक्ष संतीश सिंह चैहान, पीड़ित धर्मशीला देवी, श्यामप्यारी, सूखा, सुशीला, शीला, अनारकली, रानी, चिंता, रूबी, नीलू, राजेश्वर, लक्षिमन, जय सिंह, घूरेलाल, विक्रमा चैहान, खिचड़ू चैहान, पराहु पासवन, कन्हैया, प्रभाकर मैर्या, जीउत, ओमबीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

## लाखापुर में पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

**नियामताबाद।** अलीनगर थाना क्षेत्र के सिरसी गांव में लाखापुर गांव निवासी गुड्डू बिंद उम्र 35 का शव जामुन के पेड़ से रस्सी के सहारे लटकता मिला। इसकी जानकारी मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई ग्रामीणों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। सूचना के आधार पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतार कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। खुदकुशी का मामला लग रहा है वैसे पुलिस छानबीन कर रही है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद घटना के पीछे स्पष्ट कारणों का पता चल पाएगा। आपको बताते चलें कि शुक्रवार की सुबह गांव के लोग पेड़ की तरफ गए तो देखा कि रस्सी के सहारे युवक का शव लटकता मिला। आनन-फानन में घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई। लोगों ने तत्काल इसकी सूचना अलीनगर पुलिस को दी मृतक की शिनाख्त के बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार गुड्डू गरीबी व आर्थिक तंगी से जूझ रहा था पिता की मौत पहले ही हो चुकी है। घटना के बाद पत्नी, मां व बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल रहा।

# कोयला लदी चलती मालगाड़ी में लगी आग, मचा हड़कंप

**डीडीयू नगर।** शुक्रवार को कोयला लदी चलती मालगाड़ी अचानक आग लग गई। वैगन से धुआं उठता देखकर रेल अफसरों के साथ कर्मचारियों में अफरातफरी मच गई। जिसके बाद गाड़ी संख्या 60136 डीडीयू जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या 3 पर जैसे ही मालगाड़ी पहुची, वहां मौजूद आरपीएफ टीम व कैरिज विभाग के कर्मचारियों द्वारा प्रेशर मशीन से वैगन में लगी आग को बुझाया गया। हादसा टलने के बाद रेल विभाग ने राहत की सांस ली और मालगाड़ी को आगे के लिये रवाना किया गया। आरपीएफ प्रभारी संजीव कुमार ने बताया कि सील चेकर निरंजन कुमार ने बताया कि मालगाड़ी के एक बैंगन मे आग लगी है। इसकी सूचना गॉर्ड को दी वही गार्ड इसकी सूचना डिप्टी एसएस डीडीयू नगर को बताई जिसके बाद आरपीएफ सहित समन्धित विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुँचकर आग पर काबू पाया और मालगाड़ी को रवाना किया।


कोयला लदे मालगाड़ी में लगी आग को बुझाते कर्मचारी।

## ऑटो बाइक की आमने सामने टक्कर दो घायल

**बबुरी ।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मवैया गांव के समीप मोटरसाइकिल व ऑटो की आमने सामने टक्कर में दो युवक गंभीर रूप से हुए घायल हो गये ।प्राप्त जानकारी के अनुसार करन पुत्र छांगुर उम्र 18 वर्ष व आकाश पुत्र सुनील उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम बैरी थाना चकिया मोटरसाइकिल पर सवार होकर बबुरी होते हुए चकिया की तरफ से जा रहे थे, तेज रफ्तार एक ऑटो ने मवैया गांव के समीप मोटरसाइकिल सवार को जोरदार टक्कर मार दिया ।जिससे बाइक पर सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए ।वही मौके से ऑटो चालक ऑटो लेकर फरार हो गया । ग्रामीणों की सूचना पर 108 एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को जिला संयुक्त चिकित्सालय में लाकर भर्ती कराया गया जहां पर जिला संयुक्त चिकित्सालय के डॉक्टरों ने आकाश पुत्र सुनील उम्र 22 वर्ष की प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया।

# खिलाड़ियों को प्रोत्साहित कर रही सरकारः अनिरुद्ध

**डीडीयू नगर।** लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शुक्रवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि प्रतिस्पर्धा की भावना से हम सभी में चुनौतियों से निपटने का गुण विकसित होता है। मैदान में रहने से मिट्टी से जुड़ाव होता है जिससे शरीर व मस्तिष्क स्वस्थ व प्रसन्न रहता है। खेलो इंडिया के माध्यम से सरकार खिलाड़ियों को निरंतर प्रोत्साहित कर रही है। प्रबंधक राजेश कुमार तिवारी ने कहा कि महाविद्यालय खेल व खिलाड़ियों की सुविधा बढ़ाने के लिए कृतसंकल्पित है। कार्यक्रम के आरंभ में अतिथियों का स्वागत प्रो उदयन मिश्र ने किया। प्रतियोगिता में चाहत सिंह व छात्राओं में नेहा व कंचन यादव चैंपियन रहे। पुरुष 100 मीटर में शिवम् प्रथम, मनीष द्वितीय व शिवम मिश्र तृतीय रहे। 200 मीटर पुरुष में नीतीश प्रथम, अमित द्वितीय व पवन तृतीय रहे। 400 मीटर छात्रों में अमित प्रथम,


उम्दा प्रदर्शन करते वाले खिलाड़ियों को शील्ड प्रदान करते अतिथिगण।

मनीष द्वितीय व शिवम् तृतीय रहे। लंबीकूद में शिवम् प्रथम, श्याम बाबू द्वितीय व रियाजुद्दीन तृतीय रहे। भाला फेंक में चाहत प्रथम, रामजन्म द्वितीय व अब्दुल सलाम तृतीय रहे। शाटपुट में चाहत, बुलंद व अभिषेक क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। छात्राओं के 100 मीटर में कंचन, गुंजन व अंजलि क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। 200 मीटर में नेहा, कंचन व गुंजन, लंबी कूद में सिद्धी, पुष्पा व अंचल, शाटपुट में रानी, नेहा यादव, व संयुक्त रूप से खुशबू व प्रतिज्ञा, भाला फेंक में प्रतिज्ञा, पुष्पा व सीमा प्रजापति, चक्का फेंक में खुशबू, सरस्वती व आंचल क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। संचालन प्रो मनोज व धन्यवाद ज्ञापन संजय पांडेय ने किया।

## जनपद में कड़ी निगरानी के बीच हुई यूपी बोर्ड परीक्षाएं

**चंदौली।** कड़ी निगरानी के बीच शुक्रवार को यूपी बोर्ड परीक्षाएं सम्पन्न हुई। इस दौरान प्रथम पाली में हाईस्कूल में कृषि की परीक्षा सम्पन्न हुई। इसमें कुल पंजीकृत परीक्षार्थी 899 के सापेक्ष 831 उपस्थित और परीक्षार्थी 68 अनुपस्थित रहे। कुल पंजीकृत तद्क्रम में दूसरी पाली में इंटरमीडिएट में अंग्रेजी की परीक्षा सम्पन्न हुई। जिसमें परीक्षार्थी 23168 के सापेक्ष 20771 उपस्थित और परीक्षार्थी 2397 अनुपस्थित रहें। जिला विद्यालय निरीक्षक चंदौली द्वारा प्रथम पाली में कुल 06 परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। इसी क्रम में द्वितीय पाली में भी विभिन्न सचल दस्तों द्वारा परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। महेन्द्र टेक्निकल इण्टर कालेज चंदौली में स्थापित जिला बोर्ड परीक्षा कन्ट्रोल रूम के द्वारा परीक्षा के दौरान निरन्तर मॉनीटरिंग का कार्य हो रहा है। इसके अतिरिक्त सेक्टर मजिस्ट्रेटों द्वारा भी कई परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। जिले के परीक्षा केन्द्रों पर सकुशल एवं शान्तिपूर्ण परीक्षा संपन्न हुई।

# अभावग्रस्त परिवार के बच्चों को भी मिलेगी बेहतर शिक्षा

जनसंदेश न्यूज

**बोली परवीन**

**पैसे के अभाव में किसी भी बच्चे को शिक्षा से नहीं होने देंगे वंचित**

**बबुरी।** आर्थिक तनाव झेल रहे परिवार के लिए राइजिंग सन वर्ल्ड स्कूल परिवार ने एक नई योजना शुरू की है जिसके तहत गरीब तबके से आने वाले अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के बच्चों को आधे शुल्क में अध्ययन करने का अवसर मिल रहा है। उक्त बातें राइजिंग सन वर्ल्ड स्कूल की डिरेक्टर परवीन रूस्तम ने शुक्रवार को आयोजित प्रेस वार्ता में कहीं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में संचालित हो रहे हैं तमाम शिक्षण संस्थान में आर्थिक अभाव के चलते गरीब परिवार के बच्चे शिक्षा लेने से वंचित रह जाते हैं, जिसको देखते हुए राइजिंग सन वर्ल्ड स्कूल में एडमिशन शुल्क पहले से ही शून्य रखा गया था।

साथ ही अब एक नई योजना शुरू की गई है जिससे समाज के पिछड़े तबके से आने वाले बच्चे आधे मासिक शुल्क में उच्च गुणवत्ता की शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं। राइजिंग सन वर्ल्ड स्कूल परिवार पैसे के अभाव में किसी भी जागरूक परिवार के बच्चे को शिक्षा से वंचित नहीं होने देगा यह इसका दृढ़ संकल्प है। डायरेक्टर परवीन रुस्तम ने बताया कि स्कूल में एडमिशन आरंभ हो चुका है। स्कूल परिसर में खेलकूद, पुस्तकालय, लैब, कंप्यूटर आदि सुविधाओं के साथ ही वाहन सुविधा है जिससे बच्चे की सुरक्षा तथा गुणवत्तापूर्ण विकास सुनिश्चित होता है।

# डॉ. राजीव बने देश के डीसीजीआई

**हर्ष**

**अपनी उपलब्धि के लिए माता-पिता को दिया श्रेय**

**बैरिया।** द्वाबा की उर्वरा मिट्टी की खूशबू की सुगन्ध हमेशा फैली है। देश को बलिया की धरती ने हमेशा ही गौरवान्वित महसूस कराया है। इसी क्रम को इसी धरती पर जन्मे डा. राजीव सिंह रघुवंशी ने आगे बढ़ा कर क्षेत्र व बलिया का नाम रौशन किया है। राजीव सिंह रघुवंशी देश का ड्रग कंट्रोलर जनरल (डीसीजीआई) बने है। गुरुवार को उन्होंने पदभार भी संभाल लिया है। इसको लेकर क्षेत्र और गांव में खुशी का माहौल है। वहीं, इस पद को पाने से जिले का मान भी बढ़ा है। उल्लेखनीय है कि दोकटी थाना क्षेत्र के रामनगर निवासी डा. राजीव सिंह रघुवंशी पुत्र स्व. विद्यानंद सिंह रघुवंशी देश के नए ड्रग कंट्रोलर जनरल के पद पर बुधवार को नियुक्त किये गए। गुरुवार को उन्होंने पदभार भी दिल्ली में संभाल लिया है। राजीव सिंह भारतीय फार्माकोपिया आयोग के सचिव सह-वैज्ञानिक पद पर कार्यरत थे। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने पिछले महीने डीसीजीआई के पद के लिए उनके नाम की सिफारिश की थी। इसको संज्ञान लेकर मंत्री मंडल समिति ने आदेश पारित कर उन्हे यह जिम्मेदारी दी है। राजीव सिंह रघुवंशी ने डा. वीजी सोमानी का स्थान लिया है। डा. वीजी सोमानी का कार्यकाल 15 फरवरी को खत्म हो गया था। बता दें कि डीसीजीआई केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) का प्रमुख पद होता है, जो देश भर में गुणवत्तापूर्ण दवाओं की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार होता है। इसके पास नई दवाओं को मंजूरी देने और क्लीनिकल ट्रायल को विनियमित करने का भी अधिकार होता है। डा. राजीव सिंह के नाम से 250 से ज्यादा पेटेंट दवाएं भी हैं। इतनी बड़ी उपलब्धि के लिए उन्होने अपने माता-पिता को श्रेय दिया है।

# स्पोर्ट्स

## सचिन ने आज ही के दिन जड़ा था एक दिनी का पहला दोहरा शतक

**मुंबई।** पूर्व भारतीय कप्तान सचिन तेंदुलकर 24 फरवरी 2010 को इंटरनेशनल वनडे क्रिकेट में दोहरा शतक जड़ने वाले पहले पुरुष क्रिकेटर बने थे। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ ग्वालियर में नाबाद 200(147 गेंद) रनों की पारी खेली थी। गौरतलब है, सचिन के अलावा अब तक सात और बल्लेबाज पुरुष वनडे में दोहरा शतक जड़ चुके हैं, जिनमें चार भारतीय शामिल हैं। पूर्व भारतीय दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने आज ही के दिन वनडे में दोहरा शतक लगाया था। 2010 में दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के खिलाफ ग्वालियर में खेले गए मैच में सचिन वनडे में दोहरा शतक लगाने वाले पहले पुरुष बल्लेबाज बने थे। क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन ने 147 गेंदों में नाबाद 200 रनों की पारी खेली थी। उन्होंने अपनी पारी में 25 चौके और 3 छक्के लगाए थे। सचिन ने अपना यह कारनामा 36 साल की उम्र पार करने के बाद किया था। वह आज भी 36 की उम्र पार करने के बाद सर्वोच्च व्यक्तिगत वनडे पारी खेलने वाले बल्लेबाज हैं। गौरतलब है कि सचिन ने अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा था।



# रैपिड फायर पिस्टल में भारत को 12 साल बाद मिला पदक, अनीश ने कांसे पर साधा निशाना

## विश्व कप के अंतिम दिन पुरुषों की 25 मीटर रैपिड-फायर पिस्टल में रहे तृतीय, यह उनका पहला विश्व कप पदक है

**नई दिल्ली।** आईएसएसएफ विश्व कप में अनीश भानवाला ने 12 साल बाद रैपिड फायर पिस्टल में देश को पदक दिलाया है। उन्होंने इस प्रतियोगिता में कांस्य पदक अपने नाम किया है। रैपिड फायर पिस्टल में इससे पहले भारत के लिए सभी पदक विजय कुमार ने जीते थे। अब 12 साल बाद अनीश ने मिस्त्र के कोहिरा में विश्व कप के अंतिम दिन पुरुषों की 25 मीटर रैपिड-फायर पिस्टल में कांस्य पदक जीता। यह उनका पहला सीनियर व्यक्तिगत विश्व कप पदक भी था और उन्होंने इसे कठिन तरीके से अर्जित किया, जो 20 वर्षीय खिलाड़ी के करियर में एक ऐतिहासिक दिन रहा।



इतालवी मैसिमो स्पिनेला ने फाइनल मैच में 32 हिट के साथ स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने विश्व चैम्पियनशिप रजत पदक विजेता फ्रांस के क्लेमेंट बेसागुएट को पीछे छोड़ा, जो 40 शॉट के बाद दो हिट से पीछे रह गए। अनीश 30 शॉट में 21 हिट के साथ तीसरे स्थान पर रहे। उन्होंने जर्मनी के रियो ओलंपिक चैंपियन क्रिश्चियन रेइट्ज को हराया, जो 20 शॉट के बाद 13 हिट के साथ हार गए। अनीश के पदक के चलते भारत ने चार स्वर्ण सहित सात पदकों के साथ काहिरा विश्व कप समाप्त कर तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। अपने कोच हरप्रीत सिंह को पदक समर्पित करते हुए अनीश ने कहा ₹भारत के लिए कई खिलाड़ी फाइनल में पहुंचे, लेकिन पदक नहीं जीत सके। मैं इससे पहले दो फाइनल में पांचवें स्थान पर आया था और आज अपना पहला विश्व कप पदक जीतने के लिए सब कुछ झोक देना चाहता था। अनीश ने कहा, मैं खुद को शांत रखने पर ध्यान केंद्रित कर रहा था और इसका फायदा मिला। राष्ट्रीय शिविर में, हमें प्रशिक्षण मिला ता कि दबाव की स्थिति में खुद को कैसे नियंत्रित किया जाए और इससे मदद मिली। आज पदक मैच में चौथी सीरीज कठिन थी, जहां मुझे पूर्व ओलंपिक चैंपियन को हराना था। मैंने खुद से कहा कि यह सीरीज है जो मेरे सपने को साकार करेगी, इसकी कल्पना की और इसे पूरी तरह से सफल रहा। इससे मुझे खुशी हुई। यह वास्तव में एक सकारात्मक बात है। मैंने कल दो फाइनल देखे। जब आप ऐश्वर्या और अन्य को अच्छा करते देखते हैं तो आप खुद से कहते हैं, मैं भी यह कर सकता हूं। अनीश ने 581 के स्कोर के साथ छठे स्थान से रैंकिंग राउंड के लिए क्वालीफाई किया। वह रातों-रात दूसरे स्थान पर रहे और रैपिड-फायर राउंड में 287 अंक हासिल कर कट हासिल किया। उन्होंने दो रैंकिंग मैचों में से दूसरे में यान चेसनेल, चेक गणराज्य के मतेज रामपुला और मास्सिमो के साथ जगह बनाई। मेडल मैच में सबसे कम उम्र के अनीश ने धमाकेदार शुरूआत की, शॉट की पहली रैपिड-फायर सीरीज में पांच में से पांच हिट हासिल की, जबकि अन्य सभी ने तीन-तीन हिट के साथ ओपनिंग की। हालांकि दूसरी सीरीज उनके लिए कठिन थी, लेकिन तीसरे में चार हिट के साथ संयुक्त रूप से बेसागुएट के साथ 11 हिट के साथ शीर्ष पर पहुंच गए। चौथे में, बेसागुएट को छोड़कर सभी को पांच हिट मिले और अनीश ने वापसी की और पदक पक्का कर लिया। अनीश के पास क्रमशः दो और तीन हिट की दो औसत सीरीज थीं और वह तीसरे स्थान पर झुके, क्योंकि मास्सिमो ने जीत हासिल की।

## इंग्लैंड के हैरी ब्रूक ने फिर खेली तूफानी शतकीय पारी



वेलिंगटन। इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मैच वेलिंगटन में शुक्रवार से खेला जा रहा है। इंग्लैंड के युवा खिलाड़ी हैरी ब्रूक इन दिनों खतरनाक फॉर्म में हैं और टेस्ट क्रिकेट में तबाही मचा रहे हैं। हैरी ब्रूक ने न्यूजीलैंड के खिलाफ वेलिंग्टन टेस्ट में 184 रनों की पारी खेली है। इसी के साथ ब्रूक ने एक ऐतिहासिक रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। वह टेस्ट करियर की शुरूआती नौ पारियों में सबसे ज्यादा 807 रन बनाने वाले पहले क्रिकेटर बन गए हैं। आपको बता दें कि न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच में हैरी ब्रूक को 184 रन बनाने के लिए 169 गेंदों का सामना करना पड़ा। इस दौरान उनके बल्ले से 24 चौके और पांच छक्के निकले। टेस्ट क्रिकेट की आखिरी नौ पारियों में ब्रूक ने चार शतक, तीन अर्धशतक जड़ दिए हैं और 807 रन हो गए हैं। वहीं हैरी ब्रूक ने न केवल विनोद कांबली का रिकॉर्ड ध्वस्त किया, बल्कि दुनिया के पहले ऐसे बल्लेबाज बन गए हैं, जिन्होंने 800 का आंकड़ा पार किया है।

***डेब्यू के बाद शुरूआती नौ पारियों में सबसे ज्यादा रन का रिकॉर्ड***

807* रन - हैरी ब्रूक (इंग्लैंड), 798 रन - विनोद कांबली (भारत),
780 रन - हरबर्ट सटक्लिफ (इंग्लैंड), 778 रन - सुनील गावस्कर (भारत)
777 रन - एवर्टन वीक्स (वेस्टइंडीज)।

# पीवी सिंधु ने ओलंपिक पदक जिताने वाले कोच पार्क से किया किनारा

## खराब फॉर्म के लिए ठहराया जिम्मेदार

**नई दिल्ली।** भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु ने कोच पार्क ताए संग से किनारा कर लिया है। कोच पार्क 2019 से सिंधु के साथ काम कर रहे थे। पार्क ताए-संग की देखरेख में सिंधु ने तीन बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर टाइल्स, सैयद मोदी इंटरनेशनल टाइटल, स्विस ओपन टाइटल और सिंगापुर ओपन टाइटल जीते। साथ ही बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल खेलों 2022 में महिला एकल में स्वर्ण पदक और 2020 टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक भी जीता था।



पार्क ने सिंधु की हालिया खराब फॉर्म की जिम्मेदारी ली। उन्होंने इंस्टाग्राम पर सिंधु के साथ दो तस्वीरें शेयर कीं। इसके कैप्शन में लिखा- हैलो, आप सभी से बात किए हुए काफी समय हो गया है। मैं कुछ दिन पहले हैदराबाद वापस आया था। मैं उन सभी को धन्यवाद कहना चाहता हूं, जिन्होंने मेरे पिता के स्वास्थ्य को लेकर चिंता जताई। सच कहूं तो मेरे पिता की हालत अभी ठीक नहीं है। इसलिए मुझे भारत वापस आना भारी लग रहा था।पार्क ने लिखा- मैं पीवी सिंधु के साथ अपने संबंधों के बारे में बात करना चाहूंगा, जिसके बारे में कई लोगों ने पूछा है। उन्होंने हाल के कई मैचों में खराब मूव्स दिखाए हैं और एक कोच के रूप में इसके लिए मैं खुद को जिम्मेदार महसूस करता हूं।

इसलिए वह एक बदलाव चाहती थीं और उन्होंने कहा है कि वह एक नया कोच ढूंढ लेंगी। मैं उनके फैसले का सम्मान करता हूं। मुझे खेद है कि मैं अगले ओलंपिक तक उनके साथ नहीं रह सकता, लेकिन अब मैं उन्हें दूर से उनका समर्थन करने जा रहा हूं। मुझे उनके साथ बिताया गया हर पल याद रहेगा। मैं उन सभी को धन्यवाद देना चाहता हूं जो मुझे समर्थन और प्रोत्साहित करते रहे हैं।

## यूरोपा लीग में मैन-यू का रेआल बैटिस व आर्सनल और रोमा का मुकाबला



**नई दिल्ली।** यूईएफए यूरोपा लीग के प्री-क्वार्टरफाइनल मुकाबलों का ड्रॉ जारी हो गया है। इंग्लैंड के क्लब मैनचेस्टर यूनाइटेड का सामना स्पेन के क्लब रियल बेटिस से होगा। वहीं, इंग्लिश प्रीमियर लीग में शीर्ष पर काबिज आर्सेनल का मुकाबला पुर्तगाल के क्लब स्पोर्टिंग सीपी से होगा। छह बार यूरोपा लीग जीतने वाली सेविला की टीम फेनारबाचे से होगा।

स्विट्जरलैंड के न्योन स्थित यूईएफए के मुख्यालय में शुक्रवार (24 जनवरी) को ड्रॉ जारी किया गया। प्री-क्वार्टर फाइनल में भी दो लेग होंगे। दोनों टीमें अपने-अपने होमग्राउंड पर एक-दूसरे के खिलाफ एक-एक मैच खेलेंगी। दो मैचों के स्कोर को जोड़कर नतीजा निकलेगा। पहले लेग के मुकाबले नौ मार्च को खेले जाएंगे। उसके बाद दूसरा लेग 16 मार्च को आयोजित किया जाएगा।

ड्रॉ में 16 टीमों को शामिल किया गया। आठ यूरोपा लीग ग्रुप राउंड के विजेताओं को सीडेड (वरीयता प्राप्त) पॉट में रखा गया। वहीं, नॉकआउट राउंड प्ले-ऑफ से आगे बढ़ने वाली आठ टीमें अनसीडेड पॉट में थीं। एक ही एसोसिएशन के क्लब एक दूसरे के खिलाफ नहीं खेल सकते। प्री-क्वार्टरफाइनल में जीतने वाली आठ टीमें क्वार्टरफाइनल में खेलेंगी।

***किस टीम का किससे मुकाबलाः***

यूनियन बर्लिन बनाम यूनियन सेंट गिलोइस
सेविला बनाम फेनारबाचे
युवेंटस बनाम फ्राइबर्ग
लेवरकुसेन बनाम फेरेनक्वारोस
स्पोर्टिंग सीपी बनाम आर्सेनल
मैनचेस्टर यूनाइटेड बनाम रियल बेटिस
रोमा बनाम रियल सोसिदाद
शाख्तार बनाम फेयेनोर्ड

***नॉकआउट राउंड प्लेऑफ में जीतने वाली टीमें***

नॉकआउट राउंड प्ले-ऑफ में सेविला ने पीएसवी को 3-2, युवेंटस ने नेन्ट्स को 4-1, स्पोर्टिंग ने मिडटिलैंड को 5-1 और लेवरकुसेन ने मोनाको को 5-5 की बराबरी के बाद पेनल्टी शूटआउट में 5-3 से हराया। वहीं, यूनियन बर्लिन ने अजाक्स को 3-1, रोमा ने आरबी साल्जबर्ग को 2-1, शाख्तार डोनेत्स्क ने रेनेस को 3-3 की बराबरी के बाद पेनल्टी शूटआउट में 5-4 और मैनचेस्टर यूनाइटेड ने बार्सिलोना को 4-3 से हराया।

प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली 16 टीमों में सेविला, युवेंटस, आर्सेनल, मैनचेस्टर यूनाइटेड और रोमा खिताब जीतने की दावेदार हैं।

# काले चश्मे, आंसुओं का सैलाब....रनआउट को लेकर छलका हरमनप्रीत कौर का दर्द

**केपटाउन।** ऑस्ट्रेलिया से बीती रात आईसीसी महिला टी20 विश्व कप में मनोबल तोड़ने वाली शिकस्त से निराश भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर नहीं जानती कि वह जीत के करीब पहुंचकर हार की ग्लानि से कब उबर पाएंगी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल के दौरान दूसरा रन पूरा करने की कोशिश में हरमनप्रीत रन आउट हो गयीं। उनका बल्ला लॉक हो गया था और उनका असमय आउट होना खेल का टर्निंग प्वाइंट साबित हुआ जिससे टीम महज पांच रन से हार गयी। हरमनप्रीत बुखार और डिहाइड्रेशन (शरीर में पानी की कमी होना) के बावजूद इस नॉकआउट मैच में खेलने उतरीं और उन्होंने 34 गेंद में 52 रन की अर्धशतकीय पारी खेलकर टीम को जीत के करीब पहुंचा दिया था।




उन्होंने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, खुद पर काबू कर पाना बहुत मुश्किल है। नहीं जानती। लेकिन मैं अब भी 'हैंगओवर' में हूं। मैच के बाद पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान वह अपने आंसुओं को छुपाने के लिए काले चश्मे लगाये थीं। इस भारतीय टीम को कई मैचों में करीबी हार का सामना करना पड़ा है, टीम 2017 में इंग्लैंड से वनडे विश्व कप फाइनल गंवा बैठी थी और 2022 में बर्मिंघम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ राष्ट्रमंडल खेलों का फाइनल में भी उन्हें करीबी हार मिली थी। कप्तान के अलावा इस दर्द को कोई और नहीं जानता होगा।

मोगा की इस महिला क्रिकेटर ने कहा, नहीं पता कि यह कैसे हो रहा है। लेकिन इस हार के बाद जब हम ड्रेसिंग रूम में जायेंगे तो ही हमें पता चलेगा कि इसे भुलाने में कितने और दिन लगेंगे। लेकिन मुझे लगता है कि हमने अच्छा क्रिकेट खेला। मैं सिर्फ इतना ही कह सकती हूं। हरमनप्रीत के आउट होने से पहले भारतीय कप्तान और जेमिमा रोड्रिग्स ने 41 गेंद में 69 रन की साझेदारी निभा ली थी लेकिन भारत की नंबर एक आल राउंडर मानी जाने वाली दीप्ति शर्मा एक बार फिर पावर हिटिंग कौशल दिखाने में असफल रही और उन्होंने 17 गेंद में 20 रन बनाये। इंग्लैंड की पुरूष टीम के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने हरमनप्रीत के रन आउट होने को स्कूल की बालिका जैसी गलती करार दिया।

इस पर भारतीय कप्तान ने पूछा, उन्होंने ऐसा कहा? अच्छा। मैं नहीं जानती। यह सोचने का तरीका है। मैं नहीं जानती। लेकिन कभी कभार ऐसा होता है। मैंने क्रिकेट में ऐसा होते हुए कई बार देखा है जब बल्लेबाज एक रन लेने जाता है और कभी कभार बल्ला अटक जाता है। लेकिन मैं कहूंगी कि हम आज दुर्भाग्यशाली रहे। उन्होंने कहा, अगर मैं आउट नहीं होती और अंत तक क्रीज पर रहती तो हम निश्चित रूप से एक ओवर पहले ही मैच खत्म कर चुके होते क्योंकि हम लय में थे।

कप्तान ने हालांकि हार के लिये दोषी व्यक्ति का नाम नहीं लिया लेकिन उनकी प्रतिक्रिया से साफ था कि जब वह अपने आउट होने के बाद जिम्मेदारी से और सकारात्मक बल्लेबाजी की बात कर रही थीं तो वह दीप्ति का ही जिक्र कर रही थीं। उन्होंने कहा, जब मैं आउट हुई, तो लय भारत से आस्ट्रेलिया के पास चली गयी। मुझे भी यही लगता है कि यह टर्निंग प्वाइंट था। यह निराशाजनक है क्योंकि हमें इस तरह से नहीं हारना चाहिए था। क्योंकि इतने करीब आकर हमें और जिम्मेदारी और सकारात्मक रवैये से बल्लेबाजी करनी चाहिए थी।

# गेंदबाज 'विलेन' नहीं, नॉन स्ट्राइकर छोर पर खड़ा बल्लेबाज ही तोड़ रहा नियम...एमसीसी ने दी चेतावनी

**लंदन।** मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) की विश्व क्रिकेट समिति ने कहा कि किसी भी गेंदबाज को नॉन स्ट्राइकर छोर पर रन चुराने के प्रयास में अपनी क्रीज पर आगे खड़े बल्लेबाज को 'रन आउट' करने के लिए 'विलेन' नहीं कहा जा सकता। विश्व क्रिकेट समिति (डब्ल्यूसीसी) ने सभी उम्र ग्रुप स्तर के क्रिकेट में इस तरीके से आउट होने के तरीके को सामान्य करने की कोशिश में यह बात कही। डब्ल्यूसीसी ने इस विवादास्पद मुद्दे पर 'संयम' बनाये रखने की भी बात कही क्योंकि कुछ पूर्व क्रिकेटर अब भी मानते हैं कि इस तरह बल्लेबाज को रन आउट करना खेल भावना के खिलाफ है जबकि आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) नियम बना चुका है कि इसे 'रन आउट' माना जाएगा। खेल के नियम बनाने वाली एमसीसी ने पिछले महीने ऑस्ट्रेलियाई लेग स्पिनर एडम जम्पा के बिग बैश लीग मैच में नॉन स्ट्राइकर छोर पर खड़े टॉम रोजर्स को रन आउट करने का प्रयास की घटना के बाद नियम के शब्दों पर स्पष्टीकरण जारी किया था। इस स्पष्टीकरण में नियम 38.3 के शब्दों में बेहतर स्पष्टता प्रदान करने और गलतफहमियों को दूर करने के लिये बदलाव शामिल था। डब्ल्यूसीसी में कुमार संगकारा, सौरव गांगुली, जस्टिन लैंगर, एलिस्टेयर कुक जैसे खिलाड़ी हैं जिसके चेयरमैन माइक गैटिंग हैं। डब्ल्यूसीसी ने पिछले हफ्ते दुबई में आईसीसी मुख्यालय में बैठक की थी और अब वह खेल के सभी स्तरों (मनोरजंन के लिये क्रिकेट से लेकर एलीट स्तर तक) में इस नियम को स्वीकार करने के लिये शांत रहने की बात कर रही है क्योंकि नॉन स्ट्राइकर छोर पर क्रीज से आगे खड़े खिलाड़ी को रन आउट करना नियमों के अंतर्गत है। एमसीसी ने गुरुवार को एक बयान में कहा, सबसे अहम कारक यही है कि इस तरह के आउट होने के तरीके पर एक सरल तरीके से सभी तरह के संदेह और विवादों को खत्म किया जा सकता है कि नॉन स्ट्राइकर छोर पर खड़ा खिलाड़ी नियमों का पालन करे और अपनी क्रीज के अंदर तब तक बना रहे जब तक गेंदबाज के हाथ से गेंद फेंकी नहीं जाये। इसके अनुसार, दुबई में चर्चा में यह मुद्दा भी सामने आया कि इस तरह आउट करने पर गेंदबाज की आलोचना की जाती है। समिति के सभी सदस्य एकमत थे कि जो बल्लेबाज खेल के नियमों को तोड़कर क्रीज पर अपनी जगह से आगे खड़ा रहता है, वही दोषी है। बयान में कहा गया, वे इस बात पर भी सहमत थे कि गेंदबाज को बल्लेबाज को कोई चेतावनी देने की आवश्यकता नहीं है जिससे पुष्टि होती है कि उनके पास नियम तोड़ने वाले बल्लेबाज को उसी समय आउट करने का अधिकार है। श्रीलंका के महान क्रिकेटर संगकारा ने कहा, यहां गेंदबाज 'विलेन' (खलनायक) नहीं है। प्रत्येक बल्लेबाज के पास विकल्प है कि वे अपनी क्रीज के अंदर रहें या फिर अगर वे आगे बढ़ने की कोशिश करते हैं तो रन आउट किये जाने के जोखिम के लिये तैयार रहें। अगर वे अपनी क्रीज से बाहर रहते हैं तो वे ही नियमों को तोड़ रहे हैं।



## इंदौर टेस्ट नहीं खेलेंगे पैट कमिंस स्टीव स्मिथ करेंगे टीम का नेतृत्व

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने पारिवारिक आपात स्थिति के कारण भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट से हटने का फैसला किया है जिससे उप कप्तान स्टीव स्मिथ एक मार्च से इंदौर में शुरू होने वाले मुकाबले में टीम की अगुआई की जिम्मेदारी संभालेंगे। ऑस्ट्रेलिया को पिछले हफ्ते दूसरे टेस्ट में तीन दिन में छह विकेट से हार मिली थी जिसके बाद कमिंस स्वदेश लौट गये थे। 'क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू' के अनुसार, पारिवारिक आपात स्थिति के कारण पैट कमिंस दूसरे टेस्ट के बाद आस्ट्रेलिया लौट गये थे और यह तेज गेंदबाज अगले हफ्ते तीसरे मैच के दौरान अपने घर पर ही रहेगा। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, ऑस्ट्रेलियाई टीम के कप्तान की मां बीमार हैं और 'पैलिएटिव केयर' (प्रशामक उपचार) में हैं। उम्मीद है कि कमिंस तीसरे टेस्ट से पहले वापस आकर टीम से जुड़ जायेंगे लेकिन ऐसी भी संभावना हो सकती है कि वह चौथे टेस्ट में नहीं खेलें। कमिंस के टिम पेन से कप्तानी की जिम्मेदारी संभालने के बाद 2021 में स्मिथ को उप कप्तान बनाया था और तब से वह टेस्ट में तीसरी दफा आस्ट्रेलिया का नेतृत्व करेंगे। दूसरे टेस्ट के बाद स्मिथ अपनी पत्नी के साथ दुबई गये थे और गुरुवार की शाम दिल्ली में ऑस्ट्रेलियाई टीम से जुड़े थे। वहीं आल राउंडर कैमरन ग्रीन तीसरा टेस्ट खेलने के लिये फिट हैं और उनके होल्कर स्टेडियम में तीसरे टेस्ट में खेलने की संभावना है। ग्रीन की ऊंगली में फ्रेक्चर था जिससे ऑस्ट्रेलियाई टीम का संयोजन पहले दो टेस्ट मैचों में बिगड़ गया था। ग्रीन की वापसी से आस्ट्रेलिया को दूसरा सीम गेंदबाजी विकल्प मिल जायेगा। कमिंस दिल्ली में एकमात्र तेज गेंदबाज थे। ग्रीन ने शुक्रवार को दिल्ली में पत्रकारों से कहा, जब आप आल राउंडर के तौर पर टीम में शामिल होगे तो इससे आप शायद टीम के संतुलन में थोड़ी मदद कर सकते हो। यह देखना दिलचस्प होगा कि इस मैच में चयनकर्ता कैसा चयन करते हैं। सीनियर तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क के भी उपलब्ध होने की उम्मीद है और वह अंतिम एकादश में कमिंस की जगह ले सकते हैं।



# डीएम व एसपी ने कंप्यूटर लैब व पुस्तकालय का किया लोकार्पण

## मेरा गांव मेरा कर्तव्य कार्यक्रम के तहत आयोजन



**पवांरा।** विकास खण्ड मुंगराबादशाहपुर क्षेत्र अन्तर्गत सोंगरा गांव में स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को मेरा गांव मेरा कर्तव्य कार्यक्रम के तहत मुख्य अतिथि डीएम मनीष कुमार वर्मा, एसपी डा. अजय पाल शर्मा ने कम्प्यूटर लैब, पुस्तकालय व डेस्क-बेन्च का लोकार्पण किया।

कम्प्यूटर लैब, पुस्तकालय व डेस्क-बेंच उद्योगपति व समाजसेवी मनोज दूबे (नागेश दूबे) द्वारा उपलब्ध कराया गया। डीएम ने समाजसेवी मनोज दूबे की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह इसी गांव से निकले हैं और वह इसी विद्यालय में पढ़े हैं और यह उनके लिए प्रेरणा की बात है। उन्होंने नेक काम किया है और करते रहते हैं। आज सरकार बच्चों को सारी सुविधाएं दे रही है। मन में ये भावना न डाले कि सरकारी स्कूल में पढ़ रहे हैं। मन में एक लगन होनी चाहिए। बच्चों को एक लक्ष्य बनाकर पढ़ाई करना चाहिए ताकि आगे जाकर उपलब्धि हासिल करें। उन्होंने कहा कि यह गांव जिले का पहला आदर्श गांव होगा। एसपी डा. अजय पाल शर्मा ने कहा कि बच्चों को एक लक्ष्य बनाकर पढ़ाई करनी चाहिए आगे चलकर सफलता स्वयं कदम चूमेगी। गांव की ही मनभावती ने डीएम से शिकायत किया मेरा आवास स्वीकृत हुआ है और पड़ोसी जबरदस्ती बनने नहीं दे रहे हैं। ममता वनवासी ने डीएम से शिकायत की मेरे यहां बिजली नहीं है। प्रेमचन्द सरोज की पत्नी ने डीएम को बताया कि मेरे पति अन्धे हैं और पैर भी काम नहीं कर रहा है लेकिन आज तक मुझे आवास नहीं मिला है। डीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों को उपरोक्त तीनों का समस्या निस्तारण करने का आदेश दिया। इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी सुरेन्द्र बहादुर सिंह, एसडीएम राजेश चौरसिया, समाजसेवी व उद्योगपति मनोज दूबे, सतीश दूबे, दिनेश गुप्ता, विद्यालय का समस्त स्टाफ आदि उपस्थित रहे। डीएम व एसपी ने होरिलराव इण्टर कालेज कुंवरपुर में चल रही परीक्षा केन्द्र का भी निरीक्षण किया।

## सड़क दुर्घटना में चार घायल

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत अलग-अलग स्थानों पर सड़क दुर्घटना में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद तीन की हालत गंभीर देख जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।

गुरुवार की देर रात सराय मोहीउद्दीनपुर के समीप एक टेम्पो अनियंत्रित होकर पलट गया जिसमें सवार हरदोई जनपद के संडीला निवासी 38 वर्षीय संजय कुमार पुत्र रमाशंकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार कराया गया। वहीं शुक्रवार को आजमगढ़ मार्ग स्थित नयी सब्जी मंडी के समीप दो बाईकों की आमने-सामने भिड़ंत में भादी मोहल्ला निवासी 55 वर्षीय सुभाष पुत्र मंता वनवासी व निजमापुर गांव निवासी 25 वर्षीय अश्वनी पुत्र दिलशेख व 20 वर्षीय अजय पुत्र रामनयन गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने घायलों को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के बाद सुभाष अश्वनी व संजय की हालत गंभीर देख जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।

# धर्म परिवर्तन कराने के आरोपी पादरी सहित तीन गिरफ्तार

**बदलापुर।** कोतवाली क्षेत्र के भलुआही गांव में धर्म परिवर्तन कराने के एक आरोपी सुजीत कुमार को

**कार्रवाई**

**14 दिन के लिए भेजा गया जेल**

उपजिलाधिकारी रिषभ देशराज पुंडीर ने 14 दिन के लिए पुलिस अभिरक्षा में जिला कारागार भेज दिया है। उपजिलाधिकारी ने उसे अपने न्यायालय में 3 मार्च को पेश करने के लिए जिला कारागार अधीक्षक को आदेश दिया है।

गौरतलब है कि कोतवाली पुलिस ने गुरुवार को क्षेत्र के भलुआही गांव के वार्ड संख्या पांच में धर्म परिवर्तन कराए जाने के आरोप में सेंट जेवियर्स स्कूल के प्रबंधक सहित चार लोगों पर मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही में जुटी है। पुलिस ने 3 लोगों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया था। बजरंग दल के जिला संयोजक सत्य शुक्ला पुत्र जयप्रकाश शुक्ला निवासी दाउदपुर ने कोतवाली में इस बात का केस दर्ज कराया है कि सेंट जेवियर स्कूल के प्रबंधक थॉमस जोसेफ की साजिश पर वार्ड नंबर 5 में क्रांति सरोज के घर पर धर्म परिवर्तन कराया जा रहा था। मौके पर पहुंचे हिन्दू संगठन के लोगों ने पादरी रतन चंद निवासी ग्राम बरबसपुर थाना बदलापुर रतन चंद को पकड़ कर उसके कब्जे से ईसाई धर्म से संबंधित बाइबल आदि ग्रंथ कब्जे में लेकर पुलिस को सौंप दिया। पादरी के साथ कोतवाली में शिवानी पाल पुत्री दिनेश पाल, रीना विश्वकर्मा पत्नी हंसराज विश्वकर्मा निवासी ग्राम भलुआनी भी पहुंच गई थी। पुलिस ने आरोपी पादरी रतन चंद एवं दोनों महिलाओं क्रम से शिवानी पाल व रीना विश्वकर्मा को शांति भंग के आरोप में एसडीएम की अदालत में पेश किया था। एसडीएम रिषभ देशराज पुंडीर ने दोनों महिलाओं की जमानत देते हुए आरोपी पादरी को जिला कारागार भेज दिया।



धर्म परिवर्तन कराने के आरोपी गिरफ्तार

## भूतपूर्व सैनिकों की समस्याओं का जल्द हो निस्तारण : डीएम



**जौनपुर।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में सैनिक बन्धु की बैठक कलेक्टेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने भूतपूर्व सैनिको से कहा कि आप लोगो की जो भी समस्या हो तो अवश्य अवगत कराए जिससे उसका त्वरित समाधान किया जा सके। पूर्व सैनिक द्वारा जमीन से सम्बन्धित समस्याओं को जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया गया जिस पर जिलाधिकारी ने जिला सैनिक कल्याण पुनर्वास अधिकारी ले. कर्नल विजय अहलावत को निर्देशित किया कि अपर जिलाधिकारी वि. राजस्व राम अक्षयबर चौहान से मिलकर भूतपूर्व सैनिकों की जो भी समस्या है उसका निस्तारण अवश्य करा दिया जाय। इस अवसर पर सैनिक बंधु सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सुपर हीरो, सुपर माइलेज कॉन्टेस्ट का आयोजन



**जौनपुर।** हीरो मोटोकॉर्प द्वारा जनपद में सुपर हीरो, सुपर माइलेज कॉन्टेस्ट का सफल आयोजन किया गया। यह कॉन्टेस्ट शहर स्थित ऑटो व्हील्स में आयोजित किया गया। हीरो की सुपर स्प्लेण्डर 125सीसी एक सम्पूर्ण बाइक है जो कि सुपर पावरफुल है, यह एक सुपर कम्फर्टेबल बाइक है जो कि ग्राहकों का लम्बा सफर आरामदायक बनाती है और सर्वश्रेष्ठ खूबी इसका सुपर माइलेज है। साथ ही नई सुपर स्प्लेण्डर 125सीसी एक आधुनिक डिजाईन और टेक्नोलॉजी एवं बेस्ट इन क्लास फीचर्स का जबरदस्त मिश्रण है। इस कॉन्टेस्ट में 7 सुपर स्प्लेण्डर ग्राहकों का माइलेज टेस्ट किया गया, ग्राहकों का औसत माइलेज 80किमी/एल निकल कर आया। इस कॉन्टेस्ट में पहले विजेता पंकज ने सर्वश्रेष्ठ माइलेज 82.3किमी/एल प्राप्त किया।

दूसरे विजेता विशाल को 81.4किमी/एल प्राप्त हुआ तथा दोनों विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया। ये सभी माइलेज वैज्ञानिक तरीके से ग्राहकों के सामने निकाली गयी। सभी ग्राहकों की माइलेज 79किमी/एल से ज्यादा निकली। इस कार्यक्रम में हीरो माटोकॉर्प के अधिकारी एवं डीलरशीप ओनर मौजूद थे।

## घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

**खुटहन।** ब्लाक मुख्यालय के बगल लोहरा की पाही पर गुरुवार की रात अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्वजन उपचार हेतु जिला मुख्यालय ले गए। जहां से बेहतर उपचार हेतु बीएचयू वाराणसी रेफर कर दिया गया। शुक्रवार को उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। उक्त गांव निवासी उदयशंकर दूबे का 19 वर्षीय पुत्र रितेश दूबे गुरुवार की देर शाम बाइक से एक वैवाहिक कार्यक्रम से वापस घर लौट रहा था। उक्त पाही के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल में मौत हो जाने के बाद रोते बिलखते स्वजन शव लेकर घर आ गए। बगैर पुलिस को सूचित किए शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

## गडकरी का आगमन 27 को

**जौनपुर।** प्रभारी अधिकारी प्रोटोकाल ने अवगत कराया है कि केन्द्रीय कैबिनेट मंत्री सड़क परिवहन एवं हाईवे भारत सरकार नीतिन गडकरी 27 फरवरी को अपरान्ह 1.40 बजे हेलीपैड पूर्वांचल विश्वविद्यालय पहुचेंगे। 1.45 बजे से 2.30 बजे तक आरक्षित (वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में इन्क्यूबेशन सेन्टर का उद्घाटन एवं संगोष्ठी को सम्बोधन करेंगे।

# चार कमरों का ताला तोड़कर दस लाख की हुई चोरी

जनसंदेश न्यूज

**मुंगराबादशाहपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के नारायनडीह गांव निवासी राजमणि यादव के घर बीती रात चोर सीढ़ी के रास्ते छत से कमरे में दाखिल हुए और चारों कमरे का ताला तोड़कर अलमारी में रखे अस्सी हजार रुपये नकद व स्वर्णाभूषण सहित करीब दस लाख का सामान पार कर दिया। घटना की जानकारी उस समय हुई जब घर वाले सोकर उठे और कमरे में गए।

बताते है कि राजमणि यादव ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि हम लोग रात में भोजन करने के बाद आगे वाले बरामदे में सो गए। सीढ़ी के रास्ते पीछे से चोर कमरे घुस कर चारों कमरे का ताला तोड़कर अलमारी में रखा 80 हजार नकद व संदूक में रखा 6 सोने की चैन, 4 जोड़ी झुमका, 5 पीस लॉकेट, एक कनफूल, एक सेट हार, 6 पीस अगूंठी, कंगन 4 जोड़ी, चांदी की 12 जोड़ी छागल, 3 जोड़ी मंगलसूत्र, चांदी की करधन, 14 जोड़ी पायल व अन्य जेवरात चोर उठा ले गए जिसकी कीमत करीब दस लाख रुपए घर वालों द्वारा बताई जा रही है। राजमणि यादव के मुताबिक घर में घुसे चोर सीढ़ी पर लगे दरवाजे को किसी तरह खोल कर आये थे। इस बाबत थानाध्यक्ष विवेक कुमार तिवारी ने बताया तहरीर आयी है जांच की जा रही है।



चोरी के बाद घर में बिखरा सामान

## संक्षेप



मांगों को लेकर प्रदर्शन करतीं रसोइया

### विभिन्न मांगों को लेकर रसोइयों ने किया प्रदर्शन

**सुजानगंज।** क्षेत्र के ब्लॉक संसाधन केंद्र पर स्थित बीआरसी पर रसोईयों ने विभिन्न मांगो को लेकर प्रांतीय अध्यक्ष शिवशंकर उपाध्याय के नेतृत्व में एक मासिक बैठक आयोजित की गई और विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन किया गया। जानकारी के अनुसार खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय सुजानगंज के प्रांगण में परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत सभी रसोईयों की एक मासिक बैठक आयोजित की गई। जिसमें विभिन्न मांगो को लेकर एक प्रदर्शन किया गया। रसोईयों ने मानदेय के समय, समय पर वृद्धि, शिक्षा मित्र और अनुदेशकों की तरह हर महीने की दस तारीख तक हर रसोईयों के खाते में वेतन भेजा जाय। वर्ष भर में कुछ अवकाश प्रदान किया जाय आदि मांग की। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष पुष्पा, संजू, शिल्पा, उषा देवी, नगीना, श्यामा देवी समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

### जेसीबी, ट्रैक्टर ट्रॉली को पुलिस ने लिया कब्जे में

**बदलापुर।** तहसील क्षेत्र के महराजगंज थाना अंतर्गत आने वाले लमहन ग्राम पंचायत में अवैध रूप से मिट्टी की खुदाई कर बिक्री के लिए ले जा रहे ट्रैक्टर ट्राली सहित जेसीबी मशीन को पुलिस ने कब्जे में लेकर केस दर्ज. करते हुए अग्रिम कार्रवाई में जुटी हुई है। पुलिस ने यह कार्रवाई बदलापुर उपजिलाधिकारी रिषभ देशराज पुंडीर के निर्देश में किया है। इस सम्बन्ध में उपजिलाधिकारी ने बताया कि क्षेत्र में भ्रमण के दौरान छापेमारी कर लमहन ग्राम पंचायत से एक जेसीबी मशीन, दो ट्रैक्टर ट्राली खाली और एक ट्रैक्टर के ट्राली में भरी मिट्टी को कब्जे में लेकर पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुटी हुई है।

### जमीन विवाद में मारपीट, पांच घायल

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत निजमापुर गांव में जमीनी विवाद के चलते दो पक्षों में मारपीट हो गयी जिसमें कुल पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। क्षेत्र के निजमापुर गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर चले लाठी-डंडे में एक पक्ष से 32 वर्षीय लीलावती पत्नी अशोक बिंद व 35 वर्षीय अशोक पुत्र बनारसी वहीं दूसरे पक्ष से 18 वर्षीय पूजा पुत्री स्व. भोलानाथ, 16 वर्षीय विजय पुत्र भोलानाथ, 40 वर्षीय रम्भा देवी पत्नी भोलानाथ गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज राजकीय चिकित्सालय में कराया गया। वहीं दोनों पक्षों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुटी हुई है।


### गोली चलने की खबर पर पहुंची पुलिस फोर्स

**मुफ्तीगंज।** गौराबादशाहपुर थाने के बगथरी ग्राम सभा के बनहवां गांव में गोली चलने की खबर पर थाने की पुलिस और केराकत सीओ मय फोर्स के साथ मौके पर पहुंच कर जांच में जुट गये। गौराबादशाहपुर थाने के बनहवां गांव के रामसकल यादव के पुत्र आदर्श यादव और केराकत थाना के पतौरा गांव के हीरा यादव के पुत्र शैलेष यादव के बीच किसी बात को लेकर पुरानी रंजिश चल रही है आदर्श ने बताया कि शैलेष ने हमारे उपर गोली चला दी लेकिन बाल बाल बच गया। सीओ केराकत गौरव कुमार शर्मा से फोन पर बात हुई तो उन्होने बताया कि जांच के बाद पता चलेगा कि गोली चली है कि नहीं।

### वॉलीबॉल प्रतियोगिता आज से

**सुइथाकला।** बॉलीबॉल कमेटी गैरवाह द्वारा स्व. रमेश सिंह स्मारक राज्य स्तरीय दो दिवसीय बालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार से होगा जिसमें आसपास के कई जिलों के प्रतिभागी भाग लेंगे। प्रतियोगिता के आयोजक वीरेन्द्र सिंह (पिन्टू) ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता गांव के ही बालीबाल के खिलाड़ी स्व. रमेश सिंह की स्मृति में आयोजित की जाती हैं जिसमें वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज, आजमगढ़, अम्बेडकर नगर समेत जिले के खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। उक्त प्रतियोगिता गुड़बड़ी चौराहे के पास होगी।

### शाहगंज महोत्सव को लेकर सीएम से मिले विधायक रमेश सिंह



**सुइथाकला।** शाहगंज महोत्सव व मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में मुख्यमन्त्री के आगमन के सन्दर्भ में शुक्रवार को स्थानीय विधायक रमेश सिंह ने मुख्यमंत्री से मिलकर निवेदन किया। वार्ता के क्रम में मुख्यमंत्री ने महोत्सव में शामिल होने के प्रति विचार करने का आश्वासन दिया। स्थानीय विधायक रमेश सिंह द्वारा नगर स्थित रामलीला मैदान में आगामी 19 मार्च को शाहगंज महोत्सव व मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का भव्य आयोजन होना प्रस्तावित है जिसका शुभारम्भ मुख्यमंत्री द्वारा किये जाने के निवेदन के साथ ही कुछ अन्य मांगों के सन्दर्भ में वे शुक्रवार को प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ से मिले। मुख्यमंत्री ने महोत्सव में शामिल होने के निवेदन पर विचार करने का आश्वासन देते हुए अन्य समस्याओं के सन्दर्भ में त्वरित निस्तारण की बात कही। श्री सिंह के अनुसार मुख्यमंत्री ने आश्वासन देते हुए कहा कि उनकी पूरी कोशिश रहेगी कि वे महोत्सव में शामिल हों। इसके अलावा अरगूपुर-कटार मार्ग के चौड़ीकरण तथा उच्चीकरण की मांग पर भी उन्होंने सकारात्मक रुख दिखाया। विधायक द्वारा मुख्यमंत्री के समक्ष शाहगंज विधानसभा के अति पिछड़े होने का हवाला देते हुए इस पर विशेष ध्यान देने का भी निवेदन किया गया।

### मंदिर में देवी दुर्गा, हनुमान, नंदी और शिवलिंग की हुई प्राण प्रतिष्ठा

**खुटहन।** लवायन गांव में शुक्रवार को नव निर्मित मंदिर में वैदिक रीति से मंत्रोच्चार के साथ मां दुर्गा, हनुमान, नंदी और शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा की गई। प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व देवी और देवताओं की प्रतिमा गाजे बाजे के साथ पूरे गांव में रथ पर रख भ्रमण कराया गया। पंडित बेचन शुक्ल ने पूजा अर्चना कराया। इस मौके पर पूर्व मनोरंजन कर अधिकारी हीरा तिवारी, धीरज तिवारी, शुभम, कल्लू सिंह, शिवशंकर उपाध्याय, संजय, ममता आदि मौजूद रहीं।

# लाखों की हुई चोरी मुकदमा दर्ज

**पवांरा।** थाना क्षेत्र के ऊंचडीह गांव निवासी विनय मिश्र पुत्र कैलाश नारायण मिश्र जो पेशे से दीवानी न्यायालय में अधिवक्ता हैं उन्होंने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना-पत्र देकर कहाकि वे अपने पिता के इलाज के लिए मुम्बई गये थे और 16 फरवरी को वापस घर आ रहे थे कि रास्ते में उनके घर पर देखभाल करने वाला रमेश कुमार गौड़ पुत्र झिलांगी (चौकीदार) ने फोन से बताया कि गांव के शेषधर उर्फ कल्लू पुत्र स्व. राम नायक मिश्र, लक्ष्मी नारायण पुत्र भुलेश्वर मिश्र, विपिन तिवारी पुत्र मानिकचन्द तिवारी 8-9 लोगों के साथ घर के दरवाजे की कुण्डियों को काटकर सामान ले जा रहे थे। उन तीनों लोगों को पहचाना और बाकी लोगों को देखकर शोर मचाया और दौड़ाया। शोर मचाने पर गांव के बहुत से लोग मौके पर आ गये। गांव के लोगों को मौके पर आते देखकर लोहे की कटर व लुंगी छोड़ने की बात बतायी और कहा कि उक्त तीनों लोगों के अलावा वे किसी का नाम नहीं बता सकते लेकिन उनको देखकर पहचान सकते हैं। उसी रात स्थानीय थाने पर सूचना दी गयी। पुलिस पहुंची और घटना को सही पाया। जब वे घर आये तो मालूम हुआ कि रुद्राक्ष से गुथी सोने की चार तोले की माला, सोने की अंगूठी 13 ग्राम व चांदी का छागल 680 ग्राम कीमत लगभग 3 लाख रुपये के आभूषण व अन्य बहुत से सामान चोर उठा ले गये। पूर्व में भी मेरे घर में छः बार चोरियां हो चुकी हैं।

# किसान सम्मान निधि के लिए केवाईसी भरना अति जरूरी

**गौराबादशाहपुर।** शुकवार को स्थानीय विकासखंड धर्मापुर के ग्राम पंचायत बघन्द्रा और गोविंदपुर मनीहा में ग्राम की समस्या ग्राम में समाधान विषय पर जनचौपाल का आयोजन किया गया। बघन्द्रा में कार्यक्रम की

**निर्देश**

**गांव की समस्या गांव में समाधान का दो गांवों मे हुआ आयोजन**

अध्यक्षता खण्ड विकास अधिकारी काशीनाथ सोनकर और गोविंदपुर मनिहा में एडीओ पंचायत लालजी राम ने की।

इस दौरान उन्होने कार्यक्रम में आये लोगो को सम्बोधित करते हुये कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ लेने के लिये यदि अभी भी केवाईसी करवाने से वंचित रह गये हों तो तत्काल केवाईसी करवाना सुनिश्चित करें। एडीओ आईएसबी संजय श्रीवास्तव ने मौके पर शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री आवास योजना, फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम, आयुष्मान योजना, एकल पाइप पेयजल योजना, स्वच्छ भारत मिशन, पेंशन योजना, पंचायत कार्यालय से मिलने वाली सुविधाओं के विषय में लोगों को जानकारी दी। एडीओ एजी राम आजाद ने लोगों को कृषि विभाग से संबंधित योजनाओं के विषय में बताया। ग्राम विकास अधिकारी श्रुति गुप्ता ने कन्या सुमंगला योजना की जानकारी दी। मौके पर चौपाल में आए शिकायतों का निस्तारण किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख विमलेश यादव, सचिव धर्मेंद्र राय, अरविंद यादव, प्रधान नीरज यादव, ऊषा देवी, सुरेंद्र राजभर, लेखपाल, आंगनबाड़ी, आशा अन्य विभागों के कर्मचारी, अधिकारी और भारी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।



ग्राम चौपाल में ग्रामीणों की समस्या को सुनते बीडीओ काशीनाथ सोनकर

# व्यापारी के 50 हजार ले उड़े बाइक सवार

**मुंगराबादशाहपुर।** दुकान में बैठे व्यापारी से बाइक सवार बदमाशों ने पचास हजार की छिनैती कर फरार हो गये। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। पुलिस घटना की तहकीकात में जुटी हुई है।

बताया जाता है कि साहबगंज (सब्जी मंडी) निवासी धनश्याम गुप्ता की कास्मेटिक की थोक दुकान है। शुक्रवार को दोपहर डेढ़ बजे वह अपनी दुकान पर बैठे थे तभी दो बाइक सवार बदमाश दुकान की रेकी कर रहे थे। कुछ देर के बाद दोनो बदमाश दुकान पर चढ़े और परफ्यूम मांगा। दुकानदार धनश्याम गुप्ता ने उन्हे परफ्यूम दिया। पैसा वापस करते समय वह पचास हजार की गड्डी निकाल कर उसे पैसा वापस कर रहे थे इसी दरम्यान बदमाशों ने उनके हाथ से पचास हजार की गड्डी छीन लिया और फरार हो गये। दुकानदार के मुताबिक कुछ देर तक उन्हे होश नहीं आया कि उनके साथ हुआ क्या। होश में आते ही वह पैसा देखने लगे तो पैसा गायब था। लोग इधर उधर दौड़े लेकिन बदमाशों का कोई पता नहीं चला। घटना की पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई। व्यापार मंडल के आलोक गुप्ता ने घटना की जानकारी थानाध्यक्ष विवेक तिवारी को दी। वह मौके पर पहुंचे और नगर के चारों तरफ बैरेकेटिंग कर बदमाशों की तलाश मे जुट गये। इस बाबत थानाध्यक्ष विवेक तिवारी का कहना है कि व्यापारी के साथ उचक्का गिरी की गई है जल्द ही उचक्के पुलिस गिरफ्त में होंगे।

# 'स्वच्छ जल स्वच्छ मन' का 26 को होगा शुभारंभ

**जौनपुर।** संत निरंकारी मिशन द्वारा आजादी के 75वें 'अमृत महोत्सव' के अवसर पर सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता के पावन सानिध्य में 26 फरवरी दिन



रविवार को अमृत परियोजना के अंतर्गत 'स्वच्छ जल स्वच्छ मन' का शुभारंभ किया जाएगा। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण तथा इसके बचाव हेतु अपनाई जाने वाली विभिन्न गतिविधियों की योजना बनाना एवं क्रियान्वित रुप देना है। इस परियोजना का मुख्य बिंदु जल निकायों की स्वच्छता एवं स्थानीय जनता के बीच जागरूकता अभियान के माध्यम से उन्हें प्रोत्साहित करना है।

यह जानकारी देते हुए संत निरंकारी मंडल के स्थानीय मीडिया सहायक उदय नारायण जायसवाल बताया कि अमृत परियोजना के अंतर्गत शहर के गोमती नदी के तट गोपी घाट एवं हनुमान घाट की सफाई करने का कार्य मिशन के सेवादारों द्वारा एवं समर्पित श्रद्धालुओं द्वारा महात्मा मानिकचंद तिवारी जोनल इंचार्ज के नेतृत्व में 26 फरवरी दिन रविवार को सुबह 8 बजे से लेकर दोपहर 12 बजे तक किया जाएगा। बाबा हरदेव सिंह द्वारा समाज कल्याण हेतु जीवनपर्यंत अनेक कार्य किये गये जिसमें स्वच्छता एवं वृक्षारोपण अभियान का आरंभ प्रमुख है और उन्हीं की शिक्षाओं से प्रेरणा लेते हुए प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष संत निरंकारी मिशन द्वारा सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के निर्देशन में अमृत परियोजना का आयोजन किया जा रहा है।

# ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कमी नहीं

**जौनपुर।** विकासखंड करंजाकला के सैदपुर गड़ौर गांव में शिव बरन शिक्षण संस्थान का वार्षिकोत्सव एवं निर्माण दिवस समारोह का आयोजन किया गया जिसमें छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की। अतिथियों ने बच्चों को पढ़ाई कला खेलकूद के प्रति प्रोत्साहित किया।

शिवबरन शिक्षण संस्थान आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि सपा के पूर्व

**बोले पूर्व विधायक**

**सैदपुर गड़ौर में आयोजित हुआ वार्षिकोत्सव एवं निर्माण दिवस समारोह**

**छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रमों की दी प्रस्तुति**

विधायक व जिला अध्यक्ष लालबहादुर यादव ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कमी नहीं है बशर्ते इन्हें तराशने की जरूरत है और जिसकी जिम्मेदारी माता पिता के साथ साथ शिक्षकों की होती है। बच्चों को अच्छी शिक्षा कला खेलकूद के प्रति रूचि दिखाएं और जो जिस क्षेत्र में जाना चाहता है उसे उसी क्षेत्र में प्रोत्साहित करें। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राजबहादुर यादव ने कहाकि शिक्षकों को चाहिए बच्चों को ध्यान रखें और वह गलत दिशा की तरफ रुख ना कर पाए। समरनाथ सिंह चौहान ने कहा कि आजकल बच्चों को पहले गुरु माता पिता है वह बच्चों पर ध्यान रखे। सपा के वरिष्ठ नेता लालचंद यादव लाले ने कहा कि बच्चों के तकनीकी शिक्षा पर ध्यान दें और तकनीकी शिक्षा में रोजगार के काफी अवसर है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य छोटेलाल यादव, जिला पंचायत सदस्य डॉ. जीतेंद्र कुमार, जिला क्रीड़ा अधिकारी अतुल सिन्हा व गजराज यादव ने बच्चों के पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद पर जोर दिया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुति की जिसकी सभी लोगों ने सराहना की। कार्यक्रम का संचालन दारा सिंह चौहान ने किया। इस अवसर पर साहबलाल यादव, उर्मिला चौहान, निर्मला पाल, रंगबहादुर चौहान, अभिषेक चौहान, अविनाश चौहान, जितेंद्र यादव, मिठाईलाल चौहान, रामचंद्र, पन्नालाल, भानु प्रताप, मनीष जैसवाल राकेश, रणधीर, जगदीश, उग्रसेन ओमप्रकाश, नगीना मौजूद रहे।



वार्षिकोत्सव पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं बालिकाएं

# तीसरी क्लास के छात्र नहीं सुना पाए पहाड़ा

खस्ताहाली

### शिक्षामित्र मिली अनुपस्थित मांगा गया स्पष्टीकरण, बीईओ ने स्कूलों का किया निरीक्षण

**गौराबादशाहपुर।** बीईओ धर्मापुर अरविंद यादव ने शुक्रवार को ब्लॉक क्षेत्र के पांच विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया। पूर्व माध्यमिक विद्यालय किरतापुर, प्राथमिक विद्यालय रतीपुर, पूर्व माध्यमिक विद्यालय करमही, पूर्व माध्यमिक विद्यालय किरतापुर व प्राथमिक विद्यालय रतीपुर का निरीक्षण करने पर वहां की व्यवस्थाएं सही पाई गई।

इसके पश्चात वे प्राथमिक विद्यालय करमही पर पहुंचे जहां पर शिक्षा मित्र नीलम प्रजापति बगैर किसी सूचना के अनुपस्थित मिली, जिस पर बीईओ ने उक्त अनुपस्थित शिक्षा मित्र के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही करते हुए स्पष्टीकरण मांगा।

वही बीईओ अरविंद यादव ने इसी प्राथमिक विद्यालय करमही पर कक्षा तीन के छात्रों से जब पहाड़ा पूछा तो विद्यालय के छात्र पहाड़ा नहीं सुना पाए, जिस पर बीईओ अरविंद यादव ने विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका पर कड़ी नाराजगी जताते हुए एक सप्ताह के अंदर शिक्षा के स्तर में सुधार लाने का निर्देश दिया। वहीं पूर्व माध्यमिक विद्यालय किरतापुर में बेहतर शैक्षणिक वातावरण को देखकर विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका रंभा देवी से व्यक्त की।



बच्चों से पहाड़ा सुनाने को कहते बीईओ

# जिलाधिकारी ने एसपी संग किया परीक्षा केंद्र का निरीक्षण

जनसंदेश न्यूज

**पंवारा।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, पुलिस अधीक्षक अजय पाल शर्मा के के साथ यूपी बोर्ड परीक्षा के मद्देनजर होरिल राव इण्टर कालेज कुंवरपुर परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान जिलाधिकारी ने सीसीटीवी कक्ष का अवलोकन करते हुए आवश्यक दिशा- निर्देश भी दिए। कम्प्यूटर कक्ष के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने रुम सील होने की जानकारी प्राप्त की और निर्देशित किया कि रुम सील करते समय हस्ताक्षर और दिनांक अवश्य लिखा जाये। जिलाधिकारी ने केंद्र व्यवस्थापक को निर्देशित किया कि ड्यूटी के दौरान सभी कार्मिको द्वारा आई कार्ड अवश्य लगाया जाना चाहिए। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापक को निर्देशित किया कि सभी बच्चों की तलाशी अच्छे से की जाए।

बच्चों के लिए पेयजल की व्यवस्था होना चाहिए। उन्होंने कहा की विद्यार्थियों को किसी प्रकार की समस्या न उत्पन्न हो।



परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करने पहुंचे डीएम और एसपी

# समर्पण दिवस के रूप में मनाई रविनंदन सहाय की पुण्यतिथि



**जौनपुर।** कायस्थ रत्न रविनंदन सहाय एक सफल उद्यमी, एक प्रसिद्ध समाजसेवी एवं कुशल संगठनकर्ता थे। वह देश विदेश के कई संस्थाओं से भी सक्रिय रूप से जुड़े रहे। इनका पूरा परिवार समाज के लिए समर्पित रहा है, इनका जीवन अनुकरणीय है तथा हमे श्री सहाय के जीवन से प्रेरणा मिलती है। उपरोक्त बाते अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश महासचिव/जिलाध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव ने भूतपूर्व अध्यक्ष रविनंदन सहाय के पुण्यतिथि पर राजनीतिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सरोज श्रीवास्तव के रूहट्टा स्थित आवास पर आयोजित पुष्पांजलि सभा कार्यक्रम में उपस्थित स्वजातीय बंधुओं को संबोधित करते हुए कही। संरक्षक आनंद मोहन ने कहा कि ₹कुछ इस तरह चल अजीज कारवां की तरह, गर तू न चल सके तो तेरी दास्तां चले कुछ इस तरह का जीवन रहा है पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष का। इस अवसर पर उपस्थित चित्रांश बंधुओं ने श्री सहाय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर संरक्षक आनंद मोहन श्रीवास्तव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्याम रतन श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष जय आनंद, राजनीतिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सरोज श्रीवास्तव, दयाशंकर निगम, धर्मपुत्र बाबा अशोक, राजेश श्रीवास्तव बच्चा भैया, पंकज श्रीवास्तव हैप्पी आदि चित्रांश बंधु उपस्तिथ रहे। संचालन महासचिव संजय अस्थाना ने किया।

# बालक हैण्डबॉल में जनापुरा-गड़उर में खिताबी भिड़ंत

खेलकूद

### 100 मीटर रेस बालक में रवि यादव, बालिका में कोमल यादव ने मारी बाजी

जनसंदेश न्यूज



**करंजाकला।** खेल निदेशालय उ.प्र. लखनऊ के निर्देश के अनुपालन में पं. दीनदयाल उपाध्याय जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर जूनियर बालक/बालिका एथलेटिक्स एवं जूनियर बालक हैण्डबाल प्रतियोगिता का आयोजन इन्दिरा गांधी स्टेडियम सिद्दीकपुर कराया गया।

मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य श्यामबाबू यादव को बुके प्रदान कर उप क्रीड़ा अधिकारी चन्दन सिंह द्वारा स्वागत किया गया। विशिष्ट अतिथि कृष्ण कुमार यादव, पूर्व चैम्पियन एथलीट द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। विशिष्ट अतिथि द्वारा 400 मी0 बालक रेस का शुभारम्भ क्लैपर बजाकर किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा अपने उद्बोधन में खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें व्यक्त किया गया। संचालन वॉलीबाल प्रशिक्षिका पूजा यादव ने किया गया।

हैण्डबाल जूनियर बालक वर्ग में कुल 8 टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रथम सेमीफाइनल मैच राम उजागिर कॉन्वेंट स्कूल सैदपुर गड़ऊर व शिवबरन शिक्षण संस्थान सैदपुर गड़ऊर के मध्य खेला गया जिसमें शिवबरन शिक्षण संस्थान ने राम उजागिर कॉन्वेंट स्कूल को 6 अंकों के अन्तर से पराजित किया और दूसरा सेमीफाइनल पूर्व माध्यमिक विद्यालय जफरपुर तथा जनापुरा पनियरियां टीम के मध्य खेला गया जिसमें जनापुर पनियरियां की टीम ने पूर्व मा.वि. जफरपुर को 2 अंकों के अन्तर से पराजित किया। फाइनल मैच शिवबरन शिक्षण संस्थान सैदपुर गड़ऊर व जनापुर पनियरियां टीम के मध्य खेला गया जिसमें शिवबरन शिक्षण संस्थान के टीम ने अपने बेहतर खेल प्रदर्शन की बदौलत जनापुर पनियरिया की टीम को 4 अंकों के अन्तर से पराजित किया।

एथलेटिक्स बालक वर्ग 100 मी. रेस में रवि यादव प्रथम, विजय निषाद द्वितीय तथा सुमित यादव तृतीय, 200 मी रेस में शुभम यादव प्रथम, रवि यादव द्वितीय तथा अभिषेक राय तृतीय, 400 मी रेस में शुभम यादव प्रथम, विजय निषाद द्वितीय तथा उत्कर्ष रावत तृतीय, 800 मी रेस में शिव कुमार निषाद प्रथम, अजय कुमार द्वितीय तथा अभय कुमार चौहान तृतीय, 1500 मी रेस में सुनील गौतम प्रथम, शिवम यादव द्वितीय तथा पवन चौहान तृतीय, 3000 मी रेस में मनोज यादव प्रथम, श्रेयांश यादव द्वितीय तथा अर्जुन नागर तृतीय, लांग जम्प शिवम यादव प्रथम, विकास गुप्ता द्वितीय तथा दिपेश यादव तृतीय, ट्रिपल जम्प दीपक यादव प्रथम, अंकित यादव द्वितीय तथा विकास गुप्ता तृतीय, शाटपुट शुभम कनौजिया प्रथम, धीरज यादव द्वितीय तथा रीतेश यादव तृतीय, डिस्कश थ्रो धीरज यादव प्रथम, अभय सिंह पटेल द्वितीय तथा शुभम कनौजिया तृतीय, जैवलिन थ्रो अभय पटेल प्रथम, महफूज आलम द्वितीय तथा सिद्धार्थ तिवारी तृतीय स्थान पर रहे। एथलेटिक्स बालिका वर्ग 100 मी रेस में कोमल यादव प्रथम, दिव्यानी द्वितीय तथा नैन्सी यादव तृतीय, 200 मी रेस में कोमल यादव प्रथम, अंशिका यादव द्वितीय तथा नैन्सी यादव तृतीय, 400 मी रेस में आंचल यादव प्रथम, शिवांगी यादव द्वितीय तथा आयुषी यादव तृतीय, 800 मी रेस आंचल यादव प्रथम, आयुषी यादव द्वितीय तथा पूजा यादव तृतीय, 1500 मी रेस में शिवांगी यादव प्रथम, खुशी प्रजापति द्वितीय तथा ब्यूटी यादव तृतीय, 3000 मी रेस में स्नेहा पाल प्रथम, काजल उपाध्याय द्वितीय तथा खुशबू यादव तृतीय, लांग जम्प सोनाली चौहान प्रथम, खुशी प्रजापति द्वितीय तथा दिव्यानी तृतीय, ट्रिपल जम्प सेजल यादव प्रथम, स्नेहा पाल द्वितीय तथा खुशी यादव तृतीय, शाटपुट अर्पिता यादव प्रथम, सोनाली चौहान द्वितीय तथा पूजा तृतीय, डिस्कश थ्रो अर्पिता यादव प्रथम, शाहिन फातिमा द्वितीय तथा ब्यूटी यादव तृतीय, जैवलिन थ्रो शाहिन फातिमा प्रथम, खुशी यादव द्वितीय तथा सेजल यादव तृतीय स्थान पर रहे। यह जानकारी क्रीड़ा अधिकारी डॉ. अतुल सिन्हा ने दी है।

# अब्दुल करीम शाह बाबा के रोजा उर्स पर मांगी दुआ

सालाना उर्स

### कव्वालों ने एक से बढ़ कर एक नातो मनकबत पेश कर लोगों को रात भर झूमने को विवश कर दिया



अब्दुल करीम शाह बाबा के आस्ताने पर दुआ करते अकीदतमंद

**भदोही।** मोहल्ला बौलिया, दुलमदासपुर, सरोई स्थित अब्दुल करीम शाह बाबा रह. का एक रोजा सालाना उर्स सकुशल गुरुवार को फातेहा के बाद सम्पन्न हुआ।

गुरुवार को बाद नमाज इशा लंगरे आम का आयोजन किया गया। लंगर में दूर दराज से आए लोगो ने शामिल होकर फायदा उठाया। वहीं देर रात महफिले शमा का आयोजन किया गया जो अल सुबह तक चलता रहा। इस बीच कव्वालों ने एक से बढ़ कर एक नातो मनकबत पेश किया। इससे पहले गुरुवार को बाद नमाज इशा अब्दुल बारी के मकान से गागर शरीफ व चादर उठा। गागर चादर शरीफ जुलूस हजरत अब्दुल करीम शाह बाबा रह. के आस्ताने पर पहुंच कर समाप्त हुआ।

गागर व चादर जुलूस में शामिल कव्वालों द्वारा अब्दुल करीम शाह बाबा रह.की शान में मनकबत पढ़ रहे थे तो वहीं मुरीदों ने कलामों को दोहराया। इसके बाद लंगरे आम का आयोजन हुआ, जहां सैकड़ों की संख्या में जायरीन पहुँच कर लंगर से फैजियाब होते रहे। वैसे सुबह से ही जायेरिनो का फातेहा पढ़ने के लिए दरगाह पर तांता लगा रहा लेकिन शाम के समय अकीदत मंदो का जनसैलाब उमड़ा। जहां लोगो ने फातेहा पढ़ा और दुआएं मांगी।

उर्स के मौके पर दरगाह शरीफ के पास शीरीनी चादर की दुकाने सजी रहीं। इस मौके पर हाफिज मोहम्मद इरफान अंसारी, अलाउद्दीन अंसारी, जियाउद्दीन अंसारी, सलाउद्दीन नेता, मो. हारून खान, इश्तियाक मिजार्पुरी, नसीम भाई, करीम अंसारी आदि लोग मौजूद रहे।

### अमृत महोत्सव को लेकर स्वच्छ जल, स्वच्छ मन का आयोजन कल

**भदोही।** संत निरंकारी मिशन द्वारा आजादी के 75वें अमृत महोत्सव के अवसर पर रविवार को अमृत परियोजना के अंतर्गत स्वच्छ जल स्वच्छ मन का आयोजन किया गया है। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण तथा इसके बचाव हेतु अपनायी जाने वाली विभिन्न गतिविधियों की योजना बनाना व उन्हें क्रियान्वित रूप देना है। इस परियोजना का मुख्य बिंदू जल निकायों की स्वच्छता एवं स्थानीय जनता के बीच जागरूकता अभियान के माध्यम से उन्हें प्रोत्साहित करना है। निरंकारी बाबा हर-देव सिंह के जन्मदिन के अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी संत निरंकारी मिशन द्वारा निरंकारी सत्गुरु माता सुदीक्षा के निर्देशन में अमृत परियोजना का आयोजन किया जा रहा है। संत निरंकारी मिशन के राजेश कुमार (संयोजक) भदोही ने इस परियोजना संबंधित विस्तृत जानकारी दी कि यह परियोजना संपूर्ण भारतवर्ष के लगभग 1000 स्थानों के 730 शहरों, 27 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में सभी जगह एक साथ विशाल रूप से आयोजित की जायेगी जिसमे भदोही में गोपीगंज स्थित रामपुर गंगा घाट की 26 फरवरी को सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक सफाई का कार्यक्रम चलेगा।

# पानी बंद होने से बढ़ी नागरिकों की परेशानी

समस्या

### प्रशिक्षित ऑपरेटरों की कमी का खामियाजा भुगत रही जनता

**गोपीगंज।** नगर पालिका परिषद की वार्ड नंबर पांच में स्थित पेयजल सप्लाई हेतु सबसे बड़ी पानी की टंकी की मशीन आए दिन खराब रहती है। जिससे आप नागरिकों के समक्ष पेयजल की समस्या बनी रहती है।

नगर की सबसे बड़ी पानी की टंकी होने की वजह से नगर के एक दर्जन वार्डों में पानी सप्लाई होती है। जिसमे भागवतपुर, केड़वरिया, अंजही मोहाल, धैकरान, सदर मोहाल, पश्चिम मोहाल, डॉक्टर कालोनी आदि मोहल्लों में पानी की सप्लाई मिलती है। इस टंकी को भरने के लिए वार्ड नंबर एक में पांच नंबर ट्यूबेल लगाया गया था। जो 2014 से ही खराब हो गया लेकिन पता नहीं किन कारणों से उसको ठीक नही कराया गया, जो आज बंद हालत में पड़ा है। तीन नंबर की टंकी को एक पंप से भरा जाता है जो नगर के आठ वार्डो में सप्लाई देता है। इसके बंद होने से नागरिकों के समक्ष पेयजल की विकट समस्या खड़ी हो जाती है। नगर पालिका परिषद में प्रशिक्षित एक भी आपरेटर के नही होने से आए दिन समस्या खड़ी रहती है। इन वार्डो में जो हैंडपंप है वह भी निष्क्रिय है। जिससे नागरिकों को पानी लेने के लिए दूरदराज जाना पड़ता है।

बताया जाता है कि बृहस्पतिवार को मोटर से आवाज आने लगी ट्यूबेल पर कार्यरत कर्मचारी ने इसकी सूचना पालिका को दी और मोटर को बंद कर दिया गया। सूचना के दूसरे दिन शुक्रवार को अप्रशिक्षित कारीगर मोटर को देखने गए और पंप को खोलते समय पूरा पाइप नीचे चला गया जिसकी वजह से कार्य को रोकना पड़ा, वही उपस्थित लोगों ने बताया कि जब तक जल निगम का कोई कर्मचारी आकर इसको नहीं ठीक करेगा यह इसी हालत में पड़ा रहेगा।

## संक्षेप

### स्वास्थ्य कर्मचारी का हृदयाघात से निधन

**खेतासराय।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सोंधी के सुपरवाइजर हरि महाशय यादव का गुरुवार की रात्रि दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह उसरबस्ती शाहगंज के निवासी थे। उनके निधन की खबर लगते ही पीएचसी के डाक्टर व कर्मचारियों में शोक की लहर दौड़ पड़ी। प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. रमेश चंद्रा की अध्यक्षता में स्वास्थ्य कर्मचारियों ने शोक सभा कर श्रद्धांजलि अर्पित की। जिसमें डा. मसूद अहमद खान, डा. सुधाकर चौहान, डा. फिरदौस, डा. फैजान अहमद, अजय सिंह, राहुल यादव आदि उपस्थित रहे।

### गिद्ध पक्षी को देखने को लगी भीड़

**जफराबाद।** क्षेत्र के गजफरपुर गांव में शुक्रवार की दोपहर को घायल अवस्था में एक विशाल पक्षी को देखकर गांव के बच्चे शोर मचाने लगे। लोगों की आवाज सुनकर गांव के बड़े लोग मौके पर पहुंच गए। वहां पर लोगों ने देखा कि लापता हो चुका गिद्ध पक्षी है। उसे हल्की चोट लगी थी। गांव के युवकों बंटी यादव तथा अन्य ने गिद्ध को पानी पिलाया। उसके बाद उसे थोड़ी दूर सुरक्षित स्थान पर रख कर मीडिया के माध्यम से वन विभाग के अधिकारियों को जानकारी दिया। गिद्ध मिलने की सूचना पर बच्चे तो छोड़िए बड़े भी देखने पहुंचने लगे। बच्चों के लिए यह आश्चर्य जनक रहा।

### अध्यापिका की मौत पर कॉलेज में शोकसभा

**जफराबाद।** क्षेत्र के राष्ट्रीय पब्लिक इंटर कालेज हुसेपुर में अध्यापिका की मौत पर एक शोकसभा का आयोजन किया गया जिसमें उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। गजफरपुर गांव निवासी संगीता यादव पत्नी स्वर्गीय राजबहादुर यादव उक्त कालेज में वर्षो से पढ़ाती थी। गुरुवार को उनको ब्रेन हैमरेज हो गया। उन्हें वाराणसी ले जाया गया जहां शुक्रवार को उनकी मौत हो गयी। मृतका के चार बेटियां तथा एक पुत्र है। सभी अभी अविवाहित है। प्रधानाचार्य विनय कुमार श्रीवास्तव ने उनके मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त किया है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 मई को

**जौनपुर।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/एफ.टी.सी./सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जनपद न्यायालय प्रशान्त कुमार ने अवगत कराया है कि उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार 13 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त परिपेक्ष्य में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों निस्तारण हेतु 13 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा।

### विशाल भारत संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष का हुआ स्वागत

**केराकत।** स्थानीय क्षेत्र के सिहौली चौराहे पर शुक्रवार की दोपहर विशाल भारत संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राजीव गुरुजी का जिला अध्यक्ष नौशाद के नेतृत्व में लगभग दर्जनभर कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर गर्म जोशी से किया स्वागत। गौरतलब हो कि विशाल भारत संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राजीव गुरुजी का गौराबादशाहपुर के चोरसंड गांव में मुस्लिम समुदाय के मिलन कार्यक्रम में जाना था जिससे उनका काफिला वाराणसी से मुडैला थानागद्दी, केराकत होते हुए जौनपुर के शीतला चौकियां धाम पर दर्शन कर कार्यक्रम स्थल जाना सुनिश्चित किया गया था जिसकी भनक होते ही कार्यकर्ताओं ने नौशाद के नेतृत्व इकठ्ठा होकर सिहौली चौराहे पर उनका काफिला रोक कर स्वागत किया। इस अवसर पर फरहान अहमद, संतोष कुमार पूर्व प्रधान, महेंद्र सिंह, सर्वेश दीक्षित, खालिद, मुजम्मिल समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### मान सरोवर पर स्थापित की गयी हनुमान जी की प्रतिमा

**मुफ्तीगंज।** स्थानीय विकास खंड के परौंवां गांव में मान सरोवर पर मन्दिर बनवा कर बजरंगबली की प्रतिमा स्थापित की गयी। परौंवां गांव में मानसरोवर पर ग्राम प्रधान रामसरन की अध्यक्षता में विकास खंड कार्यालय के ग्राम रोजगार सेवक, ग्राम पंचायत अधिकारी, कार्यालय के लेखाकार, खंड विकास अधिकारी, ग्राम प्रधानों व सभ्रान्त जनों द्वारा सहयोग कर हनुमान जी के मन्दिर का निर्माण करवाया गया। शुक्रवार को पंडितों द्वारा चार दिन से जागरण करके हनुमान जी के प्रतिमा को बैंड बाजे के साथ गांव का भ्रमण कराकर उस मन्दिर में स्थापना की गयी व भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लेखाकार रचित कपूर, हरिदयाल, लक्ष्मीकान्त विश्वकर्मा, रंजीत सिंह, कमलेश राय, डा. दयाशंकर यादव, श्याम नारायन विश्वकर्मा, गुड्डू चौहान, महेन्द्र आदि लोग उपस्थित रहे।

### भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

**चंदवक।** क्षेत्र के रामगढ़ गांव में आदि गंगा गोमती के पावन तट पर स्थित पौराणिक स्थल भगवान श्री बाराह कोटि तीर्थ धाम परिसर में आयोजित नौ दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के पूर्ण होने के पश्चात शुक्रवार को आयोजित भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने के लिए दोपहर से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा जिनमें महिलाओं की संख्या अधिकाधिक थीं। श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के आयोजक व श्री बाराह कोटि तीर्थ धाम के पुजारी पं. पंकज दास महाराज ने बताया कि लोक कल्याण के लिए नौ दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन किया गया था जो प्रभु की कृपादृष्टि से सकुशल संपन्न हो गया। महायज्ञ व भंडारे के दौरान सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस बल की तैनाती की गई थी।

### हजरत इमाम हुसैन के जन्मदिन पर लगायी सबील

**जौनपुर।** हजरत मोहम्मद मुस्तफा (स.अ) के नवासे व हजरत अली (अ.स.) के पुत्र हजरत इमाम हुसैन के जन्मदिवस पर शुक्रवार को नगर में कई स्थानों पर शरबत की सबील, कोल्ड ड्रिंक्स, मिठाईयां व अन्य सामान लोगों में वितरित कर आपसी भाईचारे का परिचय देते हुए हर्षोल्लास के साथ इमाम हुसैन का जन्मदिन मनाया। इसी क्रम में नगर के सिपाह चौराहे पर कैंप लगाकर हर राहगीरों को ठंडा पानी, शरबत, कोल्ड ड्रिंक, मिठाई, फल, वितरित किया गया। इस मौके पर लोगों ने कहा कि हजरत इमाम हुसैन ने मानवता को बचाने के लिए अपना पूरा परिवार कुर्बान कर दिया था। आज उनका जन्मदिन हम लोग मना रहे हैं। ऐसे में उनके पैगाम को पूरी दुनिया तक पहुंचाने का मकसद हम लोगों का है जिससे कि आपसी भाईचारा व सौहार्द बना रहे। इस अवसर पर डा. कमर अब्बास, मजहर हैदर, जीशान हैदर, इरफान हैदर, इशरत अली, फैज अब्बास, अर्शी हैदर, महशर अब्बास, हसन अब्बास सहित तमाम अनुयायी उपस्थित रहे।

### प्रशासन आपके द्वार की भावना को, ग्राम चौपाल लगाकर किया गया साकारः डीएम

**भदोही।** जिलाधिकारी गौरांग राठी के मार्गदर्शन व नेतृत्व में शुक्रवार को प्रत्येक विकासखंड के दो ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल (गॉव की समस्याए, गॉव में समाधान) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जनसामान्य की शिकायतों व समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया गया। सुरियावां विकास खंड के सियरहा एवं भोरी गाँव में नामित नोडल अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी सूरियावॉ कमलजीत सिंह व विकास खण्ड अभोली में रामनगर एवं भौथर में उपायुक्त श्रम रोजगार, खण्ड विकास अधिकारी अभोली, विकास खण्ड ज्ञानपुर के सोबरी एवं कसिदहा में उपायुक्त स्वतः रोजगार, खण्ड विकास अधिकारी ज्ञानपुर, विकास खण्ड औराई के लसमणिया एवं लालानगर में नामित नोडल अधिकारी सहायक आयुक्त एवं खण्ड विकास अधिकारी औराई, विकास खण्ड डीघ के बिहरोजपुर एवं बेरासपुर में जिला पंचायत राज अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी डीघ, विकास खण्ड भदोही के नगुआ व डुडवाधरमपुरी में समाज कल्याण अधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी भदोही द्वारा ग्राम चौपाल लगाकर ग्रामीणों की शिकायतों को सुनकर निस्तारण किया गया। डीएम ने बताया कि शासन के मंशानुरूप ग्राम चौपाल गॉव की समस्याए गॉव में समाधान कार्यक्रम का आयोजन समस्त विकास खण्डो के दो-दो ग्राम पंचायतों में सफलतापूर्वक किया गया।

# बच्चों से संवाद कर बीएसए ने परखी शिक्षा की गुणवत्ता

**ज्ञानपुर।** जनपद में शिक्षा व्यवस्था दुरुस्त बनाये रखने के मद्देनजर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र नारायण सिंह ने डीघ विकास खंड में स्थित कम्पजिट विद्यालय दरवासी एवं प्राथमिक विद्यालय दरवासी प्रथम का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बीएसए ने विद्यालय में बनाए जा रहे मध्यान भोजन का अवलोकन किया गया तथा कक्षा में बच्चों से भी वार्ता किया। शिक्षक की भूमिका में बीएसए ने कक्षा में बच्चों से संवाद भी किया गया तथा पढ़ाए जा रहे विषय के संबंध में जानकारी लिया तथा समस्त अध्यापकों को निर्देशित किया कि निर्धारित समय सारणी के अनुसार ही कक्षा में शिक्षण कार्य कराया जाए तथा विद्यालय में साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। प्रधानाध्यक को निर्देशित किया गया की विद्यालय में बनाए जा रहे मध्यान भोजन की गुणवत्ता बनाए रखने हेतु बनाए जा रहे भोजन बच्चों को वितरण से पूर्व चखने हेतु निर्देश दिया गया तथा समस्त रसोइयों को भी यह निर्देश दिया गया कि प्रत्येक दिन भोजन साफ सफाई मानव एवं मीनू के अनुसार बनाना सुनिश्चित करें।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।

**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**

**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**

पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।

फोन नं. 8177008889

आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**

डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# छापेमारी में बिजली विभाग ने दो लाख वसूले, 15 बकायेदारों के कनेक्शन काटे



**गोपीगंज।** नगरीय क्षेत्र में बिजली चोरों तथा बिजली बिल बकायेदारों के खिलाफ विद्युत उपखंड अधिकारी एसडीओ ईश्वरशरण सिंह के नेतृत्व में लगातार छापेमारी जारी है। शुक्रवार को कटियामारो में हड़कंप मचा रहा। लगातार कार्रवाई होने के बावजूद लोग कटिया लगाने, डायरेक्ट तार से बिजली जोड़ने तथा बाईपास के जरिए बिजली चोरी करने से बाज नहीं आ रहे।

विद्युत उपखंड अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार के दिन नगर के कबूतरनाथ, केडवरिया मोहाल में अवर अभियंता संत कुमार गुप्ता के नेतृत्व में टीम ने बिजली चोरों के खिलाफ छापेमारी करते हुए सघन चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें 15 बकायेदारों के कनेक्शन काटे गए, 10 के घरेलू कनेक्शन को कॉमर्शियल किए गए वही लगभग दो लाख की वसूली की गई। कुछ लोगों ने बाईपास करके तथा कुछ लोगों ने डायरेक्ट कटिया लगा रखा था। कुछ लोगों ने रसूख दिखाने की कोशिश की। एसडीओ ईश्वरशरण सिंह और जेई संत कुमार गुप्ता के आगे किसी की एक ना चली। एसडीओ ने बताया कि कार्रवाई लगातार क्षेत्र में होती रहेगी साथ ही साथ बकाया वसूली का भी कार्य तेजी से किया जा रहा है। साथ में विनोद शुक्ला, कमलेश सिंह, विनोद शुक्ला, अफसर खान, विश्राम विन्द, अभिषेख, लालबहादुर मौर्या, अयोध्या पाल, लाल बहादुर बिंद समेत कर्मचारी रहे।

# प्राकृतिक खेती आज की आवश्यकताः सांसद

**भदोही।** कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा आयोजित एक दिवसीय किसान मेला एवं कृषि प्रदर्शनी शुक्रवार को सम्पन्न हुई। सांसद रमेश चंद बिंद के द्वारा किसान मेला व प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सांसद ने कहा कि प्राकृतिक खेती आज के समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा किसानों के हित के लिए अनेक योजनाएं चला रही हैं जिनके जरिए किसान अपनी आमदनी को दुगना कर सकता है।



आज विभिन्न विभागों के अधिकारी किसानों के पास जाकर अपनी तकनीक व योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कर रहे हैं। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुनील मिश्रा ने सरकार द्वारा किसानों के हित में किए गए कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान के निदेशक डॉ. तुषार कांति बेहरा ने सब्जियों के विकसित प्रजातियों को अपनाकर अधिक लाभ लेने की सलाह दी। संस्थान के प्रधान वैज्ञानिक कृषि प्रसार डॉक्टर नीरज सिंह ने कृषि विज्ञान केंद्र के गतिविधियों की प्रशंसा करते हुए किसानों को प्राकृतिक खेती को अपनाने के लिए प्रेरित किया। मौके पर उप कृषि निदेशक डॉक्टर ए के सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश उपाध्याय, जिला कृषि अधिकारी अशोक कुमार प्रजापति, अग्रणी बैंक प्रबंधक डॉ. पी के झा, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. शशांक शेखर ने अपने विभागीय योजनाओं की जानकारी किसानों के बीच प्रस्तुत की। कार्यक्रम के अंत में डॉ. ए.के चतुवेर्दी ने उपस्थित अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापन तथा कार्यक्रम का संचालन सर्वेश बरनवाल ने किया।



मंदिर में समय-समय पर होने वाले श्रृंगार का दृश्य

# काशी ने करवट नहीं ली, मोक्ष के लिए दी करवत

## नेपाली खपड़ा में जमीन तल से लगभग 25 फीट नीचे स्थापित हैं भगवान भीमेश्वर महादेव, यही स्थान था काशी करवत

## मणिकर्णिका घाट पर झुके हुए रत्नेश्वर महादेव मंदिर को स्थानीय लोग काशी करवट का नाम देकर चला रहे अपनी रोटी रोजी

## असली रत्नेश्वर महादेव मंदिर दारानगर में है, जिसे माता पार्वती के मायके वालों ने स्थापित किया

अश्विनी कुमार श्रीवास्तव

संस्कृति, सभ्यता और प्राचीन कथाओं की विरासत कहे जाने वाली काशी सिर्फ आध्यात्म की ही नगरी नहीं बल्कि अनगिनत रहस्यों को अपने में समाहित किये है, पुराणों में वर्णन हैं कि मोक्ष के लिए सप्तपुरियों में जानी जाने वाली काशी नगरी में हर स्थान पर मोक्ष की प्राप्ति नहीं होती बल्कि इसके लिए एक स्थान चुना गया था और उसका नाम था काशी करवत, चौक से मणिकर्णिका घाट की ओर जाने वाली गली में एक स्थान है नेपाली खपड़ा इसी स्थान पर है काशी करवत, लेकिन काशी के कुछ तथाकथितों ने इस स्थान को भरमा कर मणिकर्णिका घाट स्थित रत्नेश्वर महादेव को काशी करवट की संज्ञा देकर बाहर से आने वाले तीर्थ यात्रियों को भ्रमित कर इस पवित्र स्थान (काशी करवत)का नाम धूमिल कर रहें हैं।

पुराणों में वर्णन मिलता है कि काशी करवत वह स्थान है जहां लोग मोक्ष की प्राप्ति के लिए आते थे, अब आज व परम्परा तो नहीं है लेकिन इस स्थान पर स्थित स्वयंभू भगवान भीमेश्वर महादेव का महंत परिवार की ओर से विधि विधान से पूजन किया जाता है, मंगला आरती के साथ ही भोग आरती व शयन आरती के साथ ही मंदिर को पट अगले दिन के लिए बंद कर दिया जाता है। मंदिर में नीचे गर्भ गृह में महंत परिवार के अलावा किसी भी जाना निषेद्य है। इसके भीमेश्वर महादेव के थोड़ा ऊपर पांडवों की ओर से स्थापित किये गये शिवलिंग भी हैं। पक्के महाल के नेपाली खपड़ा में स्थित भगवान भीमेश्वर महादेव को ही काशी करवत की संज्ञा दी गयी है।

## ऐसे पड़ा काशी करवत का नाम

चार सौ सालों से काशी करवत (भीमेश्वर महादेव) महंत की परम्परा निभाने वाले उपाध्याय परिवार के महंत पंडित गणेश शंकर उपाध्याय की यह लगभग 25 वीं पीढ़ी हैं बताया कि भीमा शंकर काशी में 12 ज्योतिलिंर्गों का उद्भव भी द्वापरकाल में ही हुआ है, काशी खंड में स्कंद पुराण के अंतर्गत इसका वर्णन है, राजा दीवोदास को मोक्ष प्राप्ति होने के बाद में भगवान शिव का काशी में पुनर्आगमन जब हुआ है, तो उत्सव में सभी देवी-देवता यहां आए, उसी समय द्वापरकाल में सप्त गोदावरी तीर्थ से भगवान भीमेशवर काशी आए, इसी स्थान पर भीमा शंकर के पास ही राजा मोरंगध्वज ने करवत (एक प्रकार का आरा)से अपना प्राण दान किया, इसीलिए इस स्थान को काशी करवत नाम दिया गया। महंत पंडित गणेश शंकर उपाध्याय बताते हैं कि पहली बात ये कि असल में ये काशी करवत है, करवट नहीं... उन्होंने बताया कि 'करवत हिंदी का शब्द है, उसका मतलब होता है आरा... लकड़ी काटने वाले यंत्र को आरा कहते हैं, काशी मोक्ष नगरी है, जिसके लिए लोग पहले अपना प्राण दान करते थे, हमारे यहां शास्त्रों में और पुराणों में वर्णन है कि पूरे भारत वर्ष में सात मोक्ष पुरी हैं। उन्होंने बताया कि 'अयोध्या, मथुरा, माया (हरिद्वार), काशी, कांची, अवंतिका (उज्जैन), द्वारकापुरी ये सात मोक्ष पुरी हैं, जहां लोग अलग-अलग तरीके से प्राण दान करते थे. जिसमें काशी की प्रधानता है. वो इसलिए क्योंकि काशी में जीव मात्र को भगवान शिव मोक्ष प्रदान करते हैं। पहले के समय में लोग काशी में निवास नहीं करते थे और भी मोक्ष पुरी में निवास के साधन नहीं होते थे, काशी में भी निवास का साधन नहीं था। गणेश शंकर उपाध्याय ने बताया कि ये मंदिर द्वापरकाल से है, जो आपने अभी नीचे दर्शन किया है उसी स्थान का नाम काशी करवत है। काशी में मोक्ष के लिए लोग प्राण दान करते थे, वह करवत की प्रथा द्वापरकाल से शुरू हुई है। मोरंग ध्वज कथा का वर्णन सत्य नारायण व्रत कथा में आया है, साधु नाम का जो वैश्य बनिया था सत्य नारायण व्रत कथा में, उसका पुनर्जन्म हुआ तो वो मोरंग ध्वज नाम का राजा हुआ. जो बहुत सत्यवादी राजा था। वह भगवान विष्णु का भक्त था, भगवान कृष्ण के परीक्षा लेने पर उसने अपने बच्चे का दाहिना अंग आरे से चीर करके भगवान कृष्ण को दान किया था. भक्तमाल की कथा में भी ये वर्णन आता है। भगवान कृष्ण प्रसन्न हुए मोरंग ध्वज को दर्शन दिया और बच्चे को भी पुनर्जीवित किया और राजा को आशीर्वाद दिया कि अब तुम्हारा जन्म नहीं हो तुमको मोक्ष मिले. ऐसे में मोक्ष की प्राप्ति के लिए मोरंग ध्वज उसी आरे को लेकर काशी आए और काशी में खुद को चीर करके प्राण दान किए. वह स्थान है, जिसे काशी करवत बोला जाता है। इस मंदिर में ये भीमा शंकर हैं।




काशी करवत का बाहरी भाग जो दर्शाता है इस मंदिर को



महंत पंडित गणेश शंकर उपाध्याय (भीमेश्वर महादेव मंदिर काशी करवत)



विमल मिश्रा भक्त



महेश उपाध्याय (महंत परिवार के सदस्य)

## जमीन तल से 25 फीट नीचे हैं भीमाशंकर


नेपाली खपड़ा स्थित जमीन तल से लगभग 25 फीट नीचे भीमेश्वर महादवे स्थापित हैं। जमीन तल से लगभग 50 सीढ़ियों से होकर इस मंदिर में जाया जाता है हालांकि अब आम लोगों को मंदिर के गर्भ गृह में जाना वर्जित है। सिर्फ महंत परिवार के लोग ही तीनों समय के आरती के लिए जाते हैं आम लोग उपर से ही बाबा को जल पुष्प अर्पण कर अपनीमनोकामनाएं कहते हैं। वर्ष भर इस मंदिर में उत्सव होता है, अनेकानेक पर्वो पर खास श्रृंगार किया जाता है।



इस चित्र से उल्लेख मिलता है इस स्थान पर करवत से मोक्ष की प्राप्ति का



काशी करवत मंदिर में भीमेश्वर महादेव का दर्शन करते भक्तगण



## मणिकर्णिका घाट पर झुका मंदिर काशी करवत नहीं

काशी करवत यानि भीमेश्वर महादेव के महंत पंडित गणेश शंकर उपाध्याय बताते हैं कि महारानी अहिल्याबाई ने काशी में सिर्फ बाबा विश्वनाथ मंदिर की ही स्थापना नहीं कि बल्कि अन्य मंदिरों को भी स्थापित किया, इन्हीं में से एक है मणिकर्णिका घाट के बगल में तारकेश्वर महादेव, इस मंदिर की स्थापना के दौरान महारानी अहिल्याबाई की दासी रत्नाबाई के मन भी शिवलिंग की स्थापन की बात आयी, रत्नाबाई ने इस बात को महारानी अहिल्याबाई को बतायी, महारानी ने इसकी इजाजत दे दी और फिर रत्नाबाई ने भी मंदिर बनवाना शुरू कर दिया। उन्होंने इस मंदिर को मणिकर्णिका घाट के नीचले हिस्से में बनवाना शुरू कर दिया। जब मंदिर पूरी तरह से बनकर तैयार हो गया तो दासी (रत्नाबाई) के मन में बात आयी कि महारानी द्वारा बनवाया गया मंदिर केबराबर में मेरे द्वारा बनावाया गया मंदिर नहीं है ऐसे में एक बार फिर दासी ने मंदिर के ऊपरी भाग से उसे ऊंचा उठाने का काम शुरू करवा दिया, अब चूंकि नींव उतनी मजबूत थी नहीं इसलिए उपर से पुनः बनवाने पर यह मंदिर एक ओर झुक गया, कहा जाता है कि नौ डिग्री तक यह मंदिर झुका हुआ है।

## 1800 सौ स्क्वायर फीट पर समझौता

महंत परिवार के महेश उपाध्याय बताते हैं कि विश्वनाथ कॉरिडोर बनने के दौरान कुछ मशीनों को कॉरिडोर तक लाने में परेशानी हो रही थी तो मंदिर प्रशासन के साथ उनके आवास के 1800 फीट के एक हिस्से को उस समझौते के साथ तोड़ने की उन लोगों ने इजाजत दी कि कॉरिडोर बनने के बाद उनका 1800 फीट वह जमीन दे दिया जाए लेकिन अभी तक वह जमीन भी नहीं मिली।

## भोग और मोक्ष के प्रदाता हैं भीमा शंकर

पंडित गणेश शंकर उपाध्याय ने बताया कि भीमा शंकर भोग और मोक्ष दोनों के प्रदाता हैं. ऐसा वर्णन किया गया है कि काशी खंड में इनके दर्शन करने मात्र से व्यक्ति के पाप नष्ट हो जाते हैं. ये जीवित रहते हुए भोग और मृत्यु के उपरांत मोक्ष के प्रदाता हैं. यह स्थान काशी में मोक्ष के लिए इतना प्रसिद्ध रहा है कि काशी मोक्ष नगरी और काशी का मोक्ष स्थल प्राण दान करने की जो विधि थी वो इस स्थान पर है।

### पांडवों ने शिवलिंग की स्थापना की थी

इस स्थान पर पांडवों ने भी शिवलिंग की स्थापन कर उपासना करते हुए ब्रह्महत्या पाप से मुक्त होने की प्रार्थना की ,और उन लोगों को ब्रह्महत्या के पाप से मुक्ति मिली।



## काशी का वैभव देख किया संकोच, बना दिया रत्ननेश्वर महादेव

रत्ननेश्वर महादेव मंदिर को भी लेकर भगवान आशुतोष की इस प्रिय नगरी काशी में बाहर से आने वाले तीर्थ यात्रियों को आज भी भ्रमित किया जाता है। जबकि पुराणों में वर्णन मिलता है कि आनंदकानन में दारुकावन भी था (जो अब दारानगर के रुप में है) भगवान आशुतोष जब राजा दिवोदास के बाद दोबार काशी आये तो उत्सव के लिए सभी देवी देवताओं को निमंत्रण दिया गया, यह निमंत्रण माता पार्वती के मायके हिमांचल में भी दिया गया। हिमांचल से माता पार्वती के भाई भी काशी के लिए चले बहन के घर खाली कैसे जाती इस कारण उन्होंने अनेको रत्नों को लेकर काशी के लिए चल दिये, काशी में आते ही काशी के वैभव को देख वह एक पल के लिए हैरत में पड़ गये अपने साथ लाए तमाम रत्न उन्हे इस वैभव के समक्ष दिखायी दिया, उन्हें कुछ समझ में नहीं आया उन्होंने अपने साथ लाए तमाम रत्नों को इसी स्थान पर रख दिया, उन रत्नों ने एक शिवलिंग का रुप ले लिया तभी से यह रत्नेश्वर महादेव के रुप में स्थापित हैं, दारानगर में स्थित भगवान रत्ननेश्वर महादेव का मंदिर अति प्राचीन होने के साथ भगवाना रत्ननेश्वर के द्वारा मुंह मांगा वरदान प्रदान करने वाला है।

# सुर्खाब लगी पगड़ी में दिखेंगे बाबा


**तैयारी**

### तीन पीढ़ियों से नंदलाल अरोड़ा बना रहे हैं बाबा की पगड़ी

### रंगभरी एकादशी पर निकलेगी बाबा की रजत प्रतिमा की पालकी यात्रा

**वाराणसी।** सुर्खाब लगे राजसी पगड़ी पहन कर बाबा विश्वनाथ माता गौरा का गौना लेने के लिए निकलेंगे। रंगभरी एकादशी पर तीन मार्च को सायंकाल काशी विश्वनाथ मंदिर के महंत डा. कुलपति तिवारी के डेढ़ीनीम स्थित आवास से बाबा विश्वनाथ की रजत सिंहासन पर पालकी यात्रा निकलेगी। इस रजत सिंहासन में पुराधिपति महादेव संग गौरा व गजानन भी होंगे। इस राजशाही पगड़ी की साज-सज्जा नारियल बाजार चौक के नंदलाल अरोड़ा (केशवदास मुकुंद लाल गोटा वाले) ने किया।है। वे बताते हैं कि बाबा विश्वनाथ की राजसी पगड़ी उनकी तीन पीढ़ियां लगातार बनाती चली आ रही है। इस पगड़ी में सुर्खाब का पंख, मोती की लड़ियां, कलंगी, कीमती नगीना लगा कर तैयार किया गया है। पगड़ी को पहले गयासुद्दीन सिलाई कर उसे तैयार करते हैं फिर बाद में नंदलाल अरोड़ा उसे सुर्खाब के पंख, मोती व नगीना लगा कर उसे अंतिम रूप देते हैं। यह सिलसिला विगत तीन पीढ़ियों से लगातार चला आ रहा है। इस पगड़ी में सिल्क जरी, व अन्य कपड़ों का प्रयोग किया गया है। इसको तैयार करने में एक पखवारे का समय लगा है। इस बार माता गौरा सोने की नथिया, मांगटीका और पटेरिया हार में भक्तों को दर्शन देंगी। इस बार भी रंगोत्सव पर काशी के अधिपति बाबा विश्वनाथ के गौने की बारात अनूठे अंदाज में निकलेगी। चांदी के राजसी सिंहासन पर बाबा जब गौना कराने निकलेंगे, तब विश्वनाथ गली अबीर-गुलाल की बौछार से सराबोर हो जाएगी। काशी विश्वनाथ मंदिर में रंगभरी एकादशी पर स्वर्णिम गर्भगृह में बाबा विश्वनाथ सपरिवार विराजेंगे। शिव की नगरी में हर त्योहार और पर्व बाबा विश्वनाथ की अनुमति से ही मनाया जाता है। बात जब रंगोत्सव की हो तो और जरूरी हो जाता है। काशीवासी औघड़दानी से अनुमति लेकर ही होली की तरंग में डूब जाते हैं। बाबा के मंदिर से लेकर काशी की गलियों में रंगों का यह उत्साह रंगभरी एकादशी से आरंभ होकर होली के बाद बुढ़वा मंगल तक चलता है। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के पूर्व महंत डॉ. कुलपति तिवारी बताते हैं कि रंगभरी एकादशी पर ही रजत सिंहासन पर विराजमान होकर काशी विश्वनाथ मां पार्वती व प्रथमेश के साथ काशी की गलियों में निकलते हैं। शिवभक्त बाबा की अगवानी में काशी की गलियों में गुलाल की होली खेलते हैं। गौरा का गौना कराने जब काशीपुराधिपति बाबा विश्वनाथ की रजत सिंहासन वाली डोली निकलती है तो आस्था का ओर-छोर नहीं रहता है। रजत सिंहासन वाली डोली पर जब बाबा सपरिवार सवार होकर निकलते हैं तो गलियां अबीर-गुलाल से सराबोर हो जाती हैं। गर्भगृह में महाआरती के बाद बाबा का श्रृंगार होता है।





बाबा विश्वनाथ की पगड़ी तैयार करने वाले नंदलाल अरोड़ा

# मथुरा के हर्बल गुलाल से काशी में होगी होली की शुरूआत

**शुभारंभ**

### कैदियों का तैयार किया गया गुलाल काशीपुराधिपति को होगा अर्पित

### काशी विश्वनाथ मंदिर के महंत डा. कुलपति तिवारी ने की है पहल



राधेश्याम कमल

**वाराणसी।** इस बार मथुरा के हर्बल गुलाल से काशी में होली की शुरूआत होगी। इसके लिए काशी विश्वनाथ मंदिर के महंत डा. कुलपति तिवारी ने पहल की है। विश्व प्रसिद्ध काशी की माता गौरा की पालकी यात्रा में रंगभरी एकादशी पर इस बार कैदियों द्वारा तैयार हर्बल गुलाल उड़ेगा। यह हर्बल गुलाल मथुरा से मंगाया जा रहा है। जो ईको फ्रेंडली के साथ- साथ त्वचा के लिए भी अनुकूल है। कारागारों में कौशल विकास मिशन के माध्यम से कैदियों को स्वावलंबी बनाया जा रहा है। मथुरा की जिला कारागार में जेल प्रशासन द्वारा कौशल विकास मिशन के तहत कैदियों को प्रशिक्षण दिलाकर गुलाल तैयार किया जा रहा है।

### आरारोट में सब्जी मिलाकर बन रहा गुलाल

काशी बाबा विश्वनाथ की पालकी यात्रा को और खास बनाने के लिए मथुरा जेल में बंद 6 कैदी खास गुलाल तैयार करने में जुटे हैं। जेल में अरारोट में सब्जियों को मिलाकर हर्बल गुलाल बनाया जा रहा है। हर्बल गुलाल बनाने के लिए अरारोट में पालक को पीसकर उसमें से हरा रंग निकाल कर इसे तैयार किया जा रहा है। इसी तरह मेथी को पीसकर हल्का हरा रंग, चुकंदर को पीसकर लाल रंग, हल्दी पाउडर का प्रयोग कर पीला गुलाल तैयार किया जा रहा है। इसमें खुशबू बनी रहे इसके लिए इत्र मिलाया जा रहा है।

### यहां उड़ता है हजारों क्विंटल गुलाल

काशी विश्वनाथ मंदिर महंत डॉ कुलपति तिवारी ने बताया बाबा माता गौरा के गौना पर मंहत आवास से निकले वाली पालकी पर हर साल हजारों क्विंटल गुलाल उड़ाया जाता है। इस बार मथुरा जेल के कैदियों द्वारा जो गुलाल बनाया जा रहा है उसे सामाजिक दृष्टिकोण से समाहित करने व उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। जिससे वह जब भी जेल से रिहा होने पर वह समाज के बीच रहकर अच्छा व्यवहार कर सकें। महंत ने बताया मथुरा जेल में बन रहे गुलाल को लाने के लिए शिवांजलि के संयोजक संजीवरत्न मिश्र सहित दो सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल मथुरा के जेल अधीक्षक बृजेश कुमार सिंह से मिलकर रंगभरी एकादशी के पूर्व गुलाल लायेंगे।